www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ... छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु



रायपुर, शनिवार, 30 सितंबर 2023 । वर्ष – 65 । अंक –166 । पृष्ठ –12 मूल्य – 4.00 प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23

भाजपा शासन में अब बेटी होना अभिशाप : कांग्रेस पृष्ठ 2
अभिमत ■ वैचारिक गिरावट की ओर तेजी से दौड़ती भाजपा पृष्ठ 6
■ जी20 के दौरान बाइडेन की मेजबानी के लिए ब्लिंकन ने जयशंकर को दिया धन्यवाद पृष्ठ 7
अदिति अशोक संयुक्त दूसरे स्थान पर भारतीय महिला टीम तीसरे स्थान पर पृष्ठ 8

### पॉक्सो मामलों में विधि आयोग की केंद्र को सलाह

# सहमति से संबंध की उम्र 18 वर्ष ही रहे

**नई दिल्ली**, 29 सितम्बर (एजेंसियां)। बच्चों को यौन हिंसा से संरक्षित करने वाले कानून पॉक्सो एक्ट 2012 के विभिन्न पहलुओं की गहन पड़ताल के बाद लॉ कमीशन ने अपनी रिपोर्ट कानून मंत्रालय को सौंप दी है। लॉ कमीशन की बैठक 27 सितम्बर को हुई थी। इसमें आयोग ने कानून की बुनियादी सख्ती बरकरार रखने की हिमायत की है। यानी आपसी सहमति से शारीरिक संबंध बनाने की न्यूनतम उम्र 18 साल बनाए रखने की बात कही गई है। पॉक्सो अधिनियम में संशोधन की आवश्यकता पर भी जोर दिया है।



- विधि आयोग ने विभिन्न पहलुओं की गहन पड़ताल के बाद सरकार को सौंपी रिपोर्ट
- पॉक्सो अधिनियम में संशोधन की आवश्यकता पर दिया जोर

**अभिभावक हथियार की तरह कर रहे इस्तेमाल**

हालांकि, इसके दुरुपयोग से जुड़े मामलों को देखते हुए कुछ सेफगार्ड लगाए गए हैं। इस कानून के इस्तेमाल को लेकर कराए गए अध्ययनों से पता चला कि लड़कियों को मर्जी से विवाह करने के फैसले लेने के खिलाफ अभिभावक इसका इस्तेमाल हथियार की तरह कर रहे हैं। सहमति से संबंध रखने वाले कई युवकों को इस कानून का शिकार होना पड़ा है। ऐसे में मांग उठी थी कि, सहमति से संबंध रखने की उम्र घटाई जानी चाहिए।

**दोनों की उम्र में 3 साल या अधिक का अंतर तो अपराध ही माना जाए**

सूत्रों के अनुसार, जस्टिस ऋतुराज अवस्थी की अध्यक्षता वाले लॉ कमीशन ने यौन संबंध बनाने वाले अवयस्कों के बीच सहमति के बावजूद इस बात पर गौर करने को कहा है कि दोनों की उम्र का अंतर अधिक न हो। रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर उम्र का फासला 3 साल या उससे अधिक है तो इसे अपराध की श्रेणी में मानना चाहिए। इसमें कहा गया है कि ई-एफआईआर प्राथमिकी दर्ज करने में देरी के लंबे समय से चले आ रहे मुद्दे से निपटेगी और नागरिकों को वास्तविक समय (रियल टाइम) में अपराधों की रिपोर्ट करने की अनुमति देगी।

**ढील देने के बजाय बेजा इस्तेमाल रोका जाए**

आयोग ने उम्र के प्रावधान को 18 ही रखने की सिफारिश करते हुए रिपोर्ट में कई तरह की राहत और अपवाद रखने के सुझाव दिए हैं। अपवाद सामने रखते समय रिपोर्ट में सिफारिश की गई है कि इस तरह के मामलों में सहमति से संबध रखने वाले युवक-युवतियों का अतीत देखा जाए और उसके आधार पर तय किया जाए कि यह सहमति स्वैच्छिक थी या नहीं। उनके रिश्तों की मियाद क्या थी। आयोग के सूत्रों के अनुसार, मूल मकसद यह रखा गया है कि कानून में ढील देने के बजाय इसके बेजा इस्तेमाल को रोका जाए। इसके लिए हर मामले के आधार पर अदालतों को उनके विवेकाधिकार से निर्णय लेने का दायरा बढ़ाने की सिफारिश की गई है।

**एक साथ चुनाव कराने पर विधि आयोग की रिपोर्ट तैयार नहीं**

सूत्रों ने यह भी कहा कि विधि आयोग लोकसभा, विधानसभाओं और स्थानीय निकायों के लिए साझा मतदाता सूची सुनिश्चित करने के लिए एक तंत्र तैयार कर रहा है, ताकि लागत और मानव शक्ति के इस्तेमाल को कम किया जा सके। उन्होंने बताया कि एक साथ चुनाव कराने पर विधि आयोग की रिपोर्ट तैयार नहीं है, क्योंकि कुछ मुद्दों का निपटारा होना बाकी है। 2029 से राज्य और लोकसभा चुनाव एक साथ कराने के लिए विभिन्न विधानसभा चुनावों को समन्वित करने के लिए न्यायमूर्ति रितु राज अवस्थी के नेतृत्व वाला आयोग ➢➢ शेष पृष्ठ 7 पर ➢

# महिला आरक्षण बिल बना कानून

**नई दिल्ली**, 29 सितम्बर (देशबन्धु)। हाल ही संसद के विशेष सत्र के दौरान पारित कराए गए महिला आरक्षण विधेयक (नारी शक्ति वंदन विधेयक) को राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू की मंजूरी मिल गई है। इसके बाद सरकार ने इसको लेकर एक गजट अधिसूचना जारी कर दी है। यह विधेयक 20 सितम्बर को लोकसभा और 21 सितम्बर को राज्यसभा से पारित हुआ था। विधेयक पर हस्ताक्षर करने के बाद राष्ट्रपति ने कहा कि यह लैंगिक समानता के लिए हमारे समय का क्रांतिकारी कदम होगा। संविधान के मुताबिक, जब कोई विधेयक संसद से पारित हो जाता है तो उसे मंजूरी के लिए राष्ट्रपति के पास भेजा जाता है। राष्ट्र पति के हस्ताक्षर के बाद ही वह विधेयक कानून का रूप धारण कर पाता है। बता दें कि विधेयक के कानून बन जाने के बाद लोकसभा और विधानसभा के चुनाव में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण मिलने का रास्ता साफ हो गया है। हालांकि इसे लागू करने में अभी पेंच फंसा हुआ है। सरकार ने जहां कहा है कि यह कानून जनगणना और परिसीमन के बाद ही लागू हो पाएगा। वहीं विपक्ष ने एससी-एसटी की तरह ही विधेयक में ओबीसी महिलाओं के लिए भी कोटा में कोटा की मांग करके चुनावी साल में सरकार की परेशानी बढ़ा दी



- राष्ट्रपति मुर्मू ने दी नारी शक्ति वंदन अधिनियम को मंजूरी
- महिलाओं ने किए 33 फीसदी सीटें होंगी आरक्षित
- नई जनगणना व परिसीमन के बाद लागू होगा आरक्षण

**अमल में लाने के लिए पूरी करनी होंगी यह शर्तें**

राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद यह कानून भी बन गया है, लेकिन इसको अमल में लाने से पहले दो शर्तों को पूरा करना होगा। ये शर्तें जनगणना और परिसीमन की हैं जिन्हें पूरा करने में कई साल लग सकते हैं। नारी शक्ति वंदन कानून के प्रभावी होने की दो शर्तें रखी गईं हैं। इसके मुताबिक महिला आरक्षण कानून आगामी जनगणना के बाद लागू होगा। कानून बनने के बाद होने वाली जनगणना के बाद आरक्षण लागू करने के लिए नए सिरे से परिसीमन होगा। परिसीमन के आधार पर ही महिलाओं के लिए 33 फीसदी सीटें आरक्षित की जाएंगी।

**15 साल तक रहेगा आरक्षण**

नारी शक्ति वंदन अधिनियम लागू होने के बाद लोकसभा की 543 सीटों में से 181 सीटें महिलाओं के लिए ➢➢ शेष पृष्ठ 7 पर ➢

**सार संक्षेप**

### गांधी जयंती पर चलेगा दुनिया का सबसे बड़ा सफाई अभियान

**नई दिल्ली**। एक तारीख, एक घंटा, एक साथ अभियान स्वच्छता गतिविधियों को लेकर है। यह जानकारी आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने दी। उन्होंने बताया कि यह अभियान स्वच्छता के लिए श्रमदान के बारे में है। इसमें प्लॉग रन, रंगोली कंपीटिशन, वॉल पेंटिंग, नुक्कड़ नाटक आदि शामिल नहीं हैं। श्रमदान के लिए शहरी और ग्रामीण भारत से 6.4 लाख से अधिक स्थानों को अपनाया गया है।

### संसद प्रकरण में चुप्पी तोड़ें मोदी : दानिश अली

**नई दिल्ली**। बहुजन समाज पार्टी के नेता कुंवर दानिश अली ने लोकसभा में भारतीय जनता पार्टी सांसद रमेश बिधुड़ी मामले पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से चुप्पी तोड़ने का आग्रह करते हुए कहा कि जल्द से जल्द जवाबदेही तय की जानी चाहिए। लोकसभा में जो प्रकरण हुआ उसके आठ दिन बीत जाने के बावजूद अभी तक कोई कार्रवाई का नामोनिशान नहीं दिखा दे रहा है यह हैरान और परेशान करने वाला है। इसके विपरीत उन्हें सोशल मीडिया के माध्यम से जन से मारने की धमकियां दी जा रही है। उन्होंने कहा कि सदन के नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उन्होंने खत लिखा है। प्रधानमंत्री सदन के नेता हैं इसलिए उनकी जिम्मेदारी अधिक बनती है।

### भारतीय सेना 400 हॉवित्जर तोप खरीदेगी

**नई दिल्ली**। सेना ने रक्षा मंत्रालय को 400 हॉवित्जर तोप खरीदने का प्रस्ताव भेजा है। इस पर 6 हजार 500 करोड़ रुपए का खर्च आएगा। पूरी तरह से स्वदेशी इन तोपों का निर्माण डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन ने किया है। सेना से जुड़े एक सीनियर अफसर ने बताया कि, सरकार जल्द ही एक हाई लेवल बुलाने वाली है, जिसमें हॉवित्जर तोपों की खरीदी पर फैसला लिया जाएगा।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज आएंगे

**रायपुर**, 29 सितंबर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल 30 सितंबर को छत्तीसगढ़ प्रवास हो रहा है। वे विशेष विमान से राजधानी रायपुर पहुंचेंगे और यहां से बिलासपुर में आयोजित कार्यक्रम के लिए रवाना होंगे। राज्य सरकार की ओर से संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत स्वामी विवेकानंद विमानतल पर उनकी अगवानी करेंगे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी निर्धारित दौरा कार्यक्रम के अनुसार 30 सितम्बर को दिल्ली से रवाना होकर दोपहर 1.30 बजे रायपुर विमानतल पहुचेंगे और यहां से बिलासपुर के लिए रवाना होंगे और वहां आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद बिलासपुर से विमान द्वारा प्रधानमंत्री मोदी शाम 4.50 बजे स्वामी विवेकानंद विमानतल पहुंचेंगे और यहां से नई दिल्ली के लिए रवाना होंगे। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री मोदी के स्वागत व विदाई के लिए राज्य सरकार ने प्रदेश के संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत को नियुक्त किया है।



अगवानी करेंगे संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत

# इंडिया गठबंधन की पहली रैली पटना में संभव

**नई दिल्ली**,29 सितम्बर (देशबन्धु)। विपक्षी गठबंधन इंडिया की पहली रैली भोपाल के लिए तय हुई थी। लेकिन कांग्रेस नेता कमलनाथ के ऐतराज के बाद इसे स्थगित कर दिया गाया था। अब माना जा रहा है कि इंडिया की पहली बैठक की तरह ही पहली रैली भी बिहार की राजधानी पटना में हो सकती है। इसे अक्टूबर के आखिरी सप्ताह में आयोजित किए जाने की चर्चा है। हालांकि अभी औपचारिक कार्यक्रम का ऐलान होना बाकी है। सूत्रों के मुताबिक इंडिया गंठबंधन के नेता अपनी रैलियों की शुरुआत पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान से कर सकते हैं। जो पूर्व में भी सत्ता परिवर्तन का गवाह रहा है। बताया जा रहा है कि इसको लेकर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, सीपीएम नेता सीताराम येचुरी और राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद के बीच बातचीत हो चुकी है। हालांकि अभी कांग्रेस सहित अन्य सहयोगी दलों की सहमति मिलना बाकी है। फिर भी चर्चा है कि पांच शहर, पांच रैली और पांच एजेंडा के तहत पहली रैली अक्टूबर कीआखिर में पटना में होगी। इसके अलावा ➢➢ शेष पृष्ठ 7 पर ➢

- अक्टूबर के आखिरी सप्ताह में आयोजित होने की चर्चा

# किसान आंदोलन से थमे रेल के पहिए

### मुआवजा, एमएसपी व कर्ज माफी की मांग को लेकर केंद्र के खिलाफ खोला मोर्चा

**अमृतसर**,29 सितम्बर (एजेंसियां)। पंजाब में मुआवजा, एमएसपी और कर्ज माफी को लेकर किसानों का आंदोलन जारी है। किसान पंजाब भर में रेलवे लाइनों पर बैठे हुए हैं। रेलवे ट्रैक जाम होने के बाद दिल्ली से अमृतसर, पठानकोट से अमृतसर और पंजाब से चंडीगढ़, जालंधर, लुधियाना से मोगा, फिरोजपुर, फाजिल्का आदि सभी रूट्स पूरी तरह से ठप हैं। इससे 90 ट्रेनें प्रभावित हुई हैं। ट्रेनों का चक्का जाम होने के कारण सैकड़ों यात्री पंजाब के रेलवे स्टेशनों पर फंस गए हैं। शुक्रवार जहां करीब 60 ट्रेनें प्रभावित हुईं। वहीं शुक्रवार 90 से अधिक ट्रेनें प्रभावित हुई हैं। इनमें से 80 से अधिक ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है।

- पंजाब में दिल्ली-चंडीगढ़ नेशनल हाईवे जाम, 90 रेलगाड़िया प्रभावित

किसानों ने दिल्ली-चंडीगढ़ नेशनल हाईवे जाम कर दिया है। किसान मोहाली के लालड़ू में चंडीगढ़ से अंबाला जाने वाले हाईवे पर धरना लगा कर बैठ गए हैं। इस दौरान किसानों की पुलिस के साथ धक्का-मुक्की भी हुई, जिसके बाद किसान भड़क उठे। पंजाब में गुरुवार से 19 किसान-मजदूर संगठन आंदोलन कर रहे है। प्रधान सुखविंदर सिंह सभरा व जनरल सेक्रेटरी राणा रणबीर सिंह ने बताया कि ➢➢ शेष पृष्ठ 7 पर ➢

**आरक्षण पर गरमाई सियासत**

# अमित शाह ने रोका आरक्षण : कांग्रेस

### भाजपा ने कहा संविधान है सर्वोपरि

**रायपुर**, 29 सितम्बर (देशबन्धु)। कांग्रेस और भाजपा के बीच आरक्षण को लेकर राजनीति गरमा गई है। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि अमित शाह के दबाव की वजह से राजभवन में आरक्षण बिल अटका हुआ है, वहीं भाजपा ने इस आरोप पर पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस ने आरक्षण के नाम पर जनता को धोखा दिया है।



कांग्रेस ने साफ किया है कि विधानसभा चुनाव में आरक्षण बिल छत्तीसगढ़ में बड़ा चुनावी मुद्दा होगा। आरक्षण बिल को राजभवन में रोकना भाजपा की साजिश है। कांग्रेस ने गृहमंत्री अमित शाह से सवाल पूछा है कि आरक्षण बिल पर हस्ताक्षर क्यों नहीं हो रहा है। ➢➢ शेष पृष्ठ 7 पर ➢

**जनता के बीच लेकर जाएंगे मुद्दा : दीपक**

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष व सांसद दीपक बैज ने कहा कि चुनाव में आरक्षण बिल सबसे बड़ा चुनावी मुद्दा होगा। कांग्रेस इस मुद्दे को जनता के बीच लेकर जाएगी। यह भाजपा का गरीब विरोधी, आदिवासी विरोधी, पिछड़ा वर्ग विरोधी, अनुसूचित जाति विरोधी कदम है। कांग्रेस की भूपेश सरकार ने राज्य के सभी वर्ग के लोगों के हितों में ध्यान रखकर आरक्षण विधेयक बनाया है और सभी जाति वर्ग की उनकी जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण देने का प्रावधान किया गया है। भाजपा को यह डर सता रहा है कि यदि भूपेश ➢➢ शेष पृष्ठ 7 पर ➢

### छत्तीसगढ़ी फिल्म अभिनेता अनुपम की सड़क हादसे में मौत, पत्नी गंभीर



बिलासपुर से लौट रहे थे रायपुर

**बिलासपुर**, 29 सितम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ी फिल्म के अभिनेता अनुपम भार्गव का आज रात सरगांव (बिलासपुर) के पास सड़क दुर्घटना में निधन हो गया। उनकी पत्नी नीतिका भार्गव को घायलावस्था में अपोलो हास्पिटल बिलासपुर में भर्ती कराया गया है। अनुपम के शर्मा सिंह बघेल नाम के कामेडी करैक्टर ने काफी लोकप्रियता पाई थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार अनुपम अपनी पत्नी नीतिका के साथ कार से बिलासपुर से रायपुर लौट रहे थे। रात्रि 8 बजे के आसपास सरगांव के क़रीब एक ट्राली से कार जा टकराई। गाड़ी ड्राइव कर रहे अनुपम गंभीर रूप से घायल हो गए और दुर्घटना के कुछ ही देर बाद उनकी मौत हो गई। नीतिका को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।




# पाकिस्तान के बलूचिस्तान में बम विस्फोट, 55 की मौत

**इस्लामाबाद**, 29 सितम्बर (एजेंसियां)। पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में शुक्रवार को एक मस्जिद के पास एक शक्तिशाली बम विस्फोट हुआ। इसमें कम से कम 55 लोग मारे गए और 100 अन्य घायल हो गए। हालांकि, मरने वालों की संख्या बढ़ भी सकती है। विस्फोट उस वक्त हुआ, जब पैगंबर मुहम्मद के जन्मदिन का जश्न मनाने के लिए लोग एक रैली के लिए इकट्ठा हुए थे। विस्फोट मस्तुंग जिले में हुआ।

खैबर पख्तूनख्वाह मस्जिद के अंदर हुआ धमाका



**ईद मिलादुन नबी मनाने के लिए एकत्र हो रहे थे लोग**–एक अधिकारी ने बताया कि विस्फोट उस मस्जिद के पास हुआ, जहां लोग पैगंबर मुहम्मद के जन्मदिन ईद मिलादुन नबी मनाने के लिए एकत्र हो रहे थे। मस्तुंग के ➢➢ शेष पृष्ठ 7 पर ➢

## 'काव्या' में दर्शक जयदीप के मुश्किल जीवन के बारे में देखेंगे : विनय जैन

**मुंबई।** शो 'काव्य-एक जज्बा, एक जुनून' में अहम भूमिका निभा रहे एक्टर विनय जैन ने अपने किरदार के व्यक्तित्व के बारे में खुलासा करते हुए कहा कि इसमें कई परतें हैं। यह शो एक प्रेरणादायक भूमिका काव्या (सुम्बुल तौकीर खान) की कहानी को प्रदर्शित करता है, जो एक आईएएस अधिकारी हैं, जिसका उद्देश्य देश की सेवा करना और आम आदमी के लिए सही काम करना है। अपने किरदार के बारे में बात करते हुए, उन्होंने कहा कि काव्या के गुरु के रूप में, वह उससे बेहद प्यार करते हैं और उसकी उपलब्धियों पर गर्व करते हैं, लेकिन एक सहायक पिता के रूप में, उनका दिल अपने बेटे की सफलता और भलाई के लिए धड़कता है। विनय ने साझा किया कि नियति एक अप्रत्याशित मोड़ लेती है जब वह काव्या को अपने आईएएस सपने को पूरा करते हुए देखते हैं।

## 'विश्व हृदय दिवस' पर शुभांगी अत्रे ने शेयर किया फिटनेस रुटीन



**मुंबई,** 29 सितम्बर (एजेंसियां)। लोकप्रिय सीरीयल 'भाबीजी घर पर हैं' में 'अंगूरी भाभी' का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस शुभांगी अत्रे ने 'विश्व हृदय दिवस' के अवसर पर साझा किया कि वह सदियों पुरानी कहावत 'स्वास्थ्य ही धन है' पर यकीन रखती हैं। उन्होंने अपनी फिटनेस रुटीन का भी खुलासा किया। हृदय रोग और स्ट्रोक की रोकथाम के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए 29 सितम्बर को 'विश्व हृदय दिवस' मनाया जाता है। शुभांगी ने हृदय रोग से बचने के लिए अपने हृदय-स्वस्थ आहार और वर्कआउट के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि मैं तहे दिल से सदियों पुरानी कहावत 'स्वास्थ्य ही धन है' का समर्थन करती हूं, साथ ही घर का बने और ऑर्गेनिक खाने पर केंद्रित पौष्टिक आहार के प्रति अपने समर्पण का समर्थन करती हूं। मैं कार्डियो वर्कआउट में सक्रिय रूप से भाग लेती हूं। शुभांगी ने कहा कि मैं लगातार अपने कोलेस्ट्रॉल लेवल को भी चेक करती हूं। मैं मजबूत दिल को बढ़ावा देने के लिए एक मूल सेट का पालन करती हूं। इनमें नियमित रूप से तेज चलना, कम मसाले और तेल वाले खाद्य पदार्थों के प्रति आहार संबंधी झुकाव और तनाव कम करने के लिए दृढ़ प्रतिबद्धता शामिल है।

**हृदय संबंधी समस्याओ को लेकर शोध में खुलासा**

## भांग से 60 प्रतिशत तक बढ़ सकता है हृदय रोग का खतरा

### अध्ययन में शोधकर्ताओं ने 60,000 प्रतिभागियों पर नजर रखी

**लंदन,** 29 सितम्बर (एजेंसियां)। एक नए शोध से यह बात सामने आई है कि भांग के सेवन से हृदय संबंधी समस्याओं की संभावना 60 प्रतिशत अधिक हो जाती है। यह अध्ययन कैनबिस (भांग) उपयोग से होने वाले स्वास्थ्य प्रभावों की ओर इशारा करता है।

अध्ययन के प्रमुख लेखक डॉ. अनीस बाहजी ने कहा कि हमारा अध्ययन यह कहने के लिए पर्याप्त जानकारी प्रदान नहीं करता है कि कैनबिस (भांग) का उपयोग हृदय रोगों का कारण बनता है। ऐसा प्रतीत होता है कि भांग के सेवन से विकार वाले लोगों में हृदय रोग का खतरा बिना विकार वाले लोगों की तुलना में बहुत अधिक होता है। 'एडिक्शन' पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन में शोधकर्ताओं ने 60,000 प्रतिभागियों पर नजर रखी, जिनमें से आधे को भांग के उपयोग से संबंधित विकार का निदान था और आधे को इसके बिना, लिंग, जन्म के वर्ष और स्वास्थ्य प्रणाली में प्रस्तुति के समय के आधार पर रखा गया। टीम ने जनवरी 2012 से दिसम्बर 2019 तक प्रतिभागियों पर नजर रखी और पाया कि भांग के सेवन विकार वाले लोगों में से, 2.4 प्रतिशत (721) ने पहली बार हृदय रोग की घटना का अनुभव किया, जबकि अप्रकाशित समूह में 1.5 प्रतिशत (458) ने पहली बार हृदय रोग की घटना का अनुभव किया। कैनबिस (भांग) उपयोग विकार वाले लोगों के समूह में, जिन लोगों को कोई बीमारी नहीं थी या वह किसी भी तरह की दवा का सेवन नहीं कर रहे थे। जिनके स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर पांच से कम दौरे हुए हैं। उनमें अन्य समूहों की तुलना में 1.4 गुना अधिक खतरा है।



## केरल के कोझिकोड में निपाह वायरस का आतंक खत्म




**तिरुवनंतपुरम,** 29 सितम्बर (एजेंसियां)। राज्य की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने कहा कि कोझिकोड में निपाह वायरस का डर खत्म हो रहा है। उन्होंने बताया कि चार मरीजों में से आखिरी की जांच रिपोर्ट दो बार निगेटिव आई है, जिससे खतरा कम हो जाता है।

निपाह वायरस के डिस्चार्ज किए जाने वाले मरीजों में एक नौ साल का लड़का शामिल था, जिसके पिता की पिछले महीने वायरस से मौत हो गई थी।

सितम्बर के दूसरे सप्ताह के दौरान कोझिकोड में दो रोगियों की मौत के बाद चिकित्सा अधिकारियों को निपाह के फैलने का संदेह हुआ। इसके बाद संदिग्ध प्रकोप फैलने वाले कई क्षेत्रों को एक नियंत्रण क्षेत्र में बदल दिया गया और लगभग एक सप्ताह के लिए जिले के सभी शैक्षणिक संस्थान ऑनलाइन मोड में चले गए। कोझिकोड में निपाह से दो मौतें और छह पॉजिटिव केस सामने आए।

इस बीच, पुणे के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी के अधिकारी चमगादड़ों से एकत्र किए गए नमूनों पर अपना परीक्षण जारी रख रहे हैं क्योंकि वे अभी तक इस नवीनतम प्रकोप के कारण की पहचान नहीं कर पाए हैं।

## गूगल ने किशोरों के लिए खोला 'जेनरेटिव एआई सर्च एक्सपीरियंस' लैब

### 13 से 17 साल की उम्र के किशोरों के लिए अपने जेनरेटिव एआई सर्च

**नई दिल्ली,** 29 सितम्बर (एजेंसियां)। गूगल ने घोषणा की है कि वह अमेरिका में विशेष रूप से 13 से 17 साल की उम्र के किशोरों के लिए अपने जेनरेटिव एआई सर्च



एक्सपीरियंस को खोल रहा है ताकि वे जेनेरेटिव एआई द्वारा प्रदान की जाने वाली सहायक क्षमताओं से लाभ उठा सकें। गूगल ने गुरुवार को एक ब्लॉगपोस्ट में कहा कि आज, हम अमेरिका में लोगों, खास तौर से किशोरों (13-17) के लिए सर्च लैब्स में एसजीई (सर्च जेनरेटिव एक्सपीरियंस) खोल रहे हैं।

इस सप्ताह से, गूगल अकाउंट में साइन इन करने वाले किशोर गूगल ऐप या क्रोम डेस्कटॉप के जरिए चुनिंदा लैब्स एक्सपीरियंस तक पहुंचने के लिए सर्च लैब्स के लिए साइन अप कर सकेंगे। जैसे ही कंपनी ने किशोरों के लिए इस नई टेक्नोलॉजी को पेश किया। गूगल ने कहा कि वह उनके लिए उपलब्ध सभी सुविधाओं से लाभ उठाने के अवसर बनाने में सही संतुलन बनाना चाहता है, साथ ही सुरक्षा को प्राथमिकता देना और उनकी विकास संबंधी जरूरतों को पूरा करना चाहता है।

किशोर डेवलपमेंट में अनुसंधान और विशेषज्ञों द्वारा सूचित, कंपनी ने एक्सपीरियंस में अतिरिक्त सेफगार्ड्स बनाए हैं। गूगल ने यूजर्स को उनके द्वारा देखे जाने वाले कंटेंट के बारे में अधिक जानकारी देने के लिए एक नया फीचर पेश किया है।

कंपनी ने एसजीई में 'अबाउट दिस रिजल्ट' जारी किया है। जिन लोगों ने सर्च लैब्स का विकल्प चुना है, वे एआई-पावर्ड रिस्पांस पर इस टूल का उपयोग कर सकेंगे। जल्द ही, टेक जायंट एसजीई रिस्पांस में शामिल इंडिविजुअल लिंक में 'अबाउट दिस रिजल्ट' भी जोड़ देंगे, ताकि लोग उन वेब पेजों के बारे में ज्यादा समझ सकें जो एआई-पावर्ड ओवरव्यूज में जानकारी का बैकअप लेते हैं।

## *पितृपक्ष मेला के दूसरे दिन फल्गु नदी में पिंडदान करने का है महत्व*

***गया,** 29 सितम्बर (एजेंसियां)। विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेला के दूसरे दिन मोक्षदायिनी फल्गु नदी एवं देवघाट पर पिंडदान करने का महत्व है। पितृपक्ष मेला का आज दूसरा दिन है। इसे लेकर देश के कई राज्यों से आए हजारों की संख्या में पिंडदानी फल्गु नदी और देवघाट पर पितरों की मोक्ष कामना को लेकर पिंडदान कर रहे हैं। तीर्थ यात्रियों की सुरक्षा को लेकर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। जगह-जगह पर पुलिस बल की तैनाती की गई है। तीर्थयात्रियों को कहीं कोई समस्या ना हो, इसके लिए स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा जगह-जगह शिविर लगाए गए हैं, जिनके माध्यम से उनकी मदद की जा रही है। स्थानीय पंडा पुरुषोत्तम कुमार मिश्रा ने कहा कि पितृपक्ष मेला के दूसरे दिन फल्गु नदी और देवघाट पर पिंडदान करने का प्रावधान है, जहां पिंडदान करने से पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है। जिस तरह से गंगा नदी पवित्र मानी जाती है, इस तरह से फल्गु नदी भी पवित्र मानी जाती है। फल्गु नदी को मोक्षदायिनी भी कहा जाता है। पितृपक्ष में फल्गु नदी के जल से तर्पण करने से पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है। पूरे देश दुनिया से आए तीर्थ यात्री गया जी पहुंच रहे हैं और पितरों की आत्मा की शांति को लेकर पिंडदान कर रहे हैं। कोलकाता से आए तीर्थ यात्री शुभाशीष घोषाल ने कहा कि अपने माता-पिता का पिंडदान करने के लिए वह गयाजी पहुंचे हैं। गयाजी में पिंडदान करने का बहुत ही महत्व है। गयाजी के बारे में हमने काफी सुना था, जिसके बाद आज यहां पहुंचे हैं और अपने माता-पिता की आत्मा की शांति को लेकर पिंडदान कर्मकांड रहे हैं। यहां प्रशासन ने भी काफी अच्छी व्यवस्था की है।*

## शरद ऋतु की शुरूआत के साथ ही कश्मीर की ओर बढ़ने लगे पर्यटकों के कदम

### अभी तक प्रदेश में आए एक करोड़ टूरिस्टों में 30 हजार विदेशी भी थे

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 29 सितम्बर (देशबन्धु)। पर्यटन के बाजार में कश्मीर की डिमांड अभी शिखर पर है और जैसे-जैसे कश्मीर में चिनार के पेड़ों की पत्तियाँ लाल, सुनहरी और नारंगी होती जा रही हैं, इस क्षेत्र में पर्यटकों की संख्या में वृद्धि देखी जा रही है। यह वृद्धि कितनी है, आंकड़ों से अंदाजा लगाया जा सकता कि 1 जनवरी से लेकर 28 सितम्बर तक जम्मू कश्मीर आने वाले टूरिस्टों की संख्या एक करोड़ का आंकड़ा पार कर चुका है और इनमें 30 हजार विदेशी नागरिक भी थे। शरद ऋतु के आगमन के साथ, देश और दुनिया भर से पर्यटक मौसम की मनमोहक सुंदरता को देखने के लिए कश्मीर में आ रहे हैं, और पर्यटन व्यवसाय से जुड़े लोग आशावादी हैं कि यह प्रवृत्ति सर्दियों के महीनों में भी जारी रहेगी। कश्मीर, जिसे अक्सर पृथ्वी पर स्वर्ग कहा जाता है, प्राकृतिक सुंदरता, शांति और रोमांच की तलाश करने वाले पर्यटकों के लिए हमेशा एक पसंदीदा स्थान रहा है। अधिकारियों के मुताबिक, इस साल इस क्षेत्र में 1.6 करोड़ पर्यटकों का आगमन दर्ज किया गया है, जिनमें 30,000 विदेशी भी शामिल हैं। शरद ऋतु के दौरान कश्मीर का एक प्रमुख आकर्षण मनमोहक परिदृश्य है। क्षेत्र के प्रतिष्ठित चिनार के पेड़ लाल और सुनहरे रंगों में बदल जाते हैं, जिससे एक सुरम्य पृष्ठभूमि बनती है जो आगंतुकों को आश्चर्यचकित कर देती है। अपने झिलमिलाते पानी और हाउसबोट के साथ डल झील और भी मनमोहक हो जाती है क्योंकि आसपास के बगीचे और पहाड़ियां रंगों में बदल जाती हैं। स्थानीय टूर ऑपरेटरों और होटल व्यवसायियों ने हाल के सप्ताहों में बुकिंग और पूछताछ में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है। श्रीनगर के एक प्रमुख टूर ऑपरेटर अहमद खान कहते थे कि कश्मीर में शरद ऋतु का मौसम अपनी सुंदरता में अद्वितीय है। हमने पर्यटकों की रुचि में वृद्धि देखी है और हमारी बुकिंग में भी बढ़ौतरी देखी जा रही है। लोग इस मौसम के मनमोहक रंगों को देखने के लिए उत्सुक हैं। खान का दावा था कि कश्मीर में पर्यटन का पुनरुद्धार न केवल क्षेत्र की अर्थव्यवस्था के लिए एक वरदान है, बल्कि अनगिनत स्थानीय लोगों की आजीविका के लिए भी है जो पर्यटन से संबंधित गतिविधियों पर निर्भर हैं।



## फिल्म इंडस्ट्री में बहुत से लोग ईडी के डर से नहीं बोलते, लेकिन मुझे जो कहना है वह कहूंगा : अडूर गोपालकृष्णन



**तिरुवनंतपुरम,** 29 सितम्बर (एजेंसियां)। फिल्म निर्माता अडूर गोपालकृष्णन ने शुक्रवार को कहा कि फिल्म उद्योग में बहुत से लोग प्रवर्तन निदेशालय के डर से नहीं बोलते हैं, लेकिन वह खुलकर बोलने से नहीं डरते हैं। अडूर ने कहा कि फिल्म उद्योग में बहुत से लोग खुलकर नहीं बोलते क्योंकि वे नहीं जानते कि अप्रत्याशित लाभ कहां से आने वाला है। अब बहुत से लोग प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों के आने के डर से आलोचना नहीं करते, लेकिन मैं ऐसा नहीं हूं, मुझे जो कहना है वह कहूंगा। उन्होंने कहा कि वह गोवा के राज्यपाल पीएस. श्रीधरन पिल्लई के चलते लोकप्रिय हैं। साथ ही कहा कि कोई उन्हें किसी ऊंचे स्थान पर न रखें क्योंकि वह एक साधारण व्यक्ति हैं। अडूर ने कहा कि मैं सभी को बताना चाहता हूं कि मैं एक संघर्षरत फिल्म निर्माता हूं और कृपया मेरी प्रशंसा करते हुए मुझे ऊंचे स्थान पर न रखें। फिल्म निर्माता ने 1972 में 'स्वयंवरम' से अपने करियर की शुरूआती की। उन्होंने एक दर्जन फीचर फिल्मों का निर्देशन किया है। उन्हें 16 बार राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार, 17 बार केरल राज्य पुरस्कार के अलावा कई अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार मिले हैं और उन्होंने 2004 में दादा साहब फाल्के पुरस्कार भी जीता है।

## संजय दत्त का सेंस ऑफ ह्यूमर 'अनरियल' है : सुनील शेट्टी

**मुंबई,** 29 सितम्बर (एजेंसियां)। बॉलीवुड एक्टर सुनील शेट्टी जल्द ही 'स्टार वर्सेज फूड सर्वाइवल' नामक शो के अपकमिंग सीजन में नजर आएंगे। उन्होंने अपने को-स्टार संजय दत्त और सेलिब्रिटी शेफ रणवीर बरार के साथ काम करने का अनुभव साझा किया है। सुनील ने कहा कि संजय में हास्य की अवास्तविक समझ है।



एक्टर ने साझा किया कि उन्हें संजय के साथ काम करना हमेशा मजेदार लगता है, क्योंकि दोनों के बीच 'शूटआउट एट लोखंडवाला', 'एलओसी कारगिल', 'दस', 'कांटे' और अन्य फिल्मों में सहयोग का एक लंबा इतिहास रहा है। एक्टर ने बताया कि संजय दत्त के साथ काम करना हमेशा अद्भुत होता है। उनका सेंस ऑफ ह्यूमर अवास्तविक है। हम ऐसे दोस्त हैं जिनकी आपस में बहुत अच्छी बनती है और हम एक-दूसरे के साथ बहुत सहज हैं।

शूटिंग आरामदायक है। जब हम एक साथ शूटिंग कर रहे होते हैं तो सेट पर खुशमिजाज वाला माहौल बन जाता है। संजय बड़े दिल वाले हैं और चीजों को वैसे ही कहते हैं, जैसे वे हैं। शो में सुनील शेट्टी, संजय दत्त, अपारशक्ति खुराना, मौनी रॉय और नकुल मेहता जैसे सेलिब्रिटी मेहमान होंगे। रणवीर दो यूनिक भारतीय जगहों कूर्ग और स्पीति की जर्नी करेंगे। यह शो प्रत्येक व्यंजन के स्वाद और उसके पीछे की कहानियों को उजागर करने का वादा करता है। संजय और रणवीर के बारे में बात करते हुए, सुनील ने आगे कहा कि वह कभी-कभी बहुत प्यारे होते हैं क्योंकि वह इतने ईमानदार हैं कि उन्हें इस बात का एहसास नहीं होता कि वह जो कहते हैं उसका असर क्या हो सकता है। वह अत्यंत ईमानदार हैं। शो की खूबसूरती दो एक्शन हीरो और वे उस जंगल में क्या देखते हैं, यह है। एपिसोड की शूटिंग करना एक शानदार अनुभव था। रणवीर बरार असाधारण प्रतिभा हैं। वह स्वास्थ्य और फिटनेस को परिभाषित करते हैं।

## स्वास्थ्य प्रणालियों को साइबर खतरों से बचाने के लिए आईआईएम ने विकसित किया मॉडल



**नई दिल्ली,** 29 सितम्बर (एजेंसियां)। आईआईएम लखनऊ ने विश्व स्तर पर स्वास्थ्य प्रणालियों को साइबर खतरों से बचाने के लिए एक मॉडल विकसित किया है। यह 'हेल्थकेयर साइबर जोखिम मूल्यांकन मॉडल' साइबर हमलों के जोखिमों का मूल्यांकन करता है। उन्हें कम करता है, जिससे रोगी के डेटा की सुरक्षा और स्वास्थ्य देखभाल संस्थानों के लिए डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं की निरंतरता सुनिश्चित होती है।

**कोरोना संक्रमण के दौरान डिजिटल डेटा पर स्वास्थ्य क्षेत्र की**

डिजिटल स्वास्थ्य रिकॉर्ड में सरकारी आईडी (आधार, मेडिकल हिस्ट्री, वित्त और बीमा, बैंक विवरण) जैसी संवेदनशील व्यक्तिगत जानकारी होती है। इसका उपयोग साइबर अपराधी पहचान की चोरी और धोखाधड़ी के लिए कर सकते हैं। दुर्भाग्य से, दुनिया भर में कई स्वास्थ्य सेवा संगठनों में साइबर सुरक्षा उपायों की कमी है, जिससे वे साइबर अपराधियों के लिए आसान लक्ष्य बन जाते हैं। आईआईएम लखनऊ स्थित प्रोफेसर अरुणाभा मुखोपाध्याय के नेतृत्व में अनुसंधान दल ने यह प्रणाली विकसित की है। संस्थान का मानना है कि स्वास्थ्य सेवा संगठनों में डेटा की बढ़ती जटिलता और संवेदनशीलता ने साइबर हमलों के प्रति उनकी संवेदनशीलता को बढ़ा दिया है। खासकर जबसे कोविड-19 महामारी के दौरान डिजिटल डेटा पर स्वास्थ्य क्षेत्र की निर्भरता बढ़ी है।

आईआईएम टीम का लक्ष्य उन कमजोर बिंदुओं से निपटना है, जिनका फायदा हैकर्स उठाते हैं। हेल्थकेयर साइबर जोखिम मूल्यांकन मॉडल का विवरण समझाते हुए, प्रोफेसर मुखोपाध्याय ने कहा कि हमारे जोखिम मूल्यांकन और परिमाणीकरण मॉडल ने हमें 1788 अमेरिकी स्वास्थ्य सेवा फर्मों को 'हीट मैट्रिक्स' पर समूहित करने में मदद की है जो साइबर हमले की संभावना और इसकी संभावित गंभीरता को दर्शाता है। इससे हमें स्पष्ट तस्वीर मिलती है कि कंपनियां साइबर खतरों से निपटने के लिए कितनी तैयार हैं। हम जोखिमों से निपटने के लिए एक योजना भी प्रस्तावित करते हैं, जिसे मैट्रिक्स में फर्म की स्थिति के अनुसार अनुकूलित किया जाता है। मॉडल, जिसे भारतीय स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र तक बढ़ाया जा सकता है, की तीन मुख्य विशेषताएं हैं। सबसे पहला, यह साइबर हमलों के प्रति स्वास्थ्य सेवा संस्थान की भेद्यता का निर्धारण करने में स्वास्थ्य सेवा संस्थानों के मुख्य सूचना अधिकारियों (सीआईओ) की सहायता करता है। दूसरा, यह साइबर हमलों की संभावित गंभीरता का आकलन करने के लिए सामूहिक जोखिम मॉडलिंग को नियोजित करता है।

## दिल का दौरा पड़ने पर मरीज को 'गोल्डन ऑवर' में अस्पताल पहुंचाने से बच सकता है जीवन

- **विश्व हृदय दिवस पर फोर्टिस अस्पताल ग्रेनो वॉकथॉन का हुआ आयोजन**
- **अस्पताल आरडब्ल्यूए, कॉलेज और वरिष्ठ नागरिक के समूहों के सहयोग से लोगों (सीपीआर) व (बीएलएस) की देगा सही जानकारी**

**ग्रेटर नोएडा,** 29 सितम्बर (देशबन्धु)। विश्व हृदय दिवस के अवसर पर फोर्टिस हॉस्पिटल ग्रेटर नोएडा के डॉक्टरों ने लोगों को संदेश देकर जागरूक किया कि दिल का दौरा पड़ने के बाद पहले 60 मिनट के भीतर मरीज को अस्पताल पहुंचाने से उसकी जान बचाई जा सकती है। दिल का दौरा पड़ने के बाद के इन 60 मिनटों को 'गोल्डन ऑवर' कहा जाता है। डॉक्टरों ने बताया कि गोल्डन ऑवर का पालन करना मरीज के परिवार और डॉक्टरों के लिए तेजी से इलाज शुरू करने के लिए महत्वपूर्ण है। दिल की मांसपेशियां 80-90 मिनट के भीतर रक्त न मिलने के कारण मृत होना शुरू हो जाती हैं। सही समय से इलाज न शुरू होने पर अगले छह घंटों के भीतर, दिल के सभी प्रभावित क्षेत्र क्षतिग्रस्त हो सकते हैं।





रक्त परिसंचरण जितनी तेजी से बहाल किया जाएगा, हृदय व अन्य अंगों को पहुंचने वाला नुकसान उतना कम होगा। फोर्टिस हॉस्पिटल ग्रेनो में इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी विभाग के एडिशनल डायरेक्टर डॉ. विवेक टंडन ने बताया कि यह महत्वपूर्ण है कि दिल का दौरा पड़ने के बाद इलाज के लिए मरीज को अस्पताल ले जाया जाए, लेकिन यदि कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) की सही विधि के बारे में जागरूकता हो तो यह हार्ट अटैक के किसी भी मरीज के लिए जीवित रहने की संभावना को दोगुना कर देती है। उन्होंने कहा कि कोरोनरी आर्टरी डिजीज (सीएडी) सबसे आम हृदय रोगों (सीवीडी) में से हैं और विकसित और विकासशील दोनों देशों में मृत्यु और बीमारी का एक प्रमुख कारण हैं। कार्डियोलॉजी विभाग के एसोसिएट कंसल्टेंट डॉ. विवेक शर्मा ने बताया कि मधुमेह के रोगियों को सीएडी विकसित होने का अधिक खतरा होता है। देश में किए गए कुछ अध्ययनों के अनुसार, भारत में प्रति एक लाख जनसंख्या पर 272 हृदय रोगी हैं। इससे भी अधिक चिंताजनक बात यह है कि कम उम्र में ही लोग हृदय रोग के शिकार हो रहे हैं।

इसलिए, लोगों के लिए यह समझना बहुत जरूरी है कि वे फिट रहें, आहार का सही संतुलन रखने, हल्का व्यायाम करने और धूम्रपान- शराब से दूरी बनाने पर तनाव से बचने में मदद मिल सकती है। फोर्टिस हॉस्पिटल के पल्मोनोलॉजी और क्रिटिकल केयर के एडिशनल डायरेक्टर डॉ. राजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि पल्मोनरी हाइपरटेंशन फेफड़ों को पर्याप्त रक्त पंप करने की हृदय की क्षमता को प्रभावित करता है। यह अन्य स्थितियों के साथ-साथ हृदय या फेफड़ों के लिए जटिलताएं पैदा कर सकता है। फेफड़ों की धमनियों को प्रभावित करने वाला शुरुआती विकार भी पल्मोनरी हाइपरटेंशन का कारण बन सकता है। विश्व हृदय दिवस पर, अस्पताल ने एक वॉकथॉन भी आयोजित की, जिसे अस्पताल के गेट नंबर 1 से रवाना किया गया, जो होंडा क्रॉसिंग और पी3 राउंडअबाउट के से होता हुआ 5 किमी से अधिक की दूरी तय कर, फोर्टिस हॉस्पिटल के गेट नंबर 2 पर समाप्त हुई। अस्पताल के फैसिलिटी डायरेक्टर प्रमित मिश्रा ने कहा कि हम ग्रेटर नोएडा में रेजिडेंट वेलफेयर एसोशिएशन, कॉलेजों और वरिष्ठ नागरिक समूहों के सहयोग से लोगों को बेसिक लाइफ सपोर्ट तकनीकों में प्रशिक्षण देना शुरू करेंगे। हम उन्हें सीपीआर देने की सही तकनीक सिखाएंगे ताकि वे जरूरत पड़ने पर हार्ट अटैक से पीड़ित व्यक्ति की जान बचा सकें।

# अभिमत

*विपक्ष का इंडिया गठबंधन जोर पकड़ रहा है तो भाजपा के लिए सबसे आसान तरीका सांप्रदायिकता के मूल विषय पर वापस आना होगा। भाजपा में कई लोग ऐसा सोचते हैं कि जीत के लिए यह एक सुनिश्चित तरीका है और अगर यदि ऐसा कुछ है तो देश को एक भयानक चुनाव अभियान के लिए तैयार रहना चाहिए क्योंकि व्यक्तिगत तौर पर उम्मीदवार प्रचार की स्वीकृत सीमा से आगे निकल जाते हैं और वे जगह-जगह से संसद में बिधूड़ी के कब्जे वाले स्थान पर दिखाई देते हैं।*

## वैचारिक गिरावट की ओर तेजी से दौड़ती भाजपा



जगदीश रत्तनानी

दक्षिण दिल्ली से भारतीय जनता पार्टी के सांसद रमेश बिधूड़ी द्वारा बसपा सांसद कुंवर दानिश अली के खिलाफ कहे गए अपमानजनक और सांप्रदायिक अपशब्द ऐसी भाषा है जो सड़कों पर भी कही जाने योग्य नहीं है और जिसे प्रतिबंधित किया जाना चाहिए, यह भाषा सत्ता पक्ष की ओर से संसद में बोली जा रही है। इस तरह की भाषा बहस के स्तर की गिरावट का प्रतिनिधित्व करती है। इस स्तर पर भाजपा प्रतिस्पर्धी सांप्रदायिकता और ध्यान आकर्षित करने की बीमारी में फंस गई है। इसके कुछ महत्वाकांक्षी सदस्य खतरनाक तरीकों से मंच हथियाने की कोशिश कर रहे हैं। बिधूड़ी के खिलाफ कड़ी और त्वरित कार्रवाई की कमी इस तरह के दुरुपयोग को वैध बनाती है। यह वास्तव में दूसरों को संदेश देती है कि इस कीचड़ में खेलना और 2024 के चुनावों की तैयारी के दौरान सांप्रदायिक घृणा के बढ़ते प्रसार में योगदान देना ठीक है। इसका हालिया उदाहरण भाजपा के एक अन्य सांसद का यह दावा है कि बिधूड़ी को उकसाया गया था। वह बयान भी इस मामले को और सांप्रदायिक बनाने का एक प्रयास है।

बिधूड़ी के अकथनीय और उग्र शब्द उस वक्त आए जब वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का बचाव करते हुए दिखाई दिए। इसे सामान्य परिस्थितियों में और आदर्श रूप से प्रधानमंत्री के अपमान के रूप में देखा जाना चाहिए। आरोप का जवाब देने के अन्य तरीके भी हैं। विवाद उस समय शुरू हुआ जब प्रधानमंत्री ने चन्द्रमा मिशन का श्रेय इसरो को देने के बजाय इसका क्रेडिट खुद लिया।

अपशब्दों का प्रयोग कर आरोपों का खंडन करने से कोई फायदा नहीं होता है बल्कि इससे आरोप सही साबित होते हैं। आरोपों के गुण-दोषों की परवाह न करते हुए देखें तो ऐसी हरकतों से प्रधानमंत्री और पार्टी को नुकसान होता है और इससे नेतृत्व को शॉक लगना चाहिए। इसके अलावा बिधूड़ी ने अपनी असभ्यतापूर्ण हरकत से संसद के नए भवन में संसद के पहले सत्र को ही अपवित्र कर दिया जिसे भाजपा अपनी एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में पेश कर रही थी। बिधूड़ी ने भाजपा की इस उपलब्धि का अपहरण कर लिया है। खुद प्रधानमंत्री ने संसद की नई इमारत को 'सिर्फ एक नई इमारत नहीं बल्कि एक नई शुरुआत का प्रतीक' कहा है। बिधूड़ी ने उस 'नई शुरुआत' को एक बहुत ही अशुभ अर्थ दे दिया। उन्होंने नारी शक्ति वंदन अधिनियम यानी महिला आरक्षण विधेयक से भी ध्यान हटा दिया जिसे प्रधानमंत्री ने एक ऐतिहासिक कानून तथा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने वाला कहा था। बिधूड़ी की टिप्पणी उन पर कड़ी कार्रवाई करने के लिए पर्याप्त होनी चाहिए। कारण बताओ नोटिस जारी होने के बाद रविवार रात तक बिधूड़ी पर कार्रवाई न होना कई सवाल खड़े करता है।

इसमें मुख्य बात भाजपा की नई प्रकृति और चरित्र ही होना चाहिए क्योंकि वह 2024 का चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। भाजपा को पूरा भरोसा है कि वह सत्ता में वापसी करेगी परन्तु ऐसा नहीं है कि उसे राहुल गांधी की ओर से मिलने वाले 'सरप्राईज' को लेकर कोई चिंता नहीं होगी। विपक्ष की एकजुटता को भले ही कुछ लोग एकजुट उपस्थिति के बजाय एक पैचवर्क समाधान के रूप में खारिज कर रहे हों लेकिन इसमें कोई संदेह नहीं है कि इस एकजुटता ने भाजपा को चिंता में डाल दिया है। सत्ता-विरोधी एक मजबूत लहर भी चल रही है। इस लहर को सशक्त करने के लिए विपक्ष अपनी बात लोगों तक ले जा रहा है और जिसे सोशल मीडिया पर अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। विपक्ष अपनी ओर से इसमें भाजपा के पसंदीदा उद्योगपतियों (राहुल गांधी के शब्दों में 'एक एकाधिकारवादी मित्र') जिनका पार्टी नेतृत्व ने लगातार समर्थन किया है, के बारे में तथा सांप्रदायिकता पर गहन सामग्री उपलब्ध करा रहा है। इसमें भाजपा के अमीर समर्थक और जनविरोधी दृष्टिकोण, नोटबंदी से लेकर ईंधन और गैस सिलेंडर की ऊंची कीमतों से लेकर हाल ही में 100 रुपये प्रति किलो बिकने वाले टमाटर तक का स्पेक्ट्रम चलाया गया है।

इन परिस्थितियों में और विशेष रूप से जब ऐसी खबरें हैं कि विपक्ष का इंडिया गठबंधन जोर पकड़ रहा है तो भाजपा के लिए सबसे आसान तरीका सांप्रदायिकता के मूल विषय पर वापस आना होगा। भाजपा में कई लोग ऐसा सोचते हैं कि जीत के लिए यह एक सुनिश्चित तरीका है और अगर यदि ऐसा कुछ है तो देश को एक भयानक चुनाव अभियान के लिए तैयार रहना चाहिए क्योंकि व्यक्तिगत तौर पर उम्मीदवार प्रचार की स्वीकृत सीमा से आगे निकल जाते हैं और वे जगह-जगह से संसद में बिधूड़ी के कब्जे वाले स्थान पर दिखाई देते हैं।

दानिश अली ने खुलेआम अपना दर्द व्यक्त किया कि जिस रात यह टिप्पणी की गई थी, उस रात वह सो नहीं सके। बिधूड़ी के इस घटिया भाषण की प्रकृति, भाजपा नेतृत्व की चुप्पी ठीक उसी तरह की है जैसे संसद के बाहर दुर्व्यवहार और हिंसा का चक्र चल रहा है। उत्पीड़ित लोग जो सवाल सड़कों पर पूछते हैं कि 'आम लोग न्याय के लिए कहां जाएंगे?' वह अब संसद तक पहुंच गया है। लोकसभा के एक सदस्य ने कहा है-'हम न्याय के लिए कहां जाएं?' इसमें कोई संदेह नहीं है कि यह राष्ट्र के लिए एक भयानक गिरावट है।

इस गिरावट की जड़ में भाजपा का यह विश्वास है कि आक्रामक रूप से प्रहार करना बचाव का सबसे अच्छा तरीका है, यह कि हिंसा हमारे मिज़ाज में है और हिंसा का सामना दोगुनी हिंसा से किया जाना चाहिए, यह कि 'दूसरों' को नीचे रखा जाना चाहिए, यह कि नेतृत्व शब्द रूप, आकार और कार्रवाई में मर्दाना है। यह शक्ति और नियंत्रण की पुरानी भाषा है जो आज की दुनिया में समाप्त हो चुकी ताकत है। यह भाषा देश को कड़वाहट के कठोर और उजाड़ परिदृश्य के रूप में पेश करने का प्रतिनिधित्व करती है। हम एक ऐसे भारत का निर्माण कर रहे हैं जिसमें अनुग्रह, प्रेम और एकजुटता के विचार नहीं हैं। बुनियादी ढांचे, व्यवसाय या आधुनिकता के अन्य उपकरण चाहे कितने भी उन्नत क्यों न हों, इन विचारों के अभाव में भारत एक राष्ट्र के रूप में नहीं बढ़ सकता है। चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा को चुनौती देने के लिए इनमें से कुछ विचार सामने आएंगे। कांग्रेस ने हाल के दिनों में अक्सर 'प्रेम' की भाषा की बात की है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि इस बार भाजपा का प्रचार अभियान अच्छी तरह से चिकना-चुपड़ा, और भी अधिक चालाकी भरा, शानदार तरीके से वित्त पोषित तथा उचित समय पर आएगा।

पिछले लगभग एक महीने से इस अभियान के नमूने सोशल मीडिया पर सामने आ रहे हैं। भाजपा के संदेशों के साथ देश पर एक तरह की 'कार्पेट बाम्बिंग' की उम्मीद करें। मीडिया के चुनिंदा वर्ग उसकी जेब में होंगे। भाजपा के धन-बल के समक्ष विपक्ष का कोई मुकाबला नहीं होगा। फिर भी भाजपा की जीत की कोई गारंटी नहीं है। पूर्व प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने एक बार कहा था- 'भारत में आप पैसे के अभाव में चुनाव हार सकते हैं, लेकिन आप कभी भी सिर्फ इसलिए चुनाव नहीं जीत सकते क्योंकि आपके पास पैसा है!' हालांकि धन के अनवरत प्रवाह से भरी भाजपा के पास संसाधनों का एक बड़ा भंडार है और यह कमी अभी भी विपक्ष को नुकसान पहुंचाएगी। हम औपचारिक रूप से चुनाव प्रचार के बिगुल फूंके जाने का इंतजार कर रहे हैं।

संसद में बनाई गई स्थिति से बाहर निकलने का एक आसान तरीका है। भाजपा नेतृत्व माफी मांग सकता है, प्रधानमंत्री सहित उसके वरिष्ठ नेता दानिश अली से मिल सकते हैं और उन्हें तथा राष्ट्र को आश्वस्त कर सकते हैं कि ऐसा दोबारा नहीं होगा एवं अपमानित करने वाले को उचित सजा दी जाएगी। भाजपा में शामिल और पार्टी के समर्थक लोगों में से कितने लोग सोचते हैं कि ऐसा रास्ता संभव है, वांछनीय है और यहां तक कि भाजपा के लिए लाभदायक भी है? इस तरह यह एक ऐसे राष्ट्र के लक्षण हैं जो चंद्रमा तक पहुंचने के लिए सारी रुकावटों को तोड़ सकता है लेकिन यह लोगों के दिल और दिमाग में नई बाधाएं पैदा करता है।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं। सिंडिकेट : दी बिलियन प्रेस)**

**संसद में बनाई गई स्थिति से बाहर निकलने का एक आसान तरीका है। भाजपा नेतृत्व माफी मांग सकता है, प्रधानमंत्री सहित उसके वरिष्ठ नेता दानिश अली से मिल सकते हैं और उन्हें तथा राष्ट्र को आश्वस्त कर सकते हैं कि ऐसा दोबारा नहीं होगा एवं अपमानित करने वाले को उचित सजा दी जाएगी। भाजपा में शामिल और पार्टी के समर्थक लोगों में से कितने लोग सोचते हैं कि ऐसा रास्ता संभव है, वांछनीय है और यहां तक कि भाजपा के लिए लाभदायक भी है?**

## बीता सप्ताह

**23 सितंबर**

- बीजू दल की वरिष्ठ नेता प्रमिला मलिक ओडिशा विधानसभा की पहली महिला स्पीकर बनीं।
- घरेलू वन डे सीरिज में भारत की टीम ने तीन मैचों में आस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हराया।
- सुप्रीम कोर्ट ने मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद मामले में वेज्ञानिक सर्वेक्षण मांग वाली याचिका को खारिज कर दी।
- पोलैंड के राष्ट्रपति आंडेज डूडा ने ऐलान किया कि 2024 में अपना कार्यकाल समाप्त करने के बाद अब चुनाव नहीं लड़ेंगे।

**24 सितंबर**

- सुप्रीम कोर्ट ने कोरोना में हुई मौतों का संज्ञान लेते हुए सरकार से पूछा कि आपदा में शवों को संभालते हैं।
- प्रसिद्ध साहित्यकार, राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर के बड़े सुपुत्र केदारनाथ सिंह का निधन हो गया।
- एक देश एक चुनाव की पहली बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने की।
- प्रधानमंत्री मोदी ने नौ वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया।

**25 सितंबर**

- वैज्ञानिकों ने खोजा अनोखा ग्रह 'ग्लीज 267वीं' इस ग्रह पर धरती से ज्यादा शुद्धतम लोहा व दोगुना घनत्व है।
- चीनी शोधकर्ताओं ने नई बायोनिक कम कार्बन निर्माण सामग्री विकसित करने में सफलता हासिल की।
- बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल हार्वेस्ट गोल्ड ग्लोबल रेस-2023 की शुरुआत की।
- भारतीय नाविकों ने झारखंड में दो रजत और एक कांस्य पदक जीता।

**26 सितंबर**

- चीन के हांगझोउ में एशियन गेम्स में शूटिंग के 10 मीटर एयर राइफल्स टीम स्पर्धा में भारत के ऐश्वयप्रताप सिंह, दिव्याश सिंह और रुद्राक्ष पाटिल ने देश का पहला स्वर्ण पदक जीता।
- गुणवत्ता नियंत्रण आंदोलन में योगदान के लिए एन एम डी सी ने बेस्ट आर्गेनाइजेशन अवार्ड जीता।
- रक्षामंत्री सी-295 मालवाहक विमान वायुसेना के बेड़े में शामिल करते हुए एयर चीफ मार्शल को आर चौधरी को सौंपा।

**27 सितंबर**

- फिल्म जगत का सर्वोच्च सम्मान दादा साहेब फाल्के पुरस्कार के लिए प्रसिद्ध अभिनेत्री वहीदा रहमान का चयन किया गया है।
- देश की प्रतिष्ठित संस्था फेडरेशन ऑफ इंडियन चेम्बर्स ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) ने प्रदेश के तीन पुलिस अधिकारियों को स्मार्ट पुलिसिंग अवार्ड-2022 प्रदान किया।
- एशियाई खेल में घुड़सवारी में 41 साल के बाद भारत की सुदीप्ति हतेला, दिव्याकृति सिंह, हृदय छेदा, और अनुज अग्रवाल ने स्वर्ण पदक जीता।
- दिल्ली के जंगपुरा के एक ज्वेलरी शो रूम से 25 करोड़ का सोना चोरी हो गया।
- छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में पहली टेनिस अकादमी शुरु हुई।

**28 सितंबर**

- छत्तीसगढ़ के कवर्धा जिले के सरोदा दादर गांव को सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम पुरस्कार दिया गया।
- कनाडा के एंथनी रोटा ने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान नाजी ईकाई के लिए लड़ने वाले एक व्यक्ति को निमंत्रण दिए जाने व सम्मानित किए जाने के कारण संसद के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया।
- इराक के उत्तरी प्रांत निनेवेह के अल हसदानिया शहर के हॉल में विवाह समारोह के दौरान आग लग जाने से 114 लोगों की मृत्यु हो गई।
- फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंट रोमुअलडेज मार्कोस को बढ़ावा देने के लिए एक मास्टर प्लान कानून पर हस्ताक्षर किया।

**29 सितंबर**

- एशियन गेम्स हांगझोउ में भारत के सरबजीत सिंह, शिव नरवाल और अर्जुन सिंह चीमा की तिकड़ी ने निशानेबाजी स्पर्धा में चौथा स्वर्ण पदक जीता।
- हरित क्रांति के जनक महान वैज्ञानिक डॉ एम एस स्वामीनाथन का निधन हो गया।
- नासा के एक फ्रेंक रुबियो और दो अंतरिक्ष रूसी यात्री स्पेस में 371 दिन बिताकर धरती पर सकुशल लौटे।
- कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन टूडो ने संसद में एक यूक्रेनी व्यक्ति को सम्मानित करने के लिए माफी मांगी।

## महिला आरक्षण विधेयक : शकुनि का पांसा

■ संध्या शैली

अंततः वोट कबाड़ने और सत्ता में बने रहने के लिये आखिरी पांसा भी फेंक दिया गया। 'मनुस्मति' को देश के संविधान से ऊपर मानने वाली, 'संविधान सभा' में हिंदू महिलाओं को अधिकार देने वाले 'हिंदू कोड बिल' के खिलाफ हंगामा करते हुये उसे पारित होने से रोकने वाली महिला विरोधी पलटन ने अंततः महिला आरक्षण के विधेयक को 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के नाम से एक पांसे की तरह उछाल दिया है।

इस विधेयक के खिलाफ कोई नहीं है। महिलाओं को समानता की मांग करने वाला कभी उन्हें आरक्षण देने के खिलाफ हो भी नहीं सकता। इसकी नियमावली भी बाद में बनाई जा सकती है, लेकिन सवाल यह है कि इतने सालों तक सरकार में रही और संसद के अधिवेशनों में महिला विरोधी कदम उठाने वाली भाजपा को आज अचानक क्यों इस देश की महिलाओं के पक्ष में निर्णय लेने का ख्याल आ गया? इसीलिए न कि अब लोकसभा और कई बड़े राज्यों के चुनाव सिर पर हैं।

कई महिला संगठन इस विधेयक को पारित करने और महिलाओं को विधायिकाओं में अधिकार देने की कई सालों से मांग कर रहे थे। दिल्ली और देश के कई शहरों, कस्बों और इलाकों में इसकी मांग करते हुये प्रदर्शन हुये, सेमीनार हुये, महिलाओं की बैठकें हुईं। कांग्रेस के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार भी कोई दूध की धुली नहीं थी, लेकिन उस वक्त जब यह विधेयक राज्यसभा में पारित हुआ था तब लोकसभा में इसे पारित करने में अड़ंगे लगाने वाली भाजपा अब क्यों इस विधेयक को पारित करने का दिखावा कर रही है?

**इस विधेयक के खिलाफ कोई नहीं है। महिलाओं को समानता की मांग करने वाला कभी उन्हें आरक्षण देने के खिलाफ हो भी नहीं सकता। इसकी नियमावली भी बाद में बनाई जा सकती है, लेकिन सवाल यह है कि इतने सालों तक सरकार में रही और संसद के अधिवेशनों में महिला विरोधी कदम उठाने वाली भाजपा को आज अचानक क्यों इस देश की महिलाओं के पक्ष में निर्णय लेने का ख्याल आ गया?**

वैसे किसी भी समाज या देश में बदलाव तभी होते हैं जब आम जनता उनके पक्ष में आवाज बुलंद करती है। देश के प्रगतिशील महिला आंदोलनों का ही परिणाम था कि प्रजातांत्रिक परंपराओं और धर्मनिपेक्षता की रक्षा करने के लिये संविधान में संशोधन होते रहे और कानून बनते रहे। 'राष्ट्रीय महिला आयोग' बना और हर राज्य में भी 'महिला आयोग' बने। देश में कामगार महिलाओं की दशा पर सरकार द्वारा एक अध्ययन करवाया गया और महिलाओं के पक्ष में कानून बनाने की कोशिश की गई।

दहेज हिंसा को परिभाषित करते हुये 498 ए जैसा कानून बना, देश में घरेलू हिंसा को रोकने के लिये अलग कानून बनाया गया, कार्यस्थल पर यौन हिंसा के खिलाफ कानून बना, यौन हिंसा की परिभाषा विस्तृत की गई, पंचायतों में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण देने के बाद उन्हें प्रशिक्षित किया गया और अब कई पंचायतों में महिलायें आधे से भी अधिक चुनी गई हैं।

माना कि इन तमाम कानूनों में कई खामियां हैं, लेकिन इन खामियों को दूर करने के लिये आवाज उठाई जा रही है। कुल मिलाकर आज नहीं तो कल महिला आरक्षण विधेयक पारित होना ही था। जो भाजपा हर साल हजारों महिलाओं की जान लेने वाले दहेज अपराध को रोकने के लिये बने 498 ए कानून को कमजोर करने में लगी हो, वह कैसे इस कानून को बनायेगी और महिलाओं को विधायिकाओं में पहुंचने का रास्ता साफ करेगी।

लोकसभा में पारित इस विधेयक और पूर्व में पारित विधेयकों में अंतर यही है कि पहले के विधेयक पारित होते ही लागू हुये थे, लेकिन इस ताजा कानून में पहले से ही 2029 तक की समय-सीमा लगा दी गयी है। यानि दो चुनावों को निपटाने के बाद। अब यह भी कहा जा रहा है कि परिसीमन और जनगणना, विधानसभा और संसदीय क्षेत्रों को तय करने के बाद यह कानून कार्यान्वित किया जायेगा। जनगणना कब होगी?

वर्ष 2021 की जनगणना कोरोना का कारण बताकर टाल दी गई, लेकिन घोषणा करने के बावजूद 2023 के खत्म होने तक उसकी प्रक्रिया भी शुरू नहीं की गई है। तो फिर यह आशा कैसे की जा सकती है कि अगली 2031 में होने वाली जनगणना के आंकड़े समय पर प्रकाशित होकर इस विधेयक के क्रियान्वयन की शर्तों को पूरा कर देंगे? उसके बाद होने वाले परिसीमन के पहले तो इस विधेयक का क्रियान्वयन होने से रहा।

दूसरी बात यह है कि जिस सत्तारूढ़ पार्टी के मंत्री, सांसद, विधायकों पर बलात्कार, छेड़छाड़, अपहरण, हत्या के आरोप हों उससे क्या इस देश की महिलायें अपेक्षा कर सकती हैं कि इस विधेयक का क्रियान्वयन करेगी? क्या यह विडंबना नहीं है कि महिला पहलवानों का यौन शोषण करने वाला सांसद बृजभूषण सिंह 'महिला आरक्षण विधेयक' के पक्ष में हाथ उठाता है? महिला कोच को, जिसने भाजपा की हरियाणा सरकार के खेल मंत्री संदीप सिंह के खिलाफ शिकायत की थी, निलंबित कर देते हैं?

गुजरात में बिल्किस बानो की तीन साल की बच्ची की हत्या करने वालों और बिल्किस की छोटी बहन और मां सहित 11 महिलाओं के साथ सामूहिक बलात्कार करने वाले अपराधियों को जेल में अच्छे व्यवहार का सर्टिफिकिट देकर जेल से रिहा करने की सिफारिश करती है? और जेल से रिहा होने के बाद उन बलात्कारियों का सार्वजनिक सम्मान करती है?

जिस सत्ताधारी पार्टी के नेता, विधायक, यहां तक कि महिला सांसद तक कठुआ में हुये घृणित बलात्कार और हत्या तक के प्रकरणों में आरोपी ही नहीं, वरन अपराधियों के समर्थन में जुलूस निकालते हैं, उन्नाव के घृणित बलात्कार और हत्या के प्रकरण में तो भाजपा विधायक कुलदीप सैंगर आरोपी ही नहीं, अपराधी भी साबित हो जाता है, लेकिन आज तक इन तमाम नेताओं को पार्टी से निलंबित नहीं किया जाता। इतना ही नहीं ये नेता उन मासूमों और उनके परिजनों को ही घृणित घटनाओं के लिये जिम्मेदार बता देते हैं।

मध्यप्रदेश में लगातार हुईं घटनायें इसी का सबूत देती हैं। अभी हाल में उज्जैन में 12 साल की बच्ची के साथ हुआ लोमहर्षक कांड मौजूदा सरकार पर शर्मनाक धब्बा है। सागर के पास के गांव में एक युवती और उसकी मां के साथ हुई घटना इसका सबूत हैं कि स्थानीय हत्यारे दबंग नेता और मंत्री इसके लिये युवती और उसकी मां को चरित्रहीन और भाई, जिसकी हत्या कर दी गई, को चोर बता रहे हैं।

दरअसल इतिहास बताता है कि सत्तारूढ़ भाजपा और उसके मातृ संगठन आरएसएस का इस देश की महिलाओं के आंदोलनों में योगदान और देश की रवायत से कोई संबंध ही नहीं रहा है। जिन महिलाओं और देश के लोकतंत्र तथा समता के समर्थक दलों और संगठनों ने इस मुद्दे को लेकर अब तक लड़ाई लड़ी है, उन्हें ही इसे वास्तविक बनाने की लड़ाई भी लड़नी और जीतनी होगी।

*(लेखिका 'अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति' की केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य और 'लोकजतन' की सह-सम्पादक हैं।)*

## 'गांधी की महिला फौज' : एक रोचक किताब?

■ रघुराज सिंह

महिला आरक्षण पर चहुंदिस जारी कीर्तन के विलक्षण दौर में, हाल ही में 'नेशनल बुक ट्रस्ट' से एक बहुत ही अलग ढंग की किताब छपी है, नाम है- 'गांधी की महिला फौज।' महीना-डेढ़ महीना पहले छपी इस किताब को लिखा है, वरिष्ठ पत्रकार अरविन्द मोहन ने। जाने क्यों यह किताब अब तक बाजार में नहीं मिल रही?

पिछले साल अक्टूबर में अरविन्द मोहन को इसी विषय पर सुनते हुए लगा था कि यह महिलाओं और गांधी पर, महिलाओं के सशक्तिकरण की दृष्टि से एक अलहदा व्याख्यान है। व्याख्यान इसी पुस्तक पर आधारित था। किताब अगर व्यापक नजरिए से परखी जाए तो यह गांधी के दौर वाले भारत में औरतों के बदलाव का एक विस्तृत दस्तावेज है।

औरतों में यह परिवर्तन सिर्फ गांधी के कारण ही नहीं आया। इस परिवर्तन को लाने में उस माहौल और उस पर्यावरण की खासी भूमिका रही, जो गांधी ने राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक और कुरीतियों के विरोध में बनाया था। इस बदलाव को लाने में उन महिलाओं की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका रही जो गांधी के असर में आकर समाजसेवा के विभिन्न दायरों में फैली थीं।

अरविन्द मोहन ने अपनी किताब में एक विस्तृत भूमिका के साथ, गांधी विचार को अभ्यास में लाने वाली 74 महिलाओं के जीवन के उन पहलुओं को दर्ज किया है जिनके बारे में लोगों की जानकारी बहुत कम है। ये अमीर भी हैं, गरीब भी और वे भी जिनका देश भर में ऊंचा रसूख रहा है। वे विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों, जातियों और वर्गों की हैं। उनमें विदेशी भी हैं जिनमें से ज्यादातर ने अपने हिन्दुस्तानी नाम रख लिए थे और गांधी के साथ हमकदम हुई थीं। उन्होंने अपना घर-परिवार छोड़ा और गांधी के विभिन्न आन्दोलनों से जुड़ीं।

आन्दोलन चाहे देश को आजाद कराने का रहा हो, सत्याग्रहों में आवक-जावक का या फिर सबसे नीचे के तबके की सेवा करने का। इनमें बहुतेरी महिलाएं गांधी विचार की आँच में तपकर खांटी राजनीतिज्ञ भी बनीं। उनके बारे में पढ़कर मालूम होता है कि गांधी-युग की कैसी और कौन-सी दुनिया थी, जब न तो महिला शिक्षा का प्रसार था और न ही तथाकथित आधुनिकता का प्रभाव। इनमें से ज्यादातर वे थीं जो परदे और घर की दहलीज के बाहर पहली बार निकलीं थीं।

**औरतों में यह परिवर्तन सिर्फ गांधी के कारण ही नहीं आया। इस परिवर्तन को लाने में उस माहौल और उस पर्यावरण की खासी भूमिका रही, जो गांधी ने राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक और कुरीतियों के विरोध में बनाया था। इस बदलाव को लाने में उन महिलाओं की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका रही जो गांधी के असर में आकर समाजसेवा के विभिन्न दायरों में फैली थीं।**

किताब बताती है कि भारत लौटने के कुल 15 साल बाद गांधी ने वर्ष 1930 में जब 'नमक सत्याग्रह' शुरू किया, तब तमाम पाबंदियों के बावजूद बीस हजार से ज्यादा औरतों ने गिरफ्तारियां दी थीं। आज तक दुनिया भर में किसी क्रांति, किसी आन्दोलन में इतनी औरतें जेल नहीं गईं। औरतों को मताधिकार की वकालत गांधी तब करते हैं, जब दुनिया में इसकी चर्चा लगभग नहीं थी। परदे से निकलना या धरने पर जाकर चुपचाप बैठ जाना कोई क्रांतिकारी काम है, यह कल्पना गांधी ही कर सकते थे।

इस किताब में शामिल महिलाओं के बारे में लिखने के पहले अरविन्द मोहन गहरी खोजबीन करते हैं। वे कुछ और महिलाओं को लेकर भी लिखना चाहते थे, लेकिन उनके विषय में प्रामाणिक जानकारी का अभाव था। आन्दोलनों में जिस स्तर पर महिलाओं की भागीदारी रही उसमें 74 की संख्या एक प्रतिनिधि आंकड़ा ही कहा जाएगा।

किताब में जिन महिलाओं का जिक्र है, वह उनसे संबंधित आश्चर्यजनक जानकारियों से भरपूर है। सबसे पहले जिक्र ब्रिटिश मूल की नेल्ली सेनगुप्ता का, जिनके बारे में आज शायद ही कोई जानता हो। वे अपने बांग्ला मित्र से शादी कर इंग्लेंड से भारत आईं और जल्दी ही गांधी के प्रभाव में आकर खुद अपनी पितृभूमि के खिलाफ आन्दोलन में शामिल हो गईं और बार-बार जेल गईं।

वर्ष 1934 के कलकत्ता कांग्रेस-अधिवेशन के नामित अध्यक्ष मदनमोहन मालवीय को अन्य नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ अंग्रेज सरकार ने गिरफ्तार कर लिया था। उस समय गांधी ने, जो स्वयं जेल में थे, नेल्ली सेनगुप्ता को कांग्रेस का अध्यक्ष बना दिया। इस विदेशी मूल की महिला ने सारी चुनौतियों का सामना करते हुए हजारों लोगों को जुटाकर अधिवेशन करा दिया। वे खुद अपना अध्यक्षीय भाषण नहीं कर सकीं, लेकिन कांग्रेस की तीसरी महिला अध्यक्ष होने के नाते अंग्रेजों को आन्दोलन की ताकत का अहसास करा दिया। आजादी के बाद उन्होंने अपना जीवन पूर्वी बंगाल (आज का बांग्लादेश) में रचनात्मक सक्रियता में बिताया।

गांधी के रचनात्मक आन्दोलनों से आजीवन जुड़ी रहीं दूसरी महिला थीं, कैथरीन मेरी हेईलमन जिन्हें गांधी ने ही सरला बहन नाम दिया था। ब्रिटेन में पढ़ाई के दौरान गांधी के अहिंसक संघर्ष का विचार उनको आकर्षित करने लगा। बहुत मुश्किलों के बाद गांधी ने उन्हें आश्रम में रहने की अनुमति दी। वे यहां रहकर पूरी तरह भारतीय रंग में ढल गईं और 1941 तक आश्रम में रहीं। बाद में गांधी ने उन्हें कुमाऊं भेजा, जहां उन्होंने श्रमशील, अशिक्षित महिलाओं के बीच लम्बे समय तक काम किया। सरला बहन ने शराबबंदी, खादी, प्राकृतिक खेती और जंगल की रखवाली जैसे कामों से वहां की महिलाओं को जोड़ा। बाद में ये ही महिलाएं विख्यात 'चिपको आंदोलन' की योद्धा बनीं। उन्होंने हिन्दी में बाईस किताबें भी लिखीं।

ऐसी ही एक और शख्सियत थीं, मार्गरेट कजिंस, जिन्होंने गांधी के रचनात्मक कामों और जीवन शैली को अपनाया और महिलाओं की जागृति, शिक्षा, महिला अधिकार और राष्ट्रीय आन्दोलन में योगदान दिया, जेल गईं। उनका अन्तिम संस्कार हिन्दू रीति से हुआ। उनके साथ ही सोंजा श्लेशिन, मार्जरी साइक्स, एश्थर फेयरिंग, मुरियल लिस्टर और मेडलीन स्लेड (मीरा बहन) भी हैं जिन्होंने गांधी के साथ जुड़कर विभिन्न राजनीतिक और रचनात्मक कामों में उनका साथ दिया।

ऊंची शिक्षा और अति प्रभावशाली खानदानों से निकलीं और गांधी से चमत्कृत होकर सारी सुख सुविधाएं छोड़कर आन्दोलनों और सत्याग्रहों में गहरे तक समा गईं कई महिलाएं बहुत से गांधीवादियों से आगे निकल गईं। इनमें पहला नाम है, डॉ. सुशीला नैयर का, जो आज के पाकिस्तान में जन्मीं। दिल्ली के मशहूर 'लेडी हार्डिंग कालेज' से डाक्टरी पढ़कर 1939 में जब वे 'सेवाग्राम' पहुंचीं, तब वहां भयंकर हैजा फैला था। वे इलाज और राहत के काम में जुट गईं। गांधी जी उनकी कम उम्र और सेवा के प्रति निष्ठा से बहुत प्रभावित हुए। डॉ. विधान चन्द्र राय की सलाह पर उन्होंने सुशीला नैयर को अपना निजी डाक्टर ही बना लिया।

सन् 42 के आन्दोलन में सुशीला भी बा और बापू के साथ जेल गईं। महादेव भाई और बा की मृत्यु इसी जेल प्रवास में हुई। इस दौर की डायरी उन्होंने रोज लिखी, गांधी जी ने इसे उपयुक्त माना। उनकी यह डायरी उस वक्त का सबसे भरोसेमंद इतिहास बताती है। 'सेवाग्राम आश्रम' में उन्होंने पहले 'कस्तूरबा अस्पताल' खोला, जो बाद में देश का विख्यात मेडीकल कालेज बना। गांधी के ब्रह्मचर्य के प्रयोग में साझीदार होने की पहली सार्वजनिक स्वीकृति उनकी ही थी। वे बाद में भारत की स्वास्थ्य मंत्री भी रहीं।

ऐसी ही एक दूसरी महिला राजकुमारी अमृत कौर थीं। नाम के अनुरूप वे कपूरथला राजघराने की राजकुमारी थीं जो परिवार के विरोध के बावजूद 'सेवाग्राम' आईं थीं। वे गांधी की निज सहायक भी रहीं। वे आक्सफोर्ड से पढ़ी-लिखी थीं। उन्होंने गांधी से प्रेरणा लेकर परदा-प्रथा का विरोध, देवदासी समाज के कल्याण और बाल-विवाह जैसी कुरीतियों के खिलाफ व्यवस्थित काम किया। बाद में वे 'संविधान सभा' की सदस्य रहीं और आजाद भारत की पहली स्वास्थ्य मंत्री भी। दिल्ली में 'ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस' (एम्स) बनाने की पहल उन्हीं की थी। उन्होंने कई और स्वास्थ्य संस्थान भी बनाने में योगदान दिया। वे ईसाई थीं, लेकिन उनका अन्तिम संस्कार सिख रीति से हुआ।

गांधी के यहां सभी की जगह थी। आर्यसमाजी स्वामी श्रद्धानन्द की पोती सत्यवती, उडीसा के मुख्यमंत्री की पत्नी मालती चौधरी, केरल की अक्कम्मा चेरियन और अम्मू स्वामीनाथन, गांधी की गोद ली बेटी लक्ष्मी, दादा भाई नौरोजी परिवार की चार लड़कियां, गांधी से जूझने वाली बीबी अमतुस्सलाम, जयप्रकाश नारायण की पत्नी प्रभावती, रेहाना तैयबजी, दोस्तों जैसी सरोजनी नायडू, अम्मा जैसी हैसियत वाली आब्दी बानो, 'स्वदेशी आन्दोलन' को आगे बढ़ाने वाली कम पढ़ी-लिखी गंगा बहन सभी गांधी के विशाल परिवार का अन्त तक हिस्सा बनी रहीं। महादेवी वर्मा, सुभद्राकुमारी चौहान, एमएस सुब्बुलक्ष्मी और कमलादेवी चट्टोपाध्याय जैसी साहित्यकार और कलाकार भी गांधी की टोली में रहीं। अरूणा आसफअली, सुभद्रा जोशी, सुचेता कृपलानी जैसी महिलाएं भी गांधी की फौज में थीं, बाद में जिन्होंने देश की राजनीति में भी सक्रिय भूमिका निभाई।

अरविन्द मोहन के मुताबिक यह बदलाव अकेले गांधी ने नहीं किया। उनकी सही और संतुलित सोच, अच्छी रणनीति और कई बार औरतों के लिए विशेष अवसर देने का अपना महत्व है, लेकिन असल में यह काम तब सचेत हुई लड़कियों, गांधी और गांधीवादी नेताओं के सम्पर्क में आई महिलाओं ने किया। गांधी के आने और नेतृत्व तक पहुंचने के बाद जिस तरह महिलाएं सामने आईं और हर क्षेत्र में सक्रिय हुईं वह अपने आप में मिसाल है, लेकिन यह किताब गांधी के 'जादू' पर नहीं है। यह उनके प्रभाव से सामने आईं हजारों बहादुर महिलाओं में से कुछ की कहानी पर है। इन्होंने सिर्फ अपना रूपया-पैसा और गहना ही समर्पित नहीं किया, गांधी और मुल्क पर अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया।

**(लेखक लंबे समय तक मध्यप्रदेश के जनसंपर्क विभाग में वरिष्ठ पद पर रहे हैं।)**

# देश विदेश

## अमेरिका में कुछ खतरनाक हो रहा है : बाइडेन

**वाशिंगटन,** 29 सितम्बर (एजेंसियां)। अमेरिकी लोकतंत्र के अस्तित्व संबंधी खतरों के बारे में कड़ी चेतावनी में, राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा कि अब अमेरिका में कुछ खतरनाक हो रहा है। गुरुवार को एरिजोना में अपने दिवंगत मित्र रिपब्लिकन सीनेटर जॉन मैक्केन के सम्मान में एक संबोधन में राष्ट्रपति ने कहा, 'एक चरमपंथी आंदोलन है जो हमारे लोकतंत्र की बुनियादी मान्यताओं को साझा नहीं करता है, एमएजीए आंदोलन।' सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के राजनीतिक आंदोलन, 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' के संक्षिप्त नाम का उपयोग करते हुए, बाइडेन ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि आज की रिपब्लिकन पार्टी एमएजीए रिपब्लिकन चरमपंथियों द्वारा संचालित और भयभीत है।

# जी20 के दौरान बाइडेन की मेजबानी के लिए ब्लिंकन ने जयशंकर को दिया धन्यवाद



**वाशिंगटन,** 29 सितम्बर (एजेंसियां)। अमेरिकी विदेश विभाग में अपनी आमने-सामने की बैठक के बाद, विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने इस महीने की शुरुआत में नई दिल्ली में जी20 नेताओं के शिखर सम्मेलन के दौरान राष्ट्रपति जो बाइडेन की मेजबानी के लिए विदेश मंत्री एस. जयशकर को धन्यवाद दिया, जो इस समय अपने अमेरिका दौरे के दूसरे चरण के लिए वाशिंगटन में हैं। इससे पहले गुरुवार को एक्स पर एक पोस्ट में, जयशंकर ने कहा, 'आज विदेश विभाग में अपने मित्र अमेरिकी विदेश मंत्री ब्लिंकन से मिलकर बहुत अच्छा लगा। पीएम नरेंद्र मोदी की जून की यात्रा के बाद व्यापक चर्चा हुई। वैश्विक विकास पर नोट्स का भी आदान-प्रदान किया। बहुत जल्द हमारी 2 प्लस 2 बैठक की आधारशिला रखी जाएगी।

ब्लिंकन और रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन वार्षिक 2 प्लस 2 मंत्रिस्तरीय बैठक के लिए नई दिल्ली की यात्रा करेंगे, जिसकी मेजबानी इस साल भारत द्वारा की जा रही है। विदेश सचिव से मुलाकात से पहले, जयशंकर ने संवाददाताओं से यह भी कहा कि हम जी20 शिखर सम्मेलन में सभी समर्थन के लिए अमेरिका को धन्यवाद देते हैं... ।

जवाब में, ब्लिंकन ने एक्स पर कहा, इस महीने की शुरुआत में बाइडेन (अमेरिका के राष्ट्रपति) की मेजबानी के लिए भारतीय विदेश मंत्री जयशंकर को धन्यवाद। हमने भारत की सफल जी20 अध्यक्षता, भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे के निर्माण और नई दिल्ली में आगामी यूएस-भारत 2 प्लस 2 बैठक पर चर्चा की। विदेश मंत्री के साथ बैठक के बारे में उन्होंने मीडियाकर्मियों से कहा, 'पिछले हफ्तों में हमारी बहुत अच्छी चर्चा हुई है, जी20, न्यूयॉर्क और महासभा में। जयशंकर ने अपने अमेरिकी दौरे की शुरुआत न्यूयॉर्क से की, जहां उन्होंने वार्षिक संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठकों में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। ब्लिंकन के अलावा, उन्होंने व्हाइट हाउस में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन और व्यापार सचिव कैथरीन ताई से भी मुलाकात की। सुलिवन के साथ अपनी बैठक में, दोनों अधिकारियों ने इस साल हमारे द्विपक्षीय संबंधों में जबरदस्त प्रगति को मान्यता दी और इसे आगे बढ़ाने पर चर्चा की। इसके बाद, उन्होंने सचिव ताई से मुलाकात की और व्यापार और आर्थिक संबंधों के विस्तार और इसके व्यापक महत्व पर चर्चा की।

# नागोर्नो-काराबाख ईंधन डिपो विस्फोट में मरने वालों की संख्या बढ़कर 170 हुई



**मॉस्को,** 29 सितम्बर (एजेंसियां)। रूसी मीडिया ने स्थानीय आपातकालीन सेवाओं के हवाले से बताया कि संघर्ष प्रभावित नागोर्नो-काराबाख क्षेत्र में ईंधन डिपो विस्फोट से मरने वालों की संख्या बढ़कर 170 हो गई है। इस क्षेत्र पर पिछले हफ्ते अजरबैजान ने कब्जा कर लिया था। सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने आरआईए नोवोस्ती रिपोर्ट के हवाले से कहा कि कुल 170 शव और अवशेष पाए गए हैं। उन्हें फॉरेंसिक ब्यूरो को स्थानांतरित कर दिया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अवशेषों को डीएनए पहचान के लिए आर्मेनिया ले जाया जाएगा, बचाव अभियान जारी रहेगा। सोमवार को हुए विस्फोट का कारण अभी अज्ञात बना हुआ है। यह दुखद घटना तब घटी जब कब्जे के बाद से हजारों जातीय अर्मेनियाई लोग विवादित क्षेत्र से अर्मेनिया में प्रवेश कर गए हैं। नागोर्नो-काराबाख दक्षिण काकेशस में एक पहाड़ी क्षेत्र को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अजरबैजान के हिस्से के रूप में मान्यता प्राप्त है, लेकिन तीन दशकों से जातीय अर्मेनियाई लोगों द्वारा नियंत्रित किया गया है।

इस एन्क्लेव को आर्मेनिया और उनके सहयोगी रूस द्वारा भी समर्थन दिया गया है, जिसके वर्षों से वहां सैकड़ों सैनिक हैं। पिछले सप्ताह अजरबैजान की सेना के हमले में कम से कम 200 जातीय अर्मेनियाई और दर्जनों अजरबैजानी सैनिकों के साथ पांच रूसी शांति सैनिक मारे गए थे।

## सुडोकू 6332

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | | | 2 | 7 | 3 | |
| | | 1 | | 9 | | | | |
| 5 | | | | | 4 | 1 | | |
| 8 | | | 6 | | | | | 2 |
| | 3 | 4 | | | | 6 | 7 | |
| 7 | | | | | 1 | | | 8 |
| | | 9 | 7 | | | | | 3 |
| | | | | 1 | | 8 | | |
| | 8 | 2 | 4 | | | | 5 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6332

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ३ | ■ | ४ | | ५ | |
| | ■ | | ■ | ६ | | | ■ | | ■ |
| ७ | | | | | ■ | ८ | | | ९ |
| | ■ | | ■ | १० | | | ■ | ■ | |
| ■ | ११ | | १२ | | ■ | ■ | १३ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १४ | | | ■ | |
| १५ | | १६ | | ■ | | ■ | १७ | १८ | |
| | ■ | | ■ | १९ | | २० | ■ | | ■ |
| २१ | | | ■ | | ■ | २२ | | | २३ |
| | ■ | २४ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. सुध-बुध खोया हुआ, जिसके होश हवास ठिकाने न हो (उर्दू)
४. आल्हाद कारक, आनंदकारक, पारस्परिक सद्भाव
६. सीमा, प्रतिष्ठा
७. उत्तराधिकारी (उर्दू)
८. परिमाण, माप-तौल (उर्दू)
१०. बिजली, गाज
११. आवश्यक, जरूरी (उर्दू)
१३. हारा हुआ, जिस पर किसी ने विजय पा ली हो
१४. गड़बड़, गोलमाल
१५. सज्जन, भलामानुस
१७. काल, अवसर
१९. यतीम
२१. एक तरह की चपाती जिसे तेल आदि में तलकर या आग में भूनकर खाया जाता है
२२. कन्नी काटना, बचकर निकल जाना
२४. ख्याति प्राप्त करना (मुहावरा)

**ऊपर से नीचे:-**

१. शक्तिशाली
२. सहयात्री
३. बुद्धिमान
४. गाज, बिजली
५. मध्यभारत की एक नदी
९. चांदी का बना हुआ
११. निर्धन, कंगाल
१२. जंगल, वन
१३. चमकना, रूबरू होना, प्रणय क्रीड़ा, आनंद
१४. कम होना, वृत्तांत, वाकिया
१५. भर पाने या चुकता हो जाने का भाव
१६. कसकर बांधना
१८. शराब
१९. ज्यादा, बहुत
२०. अत्यधिक, श्रम से शरीर शिथिल होना
२३. स्त्री, महिला

## वर्ग पहेली-6331

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ दो | ष | २ वे | च | 3 क | ■ | ४ वि | लं | ५ ब | न |
| प | ■ | त | ■ | ६ म | री | चि | ■ | टो | ■ |
| ७ ह | न | न | ■ | ला | ■ | ८ त्र | पा | ही | ९ न |
| र | ■ | मा | ■ | १० स | म | ता | ■ | ■ | क्शा |
| ■ | ११ अ | म | १२ श | न | ■ | ■ | १३ प्र | धा | न |
| ■ | र्ज | ■ | वा | ■ | १४ सु | ल | भा | ■ | वी |
| १५ बे | न | १६ का | ब | ■ | गं | ■ | १७ त | १८ म | स |
| न | ■ | लो | ■ | १९ अ | ध | २० र | ■ | ल | ■ |
| २१ जी | न | त | ■ | स्मि | ■ | २२ खै | रि | य | २३ त |
| र | ■ | २४ र | ज | ता | च | ल | ■ | ■ | थ |

**युसूफ कुरैशी,** मो. 8109948408

## दैनिक पंचांग

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : शनिवार 30 सितम्बर, 2023 भाद्र आश्विन पक्ष 2

### राशिफल

मेष - आज आपको सावधानीपूर्वक दिन व्यतीत करना चाहिए। सर्दी- बुखार होने से आपकी तबीयत खराब होने की आशंका है। प्रिय व्यक्तियों से दूर जाना पड़ सकता है।

वृषभ - भाग्य इस समय आपके साथ है। आपके परिवार में सुख-शांति का वातावरण बना रहेगा। पारिवारिक सदस्यों और मित्रों के साथ आप मौज-मस्ती में समय व्यतीत कर सकेंगे।

मिथुन - आपका तन-मन स्वस्थ और आनंद में रहेगा। ऑफिस में लोग आपके काम की प्रशंसा करेंगे। अधिकारी भी आपके काम की सराहना करेंगे। प्रोत्साहन देंगे। आपकी पदोन्नति भी हो सकती है।

कर्क - आज आप धार्मिक काम में व्यस्त रहने वाले हैं। कहीं धार्मिक यात्रा पर जाना हो सकता है। तन-मन से आप खुश रहेंगे। आपकी किस्मत चमकने की पूरी संभावना है। दोस्तों के साथ भी अच्छा समय व्यतीत कर सकेंगे।

सिंह - आज का दिन थोड़ा परेशानी से भरा है। आपको स्वास्थ्य का ध्यान रखना पड़ेगा। खान-पान में ध्यान नहीं रखने से बीमारी के पीछे खर्च होगा। मन में नेगेटिविटी को न आने दें। पारिवारिक सदस्यों के साथ संभलकर रहना पड़ेगा।

कन्या - आज का दिन आपके लिए अनुकूल है। प्रिय व्यक्ति के साथ आपकी निकटता आपको आनंदित करेगी। अपने वैवाहिक जीवन में अधिक आत्मीयता का अनुभव करेंगे। आप प्रिय पात्रों के साथ समय बिताना पसंद करेंगे।

तुला - आपके घर में सुख- शांति बनी रहेगी। अच्छे अवसर आएंगे। काम में सफलता और प्रतिष्ठा दोनों प्राप्त होगी। आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। किसी जरूरी जगह पर खर्च की संभावना है। नौकरी में आपकी प्रगति होगी।

वृश्चिक - आपका स्वास्थ्य थोड़ा नाजुक रहेगा। संतान की तकलीफ चिंता का कारण बन सकती है। किसी काम के पूरा नहीं होने से अपयश मिल सकता है। आपको शेयर- सट्टे के काम में आज नहीं पड़ना चाहिए।

धनु - आपको शारीरिक और मानसिक सुस्ती का अनुभव होगा। मानसिक भय भी रहेगा। घर का वातावरण काफी गंभीर रहेगा। मां की तबीयत की चिंता आपको रहेगी।

मकर - दैनिक काम में परिस्थिति आपके अनूकूल होने से आप स्वस्थ रहेंगे। पारिवारिक जीवन की समस्या हल होगी। जायदाद और संपत्ति से सम्बंधित विवाद हल होंगे। आपको व्यापार में वित्तीय लाभ हो सकता हैं।

कुंभ - यदि आप वाणी पर अंकुश रखेंगे, तो बहुत-सी परेशानियों से बच सकेंगे। किसी विवाद में आज ना पड़ें। कोई अनावश्यक खर्च आपको परेशान कर सकता है। आपको किसी भी काम में मनोनुकूल सफलता नहीं मिलेगी।

मीन - आपका दिन मौज मस्ती से भरपूर रहेगा। परिवार में सुख-शांति का वातावरण रहेगा। किसी शुभ प्रसंग के आयोजन की संभावना है। नए काम शुरू करने के लिए भी दिन अच्छा है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

# नस्लीय पहचान से अधिक उम्मीदवारों की नीतियों को प्राथमिकता देते हैं एशियाई-अमेरिकी: प्यू सर्वेक्षण



**नई दिल्ली,** 29 सितम्बर (एजेंसियां)। लगभग सभी एशियाई अमेरिकी मतदाताओं के अनुसार मतदान के समय किसी उम्मीदवार की नीतिगत स्थिति उनकी नस्ल या जातीयता से अधिक महत्वपूर्ण है। 5 जुलाई, 2022 से 27 जनवरी, 2023 तक किए गए प्यू रिसर्च सेंटर के सर्वेक्षण के अनुसार, एशियाई पंजीकृत मतदाताओं में से 68 प्रतिशत का कहना है कि एक राष्ट्रीय नेता का होना बेहद महत्वपूर्ण है, जो अमेरिकी एशियाई समुदाय की चिंताओं को आगे बढ़ा सकता है। यह निष्कर्ष इसलिए भी प्रासंगिक हो गया है, क्योंकि 2024 के अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में दक्षिण एशियाई मूल के दो उम्मीदवार निक्की हेली और विवेक रामास्वामी रिपब्लिकन नामांकन के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। अमेरिका में रहने वाले 7,006 एशियाई वयस्कों के बीच किए गए सर्वेक्षण में कहा गया है कि अमेरिका में निर्वाचित अधिकारियों के बीच देश की आबादी में उनके हिस्से की तुलना में एशियाई अमेरिकियों का प्रतिनिधित्व कम है। 62 प्रतिशत एशियाई मतदाता डेमोक्रेटिक पार्टी को पसंद करते हैं, जबकि 34 प्रतिशत रिपब्लिकन या जीओपी की ओर झुकाव रखते हैं। लगभग दस में से चार एशियाई अमेरिकी पंजीकृत मतदाता कहते हैं कि मुद्रास्फीति उनके स्थानीय समुदाय के सामने सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा है। आर्थिक असमानता (16 प्रतिशत) दूसरा सबसे अधिक उल्लेखित मुद्दा है, इसके बाद हिंसक अपराध (11 प्रतिशत) और नस्लवाद (9 प्रतिशत) हैं। ये चिंताएं कोविड -19 महामारी के दौरान एशियाई अमेरिकियों के खिलाफ हिंसा की रिपोर्टों के बाद आई हैं। जापानी पंजीकृत मतदाता (28 प्रतिशत) चीनी (15 प्रतिशत) और भारतीय (13 प्रतिशत) मतदाताओं की तुलना में आर्थिक असमानता को अपने समुदाय के सामने सबसे बड़े मुद्दे के रूप में देखने की अधिक संभावना रखते हैं। भारतीय पंजीकृत मतदाताओं में से 15 प्रतिशत का कहना है कि जलवायु परिवर्तन उनके समुदाय के सामने सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा है। यह फिलिपिनो (7 प्रतिशत), चीनी (6 प्रतिशत), जापानी (6 प्रतिशत) और वियतनामी (5 प्रतिशत) मतदाताओं की तुलना में अधिक है। सर्वेक्षण में कहा गया है कि एशियाई रिपब्लिकन मतदाता अपने डेमोक्रेटिक समकक्षों की तुलना में मुद्रास्फीति को उस समुदाय के सामने सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा मानते हैं, जिसमें वे रहते हैं। फिर भी,यह दोनों समूहों के लिए सबसे अधिक उद्धृत शीर्ष मुद्दा है। एशियाई डेमोक्रेटिक मतदाताओं की संख्या रिपब्लिकन की तुलना में दोगुने से भी अधिक है, जो कहते हैं कि आर्थिक असमानता उनके समुदाय के सामने सबसे बड़ा मुद्दा है। एशियाई डेमोक्रेटिक मतदाताओं के बीच आर्थिक असमानता दूसरा सबसे अधिक उद्धृत मुद्दा है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**सहमति से संबंध की उम्र...**

विधानसभाओं के कार्यकाल को कम करने या बढ़ाने का सुझाव दे सकता है। यह सुनिश्चित करने के लिए एक तंत्र तैयार किया जा रहा है कि एक बार लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ होने के बाद मतदाता दोनों चुनावों के लिए अपना वोट डालने के लिए केवल एक बार मतदान केंद्र पर जाएं। उन्होंने कहा कि विधानसभा और संसदीय चुनाव चरणों में होते हैं, इसलिए आयोग यह सुनिश्चित करने के लिए तौर-तरीकों पर काम कर रहा है कि मतदाता दोनों चुनावों के लिए मतदान करने के लिए एक से अधिक बार मतदान केंद्रों पर न जाएं। सूत्रों ने कहा कि आयोग का मानना है कि विधानसभा और संसदीय चुनाव एक साथ कराए जा सकते हैं और वह इस विशाल लोकतांत्रिक प्रक्रिया के सुचारू संचालन के लिए केवल तौर-तरीकों पर काम कर रहा है। विधि आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति रितु राज अवस्थी ने कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल को लिखे पत्र में कहा कि प्रौद्योगिकी के आगे बढ़ने के कारण संचार के साधन कई गुना आगे बढ़े हैं। ऐसे में, एफआईआर दर्ज करने की पुरानी प्रणाली से चिपके रहना आपराधिक सुधारों के लिए अच्छा नहीं है। वहीं, सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि विधि आयोग सभी विधानसभा चुनावों का कार्यकाल बढ़ाकर या घटाकर उन्हें समन्वित करने के फार्मूले पर काम कर रहा है, ताकि सभी राज्यों के चुनाव 2029 के लोकसभा चुनाव के साथ कराए जा सकें। सरकार पहले ही राज्य विधानसभाओं और स्थानीय निकायों के चुनाव एक साथ कराने के लिए एक उच्च स्तरीय समिति का गठन कर चुकी है। ऐसे में विधि आयोग से राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय चुनावों के लिए अपने मौजूदा जनादेश के साथ-साथ त्रिस्तरीय चुनावों को भी शामिल करने के लिए कहा जा सकता है।

**एक राष्ट्र, एक चुनाव अभी नहीं : निर्वाचन आयोग**

चुनाव आयोग ने विधि आयोग से कहा है कि लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराने में कुछ समय लगेगा। विधि आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) रितु राज अवस्थी ने बताया कि चुनाव आयोग ने कानून पैनल के साथ परामर्श के दौरान 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले एक राष्ट्र, एक चुनाव के कार्यान्वयन पर कोई टिप्पणी नहीं की। न्यायमूर्ति अवस्थी ने कहा चुनाव आयोग ने एक साथ चुनाव के कार्यान्वयन के लिए कोई विशिष्ट समयसीमा नहीं दी है। विधि आयोग एक साथ चुनावों पर एक रिपोर्ट पर चुनाव निकाय, सरकारी विभागों और अन्य हितधारकों के साथ परामर्श कर रहा है। इस बीच, पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक राष्ट्र, एक चुनाव समिति ने 23 सितंबर को अपनी पहली बैठक की और एक साथ चुनाव के विचार पर हितधारकों और राजनीतिक दलों से सुझाव लेने का फैसला किया।

**महिला आरक्षण बिल ...**

आरक्षित होंगी। यह आरक्षण 15 साल तक रहेगा। इसके बाद संसद चाहे तो इसकी अवधि बढ़ा सकती है। आरक्षण सीधे चुने जाने वाले जनप्रतिनिधियों के लिए लागू होगा। यानी राज्यसभा और राज्यों की विधान परिषद दायरे में नहीं आएंगी। सरकार ने 18 से 22 सितम्बर तक संसद का विशेष सत्र बुलाया था। इसका एजेंडा नहीं बताया गया था, इसको लेकर विपक्ष ने आलोचना भी की थी। 18 सितम्बर की रात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट की मीटिंग बुलाई। मीटिंग के बाद कोई प्रेस ब्रीफिंग नहीं की गई। अंदरखाने से खबर आई कि सरकार 19 सितम्बर को लोकसभा में महिला आरक्षण बिल ला सकती है। बात सही निकली। 19 सितम्बर को सरकार ने लोकसभा में नारी शक्ति वंदन बिल पेश कर दिया। 20 सितम्बर को लोकसभा में बिल पर 7 घंटे चर्चा हुई। इसमें 60 सांसदों ने भाग लिया। शाम को पर्ची से हुई वोटिंग में बिल पास हो गया। समर्थन में 454 और विरोध में 2 वोट डले। महिला आरक्षण से संबंधित 128वां संविधान संशोधन विधेयक 21 सितम्बर को राज्यसभा में पारित किया गया था। बिल के पक्ष में 214 वोट पड़े, जबकि किसी ने भी बिल के खिलाफ वोट नहीं डाला था। इससे पहले 20 सितम्बर को विधेयक को लोकसभा से मंजूरी मिल गई थी। लोकसभा ने भी इस बिल को दो तिहाई बहुमत के साथ पास किया था। इसके पक्ष में 454 और विरोध में दो वोट पड़े थे।

**इंडिया गठबंधन की पहली रैली ...**

अन्य चार रैलियां नागपुर, चेन्नई, गोहाटी और दिल्ली में हो सकती हैं। दिल्ली की रैली को ऐतिहासिक रामलीला मैदान में आयोजित करने की तैयारियां चल रही हैं। हालांकि अभी पांच एजेंडा क्या होगा, इस पर कोई जानकारी नहीं मिल सकी है। बावजूद माना जा रहा हैकि ये पांच एजेंडा अलग-अलग शहरों के लिए क्षेत्रीय व राष्ट्रीय राजनीति को प्रमुखता देते हुए तय किया जा सकता है। जैसे पटना की रैली में जातिगत जनगणना और सामाजिक न्याय का एजेंडा बनाया जा सकता है। वहीं दिल्ली की रैली में संसद और विधानसभाओं के लिए पास किए महिला आरक्षण में ओबीसी महिला आरक्षण की मांग को एजेंडा बनायाजा सकती है। वहीं नागपुर में संविधान और संवैधानिक संस्थाओं को कथित तौर निशाना बनाए जाने से बचने का एजेंडा हो सकता है।

**किसान आंदोलन से थमे ...**

अब मोर्चों की गिनती 17 से 20 हो गई है। शुक्रवार को समराला व फरीदकोट में भी रेल रोको आंदोलन शुरू हुआ।

अंबाला में रेल रोको आंदोलन आज- वहीं संगठनों ने ऐलान किया है कि शनिवार को अंबाला में भी रेल रोको आंदोलन शुरू होगा। इसके साथ उन्होंने कहा कि 23-24 अक्टूबर को किसानी दशहरा मनाया जाएगा। इस दौरान पूरे देश में मोदी सरकार व कॉर्पोरेट घरानों के पुतले जलाए जाएंगे।

**अमित शाह ने रोका आरक्षण...**

भाजपा अध्यक्ष अरूण साव ने कांग्रेस के आरोपों पर हमलावर होते हुए कहा कि संविधान सर्वोपरि हैं। भाजपा की सरकार संविधान के अनुसार काम करती है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को भूपेश बघेल से पूछना चाहिए कि छत्तीसगढ़ में आरक्षण के नाम पर उन्होंने अनुसूचित जाति, जनजाति, ओबीसी और सामान्य हर वर्ग की जनता के साथ छलावा क्यों किया?

**जनता के बीच लेकर जाएंगे ...**

सरकार में 76 प्रतिशत आरक्षण लागू कर दिया तो ओबीसी, एसटी, एससी और ईडब्ल्यूएस को आरक्षण का अधिकार मिल जाएगा और उसके बाद भाजपा चुनाव में 14 सीट बचाने की स्थिति में भी नहीं रहेगी।

**पाकिस्तान के बलूचिस्तान में बम विस्फोट...**

सहायक आयुक्त अत्ता उल मुनीम के मुताबिक, विस्फोट काफी ज्यादा तीव्रता का था। यह मदीना मस्जिद के पास हुआ। स्टेशन हाउस ऑफिसर (एसएचओ) जावेद लेहरी ने कहा कि घायलों को एक चिकित्सा सुविधा में स्थानांतरित किया जा रहा है, जबकि अस्पतालों में आपातकाल लागू कर दिया गया है। घायलों में से कुछ की हालत गंभीर है। इस बीच खैबर पख्तूनख्वा के हंगू में दोआबा पुलिस स्टेशन के पास एक मस्जिद के अंदर विस्फोट हुआ। इस दौरान कम से कम चार लोगों की मौत हो गई, जबकि 12 घायल हो गए। विस्फोट से मस्जिद की छत ढह गई। लगभग 30 से 40 लोगों के मलबे में फंसे होने की सूचना है। वारसाक के पुलिस अधीक्षक ने पुष्टि की कि सुबह करीब 10:30 बजे (स्थानीय समय) हमले में खैबर पख्तूनख्वा एफसी की मोहमंद राइफल्स रेजिमेंट के एक वाहन को निशाना बनाया गया। वाहन माचनी से पेशावर की ओर जा रहा था, फ्रंटियर कांस्टेबुलरी (एफसी) का एक अधिकारी मारा गया और छह एफसी अधिकारी और दो लोग घायल भी हुए।

## NECC

| 30.09.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 4.95 | 85 | 170 |
| चिल्हर | 6.00 | 100 | 195 |

डिलीवरी 510 सैकड़ा

दर्जन अंडा 70 रु.

मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.

CSPFA

## आज का इतिहास

1681- नीदरलैंड एवं स्वीडन ने शांति समझौते पर हस्ताक्षर किये।
1687- औरंगजेब ने हैदराबाद के गोलकुंडा के किले पर क़ब्जा किया।
1898- अमेरिकी शहर न्यूयॉर्क की स्थापना हुई।
1870 -फ्रांस के भौतिक वैज्ञानिक जीन बैप्टिस्ट पेरिन का जन्म। उन्हें 1926 में भौतिकी के नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।
1922- प्रसिद्ध निर्माता-निर्देश ऋषिकेश मुखर्जी का जन्म हुआ।
1929- मनुष्य को ले जाने योग्य पहले रॉकेट ने उड़ान भरी।
1967- अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने मौद्रिक प्रणाली में सुधार किया।
1067- पाकिस्तान और यमन संयुक्त राष्ट्र में शामिल हुए।
1984- उत्तर कोरिया और दक्षिण कोरिया ने 1945 के बाद पहली बार सीमा खोली।
1993- भारत के महाराष्ट्र राज्य के औरंगाबाद में भूकंप के कारण 10,000 हज़ार से अधिक लोग मारे गए एवं लाखों बेघर हो गए।
1994- प्रसिद्ध कवयित्री एवं लेखिका समुत्रा कुमारी सिन्हा का निधन हुआ।
2001- कांग्रेस नेता माधवराव सिंधिया का निधन।
2002- पाकिस्तान को कट्टरपंथी मुसलमानों ने एक मंदिर को तोड़ा, चीन ने भारत के साथ स्वेच्छा वार्ता को और सार्थक बनाने की इच्छा व्यक्त की।
2003- विश्वनाथन आनंद ने विश्व रैपिड शतरंज चैम्पियनशिप जीती।
2005 -डेनमार्क के एक अखबार ने पैगम्बर मोहम्मद साहब का कार्टून छापा, जिसका दुनियाभर के मुसलमानों ने कड़ा विरोध किया।
2005- समाचार एजेंसी रायटर ने इराक में अमेरिकी सेना द्वारा पत्रकारों का दमन करने का आरोप लगाया।
2007- परवेज मुशर्रफ़ को दुबारा वर्दी में राष्ट्रपति बनने से रोकने के लिए विपक्ष के 236 सांसदों-विधायकों ने त्यागपत्र दिया।
2008 -जोधपुर के एक हिंदू मंदिर में बम की अफवाह फैलने के बाद मची भगदड़ में 224 लोगों की मौत।

## दुनिया को जानें

# बढ़ती बुज़ुर्ग आबादी से निपटने को चीन तैयार

**बीजिंग,** 29 सितम्बर (एजेंसियां)। 14 दिसम्बर 1990 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 1 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय वृद्ध दिवस के रूप में नामित किया। अंतरराष्ट्रीय वृद्ध दिवस की स्थापना का उद्देश्य लोगों में बुज़ुर्ग आबादी के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। अनुमान है कि वर्ष 2040 में चीन की बुज़ुर्ग आबादी 38 करोड़ तक पहुंच जाएगी और हर चार में से एक व्यक्ति बुज़ुर्ग होगा। चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की 18वीं राष्ट्रीय कांग्रेस के बाद से, शी चिनफिंग से केंद्रित पार्टी की केंद्रीय समिति ने बुज़ुर्ग आबादी से निपटने को एक राष्ट्रीय रणनीति बना दिया है। पिछले वर्षों में, चीन की बुज़ुर्ग देखभाल सेवा प्रणाली में तेजी से सुधार हो रहा है। चीन ने राष्ट्रीय और प्रांतीय स्तरों पर एक बुनियादी बुज़ुर्ग देखभाल सेवा सूची प्रणाली स्थापित की है। बुज़ुर्ग भत्ता प्रणाली, वित्तीय कठिनाइयों वाले बुज़ुर्गों के लिए सेवा सब्सिडी प्रणाली और विकलांग बुज़ुर्गों के लिए नर्सिंग सब्सिडी प्रणाली ने पूर्ण प्रांतीय कवरेज हासिल किया है, जिससे लगभग 3 करोड़ 70 लाख बुज़ुर्गों को लाभ मिला है।

# खेल जगत

## भारतीय निशानेबाजों ने अनुराग ठाकुर से कर्णी सिंह शूटिंग रेंज को अपग्रेड करने का आग्रह किया

**नई दिल्ली।** हांगझोउ में चल रहे एशियाई खेलों में शानदार प्रदर्शन करने के बावजूद, भारत के अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजों को 2024 पेरिस ओलंपिक की तैयारी शुरू करने से पहले कुछ मुद्दों को सुलझाना होगा। उन्हें लगता है कि यहां डॉ कर्णी सिंह शूटिंग रेंज के उन्नयन की आवश्यकता है और इसके लिए, नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनआरएआई) के अधिकारियों द्वारा उनके आग्रह से इंकार करने के बाद एथलीटों ने खेल मंत्री अनुराग ठाकुर से नए छात्रावास में सुविधाओं में सुधार करने का अनुरोध किया है। हम मंत्री से कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में बने नए छात्रावास की सुविधाओं को उन्नत करने का अनुरोध करते हैं। छात्रावास नया और अच्छा है लेकिन कुछ मुद्दे हैं जिन पर ध्यान देने की आवश्यकता है। एक निशानेबाज ने नाम न जाहिर करने की शर्त पर आईएएनएस को बताया, इसके अलावा, हमने मंत्री से कर्णी सिंह शूटिंग रेंज को अपग्रेड करने का अनुरोध किया है।



# भारतीय निशानेबाजी टीम ने दो स्वर्ण और दो रजत जीते



**हांगझोउ** 29 सितंबर (एजेंसियां)। चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में भारतीय निशानेबाजों में शुक्रवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम स्पर्धा में दो स्वर्ण और दो रजत पदक जीत लिया।

आज यहां ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर, स्वप्निल कुसाले और अखिल श्योराण की भारतीय तिकड़ी ने पुरुषों की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन टीम स्पर्धा में नए विश्व रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता।

ारतीय टीम ने 1769 स्कोर किया जो कि पिछले वर्ष पेरू में अमेरिका द्वारा बनाए गए रिकॉर्ड से आठ अंक अधिक है। चीन को 1763 के स्कोर के साथ रजत और दक्षिण कोरिया 1748 स्कोर कर कांस्य पदक जीते। स्वप्निल (591) और ऐश्वर्य (591) क्वालीफिकेशन चरण में शीर्ष पर हैं और एक नया क्वालीफिकेशन एशियाई और एशियन गेम्स रिकॉर्ड साझा करते हैं। अखिल (587) पांचवें स्थान पर रहे, लेकिन व्यक्तिगत फाइनल में अपने हमवतन निशानेबाजों के साथ शामिल होने में असफल रहे, क्योंकि एक देश से केवल दो निशानेबाज ही फाइनल में प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं। वहीं एक अन्य मुकाबले में भारतीय निशानेबाज पलक और ईशा सिंह ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत स्पर्धा में क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीता। पलक व्यक्तिगत स्पर्धा में 242.1 के स्कोर के साथ शीर्ष पर रहीं। हमवतन निशानेबाज ईशा सिंह ने 239.7 के स्कोर साथ रजत पदक जीता। पाकिस्तान की किश्माला तलात ने 218.2 के साथ कांस्य पदक जीता। ईशा सिंह, पलक और दिव्या थडिगोल सुब्बाराजू की भारतीय तिकड़ी ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल टीम स्पर्धा में रजत पदक जीता। भारतीय टीम ने कुल 1731 अंक दर्ज किए और चीन से पांच अंक पीछे रहा, चीन ने स्वर्ण पदक जीता। जबकि चीनी ताइपे को 1723 अंकों के साथ कांस्य पदक जीता। ईशा (579) और पलक (577) क्रमशः पांचवें और सातवें स्थान पर रहीं और व्यक्तिगत फाइनल में जगह बनाने में सफल रहीं।

## निखत जरीन ने मुक्केबाजी में पदक और ओलंपिक कोटा पक्का किया

दो बार की विश्व चैंपियन मुक्केबाज निखत जरीन ने जॉर्डन की हनान नासर पर जोरदार जीत के साथ महिलाओं के 50 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में प्रवेश किया और अपने लिए एक पदक और 2024 पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए कोटा भी पक्का कर लिया। निखत ने पहले राउंड में 53 सेकंड शेष रहते हुए रेफरी द्वारा मुकाबला रोक दिए जाने पर हनान नासर के खिलाफ अपना मुकाबला जीत लिया, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी की क्वार्टर फाइनल मुकाबले में 8-तक काउंटिंग की गयी थी। 27 वर्षीय भारतीय ने मैच पर अपना दबदबा बनाया और जब रेफरी ने मैच समाप्त करने के लिए कदम उठाया तो वह सभी पांच जजों के कार्ड पर आगे चल रही थी। शुक्रवार को मैदान में अन्य भारतीयों में, लक्ष्य चाहर (80 किग्रा) किर्गिस्तान के बेकझिगिट उलू ओमुरबेक के खिलाफ 16वें राउंड में 1-4 से हार गए, जबकि 2022 विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता परवीन हुडा (महिला 57 किग्रा) 16वें राउंड के मुकाबले में चीन की जू ज़िचुन पर 5-0 से जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में पहुंच गईं। पुरुष वर्ग में अनुभवी मुक्केबाज शिवा थापा, विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता दीपक (51 किग्रा) और संजीत (92 किग्रा) हारकर बाहर हो चुके हैं। विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता निशांत देव (71 किग्रा) और निखत के साथ आइस्मिन लाम्बोरिया (60 किग्रा) अभी भी दौड़ में हैं।

# अदिति अशोक संयुक्त दूसरे स्थान पर भारतीय महिला टीम तीसरे स्थान पर



**हांगझोउ,** 29 सितम्बर (एजेंसियां)। एशियन गेम्स में भारत की टॉप गोल्फर अदिति अशोक ने अपने शानदार खेल से पदक की उम्मीद बढ़ा दी है। शुक्रवार को वेस्ट लेक इंटरनेशनल कोर्स पर समाप्त हुए दूसरे दौर के बाद अदिति छह अंडर 66 का कार्ड खेलकर संयुक्त दूसरे स्थान पर हैं। पुरुष वर्ग में अत्यधिक गर्मी से प्रभावित अनिर्बान लाहिड़ी (65-67) अपने नौवें स्थान पर कायम हैं, जबकि शुभंकर शर्मा (68-65) संयुक्त रूप से 21वें स्थान पर हैं। एसएसपी चौरसिया (67-72) खलिन जोशी (70-69) के साथ 29वें स्थान पर हैं। भारत की पुरुष टीम स्टैंडिंग में छठे स्थान पर हैं।

कोरिया पहले स्थान पर काबिज है जबकि हांगकांग और जापान क्रमश: दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। अदिति ने 11-अंडर 133 के कुल स्कोर के साथ चीन की यिन रुओनिंग के साथ दूसरा स्थान साझा किया। थाईलैंड की युबोल अर्पिचया एक स्ट्रोक से अदिति और चीनी खिलाड़ी से आगे हैं।

अदिति ने पहले और दूसरे होल पर लगातार बर्डी के साथ शुरुआत की और फिर पार-4 पांचवें होल में शानदार ईगल लगाया। चार बार की लेडीज़ यूरोपियन टूर (एलईटी) विजेता ने होल 16 पर बोगी करने से पहले 11वें और 15वें होल में बर्डी लगाई। 25 वर्षीय अदिति, जो 2020 टोक्यो ओलंपिक में चौथे स्थान पर रही, ने फिर बर्डी के साथ सुधार किया। लिन ज़ियू और लियू यू की चीनी जोड़ी ने क्रमश: 67 और 68 राउंड के साथ एकल चौथा और पांचवां स्थान हासिल किया।

एक अन्य भारतीय प्रणवी शरथ उर्स चार अन्य के साथ पांच अंडर 139 के कुल स्कोर के साथ चार अंडर 68 का कार्ड जमा करने के बाद सात स्थान की छलांग लगाकर संयुक्त रूप से 10वें स्थान पर पहुंच गईं। टीनएज सनसनी अवनि प्रशांत ने 69 का कार्ड खेलकर छह स्थान की छलांग लगाई और तीन अंडर 141 के कुल स्कोर के साथ संयुक्त 15वें स्थान पर पहुंच गईं।

महिला टीम प्रतियोगिता में, भारत 16-अंडर 272 के समग्र स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर था। चीन की टीम कल की संयुक्त बढ़त में सुधार करते हुए 21-अंडर 267 पर लीड कर रही है। थाईलैंड ने 20-अंडर 268 का समग्र स्कोर के चीन पर दबाव बनाए रखा। रिपोर्ट दर्ज होने तक पुरुषों की टीम में अनिर्बान लाहिड़ी, शुभंकर शर्मा, एसएसपी चौरसिया और खलिन जोशी शामिल थे, जिन्होंने अभी अपना राउंड पूरा नहीं किया था।

# बैडमिंटन में महिलाओं ने किया निराश, पुरुष टीम का पदक पक्का



**हांगझाउ** 29 सितंबर (एजेंसियां)। स्टार शटलर पीवी सिंधु के नेतृत्व वाली भारतीय महिला टीम शुक्रवार को एशियाई खेल 2023 बैडमिंटन टूर्नामेंट से बाहर हो गई जबकि पुरुष बैडमिंटन टीम ने क्वार्टरफाइनल में नेपाल को हरा कर पदक पक्का कर लिया।

महिला बैडमिंटन टीम को थाईलैंड के ख़िलाफ़ 3-0 से हार का सामना करना पड़ा। सिंधु को टीम स्पर्धा क्वार्टरफाइनल के पहले मैच में थाईलैंड की पोर्नपावी चोचुवोंग से 67 मिनट तक चले मुक़ाबले में 21-14, 15-21, 14-21 से हार मिली। बीजे जिम्नेजियम के कोर्ट पर खेलते हुए, पूर्व विश्व चैंपियन पीवी सिंधु ने बैडमिंटन विश्व रैंकिंग में 12वें नंबर की थाईलैंड की खिलाड़ी पोर्नपावी चोचुवोंग के ख़िलाफ़ पहले गेम में 21-14 से जीत दर्ज की लेकिन, अगले दोनों गेम में दुनिया की 15वें नंबर की भारतीय शटलर को 15-21 और 14-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

इसके बाद, राष्ट्रमंडल खेल की पदक विजेता त्रिशा जॉली-गायत्री गोपीचंद की जोड़ी और युवा खिलाड़ी अश्मिता चालिहा भी अपने-अपने मुक़ाबले में हार गईं, जिससे भारतीय महिला टीम को 3 मैचों के टाई में 3-0 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय महिला युगल जोड़ी को थाईलैंड की प्राजोंगजई राविंडा और कितिथाराकुल जोंगकोलफान की जोड़ी ने 19-21, 5-21 से हराया। वहीं, दुनिया की 16वें नंबर की थाईलैंड की बैडमिंटन खिलाड़ी बुसानन ओंगबामरुंगफान ने अश्मिता चालिहा को 44 मिनट तक चले मुक़ाबले में 9-21, 16-21 से शिकस्त दी।

इस बीच, भारतीय पुरुष टीम नेपाल को 3-0 से हराकर सेमीफाइनल में पहुंच गई है। भारतीय पुरुष टीम को लक्ष्य सेन ने बेहतरीन शुरुआत दी। कॉमनवेल्थ गेम्स चैंपियन और दुनिया के 14वें नंबर के भारतीय शटलर ने टाई के पहले मैच में नेपाल के प्रिंस दहल को सिर्फ 22 मिनट का समय लेकर 21-5, 21-8 से हराया। किदांबी श्रीकांत ने टाई के दूसरे मैच में नेपाल के सुनील जोशी को सीधे गेम में 21-4, 21-13 से हराने के लिए 31 मिनट का समय लिया। मिथुन मंजूनाथ ने बिष्णु कटुवाल को 21-2, 21-4 से हराकर भारत को तीसरी जीत दिलाई और इसी के साथ भारतीय पुरुष टीम ने 3-0 के अंतर से टाई अपने नाम करते हुए एशियन गेम्स 2023 के सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली।

एशियाई खेल की बैडमिंटन स्पर्धा के सेमीफाइन में हारने वाली टीम कांस्य पदक जीतती है। इस आधार पर, भारतीय पुरुषों ने हांगझोऊ में पदक पक्का कर लिया है।

भारत ने आखिरी बार 37 साल पहले एशियाई खेलों में पुरुष टीम पदक जीता था। सैयद मोदी के नेतृत्व में टीम ने सियोल 1986 में कांस्य पदक जीता था।

# भारत ने जापान को 4-2 से हराया



**हांगझोउ** 29 सितंबर (एजेंसियां)। हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने शुक्रवार को चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों के पुरुष हॉकी मुकाबले के पहले राउंड में जापान को 4-2 से हराकर प्रतियोगिता में अपनी तीसरी जीत दर्ज की है।

भारत की ओर से अभिषेक खेल के 13वें और 48वें मिनट में जबकि मनदीप सिंह ने 24वें मिनट में और अमित रोहिदास ने 34में मिनट में गोल दागे। वहीं, जापान की ओर से गेंकी मिटानी ने खेल के 57वें मिनट में और रयोसी काटो ने 60वें मिनट में 1-1 गोल किये। भारतीय टीम ने अपनी शानदार लय को जारी रखते हुए मुकाबले की शुरुआत से ही आक्रामक अंदाज में खेल का आगाज किया। खेल के 13वें मिनट में भारतीय खिलाड़ी जर्सी नंबर 5 अभिषेक ने फील्ड गोल कर पहले क्वार्टर में टीम को बढ़त दिलाई। इससे पहले भारतीय खिलाड़ियों ने खेल के पांचवें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया था, लेकिन वह उसे गोल में तब्दील नहीं कर सके।

दूसरे क्वार्टर में भारतीय खिलाड़ियों ने एक और गोल कर अपनी बढ़त को दोगुना कर दिया। भारत के लिए यह गोल मनदीप सिंह ने खेल के 24वें मिनट में फील्ड गोल के ज़रिए किया। यह इस मैच का दूसरा फील्ड गोल था। इसके तुरंत बाद ही भारतीय टीम ने एक ओर पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया, लेकिन टीम इसे गोल में तब्दील नहीं कर सकी। पहले हाफ के बाद भारतीय टीम आत्मविश्वास से लबरेज़ थी और उन्होंने खेल का तीसरा गोल कर अपने इरादे साफ कर दिए। भारत के लिए तीसरा गोल अमित रोहिदास ने दागा। तीसरे क्वार्टर में भारतीय डिफेंस ने गोल बचाने में में अपनी अहम भूमिका निभाई। खेल का अंतिम क्वार्टर भी भारतीय टीम के नाम रहा। मुकाबले के चौथे क्वार्टर में भारतीय खिलाड़ी अभिषेक ने अपना दूसरा और टीम का चौथा गोल कर टीम की जीत सुनिश्चित कर दी।

जापान की टीम गोल की तलाश में लगातार संघर्ष करती हुई दिखाई दी, लेकिन भारतीय डिफेंडरों को भेद पाना उनके लिए आसान नहीं रहा। हालांकि, जापान की टीम को खेल के 57वें मिनट में पहली सफलता मिली। जापान की ओर से यह गोल गेंकी मिटानी ने किया। खेल का रोमांच यहीं नहीं रुका और जापान ने खेल के अंतिम क्वार्टर में एक और गोल किया। खेल के आख़िरी मिनट में जापानी खिलाड़ी रयोसी काटो ने एक और गोल कर अपनी टीम के स्कोर में इजाफा कर दिया। इस जीत के साथ भारतीय टीम पूल एक में पाकिस्तान को पीछे छोड़ते हुए शीर्ष पर पहुंच गई है। इससे पहले भारत ने उज्बेकिस्तान और सिंगापुर को एकतरफा मुकाबले में हराया था। भारतीय टीम अब अपना मुकाबला चिर-प्रतिद्वंदी पाकिस्तान के खिलाफ शनिवार को खेलेगी।

## एशियाई खेलों में भारतीय महिला स्क्वैश टीम ने कांस्य पदक जीता

**हांगझोउ,** 29 सितंबर (एजेंसियां)। भारतीय महिला स्क्वैश टीम चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में शुक्रवार को कांस्य पदक जीता है। आज यहां हुए मुकाबले में तन्वी खन्ना मुकाबले का पहला मैच हांगकांग से हार गई और वहीं अनहम को ली का यी ने 11-8, 11-7, 12-10 से हराया। हालांकि जोशना चिनप्पा ने दूसरे मैच को जीतकर भारत को बराबरी पर ला दिया था, जोशना चिनप्पा ने विश्व की 24 नंबर की खिलाड़ी जे लोक हो को 7-11, 11-7, 9-11, 11-6, 77-8 से हराया। लेकिन अनहत की हार के कारण टीम फाइनल में नहीं पहुंच सकी। सेमीफाइनल में भारतीय टीम को हांगकांग ने 1-2 से हरा दिया और भारतीय टीम को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

## टेनिस में बोपन्ना-भोसले मिश्रित युगल के फाइनल में

**हांगझाउ** 29 सितंबर (एजेंसियां)। भारत के रोहन बोपन्ना और रुतुजा भोसले ने एशियाई खेल में मिश्रित युगल सेमीफाइनल में चीनी ताइपे के यू-हसिउ सू और हाओ-चिंग चांग की जोड़ी को 6-1, 3-6, [10-4] से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

फाइनल में शनिवार को उनका सामना चीनी ताइपे की एक और जोड़ी - लियांग एन-शुओ और हुआंग त्सुंग-हाओ से होगा। भारतीय जोड़ी ने गुरुवार को कजाकिस्तान के ग्रिगोरी लोमाकिन और झिबेक कुलंबायेवा को 7-5, 6-3 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी। भारतीय जोड़ी को पहले राउंड में बाई मिला था, उसके बाद दूसरे राउंड में उन्होंने उज्बेकिस्तान के अकगुल अमानमुराडोवा-मक्सिम शिन को 6-4, 6-2 से हराया था। इसके बाद भारतीय टेनिस जोड़ी ने राउंड ऑफ 16 में अयानो शिमिजु-शिनजी हजावा को 6-3, 6-4 से हराया और फिर क्वार्टरफाइनल में कज़ाख जोड़ी झिबेक कुलम्बायेवा-ग्रिगोरी लोमाकिन को 7-5, 6-3 से शिकस्त दी।



एशियन गेम्स में रोहन बोपन्ना का यह दूसरा टेनिस फाइनल होगा। भारतीय टेनिस दिग्गज ने जकार्ता 2018 में पुरुष युगल का स्वर्ण पदक जीता था। हांगझोउ 2023 में रोहन बोपन्ना और उनके पुरुष युगल साथी युकी भांबरी राउंड ऑफ 16 से आगे नहीं बढ़ सके। गौरतलब है कि रुतुजा भोसले इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता में अपना डेब्यू कर रही हैं। एशियाई खेलों के इतिहास में भारतीय दल ने दो स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य सहित कुल छह मिश्रित युगल पदक जीते हैं।

## सार संक्षेप

### भारत की लड़कियों ने किया मलेशिया का शिकार, अब कोरिया की बारी

**हांगझाउ।** एशियाई खेलों में भारत की महिला टीम ने शुक्रवार को ग्रुप ए के एक मैच में मलेशिया को 6-0 से रौंद कर लगातार दूसरी जीत हासिल की। भारत ने शुरू से ही आक्रामक रवैया अख्तियार किया और शुरुआती 15 मिनट में एक के बाद एक चार गोल दाग कर मलेशिया को दवाब में ला दिया। मोनिका ने सातवें मिनट में, दीप ग्रेस एक्का ने आठवें मिनट में, निशा ने 11वें मिनट में और वैष्णवी विठल ने 15वें मिनट में गोल दागे। भारतीय लड़कियां यहीं नहीं रुकी और पहले हाफ में ही संगीता ने खेल के 24 वें मिनट में गोल दाग कर स्कोर 5-0 कर दिया। दूसरे हाफ में भी गेंद ज्यादातर भारतीय खिलाड़ियों के ही कब्जे में रही,नतीजन लालरेम्सियामी ने 50वें मिनट में गोल किया। एफआईएच रैंकिंग में सातवें स्थान पर काबिज़ भारतीय महिला हॉकी टीम के हमलों का मलेशिया की रक्षा पंक्ति के पास कोई जवाब नहीं था। मोनिका ने खेल के 7वें मिनट में फील्ड गोल के जरिए किया। इसके अगले मिनट में अनुभवी खिलाड़ी दीप ग्रेस एक्का ने पेनल्टी कॉर्नर के जरिए गोल दागा। भारतीय टीम यही नहीं रुकी और मैच के 11वें मिनट में एक और गोल कर मलेशिया की टीम पर 3-0 की बढ़त हासिल कर ली। पहले क्वार्टर के अंतिम मिनट में वैष्णवी विड्ढल ने फील्ड गोल किया और टीम के स्कोर में एक और गोल का इजाफा किया।

### सिंगापुर ने थाईलैंड को 100 रन से हराया

हांगझोउ। चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में शुक्रवार को क्रिकेट टी-20 पुरुष ग्रुप सी मुकाबले में सिंगापुर ने चेतन सूर्यवंशी के अर्धशतक 53 रन, नवीन परम की 32 रन पारी तथा आहान गोपीनाथ अचर के चार विकेट की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत थाईलैंड को 100 रन से हरा दिया है। आज यहां सिंगापुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए चेतन सूर्यवंशी के अर्धशतक 36 गेंदों में 53 रन, नवीन परम की 38 गेंदों में 32 रन पारी, जनक प्रकाश 15 गेंदों में 29 रन तथा रोहन रंगराजन 19 गेंदों में 20 रन की पारी की बदौलत आठ विकेट पर 152 रन का स्कोर बनाया।

# भारत को पाक पर जीत के लिए तेज हमलों के साथ करनी होगी किले की मजबूत चौकसी

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

■ पाक के खिलाफ भारत जरा सी भी ढील गवारा नहीं कर सकता

नई दिल्ली, 29 सितंबर (देशबन्धु)। मीठा पुर के तीन धुरंधरों में से दो स्ट्राइकर मनदीप सिंह और ड्रैग फ्लिकर वरुण कुमार के अब छह-छह तथा आक्रामक मिडफील्डर मनप्रीत सिंह के एक गोल की बदौलत भारत की पुरुष हॉकी टीम ने 19 वें एशियाई खेलों में पूल ए के अपने शुरू के तीनों मैच जीते हैं और कुल 33 गोल किए हैं। वहीं पाकिस्तान ने भी भारत की तरह तीनों मैच जीते हैं लेकिन उससे एक कम यानी कुल 32 कुल किए हैं। भारत अपने बेहतर गोल अंतर के आधार पर पूल ए में शीर्ष पर है। भारत ने 2018 में जकार्ता एशियाई खेलों में पाकिस्तान को 2-1 से हराकर कांसा जीता था। भारत की कोशिश अब पाकिस्तान को भी शनिवार को हरा जीत के साथ चौके के साथ सेमीफाइनल में स्थान पक्का करने की होगी। पाकिस्तान ने एशियाई खेलों में अब तक भारत से 15 में आठ मैच जीते, चार हारे हैं जबकि तीन ड्रॉ रहे। भारत और पाकिस्तान 2013 से अब तक 24 बार भिड़े हैं और इनमें भारत 16 और पाकिस्तान मात्र पांच बार जीता है जबकि तीन मैच ड्रॉ रहे हैं। बेशक दुनिया की तीसरे नंबर की अनुभवी भारतीय टीम के सामने कप्तान उमर बुट्टा को छोड़ नौजवान शनिवार को पाकिस्तान टीम की नौजवान टीम होगी लेकिन वह उसके खिलाफ जरा सी भी ढील गवारा नहीं कर सकता है। भारत को पाक के खिलाफ जीत के लिए तेज



हमलों के साथ किले की मजबूत चौकसी करनी होगी। भारत के लिए कप्तान ड्रैग फ्लिकर वरुण और स्ट्राइकर मनदीप सिंह का आधा आधा दर्जन गोल कर, कप्तान हरमनप्रीत सिंह व अनुभवी स्ट्राइकर ललित उपाध्याय का अब तक इस बार इन खेलों चार चार तथा स्ट्राइकर अभिषेक का तीन गोल करना यह दर्शाता है कि वह गोल करने और पेनल्टी हासिल करने के लिए किसी एक खिलाड़ी पर निर्भर नहीं है । भारत के लिए सबसे सुखद उसके लिए 12 अलग-अलग खिलाडियों ने गोल किए। भारत की पाकिस्तान के खिलाफ शनिवार को भी कोशिश आखिर मिनट तक बराबर गोल करने की होनी चाहिए। भारत की रक्षपंक्ति की कोशिश पाकिस्तान को मैदानी गोल करने से रोकने के साथ उसे कम से कम पेनल्टी कॉर्नर देने की होनी चाहिए। वहीं पाकिस्तान के लिए स्ट्राइकर अफराज(5) गोल, अब्दुल राणा(चार गोल) और अरशद लियाकत (चार गोल) रंग में चल रहे हैं ऐसे में भारत की मध्यपंक्ति में अनुभवी मिडफील्डर मनप्रीत, विवेक सागर प्रसाद, नीलकांत शर्मा को गेंद पाकिस्तान स्ट्राइकर की पहुंच से दूर रख कर साथी आक्रामक सेंटर हाफ उपकप्तान हार्दिक सिंह की ओर आगे गेंद बढ़ानी चाहिए जिससे कि वे इसे बराबर अग्रिम पंक्ति में मनदीप, ललित, अभिषेक, गुरजंट और सुखजीत के लिए गेंद बढ़ानी चाहिए जिससे कि पाकिस्तान के खिलाफ जवाबी हमले बोलने के मैदानी गोल करने के साथ टीम को बराबर पेनल्टी कॉर्नर दिलाए।

### पाक का पलड़ा रहा है भारी

दोनों देशों के बीच अब तक हुए कुल 179 मैचों में पाकिस्तान ने 82 और भारत ने 65 मैच जीते जबकि 32 ड्रॉ रहे हैं। 2010 से दोनों मुल्कों के बीच हुए 23 मैचों में भारत ने 19 जीते, 8 हारे और एक मैच ड्रॉ रहा। भारत ने अगस्त में अपने घर में चेन्नै में एशियाई चैंपियन ट्रॉफी में दूसरे ही मिनट में पाकिस्तान के हन्नान शाहिद का गोल अमान्य होने के बाद नींद से जागते हुए कप्तान हरमनप्रीत के दो और जुगराज सिंह व आकाशदीप सिंह के एक- एक गोल से पूल मैच मे पाकिस्तान को 4-0 से हराया उससे एक बड़ा सबक यह जरूर है कि वह उसे हल्के में लेने की भूल कतई नहीं सकता।

## सुडोकू 6332 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 4 | 8 | 1 | 5 | 2 | 7 | 3 | 9 |
| 2 | 7 | 1 | 3 | 9 | 6 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 9 | 3 | 8 | 7 | 4 | 1 | 2 | 6 |
| 8 | 1 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 | 9 | 2 |
| 9 | 3 | 4 | 5 | 2 | 8 | 6 | 7 | 1 |
| 7 | 2 | 6 | 9 | 3 | 1 | 5 | 4 | 8 |
| 4 | 6 | 9 | 7 | 8 | 5 | 2 | 1 | 3 |
| 3 | 5 | 7 | 2 | 1 | 9 | 8 | 6 | 4 |
| 1 | 8 | 2 | 4 | 6 | 3 | 9 | 5 | 7 |

# [ अर्थ जगत ]

**पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर**

**नई दिल्ली,** 29 सितंबर (एजेंसियां) अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में आई गिरावट के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में गुरुवार को कोई बदलाव नहीं हुआ, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।



### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| नेस्ले इंडिया | 1.45 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 1.18 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 0.67 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 0.52 प्रतिशत |
| एचडीएफसी बैंक | 0.39 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| टेक महिंद्रा | 1.30 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 1.29 प्रतिशत |
| इंफोसिस | 1.00 प्रतिशत |
| एशियन पेंट | 0.89 प्रतिशत |
| कोटक बैंक | 0.83 प्रतिशत |

### सर्राफा

| दिल्ली | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 60370 |
| बिटुर | 55200 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 30,345 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 74,800 |
| वायदा | 72,285 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 999 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 83.143 | 83.775 |
| पौंड स्टर्लिंग | 103.09 | 105.45 |
| यूरो | 88.51 | 88.80 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

## चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-अगस्त में राजकोषीय घाटा 6.43 लाख करोड़

**नई दिल्ली,** 29 सितंबर (एजेंसियां)। वित्त वर्ष 2023-24 की अप्रैल-अगस्त अवधि के दौरान केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा 6.43 लाख करोड़ रुपये या वार्षिक बजट अनुमान का 36 प्रतिशत रहा है।

लेखा महानियंत्रक (सीजीए) द्वारा आज जारी आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2023 की अप्रैल-अगस्त अवधि में राजकोषीय घाटा या सरकार के कुल राजस्व और व्यय के बीच का अंतर 5.42 लाख करोड़ रुपये या बजट अनुमान का 32.6 प्रतिशत था। वित्त वर्ष 2024 में सरकार का राजकोषीय घाटा 17.86 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है।



चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-अगस्त अवधि

में केंद्र की कुल प्राप्तियां 10.29 लाख करोड़ रुपये थीं जबकि इसी अवधि के दौरान कुल व्यय 16.72 लाख करोड़ रुपये था। चालू वित्त वर्ष के पहले पांच महीने में कुल राजस्व प्राप्तियां 10.14 लाख करोड़ रुपये थीं। इसमें 8.04 लाख करोड़ रुपये का कर राजस्व और 2.10 लाख करोड़ रुपये का गैर-कर राजस्व शामिल था।

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2024 की अप्रैल-अगस्त अवधि में सरकार का पूंजीगत व्यय 3.74 लाख करोड़ रुपये या वार्षिक लक्ष्य का 37.4 प्रतिशत था। पिछले साल की समान अवधि में केंद्र का पूंजीगत व्यय 2.52 लाख करोड़ रुपये था।

## लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरें यथावत

सरकार ने अक्टूबर-दिसंबर, 2023 (चौथी तिमाही) के लिए शुक्रवार को लघु बचत योजनाओं पर मिलने वाले ब्याज दरों को यथावत बनाये रखने का निर्णय लिया है। सरकार ने अक्टूबर-दिसंबर 2023 तिमाही के लिए छोटी बचत योजनाओं में पांच वर्षीय रेकरिंग जमा पर ब्याज दर में 20 आधार अंक तक की बढ़ोतरी के अलावा किसी भी योजना की ब्याज दरों में वृद्धि नहीं की गयी है। वित्त मंत्रालय ने आज जारी एक परिपत्र के माध्यम से यह घोषणा की। मंत्रालय के अनुसार जिन स्कीम पर ब्याज दरें नहीं बढ़ी है उनमें वरिष्ठ नागरिक बचत योजना, सार्वजनिक भविष्य निधि , किसान विकास पत्र और सुकन्या समृद्धि खाता योजना शामिल है। गौरतलब है कि सरकार द्वारा हर तिमाही में छोटी बचत योजनाओं पर ब्याज दरों की समीक्षा की जाती है।

## शंघाई सहयोग संगठन के साथ बहुआयामी सहयोग को भारत तत्पर : अनुप्रिया पटेल

**नई दिल्ली,** 29 सितंबर (एजेंसियां)। शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य देशों व्यापार और वित्त मंत्रियों की इस सप्ताह हुई बैठक में भारत ने कहा कि वह सदस्य देशों के साथ घनिष्ठ संबंध बनाने और 'बहुआयामी सहयोग' को बढ़ावा देने के लिए तत्पर है।

किर्गिस्तान की अध्यक्षता में बिश्केक में 27 सितंबर को हुई इस बैठक में भारत की ओर से वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने वर्चुअल (वीडियो कांफ्रेंसिंग माध्यम) माध्यम से भाग लिया। उन्होंने एससीओ के सदस्य देशों को पारंपरिक चिकित्सा पर विशेषज्ञ कार्य समूह की पहली बैठक में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया, जो नवंबर में गुजरात के जामनगर में विश्व स्वास्थ्य संगठन के वैश्विक पारंपरिक चिकित्सा केंद्र में आयोजित होगी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की ओर से शुक्रवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार एससीओ मंत्रियों ने सदस्य देशों के बीच व्यापार और आर्थिक सहयोग को मजबूत करने की संभावनाएं और उपाय विषय पर अपने दृष्टिकोण साझा किए। विज्ञप्ति के अनुसार श्रीमती पटेल ने कहा कि भारत सदस्य देशों के साथ घनिष्ठ संबंध बनाने और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए तत्पर है। उन्होंने कहा कि भारत ने गत जुलाई में एससीओ के अध्यक्ष के रूप में अपने कार्यकाल को सफलतापूर्वक सम्पन्न किया । इस दौरान सहयोग के पांच नए स्तंभ और प्रमुख क्षेत्र तय किए गए जिनमें



– स्टार्टअप और नवाचार, पारंपरिक चिकित्सा, डिजिटल समावेशन, युवा सशक्तिकरण और साझा बौद्ध विरासत शामिल है। श्रीमती पटेल ने कहा, यह दर्शाता है कि भारत बहुआयामी सहयोग के लिए प्रयासरत है। उन्होंने यह भी कहा कि वाराणसी को 2022-23 के लिए एससीओ की सांस्कृतिक और पर्यटन राजधानी के रूप में नामित किया गया है। श्रीमती पटेल ने भारत में बुनियादी ढांचे के विकास, उद्योग और सेवा क्षेत्र में एससीओ देशों से निवेश का भी स्वागत किया। उन्होंने बैठक को भारत में फार्मास्यूटिकल, इलेक्ट्रॉनिक, मेडिकल डिवाइस, एसी, एलईडी, सोलर पीवी मॉड्यूल, एडवांस्ड केमिस्ट्री सेल बैटरी, ऑटोमोबाइल और मोटर वाहन पुर्जों जैसे क्षेत्रों में विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए घरेलू उद्योगों को सहायता प्रदान करने सहित भारत द्वारा की गई विभिन्न पहलों की जानकारी दी।

## टेक्निकल टेक्सटाइल में 46.74 करोड़ मूल्य की 18 आर एंड डी परियोजनाओं को मंजूरी

**नई दिल्ली,** 29 सितंबर (एजेंसियां)। कपड़ा मंत्रालय की टेक्निकल टेक्सटाइल मिशन योजना के तहत जियोटेक, प्रोटेक, इंडुटेक, सस्टेनेबल टेक्सटाइल, स्पोर्टटेक, स्मार्ट ई-टेक्सटाइल, मेडिटेक खंड के प्रमुख क्षेत्रों में 46.74 करोड़ रुपये की 18 अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। केंद्रीय वस्त्र, वाणिज्य और उद्योग तथा उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री पीयूष गोयल की अध्यक्षता में यहां राष्ट्रीय टेक्निकल टेक्सटाइल मिशन के मिशन संचालन समूह (एमएसजी) की 7वीं बैठक में संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए श्री गोयल ने कहा कि भारत में टेक्निकल टेक्सटाइल के स्वदेशी विकास के लिए उद्योग और संस्थान की सक्रिय और मजबूत भागीदारी आवश्यक है। इन निर्णय के बारे में जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि वस्त्र मंत्रालय ने 7वीं एमएसजी बैठक के दौरान जियोटेक, प्रोटेक, इंडुटेक, सस्टेनेबल टेक्सटाइल, स्पोर्टटेक, स्मार्ट ई-टेक्सटाइल, मेडिटेक खंड के प्रमुख व्यवहारिक क्षेत्रों में 46.74 करोड़ रुपये की 18 अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं को मंजूरी दी। इन 18 अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं में से 14 उच्च मूल्य वाली परियोजनाएं हैं, 3 प्रोटोटाइप अनुदान परियोजनाएं हैं और 1 आइडिएशन ग्रांट परियोजना है। इन परियोजनाओं में टेक्निकल टेक्सटाइल के विभिन्न अनुप्रयोग क्षेत्रों को शामिल किया गया है, जिनमें जियोटेक की 1, प्रोटेक की 2, इंदुटेक की 2, स्पोर्टटेक की 2, सस्टेनेबल टेक्सटाइल की 5, मेडिटेक की 3, स्मार्ट और ई टेक्सटाइल की 3 और जियोटेक्सटाइल की 1 परियोजना शामिल है।

## मप्र आर्थिक विकास दर 17 के पार

**नई** दिल्ली, 29 सितंबर (देशबन्धु)। मध्य प्रदेश को योजनाओं के क्रियान्वयन के मामले में राष्ट्रीय स्तर पर कृषि कल्याण एवं अन्य योजनाओं से जुड़े हुए विषयों पर प्रथम स्थान प्राप्त होता रहा है वहीं दूसरी ओर वर्ष 2023 के आते-आते मध्य प्रदेश की आर्थिक विकास दर को 2022 में 16.43 प्रतिशत आंका गया था परंतु पिछले 3 महीने के अंतराल में हुई प्रगति समीक्षा रिपोर्ट के अंतर्गत यह आंकड़ा अब 17.3 पर पहुंच गया है। मध्य प्रदेश की आर्थिक विकास दर महामारी के दौरान एक तरफ जहां विपरीत एवं कठिन परिस्थितियों के बीच 18.02 पर पहुंच गई थी, 3 महीने के अंतराल में हुई विकास दर की प्रगति रिपोर्ट में राष्ट्रीय स्तर पर मध्य प्रदेश के विकास को अलग ही पायदान पर खड़ा कर दिया है । वर्ष 2002-02 में प्रदेश की आर्थिक विकास दर मात्र 4.43 प्रतिशत थी आज वहीं आर्थिक विकास दर 17 प्रतिशत के आंकड़े को



पार कर चुकी है। आज राज्य का सकल घरेलू उत्पाद 13 लाख 22 हजार 821 करोड़ रूपए होने का अनुमान है जो कि वर्ष 2001-02 में 71 हजार 594 करोड़ रूपए था। इस प्रकार सकल घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) में तब और अब में 18 गुना से अधिक की वृद्धि हुई है।

### प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि

2022-23 में मध्यप्रदेश में प्रति व्यक्ति आय एक लाख 40 हजार 583 रूपए होने का तथ्य सामने आया है, वर्ष 2011-12 में प्रदेश में प्रति व्यक्ति आय बढ़ कर 38 हजार 497 रूपये हुई थी, जबकि वर्ष 2001-02 में मध्यप्रदेश में प्रति व्यक्ति आय सिर्फ 11 हजार 718 रूपए थी। ऋण और जीएसडीपी अनुपात की चर्चा करें, तो इस क्षेत्र में भी मध्यप्रदेश का प्रदर्शन अच्छा है। ताजा आर्थिक सर्वेक्षण बताता है कि वर्ष 2005 में जो ऋण जीएसडीपी अनुपात 39.5 प्रतिशत था वह वर्ष 2020-21 में 22.6 प्रतिशत रहा।

राज्य का पूँजीगत व्यय 37 हजार 89 से बढ़ कर अब 45 हजार 685 करोड़ रूपये हो गया है। यह वृद्धि 23.18 प्रतिशत है और राज्य के इतिहास में सर्वाधिक पूँजीगत व्यय है। कोविड की परिस्थितियों में भी राज्य के राजस्व को बढ़ाने का प्रयास करते हुए आत्म-निर्भर मध्यप्रदेश के निर्माण के विजन के साथ कार्य किया गया। गत तीन वर्ष में यह प्रतिवर्ष 7.94 प्रतिशत के कम्पाउंडेड एनुअल ग्रोथ रेट (ष्ट्रत्रक्र) से बढ़ा है। राजकोषीय समेकन के क्षेत्र में मध्यप्रदेश में निरंतर राजस्व बढ़ाने का कार्य हुआ है। प्रायोरिटी सेक्टर लैंडिंग के विस्तार का कार्य भी हुआ है।

## सार संक्षेप

### विदेशी मुद्रा भंडार 2.34 डॉलर घटकर 590.7 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में कमी आने से 22 सितंबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.34 डॉलर घटकर लगातार तीसरे सप्ताह गिरता हुआ 590.7 अरब डॉलर पर आ गया वहीं इसके पिछले सप्ताह यह 86.7 करोड़ डॉलर कम होकर 593.04 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 22 सितंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 2.6 अरब डॉलर की गिरावट लेकर 523.4 अरब डॉलर रह गयी। वहीं, इस अवधि में स्वर्ण भंडार 30.7 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 44.3 अरब डॉलर हो गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार में 7.9 करोड़ डॉलर की गिरावट आई और यह घटकर 18 अरब डॉलर रह गया। इस अवधि में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 1.1 करोड़ डॉलर की गिरावट के साथ पांच अरब डॉलर रह गई।

### मूडीज ने टाटा पावर की रेटिंग बढाई

**हांगकांग।** रेटिंग एजेंसी मूडीज ने अपने ताजा आकलन में भारत की टाटा पावर कंपनी लिमिटेड की वित्तीय साख का वर्गीकरण ऊंचा कर दिया है। मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विसेज की शुक्रवार को यहां जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि उसने टाटा पावर की क्रेडिट रेटिंग का स्तर बढ़ा कर बाए1 कर दी है जो पहले बीए2 थी । विज्ञप्ति के अनुसार कंपनी के आगे के कारोबार का परिदृश्य मजबूत है । मूडीज ने कहा है कि उसने टाटा पावर की वित्तीय रेटिंग ऊंचा करने का या निर्णय कंपनी की मजबूत वित्तीय स्थिति -परिस्थिति को देखते हुए किया है।

### रुपया 17 पैसे चढ़ा

**मुंबई।** शेयर बाजार की तूफानी तेजी के साथ ही आयातकों और बैंकरों की बिकवाली से आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया 17 पैसे की तेजी के साथ 83.02 रुपये प्रति डॉलर हो गया। वहीं, इसके पिछले कारोबारी दिवस रुपया 83.19 रुपये प्रति डॉलर रहा था। शुरुआती कारोबार में रुपया आठ पैसे की बढ़त लेकर 83.11 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और सत्र के दौरान बिकवाली होने से 83.02 रुपये प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया और इसी स्तर पर बंद भी हुआ। वहीं, लिवाली के दबाव में यह 83.13 रुपये प्रति डॉलर के निचले स्तर तक लुढ़क गया।


## हेल्थकेयर और धातु समूह की तेजी से शेयर बाजार ने भरी उड़ान

**मुंबई** 29 सितंबर (एजेंसियां)। विश्व बाजार की तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हेल्थकेयर, धातु, कमोडिटीज, ऊर्जा, तेल एवं गैस और पावर समेत 18 समूहों में हुई लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार ने करीब आधे प्रतिशत की छलांग लगाई।

बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 320.09 अंक की तेजी के साथ 65828.41 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 114.75 अंक उछलकर 19638.30 अंक पर पहुंच गया। दिग्गज कंपनियों की तरह बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों में भी लिवाली हुई, जिससे मिडकैप 1.31 प्रतिशत की छलांग लगाकर 32,340.71 अंक और स्मॉलकैप 0.57 प्रतिशत चढ़कर 37,562.23 अंक पर रहा।

इस दौरान बीएसई में कुल 3781 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2349 में तेजी जबकि 1279 में गिरावट रही वहीं 153 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 38 कंपनियां हरे जबकि शेष 12 लाल निशान पर रही।

बीएसई के 18 समूहो में लिवाली हुई। इस दौरान धातु 2.71, हेल्थकेयर 2.22, कमोडिटीज 1.25, सीडी 0.51, ऊर्जा 1.16, एफएमसीजी 0.52, वित्तीय सेवाएं 0.78, इंडस्ट्रियल्स 0.66, दूरसंचार 0.90, यूटिलिटीज 0.93, ऑटो 0.54, बैंकिंग 0.67, कैपिटल गुड्स 0.77, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.14, तेल एवं गैस 1.30, पावर 1.02, रियल्टी 0.91 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.53 प्रतिशत चढ़ गए।




अंतर्राष्ट्रीय बाजार में तेजी का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.84, जर्मनी का डैक्स 0.84, हांगकांग का हैंगसेंग 2.51 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.10 प्रतिशत मजबूत रहा जबकि जापान के निक्केई में 0.05 प्रतिशत की गिरावट रही।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 236 अंक की तेजी लेकर 65,743.93 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली के दबाव में थोड़ी देर बाद ही 65,570.38 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, लिवाली होने से यह कारोबार के अंतिम चरण में 66,151.65 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 65,508.32 अंक के मुकाबले 0.49 प्रतिशत उछल कर 65,828.41 अंक पर रहा।

निफ्टी भी 58 अंक की बढ़त लेकर 19,581.20 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,551.05 अंक के निचले जबकि 19,726.25 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,523.55 अंक की तुलना में 0.59 प्रतिशत की तेजी के साथ 19,638.30 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली प्रमुख कंपनियों में एनटीपीसी 3.30, टाटा मोटर्स 2.67, सन फार्मा 2.38, टाटा स्टील 1.78, एसबीआई 1.48, जेएसडब्ल्यूएस स्टील 1.30, आईसीआईसीआई बैंक 0.99, आईटीसी 0.84, रिलायंस 0.54, एक्सिस बैंक 0.53, एलटी 0.34, एचडीएफसी बैंक 0.24, विप्रो 0.11 और मारुति 0.03 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, एचसीएल टेक 0.56, पावरग्रिड 0.45, टेक महिंद्रा 0.37, टाइटन 0.35, इंफोसिस 0.31, नेस्ले इंडिया 0.28, एशियन पेंट 0.26, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.20 और टीसीएस ने 0.18 प्रतिशत का नुकसान उठाया।

## होण्डा मोटरसाइकिल ने लॉन्च की नई गोल्ड विंग टूर

**नई दिल्ली,** 29 सितम्बर, (एजेंसियां)। होण्डा मोटरसाइकिल एण्ड स्कूटर इंडिया ने आज अपनी प्रमुख मोटरसाइकिल गोल्ड विंग टूर की बुकिंग शुरू करने की घोषणा की है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इसकी ग्ररुराम में एक्स शो रूम कीमत 39,20,000 रूपए है। तकरीबन पांच दशकों से होण्डा की दिग्गज टूरिंग मशीन ने दुनिया भर में लम्बी-दूरी की लक्ज़री क्रूज़िंग में विशेष बेंचमार्क स्थापित किए हैं।

नई होण्डा गोल्ड विंग टूर जापान से सीबीयू (कम्पलीटली बिल्ट-अप) रूट के ज़रिए भारत पहुंचेगी और इसे एक्सक्लुज़िव रूप से प्रीमियम बिगविंग टॉप लाईन डीलरशिप्स के माध्यम से बेचा जाएगा।

होण्डा की प्रतिष्ठित गोल्ड विंग टूर आधुनिक स्टाइल, अनूठे सिलहूट के साथ इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रोनिक्स के नए मानक स्थापित करती है। इसका एनर्जेटिक फ्रोंटल सिनेचर, न्यूऩ्स्ड एरोडायनामिक डीटेलिंग और ट्रेडमार्क फेयरिंग इसे बेहतरीन लुक देते हैं और सडक़ पर इसकी मौजूदगी को सही मायनों में ज़बरदस्त बनाते हैं। वे लोग जिन्हें दोपहिया वाहनों पर मीलों चलना पसंद है, दोपहिया राईड ही जिनके लिए स्टाइल स्टेटमेन्ट है, उनके लिए गोल्ड विंग टूर से बेहतर कुछ और नहीं- एक ऐसा मॉडल जिसने वास्तव में टूरिंग कैटेगरी की खोज की है।

होण्डा गोल्ड विंग टूर 1833 सीसी, लिक्विड-कूल्ड, 4 स्ट्रोक, 24 वॉल्व, फ्लैट सिक्स-सिलिंडर इंजन के सथ आती है।, इंजन 7-स्पीड ड्यूल क्लच ट्रांसमिशन (डीसीटी) के साथ आता है। इसमें सुविधाजनक क्रीप फॉरवर्ड और बैक फंक्शन है, जो कम स्पीड पर भी राईड को सुविधाजनक बनाता है।

## खाद्य तेलों में टिकाव, चना और उड़द दाल सस्ती

**नई दिल्ली,** 29 सितंबर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा वहीं चना, दाल चना और उड़द दाल के भाव गिर गए।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में अक्टूबर का पाम ऑयल वायदा 27 रिंगिट बढ़कर 3705 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं, अक्टूबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.09 सेंट की गिरावट के साथ 56.86 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान चना 100 रुपये, दाल चना 100 रुपये और उड़द दाल 300 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हो गई। वहीं, मसूर दाल, मूंग दाल और अरहर दाल के दाम टिके रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में दाम स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**दाल-दलहन :** चना 6250-6350, दाल चना 7250-7350, मसूर काली 7800-7900, मूंग दाल 9900-10000, उड़द दाल 10300-10400, अरहर दाल 10400-10500 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

## इस्पात उद्योग में कार्बन उत्सर्जन घटाने की बनी योजना : सिंधिया

**नई दिल्ली,** 29 अगस्त (एजेंसियां)। केंद्रीय इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने भारत में इस्पात उद्योग में कार्बन उत्सर्जन का स्तर घटाने और हरित इस्पात के लिए मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र विकसित किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया है। श्री सिंधिया देश में को हरित इस्पात पारिस्थितिकी तंत्र को सक्षम बनाने के लिए गठित कार्यबलों के साथ शुक्रवार को यहां चर्चा कर रहे थे। उनके पास नागरिक उड्डयन विभाग का दायित्व भी है। कल हुई इस बैठक में इसके लिए बनाए गए 13 कार्यबलों में से पांच के साथ सार्थक विचार-विमर्श किया।

इस्पात मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार बैठक में श्री सिंधिया ने स्टील उद्योग के विविध परिदृश्य पर विचार करने वाले नीतिगत उपायों के साथ-साथ कार्बन उत्सर्जनों को कम करने के समाधानों की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यबलों की बैठक में हरित स्टील उत्पादन के लिए वित्तपोषण विकल्पों पर चर्चा के अलावा उद्योग की बढ़ती कौशल मांगों को पूरा करने के लिए शैक्षिक संस्थानों के गठन और उन्हें सशक्त बनाने की आवश्यकता पर विचार-विमर्श किया गया। प्रक्रिया में परिवर्तन संबंधी कार्य बलचर्चा में कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए लौह संयंत्रों में कोयला आधारित



फीडस्टॉक के बजाय प्राकृतिक गैस और सिनगैस के उपयोग को प्रोत्साहन देने की जरूरत बतायी गयी। बैठक में इस क्षेत्र के प्रमुख हितधारकों, उद्योग विशेषज्ञों और सरकारी अधिकारियों ने भाग लिया। उन्होंने इस्पात उत्पादन प्रक्रिया को स्वस्थ और कार्बन मुक्त बनाने के भारत के दृष्टिकोण के प्रति अपनी पूर्ण प्रतिबद्धता जताई। बैठक में इस्पात मंत्रालय के सचिवनागेन्द्र नाथ सिन्हा, कार्यबलों के अध्यक्ष और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। विज्ञप्ति के अनुसार भारतीय बैंक संघ के मुख्य कार्यकारी सुनील मेहता के नेतृत्व में वित्त मामले में टास्क फोर्स ने भारतीय इस्पात उद्योग में कार्बन उत्सर्जन घटाने के लिए वित्तपोषण के विकल्पों पर मसुझाव दिए। विद्युत एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के वरिष्ठ अनिरुद्ध कुमार के नेतृत्व में नवीकरणीय ऊर्जा पारेषण कार्य बल ने इस्पात उद्योग में नवीकरणीय ऊर्जा नवीकरणीय ऊर्जा को अपनाने हेतु प्रोत्साहन और उद्योगों को कैप्टिव नवीकरणीय ऊर्जा सुविधाएं स्थापित करने जैसे उपायों को अपनाने संबंधी प्रस्तावों को प्रस्तुत किया।

सार्वजनिक नीति और कौशल विकास विशेषज्ञ सुनीता सांघी के नेतृत्व में कौशल विकास कार्य बल ने इस्पात उद्योग की जनशक्ति के कौशल संवर्धन और री-स्किलिंग जैसी क्षमताओं की पहचान करने पर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान किया। सेल के स्वतंत्र निदेशक अशोक कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में ऊर्जा दक्षता कार्य बल ने एकीकृत इस्पात संयंत्रों और माध्यमिक इस्पात उद्योगों दोनों के लिए ऊर्जा दक्षता समाधान को बढ़ावा देने की सिफारिशें कीं। वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) के तहत राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला के पूर्व निदेशक डॉ. इंद्रनील चट्टोराज के नेतृत्व में प्रक्रिया पारेषण कार्यबल ने डायरेक्ट रिड्यूस्ड लौह संयंत्रों में कोयला आधारित फीडस्टॉक की बजाय प्राकृतिक गैस और सिनगैस के उपयोग को बढ़ावा देने पर जोर दिया।

# एसपी के निर्देश पर सायबर टीम द्वारा आगामी चुनाव के मद्देनजर ऑनलाइन मंगाए गए धारदार हथियारों को किया गया जप्त

**धमतरी,** 29 सितंबर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर द्वारा आने वाले त्यौहार एवं आगामी विधान सभा चुनाव को देखते हुए सभी राजपत्रित अधिकारी एवं थाना प्रभारियों चाकू बाजी करने वाले एवं असमाजिक तत्वों के विरुद्ध कार्यवाही करने के सख्त निर्देश दिये गए हैं।,जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मधुलिका सिंह के मार्गदर्शन में एसडीओपी. धमतरी के.के. वाजपेयी एवं डीएसपी.सुश्री नेहा पवार के नेतृत्व में थाना प्रभारियों एवं सायबर प्रभारी द्वारा लगातार अवैध कार्यों में लिप्त लोगों पर कार्यवाही कर रही है।

इसी तारतम्य में अवैध रूप से धारदार हथियार बटन दार चाकू इत्यादि रखने वालों पर भी नजर रखी जा रही थी, चूंकि इस प्रकार के हथियारो से अपराध घटित करने एवं अनेक प्रकार की अप्रिय घटना घटित होने की संभावनाएं बनी रहती है। कई ऑनलाइन शॉपिंग साइट से भी इस प्रकार के हथियार मांगे जाने की सूचना पर, सायबर सेल के माध्यम से तकनीकी जानकारी प्राप्त कर , ऐसे व्यक्तियों की सूची प्राप्त की गई, जिन्होंने इस प्रकार के हथियार मंगाए हैं , ऐसे लोगों से संपर्क कर उनके हथियार बरामद किए गए, तथा उन सभी को इस प्रकार के हथियार मंगाने का कारण पूछा गया, जिसमें कुछ



साइबर सेल द्वारा विभिन्न ऑनलाइन शॉपिंग साइट से तकनीकी जानकारी प्राप्त कर 21 नग बटंची, 12 नग धारदार चाकू, 4 नग पेन चाकू, 1 लाइटर पिस्टल तथा 2 नग एयर पिस्टल किया गया बरामद

लोगों द्वारा घरेलू कार्य एवं कुछ युवकों द्वारा फैशन एवं शौक के कारण इस प्रकार के डिजाइनर चाकू इत्यादि मंगाये थे।

सभी को बरामद कर किया गया एवं इनके धारकों को समझाइश दिया गया तथा जिन लोगों ने ऐसा आर्डर कराया था , किंतु आर्डर रिसीव नहीं हुआ था, उन सभी के आर्डर कैंसिल कराए गए तथा आगे से इस प्रकार के हथियार नहीं मंगवाने की समझाइश भी दी गई। साइबर सेल द्वारा की गई इस कार्यवाही में लगभग 40 एयर पिस्टल,बटंची चाकू जप्त किया गया। जिसमें 21 नग बटंची,12 नग धारदार चाकू,04 नग पेन चाकू,01लाइटर पिस्टल,तथा 2 नग एयर पिस्टल किया गया बरामद किया गया है, जिसमें कुछ छोटी कुछ बटन दार चाकू भी शामिल है।

उक्त बरामदगी अभियान के दौरान पाए गए कि मंगाया चाकू युवा वर्ग के लोग हैं जिसमें ज्यादातर 17 से 25 साल के युवाओं की संख्या अधिकतम पाई गई , इस हेतु पालक अभिभावकों से अपील की जा रही है कि अपने बच्चों को इस प्रकार के धारदार हथियार चाकू छुरी ना रखने समझाइश दे उपरोक्त बरामद किया गया चाकू एवं एयरपिस्टल फ्लिपकार्ट, स्नैपडील तथा अन्य शॉपिंग साइट से मंगाए गए थे। भविष्य में भी अन्य शॉपिंग साइटों से संपर्क कर जानकारी मंगाया जाएगा, साथ ही लोकल विक्रेताओं से भी इस प्रकार के धारदार हथियार फैंसी चाकू छुरी बेचने पर पाबंदी लगाई जावेगी। साथ हि धमतरी पुलिस द्वारा ऐसे सभी लोगों से अपील कि जाती है कि ऐसे ऑनलाईन बटंची चाकू, हथियार ना मंगवाये,ना हि अपने सोशल मिडिया में स्टेटस में ऐसे धारदार हथियार या पिस्टल के साथ फोटो डालें ऐसा करने पर उनके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही कि जायेगी। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी धमतरी निरी.बृजेश तिवारी, थाना प्रभारी अर्जुनी निरी.राजेश मरई,सायबर सेल प्रभारी रमेश साहू,प्रआर.देवेंद्र राजपूत, आर.कमल जोशी,विकास द्विवेदी,धीरज डडसेना, बिरेन्द्र सोनकर,युवराज ठाकुर,कृष्ण कन्हैया, मनोज साहू, मुकेश मिश्रा,झमेल राजपूत, योगेश ध्रुव एवं सायबर टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# रबि फसल क्षतिपूर्ति मुआवजा के लिए कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**महासमुंद,** 29 सितंबर (देशबन्धु)। पूर्व विधायक एवं भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ विमल चोपड़ा ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि महासमुन्द विकासखंड के किसानो को अभी तक कांग्रेस सरकार द्वारा रबी फसल में



ओलावृष्टि से हुये नुकसान की मुआवजा राशि न मिलने पर कलेक्टर कार्यालय में कलेक्टर प्रभात मलिक से मिलकर चर्चा की एवं शीघ्र इसके भुगतान की मांग की। डॉ चोपड़ा के साथ पार्षद देवीचंद राठी, झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के संयोजक महेन्द्र सिका एवं प्रभावित किसान भी थे। कलेक्टर से चर्चा करते हुये डॉ चोपड़ा ने कहा कि आज लगभग 6 माह बीत चुके परंतु शासन ने किसानो को अब तक उनकी क्षतिपूर्ति नहीं दी। जिसका आंललन कर पटवारीयों ने काफी पहले रिपोर्ट दे दी है। खल्लारी क्षेत्र के किसानो को आदोलन की धमकी के बाद राशि वितरण की गयी। महामसुन्द विधानसभा के सैकड़ो किसानो की तीन करोड़ की राशि का भुगतान बाकी है। विगत दिनों भाजपा नेताओं के आंदोलन की चेतावनी के बाद महासमुन्द विधानसभा में 70 लाख की राशि के वितरण हेतु राशि उपलब्ध हुई लेकिन न तो अभी तक उसका वितरण हुआ और न ही दो करोड़ तीस लाख की ओर कोई व्यवस्था की गयी है। डॉ विमल चोपड़ा, मंडल प्रभारी मोती साहू, भाजपा जिला मंत्री धरम साहू, मंडल अध्यक्ष धरम दीवान, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती ललीता अग्रवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष धरम पटेल,सरपंच संघ अध्यक्ष रूपलाल पटेल,महामंत्री कमल कौशिक, चन्द्रहास चन्द्राकर, सरपंच देवा नायक, प्रकाश चन्द्राकर, मंडल उपाध्यक्ष राकेश साहू, अनुसुचित जाति मोर्चा के देवेन्द्र राय, जगदीश चौहान, तुकाराम कोसरे, मानसिंग महेश्वरी, जनजाती मोर्चा के सेवकराम ध्रुव, भोज आदि ने शीघ्र मुआवजा देने की मांग की है।

# संसदीय सचिव ने किया सीसी रोड निर्माण के लिए भूमिपूजन

**महासमुंद,** 29 सितंबर (देशबन्धु)। ग्राम पंचायत छिलपावन व सिंघनपुर में सीसी रोड की सौगात मिली है। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों की मौजूदगी में सीसी रोड निर्माण के लिए भूमिपूजन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सीसी रोड बनने से आवाजाही आसान हो सकेगी। बुधवार को छिलपावन व सिंघनपुर में सीसी रोड निर्माण के लिए भूमिपूजन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर थे। अध्यक्षता कृषि उपज मंडी अध्यक्ष हीरा बंजारे ने की।



विशेष अतिथि के रूप में दारा साहूए राजा गंभीर मौजूद रहे। पूजा अर्चना पश्चात संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने सीसी रोड निर्माण के लिए भूमिपूजन किया। सीसी रोड की सौगात मिलने पर मुख्य अतिथि श्री चंद्राकर ने ग्रामवासियों को बधाई देते हुए कहा कि सीसी रोड बनने से आवाजाही में आसानी होगी। खासकर बरसात के दिनों में कीचड़ से मुक्ति मिलेगी। संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल के नेतृत्व में प्रदेश में चहुंमुखी विकास हो रहा है। महासमुंद विधानसभा क्षेत्र में करोड़ों रूपए के विकास कराए गए हैं। संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने प्रदेश सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि प्रदेश की जनता से किए वादे पर प्रदेश सरकार ने पहले ही दिन से अमल शुरू किया। शपथ ग्रहण के तत्काल बाद ही किसानों की कर्जमाफी और 2500 रूपए में धान खरीदी के निर्णय लिए गए। इस साल किसानों का 20 क्विंटल धान खरीदी की जाएगी। राज्य सरकार ने गांव, गरीब, किसान, मजदूर, महिलाओंए बच्चों व युवाओं सहित सभी वर्गों के विकास के लिए कदम उठाए हैं। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से धनेश्वरी भास्कर, सहदेव सोरी, पुरूषोत्तम पटेल, विजय पटेल, तुलसी पटेल, नाथूराम पटेल, हीरासिंग यादव, रामकुमार पटेल, इमाम खान, तरूण, जाकिर खान, टीकम पटेल, राजू मोंगरे, भोजराम मोंगरे, सुरीत यादव, लोमस कश्यप, सेवक बंजारे, बुधराम मोंगरे, प्रेम धीवर, भागवत धीवर, नेपाल सिंह साहू, टेकू ध्रुव, सियाराम कुर्रे, जसवंत जांगडे, उत्तरा आवड़े, मोहन साहू, गजेंद्र जांगड़े, सुंदर कुर्रे, गंगाप्रसादए धानबाई, विजय भारती, संध्या कुर्रे, फूलचंद यादव, मनोज भास्कर, रंजीत जांगाड़े सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

## डांस स्पर्धा में डायमंड ग्रुप रहे अव्वल

**धमतरी,** 29 सितंबर (देशबन्धु)। शहर के मकेश्वर वार्ड में गणेशोत्सव के उपलक्ष्य में युवा बिग्रेड सेवा समिति की ओर से डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि डीपेन्द्र साहू थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में पार्षद संजय डागौर, विजय मोटवानी, शैलेन्द्र नाग, कोमल सार्वा थे। निर्णायक शिव कुमार थे। देर रात तक चले डांस स्पर्धा को देखने के लिए बड़ी संख्या में वार्डवासी जुटे रहे। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार डायमंड ग्रुप को मिला। द्वितीय पुरस्कार ब्लू स्टार ग्रुप को मिला। इस मौके पर अतिथियों ने कहा कि मकेश्वर वार्ड की तस्वीर तेजी से बदल रहा है। समाज में आई जागरूकता का परिणाम है कि कभी शिक्षा और जागरूकता के नाम पर पिछड़ा रहा, यह बस्ती आगे प्रगति की ओर है। वार्डवासी अपने बेटे-बेटियों को उच्च शिक्षा दिला रहे हैं। नशापान के खिलाफ भी युवाओं ने जो मुहिम छेड़ा हैं, उसका आशातीत परिणाम दिख रहा है।

## देशबन्धु प्रतिभा प्रोत्साहन कोष

### छात्रवृत्ति हेतु आवेदन आमंत्रित

देशबन्धु प्रतिभा प्रोत्साहन कोष द्वारा शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए छत्तीसगढ़ के सभी स्थानों से माध्यमिक/उच्च माध्यमिक एवं महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं से छात्रवृत्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। छात्र सादे कागज पर एक ओर साफ-सुथरे अक्षरों में अपना सम्पूर्ण विवरण, शैक्षणिक, पारिवारिक एवं आर्थिक स्थिति को लिखते हुए आवेदन करें। आवेदक आवेदन के साथ पिछली कक्षा की अंक सूची, आय, जाति प्रमाण पत्र तथा वर्तमान में अध्ययन का प्रमाण पत्र लगावें। पितृहीन, विकलांग तथा आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्ग के छात्रों को विशेष प्राथमिकता दी जाएगी।

न्यास द्वारा प्रतिवर्ष जरूरतमंद प्रतिभा सम्पन्न छात्रों को बड़ी संख्या में छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है जिसमें करीब 100 स्मृति छात्रवृत्तियां शामिल है। कोष तथा छात्रवृत्ति से संबंधित सभी मामलों में न्यास का फैसला अंतिम और मान्य होगा। अतः छात्रवृत्ति से संबंधित किसी प्रकार के पत्र व्यवहार अथवा सिफारिश करने पर आवेदन निरस्त कर दिया जाएगा। आवेदन पत्र भेजने की अंतिम तिथि 15 अक्टूबर 2023 है तथा आवेदन भेजने का पता है-

**सचिव**
**देशबन्धु प्रतिभा प्रोत्साहन कोष**
**दैनिक देशबन्धु**
**रामसागरपारा, रायपुर ( छ.ग. )**


**कार्यालय ग्राम पंचायत गुडेलिया जनपद पंचायत भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा ( छ.ग. )**

**निविदा द्वितीय आमंत्रण सूचना**

क्रमांक 05 दिनांक 10.09.2023

ग्राम पंचायत गुडेलिया के द्वारा DMF मद एवं पंचायत मद अंतर्गत

1. बच्चो के बैठने हेतु डेस्कबैंच02 शीटर टेबल कुर्सीप्रदाय कार्य हेतु ( प्राथमिकशाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला में )7राशि 10 + 2 = 12 लाख

उक्त सामग्रियों को प्रदान करने हेतु मुहरबंद निविदाए आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से आवेदन प्रस्तुत कर रुपए 2000/- ( प्रति इकाई ) नगद भुगतान कर दिनांक 30.09.2023 के पूर्व कार्यालयीन दिवस में प्राप्त किये जा सकते हैं ।निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 04.10.2023 समय दोपहर 12 बजे तक, निविदा खोलने के तिथि 04.10.2023 समय शाम 4 बजे तक स्थान ग्राम पंचायत गुड़ेलिया।

नोट:- अमानत राशि प्रत्येक निविदा के मूल्य का 2 प्रतिशत ( 2% ) बैंक ड्रॉफ्ट सरपंच ग्राम पंचायत गुडेलिया के नाम से रहेगा।

सचिव ग्राम पंचायत गुड़ेलिया — सरपंच ग्राम पंचायत गुड़ेलिया

**न्यायालय तहसीलदार गुरुर जिला-बालोद (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

पृ.क्र./3169/प्र.तह./2023
गुरूर, दिनांक 22/09/2023

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम ग्रामवासी ग्राम भिरई को सूचित किया जाता है, कि आवेदक बुधराम पिता बिशाली जाति राउत साकिन भिरई तहसील गुरूर जिला बालोद छ.ग. द्वारा ग्राम भिरई प.ह.नं. 04 तहसील गुरूर स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि ख.नं.614 रकबा 0.52 हे. लगान 1.37 रू. की भूमि संयुक्त खाता में राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि से संबंधित ऋण पुस्तिका पलारी में रास्ते पर कहीं गुम हो गया है। ऋण पुस्तिका को तलाश किया गया लेकिन प्राप्त नहीं हुआ। मुझे अनेक कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। उक्त भूमि का डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदान किये जाने हेतु खाता बी-1 की नकल, थाना रिपोर्ट, नो-ड्यूस, चालान की प्रति सहित आवेदन पेश किया गया है।

उक्ताशय के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा-आपत्ति हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 11/10/2023 को न्यायालय में उपस्थित होकर स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22/09/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया।

सील — तहसीलदार गुरुर, जिला बालोद ( छ.ग. )

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा ( छ.ग )**
**उद्घोषणा**

प्रकरण क्रमांक 07/विशेष विवाह/2022-2023

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कुमार बिश्वरंजन पिता श्री बेणुधर भोल उम्र 30 वर्ष निवासी सी.ई.ओ. बंगला डंकनी नदी के पास दन्तेवाड़ा तहसील दन्तेवाड़ा, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा और श्रेया महांती पिता श्री विवेकानन्द महांती उम्र 29 वर्ष निवासी लिंक रोड प्राइम हॉस्पिटल के पास अरूणोदय मार्केट कटक उड़ीसा के द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 के अन्तर्गत धारा-05 में आशयित विवाह की सूचना इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

आशियत विवाह के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 04.10.2023 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। इसके पश्चात प्राप्त दावा/आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20.09.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से यह ईश्तहार जारी किया गया।

मुहर — विशेष विवाह अधिकारी जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा

**न्यायालय तहसीलदार तिल्दा-नेवरा जिला-रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

रा.मा.क्र./अ-74/2022-2023

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रोहित कुमार सिंघानिया पिता ललित कुमार सिंघानिया निवासी रायपुर के द्वारा ग्राम प.ह.नं. 01 रा.नि.मं. तरपोंगी में स्थित भूमि खसरा नंबर 09 रकबा 4.8760 कुल खसरा 09 कुल रकबा 4.8760 हे. की पूर्व में किताब किसान प्रदाय की गई थी जो कि वर्तमान में गुम हो जाने के कारण द्वितीय प्रति किसान किताब प्रदाय किये जाने आवेदन पेश किया गया है।

आवेदक को द्वितीय प्रति किसान किताब प्रदाय किये जाने से जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति यदि हो तो वह स्वयं या अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 29.09.2023 तक अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। मियाद बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14.09/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार तिल्दा-नेवरा

**न्यायालय - श्रीमती श्रद्धा शर्मा शुक्ला तृतीय अति.प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय दुर्ग ( छ.ग. )**

प्रोसेस क्रमांक -1044/2023
प्रकरण क्रमांक -668/2022
पक्षकार- ज्योति देवांगन विरुद्ध दुर्गेश देवांगन
पेशी तिथि- 01/11/2023

// समंस //

आवेदिका - ज्योति देवांगन पति दुर्गेश देवांगन, उम्र-लगभग 26 वर्ष निवासी- बैकुण्ठ धाम, युगनिर्माण स्कूल के पास, केम्प-02, भिलाई तह. व जिला- दुर्ग (छ.ग.)

बनाम

अनावेदक- दुर्गेश देवांगन आ. धनऊराम देवांगन,उम्र-28 वर्ष, लगभग निवासी- लखनपुर, झलप महासमुंद,जिला- महासमुंद ( छ.ग. )

उपरोक्त आवेदक ने धारा -13 ( 1 ) ( ड्रक ) हिन्दू विवाह अधिनियम के अंतर्गत ऊपर वर्णित अनावेदक के विरूद्ध आवेदक प्रस्तुत किया है। आपको इस समंस के द्वारा निर्देशित किया जाता है कि आपको उक्त आवेदन के संबंध में कोई आपत्ति हो,तो इस न्यायालय के समक्ष दिनांक 01/11/2023 को दिन के 11:00 बजे,स्वयं या वकील के माध्यम से, जिन्हें प्रकरण के तथ्यों से अच्छी तरह से समझा दिया गया हो,जो ऐसे प्रश्नों का जवाब दे सकें,या ऐसा व्यक्ति मौजूद हो, जो कि ऐसे प्रश्नों का जवाब दे सकें, के लिए हाजिर हो और आप को ऐसे सभी दस्तावेजों व गवाही को पेश करने के लिए तैयार रखना होगा, जिन पर आप अपने बचाव के समर्थन में भरोसा रखना चाहते हों।

यदि आवेदन की सुनवाई उक्त नियत दिनांक को सार्वजनिक अवकाश घोषित होने के कारण नही होती है अथवा नियत तिथि पर न्यायाधीश अवकाश पर जाता है, या अन्य किसी कारण से सुनवाई उक्त तिथि को नही होती है, तो उसके पश्चातवर्ती तिथि में आवेदन की सुनवाई की जायेगी और उक्त तिथि को भी आपके अनुपस्थित रहने पर आपके विरुद्ध एकपक्षीय रूप से आवेदक के आवेदन का निराकरण किया जायेगा।

आज दिनांक 25/09/2023 को इस न्यायालय के सील व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

मुहर — ( श्रीमती श्रद्धा शुक्ला शर्मा ) तृतीय अति. प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय दुर्ग ( छ.ग. )

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बीजापुर ( छ.ग. )**
( जल जीवन मिशन )

**''ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना'' ( निविदा आमंत्रण सूचना )**

जिला बीजापुर के विभिन्न विकासखण्डों के ग्रामों में नलजल प्रदाय योजना अन्तर्गत कार्य - पाईप लाईन एवं घरेलू नल कनेक्शन के लिए एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु प्रपत्र ए में ऑनलाईन (Online) निविदा ( प्रमुख अभियंता, लो.स्वा. या विभाग रायपुर छ.ग. के यु.एस.ओ.आर. दिनांक 01.06 2020 में Amedment date 01.07.2022 से प्रभावशील एवं निविदा जारी होने की तिथि तक समस्त संशोधन सहित दरों पर) आमंत्रित की जाती है। निविदाएँ मिशन संचालक महोदय के निर्देशानुसार दिये नये ड्राफ्ट एन.आई.टी. में उल्लेखित नियम एवं शर्तों के आधार पर आमंत्रित की जा रही है। ठेकेदार निविदाएँ साईट में अपलोड नये ड्राफ्ट एन.आई.टी. के नियम एवं शर्तों के आधार पर ही निविदा में भाग लेवें पुराने नियम एवं शर्तों के आधार पर भाग लेने पर अपात्र कर दिया जावेगा। जिसके लिए स्वयं जिम्मेदार होगें। आमंत्रित निविदाएँ निम्नानुसार है -

| क्रं. | निविदा क्रमांक/दिनांक | सिस्टम क्रमांक | ग्राम | कॉल | कार्य की अनु लागत ( रु.लाख में ) | अमानत राशि ( रू. में ) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 607/23.09.2023 | 148353 | JIDPALLI | 2nd call | 46.62 | 34965/- |
| 2 | 608/23.09.2023 | 148354 | DAMARAM(G.P. Dharmaram) | 2nd call | 37.32 | 27990/- |
| 3 | 609/23.09.2023 | 148356 | PEDACHANDA | 2nd call | 23.78 | 17835/- |
| 4 | 610/23.09.2023 | 148357 | BADETUNGALI | 3nd call | 18.47 | 13853/- |
| 5 | 611/23.09.2023 | 148358 | POLAMPALLI | 5nd call | 34.80 | 26100/- |
| 6 | 613/25.09.2023 | 148393 | IDENAR-01 | 5nd call | 17.43 | 13073/- |
| 7 | 614/25.09.2023 | 148338 | PADNAR(G.P.Mangnar) | 6nd call | 16.51 | 12383/- |
| 8 | 615/25.09.2023 | 148440 | ENDRINAR | 6nd call | 11.06 | 8295/- |
| 9 | 616/25.09.2023 | 148441 | DAMARAM (G.P.Sagmeta) | 6nd call | 8.80 | 6600/- |
| 10 | 617/25.09.2023 | 148443 | ELIGENDRA | 6nd call | 9.49 | 7118/- |
| 11 | 618/25.09.2023 | 148446 | TODKA | 6nd call | 20.38 | 15285/- |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की अंतिम तिथि दिनांक (Bid due date) क्रमांक 01 से 05 तक दिनांक 30.10.2023 क्रमांक 06 से 11 दिनांक 25.10.2023 तक आमंत्रित की जाती है। निविदाएँ डाउनलोड करने की तिथि ( Bid start date ) क्रमांक 01 से 05 तक 26.09.2023 एवं क्रमांक 06 से 11 तक 27.09.2023 से है। निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी
खण्ड बीजापुर

जी-05770/2

**कार्यालय प्रमुख अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर, अटल नगर**

**( केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ ) ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**
**Main Portal: https: // eproc.cgstate.gov.in**

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| स.क्र. | सिस्टम निविदा क्रमांक/दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत ( रुपये लाख में ) |
|---|---|---|---|
| 1 | 147321 षष्टम आमंत्रण 13.09.2023 | मोतीमपुर (अमरटापू) मंदिर के दोनों तरफ के पहुंच मार्ग लं. 1.70 कि.मी. का निर्माण कार्य। | 383.25 |
| 2 | 148021 प्रथम आमंत्रण 22.09.2023 | नाबार्ड योजनांतर्गत जिला दुर्ग में ब्लॉक धमधा के पेण्ड्रावन में शासकीय नवीन महाविद्यालय भवन का वाटर सप्लाई सेनेटरी फिटिंग, रेन वाटर हार्वेस्टिंग एवं विद्युतीकरण सहित निर्माण कार्य। | 463.10 |
| 3 | 148286 द्वितीय आमंत्रण 25.09.2023 | नाबार्ड योजनांतर्गत जिला कोरबा के झांझ-गाड़ाघाट मार्ग में 7 पितनी नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 263.89 |
| 4 | 148285द्वितीय आमंत्रण 25.09.2023 | ग्राम डोंगरसिलाटी से कांवरा मार्ग कि.मी. 1/2 से 3/6 लंबाई 7 2.50 कि.मी. निर्माण कार्य पुल-पुलिया सहित। | 268.64 |
| 5 | 148287 द्वितीय आमंत्रण 25.09.2023 | जिला कांकेर के अंतर्गत वयनार- बीचपारा मार्ग के कि.मी. 2/6 पर वयनार नाला पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 328.84 |
| 6 | 148288 द्वितीय आमंत्रण 25.09.2023 | जिला कोण्डागांव के ग्राम छोटेबंजोडा से बोलबोला मार्ग लंबाई 2.70 कि.मी. निर्माण कार्य पुल-पुलिया सहित। | 274.67 |

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि सं.क्र. 01 दिनांक 06.10.2023 सं.क. 02 दिनांक 16.10.2023 निर्धारित है। एवं अन्य शेष निविदाओं के लिए दिनांक 13.10.2023 निर्धारित है। निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते है।

मुख्य अभियंता
केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ
कार्यालय प्रमुख अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर अटल नगर

जी-5806/4

**न्यायालय तहसीलदार आरंग जिला-रायपुर ( छ.ग )**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./अ6अ वर्ष 2022-2023
आरंग, दिनांक 22.09.2023
ग्राम आरंग प.ह.नं. 29

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदक मंशाराम निषाद पिता त्रिलोचन निषाद जाति केंवट निवासी बेनीडीह कास्तकार ग्राम आरंग, तहसील आरंग, जिला रायपुर द्वारा छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 115-116 के तहत आवेदन प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है। अनुविभागीय अधिकारी ( रा. ) आरंग के माध्यम से जॉच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति हो तो वे स्वयं उपस्थित होकर या अपने अभिभाषक के माध्यम से न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 06.10.2023 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22.09.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार आरंग

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा ( छ.ग )**
**ईश्तहार**

क्रमांक/तह./वा./2023
सिमगा, दिनांक 26.09.2023
रा.प्र.क्र./ब-121/2023
ग्राम-नवागांव, प.ह.नं. 18

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता आवेदक कमलनारायण साहू पिता शिवप्रसाद साहू जाति तेली निवासी ग्राम नवागांव थाना सिमगा तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा ( छ.ग. ) ने आवेदन मय शपथ पत्र पेश कर निवेदन किया है कि उनकी छोटे भाई प्रेमलाल पिता शिवप्रसाद साहू का मृत्यु दिनांक 09.05.2021 को ग्राम नवागांव में होने पर भूलवश मृत्यु का पंजीयन नहीं करा पाने के कारण मृत्यु पंजीयन दर्ज कर प्रमाण पत्र की मांग किया है जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को आपति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 16/10/2023 को दावा आपति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक. 26/09/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर जारी किया गया।

मुहर — कार्यपालिक दण्डाधिकारी सिमगा

**न्यायालय तहसीलदार आरंग जिला-रायपुर ( छ.ग )**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./202309112500050
ब/121 वर्ष 2022-2023
आरंग दिनांक 22.09.2023
ग्राम रसनी प.ह.नं. 28

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक पवन कुमार पिता बखारी प्रसाद निवासी ग्राम रसनी तहसील आरंग जिला रायपुर के द्वारा आवेदन पेश कर निवेदन किया गया है कि ग्राम रसनी प.ह.नं. 28 रा.नि.मं. आरंग स्थित खसरा नंबर 261 रकबा 1.680 हे. भूमि खातेदार पवन कुमार पिता बखारी प्रसाद के नाम पर राजस्व अभिलेख में अभिलिखित है। आवेदक का मूल किसान किताब कहीं गुम होने पर आवेदक को खाद, बीज एवं अन्य कृषि विकास कार्यों में असुविधा होने पर आवेदक द्वारा डुप्लिकेट किसान किताब की मांग किया गया है। आवेदन पत्र के साथ बी-1खसरा एवं शपथ-प्रपत्र पेश किया गया है।

अतएव एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि ओवदक के आवेदन पत्र पर जिस किसी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति दावा हो तो दिनांक 09.10.2023 को अपना आपतितदावा पेश कर सकते है, नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई एवं विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22.09.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार आरंग

**न्यायालय तहसीलदार आरंग जिला-रायपुर ( छ.ग )**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./अ6अ वर्ष 2022-2023
आरंग, दिनांक ..........
ग्राम आरंग प.ह.नं. 29

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदक हनुमंतलाल केंवट पिता धनउराम केंवट जाति केंवट निवासी महामाया पारा आरंग, तहसील आरंग, जिला रायपुर द्वारा छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 115 के तहत राजस्व अभिलेखों में सुधार करने की निवेदन किया गया है। अनुविभागीय अधिकारी ( रा. ) आरंग के माध्यम से जॉच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति हो तो वे स्वयं उपस्थित होकर या अपने अभिभाषक के माध्यम से न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 06.10.2023 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20.09.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार आरंग

**GOVERNMENT OF CHHATTISGARH, WATER RESOURCES DEPARTMENT OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER MAHANADI CIRCLE, RAIPUR (CHHATTISGARH)**
**e-PROCUREMENT TENDER NOTICE**
**eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**
**(First Call)**

System Tender No. 148409/ NIT No.: 11/SAC/23-24 Dated: 27.09.2023

Online Tenders are invited for the following works up to 18.10.2023 at 17.30 Hours.

Name of work - Remodeling, C.C. Lining and Reconstruction of Canal structures of Kesla Minor, Sakri Minor of Dy. No. 07 and Gindola Minor of Dy. No. 10 of Lawan Branch Canal.

Probable Amount of Contract: - Rs. 186.98 Lakhs
(As per S.O.R dated 01.08.2010 and amended upto dated 22.08.2022).

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh Integrated e-Procurement Portal (https://eproc.cgstate.gov.in) from Date 04.10.2023, at 17.31 Hours.(IST) onwards.

NOTE:- All eligible/intrested contractors/bidders are mandated to get enrolled on the Integrated e-procurement portal (https://eproc.cgstate.gov.in) and get approval on specific vendor class from PWD under Centralized Contractor/Supplier Registration in order to download the tender documents and participate in the subsequent bidding process.

Executive Engineer
Water Management Division
No. 2, Balodabazar
For, Superintending Engineer
Mahanadi Circle, Raipur (C.G.)

G-05778/2

**कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग बालोद**
Phone No. :- 07749-222370, Email Id:- ee-res.balod@gov.in

**(Zonal Tender) सूचना द्वितीय बार**

क्रमांक/43/व.ले.लि./ग्रा.यां.से./2023-24 बालोद, दिनांक 26.09.2023

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों से निम्न दर्शित क्षेत्रीय निविदा (Zonal Tender) हेतु जनपद पंचायत (ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र हेतु) बालोद ग्रुप (स) निविदा हेतु प्रमुख अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विकास आयुक्त कार्यालय रायपुर द्वारा दिनांक 01.11.2021 से एवं विद्युतीकरण कार्य हेतु प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग रायपुर द्वारा दिनांक 01.06.2020 से प्रचलित तथा सिविल कार्य हेतु लोक निर्माण विभाग के दिनांक 01. 01.2015 एवं नलकुप खनन हेतु प्रमुख अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग रायपुर द्वारा दिनांक 01.06.2020 से प्रभावशील दर अनुसूची की मुद्रित एवं अद्यतन संशोधित दरों पर निविदा प्रतिशत दर पर दिनांक 05.10.2023 को अपरान्ह 5.30 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है तथा प्राप्त निविदाओं को दिनांक 06.10.2023 को 11.30 बजे पूर्वान्ह में खोली जावेगी :-

(1) निविदा राशि रू. 20.00 लाख प्रत्येक ग्रुप
(2) अमानत राशि रू. 20000.00 प्रत्येक ग्रुप
(3) निविदा प्रपत्र का मूल्य :- रू. 750.00 प्रत्येक ग्रुप

निविदा दस्तावेज कार्यालय द्वारा विक्रय नहीं किया जावेगा, ऑनलाईन पोर्टल https://res.cg.gov.in/ अन्य पोर्टल जिसे निविदा विज्ञप्ति में दर्शाया गया है दिनांक 26.09.2023 से डाउनलोड किया जा सकता है एवं कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में उपस्थित होकर देखी जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग
बालोद जिला - बालोद ( छ.ग. )

जी-5749/1



केन्द्र सरकार के नीति आयोग ने कहा

"छत्तीसगढ़ में 40 लाख लोग गरीबी रेखा से ऊपर आए"

यह अचानक और अपने आप नहीं हुआ
सेवा, जतन, सरोकार से हुआ संभव




- 24.5 लाख किसानों को धान का समर्थन मूल्य और 9,000 रु प्रति एकड़ इनपुट सब्सिडी
- 5.63 लाख भूमिहीन परिवारों को प्रति वर्ष 7,000 रु की अतिरिक्त आय
- 12.5 लाख तेंदूपत्ता संग्राहकों का पारिश्रमिक 2,500 रु से बढ़ाकर 4,000 रु
- दुर्गम क्षेत्रों और शहरी बस्तियों में मोबाइल अस्पतालों से 1.86 करोड़ लोगों का मुफ्त एवं बेहतर ईलाज
- धनवंतरी मेडिकल स्टोरों में सभी दवाइयों पर 72% तक की छूट
- 727 स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट स्कूलों में 4.4 लाख बच्चों को आधुनिक एवं नि:शुल्क शिक्षा
- 67 लघु-वनोपज की समर्थन मूल्य खरीदी से 6 लाख वनाश्रित परिवारों की आय सुनिश्चित
- 45.16 लाख घरेलू बिजली उपभोक्ताओं का बिजली बिल हाफ
- हर परिवार को हर माह 35 किलो चावल सार्वभौम पीडीएस योजना से 99.9% आबादी को खाद्य सुरक्षा
- कोरोना काल में भी छत्तीसगढ़ की आर्थिक विकास दर देश में सबसे बेहतर रही

आपके आशीर्वाद और मतों की ताकत से बनी छत्तीसगढ़ सरकार
आपके लिए समर्पित, सदा आपके साथ भरोसे की सरकार

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprCg.gov.in


प्रकाशक, मुद्रक– राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक– राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन– 6072/59 डाक पंजीयन–सीजी/रायपुर संभाग/19/2021–23
फोन– (0771) 4077750, 4077760, 2292011/22 फैक्स–2534955 email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

उल्टा पुल्टा

घोंचू ने अपने दोस्त पोंचू से कहा- मैं अपनी बीवी की वजह से एक दिन नरक में जाऊंगा, हर दिन झूठ जो बोलना पड़ता है।
पोंचू ने हैरान होकर पूछा- ऐसा क्यों है मेरे भाई?
**घोंचू**- रोज सुबह-शाम सजने-संवरने के मेरी बीवी पूछती है कि मैं कैसी लग रही हूं।

# रेडी टू ईट निर्माण एवं वितरण कार्य फिर से महिला समूह को सौंपने की मांग



## महिलाओं ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर किया चक्काजाम रैली निकाल अपने मांगों के समर्थन में लगाए नारे

**जगदलपुर,** 29 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश महिला स्व सहायता समुह संघ सोसायटी कि बस्तर संभाग इकाई द्वारा शुक्रवार को रैली निकाल कर धन प्रदर्शन किया गया। रेडी टू ईट फूड निर्माण एवं वितरण कार्य जो कि महिला समुहों से छीन लिया गया है, को महिला समुहों को वापस किये जाने की मांग मुख्यमंत्री से करते हुए शुक्रवार को रैली निकाल कर प्रदर्शन किया और लगभग एक घंटे तक राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर चक्का जाम कर अपने मांगों के समर्थन में नारेबाजी की , जिसके चलते 1 घंटे तक आमागुड़ा चौक पर आवागमन बाधित हुआ। चौक के दोनों और वाहनों की लंबी-लंबी कतार लगी रही। कुछ वाहन चालक वापस होकर दूसरे मार्ग से अपने गंतव्य तक पहुंचाने का प्रयास किया।

संघ के पदाधिकारी माधुरी साहू ने अपने मांगों के समर्थन में बताया कि रेडी टू ईट निर्माण एवं वितरण का कार्य सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में क्षेत्रिय महिला स्व सहायता समूहों द्वारा 2009 से संचालित किया जा रहा था, जिसे विगत लगभग दो वर्ष से कांग्रेस की सरकार ने छीन लिया है जिसके प्रभाव स्वरूप विभिन्न समस्याएं महिला समुहों को हो रही है। विगत 2 वर्ष से छत्तीसगढ़ की सम्पूर्ण महिला समूह जो रेडी टू ईट फूड निर्माण का कार्य कर रही थी पूरी तरह बेरोजगार हो गयी हैं। महिला समूहों के पास निर्माण कार्य के लिए जो यूनिट बनाया गया था जिस पर लगभग 10 लाख रूपये का लोन लगभग सभी समुहों पर है उसको चुकाने का सामर्थ्य समुहों द्वारा बेरोजगारी के वजह से नहीं हो पा रहा है, इसके वजह से महिला बहने मानसिक परेशानी का भी दंश झेल रहीं हैं। छत्तीसगढ़ की 1785 महिला समूहों की 26000 महिला सदस्य व प्रत्येक सदस्य का पूरा परिवार जो इस रोजगार पर आश्रित था वो निराधार हो चुका है जिसमें छत्तीसगढ़ के 3 लाख लोग प्रत्यक्ष प्रभावित हो रहे हैं। यदि परोक्ष की बात करें तो लगभग 10 लाख लोग अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित हो रहे हैं । छत्तीसगढ़ की समस्त महिला समूह की ओर से छत्तीसगढ़ प्रदेश महिला स्व सहायता समूह यह मांग करती है कि इस रोजगार को पुन: बहाल किया जावे। मुख्यमंत्री से सहयोग की हम छत्तीसगढ़ प्रदेश महिला स्व सहायता समूह संघ सोसायटी अपेक्षारत हैं।

# मादक पदार्थों की तस्करी में रोकथाम लगाने के लिए एसपी को दिल्ली में किया गया सम्मानित



**सुकमा**, 29 सितंबर (देशबन्धु)। सुकमा पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण के सख्त निर्देश और सुकमा पुलिस की सतर्कता से सुकमा जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के रोकथाम लिए किए गए उल्लेखनीय प्रयास और कार्यवाही के लिए आज देश की प्रतिष्ठित संस्था फिक्की द्वारा आज दिल्ली में सुकमा पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण को बेस्ट परफार्मिंग आफिसर अवार्ड से सम्मानित किया गया। दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में आज देश की प्रतिष्ठित संस्था फिक्की ने सुकमा पुलिस द्वारा मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए उठाए गए कड़े कदम जिस पर लगातार पुलिस को सफलताएं भी मिली और पुलिस द्वारा किए गए बेहतरीन कार्य के लिए आज एसपी किरण चव्हाण को सम्मानित किया है। इस सम्मान से सुकमा पुलिस का मनोबल बढ़ेगा और पुलिस अधिकारी और कर्मचारी बेहतर तरीके से कार्य करेंगे।

**सुकमा तीन राज्यों का सीमाओ से लगा हुआ क्षेत्र है:** तीन राज्यों की सीमा से लगा होने और खासकर ओडिशा से लगा होने के कारण यहां से सबसे ज्यादा मादक पदार्थ गांजा की तस्करी होती है। और गांजे की तस्करी को लेकर पुलिस हमेशा सर्तक रहती है और आए दिन कार्रवाई होती रहती है। पिछले कुछ महिनों से लगातार गांजे के खिलाफ कार्रवाई की गई, जिसके चलते गांजे की तस्करी में कमी आई है। मादक पदार्थों के खिलाफ लगातार कार्रवाई को देखते हुए देश की प्रतिष्ठित संस्था फिक्की ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए अवार्ड दिया गया। एसपी किरण चव्हाण ने इस अवार्ड के लिए पूरे टीम को बधाई दी उन्होंने कहा कि जिले में लगातार मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है जिसके लिए मेरी पूरी टीम बधाई की पात्र है।

# एनसीसी केडेट्स ने रैली निकाल लोगों को किया जागरूक



**जगदलपुर,** 29 सितंबर (देशबन्धु)। लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आसना के तत्वावधान में स्वच्छता ही सेवा अंतर्गत एन.सी.सी. केडेट्स द्वारा रैली तथा स्वच्छता शपथ का आयोजन किया गया। रैली ग्राम के विभिन्न स्थानों से होते हुए ग्राम आसना के तामाकोनी स्थान पर श्रमदान किया गया। साथ ही साथ नुक्कड़ नाटक द्वारा स्वच्छता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर संस्था प्राचार्य रमेश उपाध्याय, प्रधान अध्यापक ममता राव, तुलसी दास, निशा लाल, सुरेश पानीग्राही, जमुना ठाकुर, सरपंच प्रवीर देहारी, सचिव रतन बघेल तथा भारी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सभी कार्यों मे मार्गदर्शन एनसीसी प्रभारी चंद्रशेखर जैन का रहा।

# महिला आरक्षण पर कांग्रेस भ्रम फैलाना बंद करे

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में उठाया ठोस कदम : केदार कश्यप



## कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे के बयान पर जताई आपत्ति, कहा – 30 साल से ही कांग्रेस की वजह लटका रहा महिला आरक्षण बिल

**जगदलपुर,** 29 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ दौरे पर आये कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के महिला आरक्षण के संबंध में दिए गए बयान पर भारतीय जनता पार्टी ने आपत्ति जताई है। भाजपा प्रदेश महामंत्री केदार कश्यप ने कड़े शब्दों में कहा कि कांग्रेस ने आजादी के बाद से अब तक महिलाओं को धोखा देने के अलावा कुछ नहीं किया और अब भी भ्रम फैला कर वही कर रही है। 30 साल से महिला आरक्षण बिल कांग्रेस की वजह से लटका रहा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में यह कदम उठाया है और इस पर भी कांग्रेस भ्रम फैलाने का काम कर रही है। कांग्रेस ने राज्यसभा में जो महिला आरक्षण बिल पारित कराया था, वह किसी काम का नहीं था। श्री मोदी ने संसद के दोनों सदनों में जो महिला आरक्षण विधेयक पारित कराया है, वह स्वयं में संपूर्ण है और सुनिश्चित किया गया है कि देश की महिलाओं को उनका हक मिले।

केदार कश्यप ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे महिला आरक्षण को चुनावी जुमला बता रहे हैं, वह भूल रहे हैं कि केंद्र में अब कांग्रेस की लटकाने और भटकाने वाली सरकार नहीं है। यह निर्णय मोदी जी की मजबूत सरकार ने लिया है, जिसने धारा 370 जैसे कानूनों को समाप्त किया है। श्री कश्यप ने कहा कि भाजपा प्रारंभ से ही महिला आरक्षण की समर्थक रही है जबकि कांग्रेस की मनमोहन सरकार की सहयोगी कई पार्टियां इसका लगातार विरोध करती रही। उनके दबाव में की आड़ में कांग्रेस पार्टी महिला आरक्षण विधेयक को लटकाती रही। अब वही विरोध करने वाली पार्टियां न केवल मोदी सरकार के प्रस्ताव को मजबूरी में समर्थन किया बल्कि अभी भी आरक्षण के नाम पर उलझाने की कोशिश कर रही हैं। देश की मातृशक्तियां सब देख रही हैं, जो समय आने पर अपना जवाब देंगी।

श्री कश्यप ने कहा कि यह बात सामान्य व्यक्ति भी जानता है कि कोई भी निर्णय एकदम से लागू नहीं किया जा सकता। एक प्रक्रिया के तहत ही देश चलता है। कांग्रेस संविधान और संवैधानिक व्यवस्थाओं में भरोसा करती ही नहीं है। उसके नेताओं और एक परिवार विशेष के लिए वह एक अलग संविधान की कल्पना करते हैं। भाजपा की सरकार संविधान के अनुसार काम करती है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष ने जो आरोप लगाए हैं कि कांग्रेस नेताओं के पीछे सारी जांच एजेंसियों को लगा दिया गया है तो सवाल उन्हें कांग्रेसियों से करना चाहिए कि आखिर ऐसा क्यों करना पड़ा। यदि जनता का धन चुराएंगे तो ऐसा करने वाले कहां जाएंगे? जैसा किया है वैसा दंड कानून देगा। हम कानून पर भरोसा करते हैं, इसलिए सारे मामले पूरी पारदर्शिता के साथ कानून के हवाले किए जाते हैं। छत्तीसगढ़ की जनता देख रही है कि केंद्रीय एजेंसियों के छापों में क्या-क्या मिला है और जो गिरफ्तार किए गए हैं, उन्हें कई महीनों बाद भी अदालत से जमानत नसीब नहीं हुई है। इसका मतलब स्पष्ट है कि भ्रष्टाचारियों और उनके भ्रष्टाचार पर शिकंजा कसा गया है। यह छत्तीसगढ़ के हित में है, छत्तीसगढ़ की जनता के हित में है।

# मंत्री लखमा ने जगरगुंडा में 30 बिस्तर अस्पताल, तहसील कार्यालय व किस्टाराम में धान खरीदी केंद्र का किया भूमिपूजन



## भेंट मुलाकात कार्यक्रम– किस्टाराम में ग्रामीणों से हुए रूबरू

**सुकमा,** 29 सितंबर (देशबन्धु)। आबकारी मंत्री कवासी लखमा जिले प्रवास के दौरान शुक्रवार को ग्राम जगरगुण्डा में 30 बिस्तर अस्पताल, तहसील कार्यालय और किस्टाराम में धान खरीदी केंद्र का भूमिपूजन किया। मंत्री कवासी लखमा ने किस्टाराम में धान खरीदी केंद्र का भूमिपूजन किया। इसके पश्चात् जगरगुंडा में, जहां 30 बिस्तर अस्पताल व तहसील कार्यालय का भूमिपूजन किया गया।

कवासी लखमा ने संबोधन करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार प्रत्येक व्यक्तियों के विकास के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं का संचालन कर रही है। उन्होंने कहा कि शासन प्रशासन के प्रयासों से अंदरूनी इलाके तक विकास हुआ हैं और आगे भी निरंतर प्रयास जारी हैं। उन्होंने कहा कि सड़क, शिक्षा व बेहतर स्वास्थ्य उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता हैं इसे पूरा करने निरंतर प्रयास जारी हैं और कहा कि सड़क से ही विकास के रास्ते खुलते हैं, आज एल्मागुंडा तक सड़क पहुंची हैं जिससे वहां की तस्वीर बदली हैं। भेंट मुलाकात कार्यक्रम प्रवास के दौरान मंत्री कवासी लखमा ने किस्टाराम में भेंट मुलाकात कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों से हुए रूबरू। चौपाल लगाकर ग्रामीणों से मिलकर उनका हालचाल जाना और उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने अधिकारियों को त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। इस दौरान मंत्री कवासी लखमा को अपने बीच पाकर ग्रामीणजन काफी खुश नजर आए।

बता दे कि हाल ही में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 24 सितम्बर को जिले को 273 करोड़ से अधिक रुपए का 137 विकास कार्यों का जिलेवासियों को लोकार्पण एवम् शिलान्यास कर सौगात दी । इस अवसर जिला पंचायत उपाध्यक्ष बोड्डू राजा अन्य जनप्रतिनिधिगण सहित अधिकारी एवम् कर्मचारीगण बड़ी संख्या में ग्रामवासी रहें मौजूद उपस्थित थे।

# फर्नीचर व्यापार को बनाया आय का जरिया रैमती बघेल ने



## मासिक 15 हजार तक अर्जित कर रही आय

**जगदलपुर,** 29 सितंबर (देशबन्धु)। आदमी ने कोई काम करने का सोचा तो राह कहीं न कहीं से मिल जाता है। बस्तर जिले के विकासखंड बस्तर के ग्राम पंचायत छोटे आमाबाल की रैमती बघेल ने फर्नीचर व्यापार में स्वरोजगार कर अपने आय का जरिया बनाई है। रैमती पांचवी तक पढाई की है, महिला स्व सहायता समुह में जुड़ने के बाद समुह से ऋण लेकर छोटा सा किराना का दुकान खोली थी, रैमती के पति भी बेरोजगार थे। पहले दोनों मनरेगा कार्य करते थे लेकिन रैमती दुकान को बड़ा करना चाहती थी। उन्होंने अपने पति के साथ फर्नीचर दुकान खोलने पर विचार किए और उन्होने समूह के माध्यम से 50 हजार तक सहायता राशि प्राप्त किए और दुकान में सामान बढ़ाया। इसके बाद उन्होंने 2022 में एनआरईटीपी से आर्थिक रूप से 45 हजार का सहायता राशि मिला और एनआरईटीपी से प्रशिक्षण भी मिला। पति कम पढ़े होने के कारण छोटा सा किराना दुकान को बड़ा करके अब किराना के साथ फर्नीचर का भी दुकान चलाते हैं अब उनके व्यापार में बदलाव आया है और रैमती का जीवन-यापन अच्छा चल रहा है अब वे लगभग 15 से 20 हजार तक कमा रही है ।

# हाटगुड़ा में सीसी सड़क तो माड़पाल में देवगुड़ी मरम्मत के लिए विधायक ने किया भूमिपूजन



**जगदलपुर,** 29 सितंबर (देशबन्धु)। गुरुवार को संसदीय सचिव व जगदलपुर विधायक रेखचंद जैन ने हाटगुड़ा में सीसी सड़क निर्माण और माड़पाल में देवगुड़ी मरम्मत के लिए भूमिपूजन किया। दोनों ही स्थानों पर उन्होने भूमिपूजन बाद उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते भूपेश है तो भरोसा है के मायने बताए। श्री जैन ने कहा कि किसानों की कर्ज माफी के एलान के बाद से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सभी वर्गों को राहत प्रदान करने की योजनाएं आज तक जारी हैं और मुख्यमंत्री पर जनता का यही भरोसा आगामी चुनावों में कांग्रेस को बल प्रदान करेगा। श्री बघेल ने जनता के बड़े वर्ग के लिए निशुल्क खाद्यान्न की व्यवस्था की है। किसानों से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी पर छत्तीसगढ़ जितनी राशि देश का कोई भी राज्य नहीं दे रहा है। धान बोनस की व्यवस्था भी की गई है। एक एकड़ में 15 की जगह 20 चिंटल धान खरीदने की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। भाजपा राज में जहां किसानों को लाठियां मारी जाती थीं वहीं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार में उचित मान- सम्मान दिया जा रहा है। राज्य के किसानों को मुख्यमंत्री ने स्वाभिमानी बनाया है इसलिए किसानों का भरोसा कांग्रेस सरकार व मुख्यमंत्री बघेल पर बढ़ा है। राजीव गांधी किसान न्याय योजना समेत अनेक कृषक हितैषी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। आदिवासी अंचल की संस्कृति संरक्षण- संवर्धन का जो कार्य मुख्यमंत्री के नेतृत्व में चल रहा है, उसकी भाजपा ने कभी कल्पना भी नहीं की थी। विधायक जैन ने लोगों को आश्वस्त करते कहा कि भविष्य में भी यह कार्य जारी रहेंगे। महिलाओं, भूमिहीन किसानों, युवाओं, बेरोजगारों आदि के हितार्थ चलाई जा रही योजनाओं का उल्लेख भी संबोधन में श्री जैन ने किया।

## सड़क बनाने किया भूमिपूजन

ग्राम पंचायत हाटगुड़ा में सीसी सड़क निर्माण के विधायक रेखचंद जैन, सरपंच दुर्गा उद्दे व अन्य पंचायत प्रतिनिधियों ने विधि- विधानपूर्वक पूजा-अर्चना की। 300 मीटर लंबी सीसी सड़क निर्माण को लेकर ग्रामीणों में अत्यधिक उत्साह नजर आ रहा था। कार्यक्रम के दौरान राजीव युवा मितान क्लब अध्यक्ष सोमारु नाग, बंशीधर नेताम, सविता नाग, यशोदा ठाकुर, बालक गोयल, शांति बघेल, मनीराम दादा, जयमन गोयल, कृष्ण राम, गोपाल नाग, मंगली कश्यप, जगन्नाथ, मसू, तुलसी नाग, लखमू आदि मौजूद रहे। धुरगुड़ा में कुछ हितग्राहियों को मुख्यमंत्री आवास योजना के प्रमाणपत्र भी वितरित किए गए। मंच संचालन हेमंत देवांगन ने किया।

## सरपंच को सौंपा चेक

माड़पाल में कोदई माता की गुड़ी मरम्मत के लिए विधायक रेखचंद जैन ने सरपंच मंदना नाग को चेक सौंपा। वहां कार्यक्रम संचालन वरिष्ठ कांग्रेस नेता व सरपंच संघ के संभागीय अध्यक्ष लैखन बघेल ने किया। भूमिपूजन अवसर >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# शासकीय सेवक को सेवानिवृत्त होने के बाद भी समाज को सेवा देते रहना चाहिए : कलेक्टर



## सेवानिवृत्त हो रहे 10 कर्मचारियों को कलेक्टर ने दिया पेंशन प्राधिकार पत्र

**जगदलपुर,** 29 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर विजय दयाराम के. ने कहा कि शासकीय सेवक के रूप में लम्बी अवधि तक सेवा देने के उपरांत सेवानिवृत्त होने के बाद समाज-प्रदेश के विकास में अपना योगदान दें। हर माह की तरह हमारे शासकीय कर्मचारी सेवानिवृत्त हो रहे हैं, उन्होंने सेवानिवृत्त हो रहे शासकीय सेवकों की स्वस्थ और खुशहाल जीवन की कामना करते हुए कहा कि सेवानिवृत्त हमारे शासकीय सेवकों को उनके सभी स्वत्वों का शासकीय नियमों के अनुसार उनका हक एवं पात्रता का समय पर प्रदाय करने का प्रयास किया जा रहा है। कलेक्टर ने शुक्रवार को जिला कार्यालय के आस्था सभाकक्ष में आयोजित सेवानिवृत्त हो रहे 10 शासकीय सेवकों को पेंशन प्राधिकार पत्र वितरण कार्यक्रम में कही। कलेक्टर ने सेवानिवृत्त व्यक्तियों को पुष्पमाला, शॉल-श्रीफल और पीपीओ पत्र देकर सम्मानित किए। इस अवसर पर वरिष्ठ कोषालय अधिकारी संजय सोनवानी ने बताया कि इस माह सेवानिवृत्त हो रहे 10 शासकीय सेवकों को पेंशन प्राधिकार पत्र जारी की गई है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीपी बघेल, कार्यालय संयुक्त संचालक कोष, लेखा एवं पेंशन से उप संचालक भारती कोर्राम कश्यप सहित जिला कोषालय के अन्य अधिकारी-कर्मचारी और सेवानिवृत्त हो रहे विशिष्टगण उपस्थित थे।

सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारियों ने शासन-प्रशासन की इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि शासकीय सेवक के लिए सेवा के अंतिम दिन उसके सभी स्वत्वों का भुगतान समय पर किया जा रहा है। यह संवेदनशील सराहनीय पहल है।

# दानवीर भामा शाह सम्मान के लिए प्रविष्टियां 8 अक्टूबर तक आमंत्रित

**जगदलपुर,** 29 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष राज्योत्सव के अवसर पर दानशीलता, सौहार्द एवं अनुकरणीय सहायता प्रदान करने वाले उत्कृष्ट व्यक्ति संस्था को 'दानवीर भामा शाह सम्मान' प्रदाय किया जाता है। चयनित व्यक्ति संस्था को सम्मान के रूप में 1 लाख रूपए एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान करने का प्रावधान है। उप संचालक समाज कल्याण विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रविष्टियां हेतु 8 अक्टूबर 2023 तक जमा किया जाना है। ऐसी संस्था एवं व्यक्ति के लिए आवश्यक है कि वह छत्तीसगढ़ का निवासी हो एवं उनका कार्यक्षेत्र छत्तीसगढ़ हो, संस्था एवं व्यक्ति का चयन उसके किए कार्यों एवं किए जा रहे कार्यों के देखकर किया जाएगा। उत्कृष्ट कार्यों के संबंध में प्रकाशन प्रख्यात व्यक्तियों पात्र पत्रिकाओं द्वारा दी गई टिप्पणी आदि होना अनिवार्य है। उपरोक्त पुरस्कार संबंध में अधिक जानकारी हेतु कार्यालयीन समय में कार्यालय उप संचालक पंचायत एवं समाज कल्याण जगदलपुर से प्राप्त किया जा सकता है।

# राष्ट्रीय सूक्ष्म खाद्य उद्यमिता योजना की सहायता से गीता बनी आत्मनिर्भर



## अचार-पापड़ एवं मसाला यूनिट से कर रही हैं आय

**जगदलपुर,** 29 सितंबर (देशबन्धु)। जिले के बकावण्ड निवासी गीता वैष्णव विपरीत परिस्थितियों के बावजूद अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति और शासन की योजना से लाभान्वित होकर स्वयं का कारोबार स्थापित कर आज आत्मनिर्भर बन गई हैं। हायर सेकंडरी तक शिक्षा प्राप्त अपने पति के निधन के बाद आर्थिक रूप से असहाय हो गई थी। उनके पास कोई रोजगार नहीं था, उन्हे अपना जीवन यापन करने क लिए दूसरे के ऊपर निर्भर होना पड़ गया था । गीता बताती हैं कि इस बीच स्वयं के पास बचत राशि एवं परिचितों की मदद से आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम बढ़ाया और बकावण्ड में टिफिन का व्यवसाय शुरू किया, इसके साथ ही आमदनी में ईजाफा के लिए सिलाई का काम भी करने लगी। जिससे उसकी आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ। लेकिन गीता अपने परिवार के लिए आय का स्थायी समाधान मन में रखी थी, जिसे पूरा करने के लिए उसे सहायता की जरूरत थी।

इस दौरान जब 2018 में गांव की महिलाएं स्व सहायता समूह गठित कर रही थीं तो गीता भी इस समूह मे जुड़ गई और बिहान समूह में शामिल होकर अचार-पापड़ का काम करने लगीं। इसी बीच में >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# मंत्री मरकाम ने किया आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका व मितानिनों का सम्मान

**कोण्डागांव**, 29 सितम्बर (देशबन्धु)। कोंडागांव विधान सभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक एवं छत्तीसगढ़ सरकार के केबिनेट मंत्री मोहन मरकाम ने अपने कोंडागांव विधान सभा अंतर्गत आने वाली आंगन बाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं एवं मितानिन दीदियों का सम्मान समारोह आयोजित कर शॉल, श्रीफल व साड़ी भेंट किया गया। जिसमें कोंडागांव विधान सभा के दोनों ब्लॉक माकड़ी व कोंडागांव के सभी आंगन बाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं मितानिन सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में मंच पर कांग्रेस पदाधिकारी कम, मितानिन, आंगन बाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका मुख्य अतिथि मोहन मरकाम के साथ नजर अधिक आए।



छत्तीसगढ़ महतारी, महात्मा गाँधी के छायाचित्र पर माल्यार्पण करते हुए राज गीत अरपा पैरी के धार से कार्यक्रम शुरु हुआ। वहीं स्वागत सूची में महिला कांग्रेसियों ने सभी अतिथियों का तिलक चंदन लगाकर स्वागत किया। फिर मितानिन एवं आंगन बाड़ी के प्रमुख महिला कार्यकर्ताओं ने सभा को सम्बोधित किया। मंत्री मोहन मरकाम ने ने कहा यह कार्यक्रम कोई राजनीतीक कार्यक्रम नहीं है, बस्तर की परम्परा नवा खानी मिलन समारोह के आधार पर व आपके द्वारा कोरोना काल में किए कार्यों को देख एक भाई के द्वारा बहनों को सम्मान करने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। मेरे बुलावे को स्वीकार किया जिसके लिए सभी का धन्यवाद।

**विस क्षेत्र की 5 हजार कार्यकर्ता, सहायिका व मितानिन शामिल हुए**

आपकी मांगों को हमारी सरकार ने गौर किया और कुछ हद तक पूरा किया है, आपका आशीर्वाद मिले तो हम पुन: सरकार में आएंगे आप सभी की जायज मांगों को पूरा करने की दिशा में आगे काम करेंगे। मोहन मरकाम सहित सभी मंचासीन अतिथियों ने कार्यकर्ता, सहायिका एवं मितानिनों द्वारा आयोजित गीत नाटक का कार्यक्रम देखा व सुना। मंत्री मोहन मरकाम ने अपने अंदाज में कुछ सवाल किए, सही जवाब देने वालों को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में 20 मितानिन एवं 20 आंगन बाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाओं को कोरोना वारियर्स मानते हुए शॉल श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया, जिनमें पिलाराम पांडे, फूलवती नेताम, छनबाई, राम कुमारी, फूलकुन्ति, बिराजो, मैनी बाई, पियम दुर्गा, विजया देवांगन, राजेंद्र मरई, मीना नेताम, रीता नेताम, विमला नेताम, पदमनी वैष्णव, कमीतला यादव, एजेंद्री सेठिया, चन्द्रकला मरकाम, छबीला पांडे, रुपनवती एल्मा, अजीजा जागीरदार, कमलबती देवांगन, मनीषा चक्रवर्ती, सीमा मंडल, हिरौन्दी कौशिक, ज्ञानेश्वरी सोनी, सुनीता नाग, हिना सोनी, आनंदबती सोनी, ममता दास, लक्ष्मी नायक, राधा पुजारी, इंद्रा बैध, कुंती शार्दुल, अक्तिदई, सीमा, संतकुमारी सूर्यवंशी, सविता नेताम, चंचला बघेल, लक्ष्मी मानिकपुरी शामिल रहे। कार्यक्रम के बाद भोजन की व्यवस्था भी रखी गयी थी। कार्यक्रम में विधान सभा क्षेत्र के लगभग 5 हजार महिलाओं ने शिरकत किया।

# कब-बुलबुल ने मनाया शहीद-ए-आजम भगत सिंह की जयंती

**कोण्डागांव,** 29 सितम्बर (देशबन्धु)। शासकीय प्राथमिक शाला मुरारीपारा बड़ेबेंदरी के कब मास्टर पवन कुमार साहू, शासकीय प्राथमिक शाला बाजार पर के फ्लॉक लीडर श्रीमती दीप माला वैष्णव के नेतृत्व में श्रीमती सुधा अवस्थी, श्रीमती मंजुलता उईके एवं दोनों संस्थाओं के कब बुलबुल के छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में स्वतंत्रता संग्राम के महान नायक शहीद ए आजम सरदार भगत सिंह जी की जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प अर्पित कर मनाया गया। इस अवसर पर कब मास्टर पवन कुमार साहू एवं फ्लॉक लीडर श्रीमती दीपमाला वैष्णव ने जानकारी देते हुए कहा कि भगत सिंह जी का जन्म 28 सितंबर 1907 में लालपुर जिले के बंगा गांव में हुआ था, जो अब पाकिस्तान में है। सरदार भगत सिंह, करतार सिंह द्वारा संचालित गदर पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर अंग्रेजों के विरुद्ध लड़ाई में कूद पड़े। 13 अप्रैल 1919 की जलियांवाला बाग हत्याकांड का भगत सिंह जी पर गहरा प्रभाव पड़ा। उन्होंने 14 वर्ष की आयु में 1920 में महात्मा गांधी जी द्वारा चलाए जा रहे अहिंसा आंदोलन में भाग लेकर विदेशी सामानों का बहिष्कार करते हुए सरकारी स्कूलों के पुस्तक एवं कपड़े जला दिए। 1927 में काकोरी कांड में संलिप्त होने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया और 8 अप्रैल 1929 में असेंबली में बम फेंका, उनका उद्देश्य किसी को मारना नहीं था, किंतु गूंगी बहरी ब्रिटिश सरकार को जगाना था, इस घटना के लिए अंग्रेज अफसर जे.पी.सांडर्स की हत्या के आरोप में 24 मार्च 1931 को फांसी देना तय किया गया। लेकिन अंग्रेज इतने डरे हुए थे कि उन्हें 11 दिन पहले ही 23 मार्च 1931 को प्रात: 7.30 बजे स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को फांसी की सजा दे दी गई।



**गूंगी-बहरी ब्रिटिश सरकार को जगाने भगत सिंह ने असेंबली में फेंका था बम**

# स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के सुचारू रूप से संचालन हेतु सीईओ जिपं ने ली बैठक



**बीजापुर,** 29 सितंबर (देशबन्धु)। सीईओ जिला पंचायत रविकुमार साहू ने 27 सितंबर को जनपद पंचायत कार्यालय उसूर और भोपालपट्टनम मे समीक्षा बैठक ली जिसमे स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत 1 अक्टूबर को सुबह 10 बजे प्रत्येक ग्राम में वृहद स्तर पर सामूहिक श्रमदान किये जाने हेतु जन भागीदारी कराने, सार्वजनिक स्थान स्कूल, आंगनबाडी, पंचायत भवन, पीडीएस दुकान, हाट बाजार, तालाब, पीएचसी, सीएचसी, सब संटेर, देवगुडी, गौठान, रीपा, सामुदायिक शौचालय के समीप साफ-सफाई करवाने के संबंध में ग्राम पंचायत सरपंच एवं सचिवों को कहा साथ ही स्व्ह्रक्ष-व्र, स्क्रू क्क्क्ष्ठ आदि योजना की प्रगति की जानकारी लिया गया। जिसमे प्रभाकर कुमार चंद्राकर, एस बी गौतम (मुख्य कार्यपालन अधिकारीजनपद पंचायत उसूर एवं भोपालपटनम, बीएमओ, जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन, मनरेगा परियोजना अधिकारी, ग्राम पंचायत सरपंच/ सचिव उपस्थित थे।

# चारामा में रक्तदान शिविर का आयोजन

**चारामा,** 29 सितंबर (देशबन्धु)। आयुष्मान भव अभियान के तहत 29 सितंबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चारामा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 28 रक्तदाताओं ने रक्त दान किया।शिविर का संचालन बीएमओ लखन लाल जुर्री की उपस्थिति में जिला से आए डॉ. अखिलेश गायकवाड, डॉक्टर एमके मरकाम रविशंकर सिंह पैथालॉजिस्ट (प्रभारी ब्लड बैंक) प्रभारी लैब टेक्नीशियन, मनीष ठाकुर लैब टेक्नीशियन, तामेश्वर साहू लैब टेक्नीशियन, अजय सेठिया लैब टेक्नीशियन, श्रीमति गायत्री ध्रुव स्टॉफ नर्स, कु. ममता शोरी लैब टेक्नीशियन, चारामा स्वास्थ्य कर्मचारी लैब टेक्नीशियन जी आर मंडावी दुष्यंत गावड़े, शिवानी जैन, एस के गजेंद्र, फर्मासिस्ट टमन जैन, बीपीएम धनंजय बंसोड़ सहित अन्य कर्मचारियों के सहयोग से 28 लोगों का रक्तदान हुआ, जिसमे आम नागरिकों के अलावा पत्रकारों और खुद स्वास्थ्य कर्मचारियों शिक्षको और महिलाओं ने भी बढ़चढ़ कर रक्तदान किया।रक्तदान के लिए रेडक्रॉस सोसायटी से शिक्षक विजय राय, कमलेश गावड़े, बोधन साहू, धर्मेंद्र साहू, पवन जैन और युवा समाज सेवी संस्था के अध्यक्ष उत्तम साहू, लिकेश घृतलेहरे, जयहिंद रक्तदान सेवा समिति के अध्यक्ष टीकम तारम, का भी सहयोग रहा।शिविर में एसडीएम राकेश गोलछा, नायब तहसीलदार मिशा भार्गव भी उपस्थित होकर सभी रक्तदाताओं को रक्तदान करने पर शासकीय कोमल देव जिला चिकित्सालय कांकेर की और से जारी रक्तदान सेवा प्रशंसा पत्र का वितरण किया और शुभकामनाएं देते हुए और भी लोगों को अधिक से अधिक रक्तदान करने की अपील की।



# मिचनार के समुदाय को मिलेगा 2 सामुदायिक वनाधिकार मान्यता पत्र

**जगदलपुर,** 29 सितंबर (देशबन्धु)। जिले के लोहण्डीगुड़ा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत मिचनार-2 के समुदाय को दो सामुदायिक वनाधिकार मान्यता पत्र प्रदान करने की स्वीकृति जिला स्तरीय वनाधिकार समिति द्वारा दी गई है। जिसके तहत ग्राम पंचायत मिचनार-2 के ग्रामसभा द्वारा पारित प्रस्ताव पर ग्राम स्तरीय वनाधिकार समिति तथा अनुविभाग स्तरीय वनाधिकार समिति की अनुशंसा के आधार पर आदिवासी समाज कब्रिस्तान एवं मसीह समाज कब्रिस्तान के लिए सामुदायिक वनाधिकार मान्यता पत्र प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। ज्ञातव्य है कि राज्य शासन द्वारा आदिम जाति एवं गैर परम्परागत वन निवासी अधिनियम का कारगर क्रियान्वयन कर सामुदायिक प्रयोजन के लिए सामुदायिक वनाधिकार मान्यता पत्र सहित वन संसाधनों के सामुदायिक उपयोग एवं देखभाल के लिए सामुदायिक वन संसाधन मान्यता पत्र समुदाय को प्रदान किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत बस्तर अंचल में वृहद स्तर पर सामुदायिक वनाधिकार मान्यता पत्र और सामुदायिक वन संसाधन मान्यता पत्र स्थानीय समुदाय को प्रदान किया गया है।

## आज जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक

**जगदलपुर,** 29 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर विजय दयाराम के. की अध्यक्षता में 30 सितंबर को सायंकाल 4 बजे कलेक्टोरेट के सभागार में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक आहूत की गई है।

# विशाल स्वच्छता अभियान एक दिन, एक घंटा, एक साथ के तर्ज पर होगी साफ-सफाई

**बीजापुर,** 29 सितंबर। प्रधानमंत्री के आह्वान पर जिले में 1 अक्टूबर 2023 को च्च्स्वच्छता ही सेवाज्ज के अंतर्गत विशाल स्वच्छता अभियान एक दिन, एक घण्टा, एक साथ चलाया जाएगा। जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी रवि कुमार साहू ने बताया कि इस क्रम में बीजापुर के नये व पुराने बस स्टैण्ड पर 85 बटालियन, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के नेतृत्व में अन्य नजदीकी केरिपुबल बटालियन, स्थानीय प्रशासन, जिला पंचायत व स्थानीय नागरिकों की भागीदारी के साथ विशाल स्वच्छता अभियान चलाया जायेगा। अत: सभी नागरिकों से अनुरोध है कि इस देशव्यापी कार्यक्रम में 01 अक्टूबर 2023 को प्रात: 10ः00 बजे से 11ः00 तक एक घण्टे का अपना बहुमूल्य समय देकर बीजापर के नये व पुराने बस स्टैण्ड पर भारी संख्या में पहुंच कर इस अभियान में भाग लें एवं अपने क्षेत्र को स्वच्छ रखने में योगदान दें जो कि गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को स्वच्छांजलि होगी।

# प्राकृतिक आपदा पीड़ित 3 परिवारों के वारिसों को 12 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**जगदलपुर,** 29 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर विजय दयाराम के. द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा पीड़ित 03 परिवारों के वारिसों को 12 लाख रुपये आर्थिक सहायता प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है जिसके तहत तहसील तोकापाल अंतर्गत कलेपाल निवासी गागरा कश्यप की पानी में डूबने से मृत्यु पर पुत्र मोहनराम कश्यप, तहसील बस्तर के बागमोहलई निवासी योगिता की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर पिता गंगाराम नेताम तथा तहसील दरभा अंतर्गत अलवा निवासी हबिल की पानी में डूबने से मृत्यु पर पिता श्री लखमू को तीन-तीन लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। उक्त स्वीकृत सहायता राशि सम्बंधित वारिसों के बैंक खाते में अंतरित किये जाने के निर्देश सम्बंधित तहसीलदारों को दिए गए हैं।

# विश्व रेबीज दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम



- बच्चों ने नाटक के माध्यम से दिया संदेश
- नर्सिंग की छात्राओं ने लिया हिस्सा

**दंतेवाड़ा,** 29 सितंबर (देशबन्धु)। विश्व रेबीज दिवस के अवसर पर जिले के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पूरे विश्व में प्रतिवर्ष 28 सितंबर को विश्व रेबीज दिवस का आयोजन किया जाता है। इसकी शुरुआत सन 2007 में पहली बार की गई और उसके पश्चात लगातार प्रतिवर्ष रेबीज दिवस का आयोजन किया जा रहा है।

इसके तहत जिला स्तर से शासकीय जीएनएम प्रशिक्षण केंद्र दंतेवाड़ा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें गायत्री कॉलेज आफ नर्सिंग के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। इसमें बच्चों के मध्य से रंगोली पेंटिंग एवं नाटक प्रतियोगिता के माध्यम से रेबीज के प्रति जागरूकता का कार्यक्रम किया गया। पेंटिग प्रतियोगिता में गायत्री कॉलेज आफ नर्सिंग के छात्राओं ने बाजी मारी एवं नाट्य प्रतियोगिता में जीएनएम प्रशिक्षण केंद्र के छात्रों ने बाजी मारी। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक ने छात्र-छात्राओं को रेबीज के प्रति विभिन्न जानकारियां दी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला स्वास्थ्य अधिकारी एवं नोडल अधिकारी राष्ट्रीय रेबीज नियंत्रण कार्यक्रम डॉक्टर एस. मंडल, एपिडेमियोलॉजी डॉ. सीमा तिग्गा, प्राचार्य शासकीय जीवन प्रशिक्षण केंद्र दीपाली मंडल, मीडिया अधिकारी अंकित सिंह, अनिल हटवार गायत्री कॉलेज आफ नर्सिंग के शिक्षक एवं जीएनएम प्रशिक्षण केंद्र के स्टाफ मौजूद थे।

# आदिवासी संस्कृति के संरक्षण व संवर्धन के लिए छग सरकार निरंतर प्रयास कर रही है : विक्रम मंडावी



**बीजापुर,** 29 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सरकार के मुखिया भूपेश बघेल के मंशानुसार आदिवासियों के संस्कृति, रीति, रिवाजो का संरक्षण एवं संवर्धन के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। वीर शहिदों की कुर्बानियों को जीवंत रखने प्रमुख चौक-चौराहों पर मूर्ति स्थापित की जा रही है। ताकि आने वाली पीढ़ी उन अमर शहीदों के बलिदान को याद रखे उक्त उद्बोधन क्षेत्रीय विधायक एंव बस्तर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विक्रम शाह मंडावी ने दोरला एवं भतरा समाज के समाजिक भवन के लोकार्पण के दौरान कहा, विधायक विक्रम मंडावी ने कहा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जिले के सभी समाजों के लिए भवन की स्वीकृति दी जिससे समाज के लोगों को भवन के रूप में एक अलग पहचान मिला सभी समाजों के विभिन्न प्रकार के समाजिक, सांस्कृतिक कार्यक्रम, शादी-विवाह जैसे आयोजन अब बड़ी आसानी से एवं भवनों मे कर सकेगें। आज भतरा एवं दोरला समाज के भवन का लोकार्पण हुआ जिससे दोनों समाज के संभागीय प्रतिनिधियों ने भी लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होकर मुख्यमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित किया वहीं समाज प्रमुखों ने बाउन्ड्रीवॉल, शौचालय जैसे विभिन्न सुविधाओ की मांग करने पर विधायक ने सहमति प्रदान की इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुडियम, उपाध्यक्ष कमलेश कारम, जिला पंचायत एवं बस्तर विकास प्राधिकरण के सदस्य श्रीमती नीना रावतिया उद्दे, नगर पालिका अध्यक्ष बेनहुर रावतिया छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के सदस्य प्रवीण डोंगरे सहित जनप्रतिनिधि गण, समाज के प्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## प्रादेशिकी का शेष...

### हाटगुड़ा में सीसी सड़क तो...

पर सरपंच मंदना नाग समेत धनाय नाग, फूलमति, कलंती कुंवर, बोदा नाग, दल प्रसाद, ईश्वर मुरला, तुलाराम ओयर, बनमाली नाग, मनचित नाग, मधु कश्यप, आयती बाई, भानुप्रताप, अंजलि यादव, जयमन, वैशाखु, नन्दो पुजारी, गुत्तेश पुजारी, भानू पटेल, विमला यादव, मंगलदेई, वेणुधर, श्यामसुंदर राजेश कश्यप आदि उपस्थित थे। दोनों कार्यक्रमों के दौरान विधायक के साथ एमआइसी सदस्य राजेश राय, एल्डरमेन सुरेन्द्र झा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता परमजीत जसवाल, विजय सिंह, कुलदीप भदौरिया आदि मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय सूक्ष्म खाद्य उद्यमिता...

गीता ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से प्रशिक्षण प्राप्त किया और कलस्टर फंड से 60 हजार रुपये ऋण प्राप्त कर वह स्वयं का अचार-पापड़ बनाने का व्यवसाय शुरू किया। जिससे उसकी आमदनी में बढ़ोतरी होने लगी और अपने दोनों बेटे की की परवरिश तथा पढ़ाई पर ध्यान देने लगीं। गीता अपने व्यवसाय को और आगे बढ़ाना चाहती थीं जिसके लिए वह 2021 में राष्ट्रीय सूक्ष्म खाद्य उद्यमिता योजनानान्तर्गत 80 हजार रुपये की सहायता लेकर मसाला यूनिट लगाई और अपने व्यवसाय को उन्नति की ओर बढ़ाया। गीता दीदी अब स्वयं से अपने और अपने परिवार के लिए स्थायी आय का स्त्रोत विकसित कर चुकी थीं। कड़ी मेहनत एवं लगन से संचालित अपने इस व्यवसाय से गीता दीदी ने बैंक का ऋण अदा करने के बाद खुद का घर बनाया और गाड़ी भी ली। उसने न केवल अपने व्यवसाय को बढ़ावा दिया, बल्कि अपने बेटे के भविष्य को भी संवारने में सफलता पाई। अपने बेटे के लिए नए द्वार खोलकर वह उसे एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनने की संभावना दिलाई। गीता दीदी की कहानी हमें यह सिखाती है कि संघर्षों और चुनौतियों के बावजूद, हार नहीं मानना और अपने सपनों को पूरा करने के लिए कठिनाइयों का डटकर सामना करना सफलता की कुंजी है।

# गांधी जयंती पर कांग्रेस की भरोसा यात्रा

**दंतेवाड़ा,** 29 सितंबर (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशनुसार राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर को एक दिवसीय विधानसभा स्तरीय कांग्रेस सरकार की भरोसा यात्रा का आयोजन किये जाने का निर्णय लिया है। इस संबंध में जिला संगठन प्रभारी शंकर राव व कांग्रेस जिला अध्यक्ष अवधेश गौतम ने पदाधिकारियों की बैठक लेकर कार्यक्रम की रूपरेखा की जानकारी दी।

बैठक में बताया गया कि यात्रा के माध्यम से जिले के समस्त ग्राम पंचायतों में अधिक से अधिक ग्रामों में पहुंचकर राज्य सरकार की जन-कल्याणकारी योजनाओं के साथ-साथ भारतीय जनता पार्टी सरकार द्वारा अपने विगत 15 पंद्रह वर्षों के कार्यकाल में छत्तीसगढ़ वासियों के साथ किए गये छल से आमजनता को अवगत कराया जाएगा। कार्यक्रम यात्रा के दौरान सुविधानुसार नुक्कड़ सभा करते हुए आमसभा के रूप में गीदम मे समापन किया जायेगा।




- प्रभारी शंकर व अध्यक्ष अवधेश ने ली बैठक
- भूपेश सरकार की योजनाओं की दी जाएगी जानकारी

बैठक में छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रदेश सयुक्त महासचिव विमल सुराना, प्रदेश सचिव राजकुमार तामो, प्रदेश महिला कांग्रेस उपाध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य सुलोचना कर्मा, जिला उपाध्यक्ष एवं सांसद प्रतिनीधि वीरेन्द्र गुप्ता, जिला महामंत्री, रितेश जैन, मनीष भटाचार्य, सलीम रजा उस्मानी, विमल सलाम, प्रवीण राणा, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष इंद्रा शर्मा, समस्त ब्लॉक अध्यक्ष विवेक देवांगन, कमलोचंद सेठिया, संतोष दुबे, अमूलकर नाग, जिला पंचायत सदस्य शंकर कुंजाम, किरण जयसवाल, एन. नागराज, कमलु अतरा, जया कश्यप, रतनी मंडावी, महादेव नेताम, रैयतु मंडावी, रवीश सुराना, रिंकी वैजाम, जितेंद्र कश्यप, इंदिरा ठाकुर, गीतांजली कुशवाह, पदाधिकारी उपस्थित थे।

# रथ निर्माण की लकड़ी पहुंचने का क्रम शुरू



**जगदलपुर,** 29 सितंबर (देशबन्धु)। विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा के अंतर्गत विशालकाय रथ निर्माण के लिए लकड़ी लाने का क्रम शुक्रवार को शुरू हुआ। वन विभाग और राजस्व विभाग की मदद से ट्रकों के माध्यम से रथ निर्माण की लकड़ी लाई गई और उसे जेसीबी की मदद से सिरहासार के समक्ष उतारा गया। बस्तर के परंपरा के अनुसार पूर्व में रथ निर्माण की लकड़ी बैलगाड़ियों में लाद कर ग्रामीण लाया करते थे, लेकिन पिछले कुछ वर्षों से रथ निर्माण की लकड़ी ट्रकों के माध्यम से ही लाया जा रहा है और लोगों की कमी के चलते इन लड़कियों को ट्रक से उतारने और सिरसार के समक्ष व्यवस्थित रखने के लिए जेसीबी की मदद ली जा रही है। अब शीघ्र ही रथ निर्माण का कार्य शुरू हो जाएगा। रथ निर्माण के लिए ग्राम बेड़ा उमरगांव और झार उमरगांव के के संवरा जाति के लोग पहुंचे। इनके द्वारा पारंपरिक औजारों टंगीया, बारसी से निर्माण कार्य वर्षी उतारने विधान के साथ शुरू किया जाएगा। रथ निर्माण करने वाले कारीगर स्थानीय सिरहासार भवन में रहकर ही रथ का निर्माण करेंगे।

# दंतेवाड़ा के 12 गांवों में पहुंची दिल्ली की केन्द्रीय टीम



- जल जीवन मिशन के कार्यों की जांच
- कुछ खामियों के बावजूद गुणवत्ता पर जताई संतुष्टि

**दंतेवाड़ा,** 29 सितंबर (देशबन्धु)। केंद्र सरकार की महती योजना जल जीवन मिशन का काम जिले में तेजी से चल रहा है। भारत सरकार द्वारा नियुक्त नेशनल वाटर एक्सपर्ट टीम द्वारा जिले के एक दर्जन से अधिक ग्रामों का दौरा कर निरीक्षण किया गया और कार्यों के संबंध में ग्रामीणों से जानकारी भी ली गई।

इसके तहत हर घर नल से जल पहुंचाने के उद्देश्य को लेकर राष्ट्रीय जल जीवन मिशन टीम के डॉ. कपिल देव शर्मा एवं जय भगवान दिल्ली के नेतृत्व में दंतेवाड़ा जिले के 16 गांव मसेनार, नकुलनार, कुआकोंडा, मैलावाड़ा, समलवार, दुगेली, नेरली, बेहनार, केशापुर, बासनपुर, चितालुर, चितालंका, पालनार, अचेली, समेली, मेंडपाल में जल जीवन मिशन के तहत किए जा रहे कार्यों का केंद्रीय टीम के द्वारा अवलोकन किया गया और जानकारी ली गई।

सरकार के निर्देशानुसार टीम द्वारा फील्ड में जाकर हर घर जाकर पानी की मात्रा जांच की गई एवं ग्रामीणों से चर्चा कर जल जीवन मिशन योजना की प्रगति रिपोर्ट का अवलोकन किया गया। कुछ जगह योजनाओं में आ रहे कमियों को लेकर विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया। अधिकांश जगह गुणवत्तापूर्वक कार्य पाए जाने पर टीम द्वारा हर्ष जाहिर की गई। इसके साथ ही टीम ने ग्राम पंचायत स्तर पर जल जीवन मिशन के कार्यों के लिए बनाई गई ग्राम जल स्वच्छता समिति तथा ग्रामीणों से इसके संबंध में चर्चा की गई और योजना के बारे में उनसे जानकारी ली। टीम द्वारा हर घर शुद्ध जल पहुंचाने के उद्देश्य को लेकर जल बहिनियों (जल की जांच के लिए बनी महिलाओं की टीम) से अपने समक्ष जल गुणवत्ता का परीक्षण करवाया गया एवं उपयोग संबंधित निर्देश दिए गए। टीम द्वारा निरीक्षण में गांव में जेजेएम के तहत कनेक्शन दिए गए कुल घरों की संख्या, ग्रे वाटर प्रबंधन के निस्तारण, संचालन एवं रखरखाव की क्षमता विकास प्रशिक्षण अंतर्गत दिए गए मानव संसाधन की जानकारी तथा सरकार द्वारा प्राप्त राशि का आय तथा व्यय का संपूर्ण विवरण लिया गया। जमीनी स्तर पर मिशन को सुचारू रूप से चलाने के लिए ग्रामीणों से ली जाने वाली अंशदान की राशि को ग्राम जल स्वच्छता समिति के खाते में समय समय पर जमा करने निर्देश दिए गए। इस दौरान पीएचई के ईई निखिल कंवर, विजिट के नोडल अधिकारी सहायक अभियंता देवेंद्र आर्मो सहित अन्य उप अभियंता, आईएसए एवं आईईसी जिला समन्वयक, समस्त आईएसए, टीपीआई, ठेकेदार तथा ग्रामों के सरपंच, सचिव, वार्ड पंच, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, महिला स्व सहायता समूह एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

# नवरात्रि से पहले ही खाली करा दी प्रसाद दुकानें

**दंतेवाड़ा,** 29 सितंबर (देशबन्धु)। शक्ति पीठ दंतेवाड़ा में दंतेश्वरी कारीडोर का निर्माण जारी है। रिवर फ्रंट के लिए भी युद्ध स्तर पर निर्माण एजेन्सियां जुटी हुई हैं। दंतेश्वरी मंदिर के सिंह द्वार के सामने नारियल दुकानें हटा दी गई हैं।

यहां नारियल के अलावा मांई जी का श्रृंगार, पूजा और प्रसाद की अन्य सामग्री मिलती थी। ऐन नवरात्रि के समय दुकानें हटाने से दुकानदार परेशान हैं। प्रशासन द्वारा नये सिरे से इनके लिए नारियल दुकानें मंगल भवन मार्ग पर मेंढका डोबरा के बाजू से तैयार की जा रही हैं, वैकल्पिक तौर पर दुकानदार अपने हिसाब से दुकानें लगायेंगे।



- दंतेश्वरी मंदिर में जारी है कारीडोर निर्माण
- ऐन वक्त में नारियल दुकानें हटाने से दुकानदार परेशान
- नए दुकानें निर्माणाधीन, दुकान लगाने नहीं मिलेगी जगह

दंतेश्वरी मंदिर परिसर में एक लंबे अरसे से आधा दर्जन से ज्यादा दुकानें प्रसाद सामग्री के लिए चल रही थी। श्रद्धालु यहीं आकर प्रसाद सामग्री खरीदते थे और मांई जी को अर्पित करते थे। बताया जा रहा है कि कुछ दिन पहले ही दुकानदारों को नोटिस देकर दुकान खाली करने का फरमान सुना दिया गया। अभी 15 दिन बाद ही शारदीय नवरात्र शुरू हो रही है। यह दुकानदारों का मुख्य सीजन होता है। इन दुकानों के अलावा छोटी-छोटी गुमटियों अथवा खुले तौर पर कई लोग नारियल व दूसरे सामान बेचने के लिए दुकानें लगाते थे। इन दुकानों को हटाने के लिए कह दिया गया, फिलहाल इन्हें कहां शिफ्ट करना है, इसकी जानकारी नहीं दी गई। नई दुकानें अभी तैयार नहीं हुई हैं। उसे बनने में अभी समय लगेगा। वैसे भी वो दुकानें काफी छोटी हैं। जानकारी मिली है कि नवरात्रि के दौरान ये दुकानदार अपनी व्यवस्था से कहीं भी दुकान लगा सकेंगे। इस बार शारदीय नवरात्र में श्रद्धालुओं की संख्या काफी ज्यादा रहेगी। पदयात्रियों की संख्या में भी इजाफा होगा। इस लिहाज से प्रशासन को तैयारी करने में काफी दिक्कत होगी। टेम्पल कमेटी की बैठक में भी यह मुद्दा उठा था। अभी कारीडोर का निर्माण पूरा नहीं हो पाया है। जयं स्तंभ चौक से बांयी ओर का रास्ता संभवत: श्रद्धालुओं के लिए मंदिर प्रवेश के लिए होगा और वापसी के लिए मंगल भवन की ओर से रास्ता दिया जाएगा, ऐसी जानकारी मिली है। मेंढका डोबरा मैदान अभी निर्माण सामग्रियों से भरी हुई है। नवरात्र के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए इसे खाली करा दिया जाएगा, ऐसा प्रशासन से जुड़े लोगों का कहना है। फिलहाल फौरी तौर पर नारियल दुकानदारों को राहत नहीं मिल रही है। वैसे कारीडोर निर्माण शुरू हुआ था, उसी दौरान इन दुकानों को हटाये जाने की बात हुई थी। वैकल्पिक तौर इनके लिए दुकान भी तैयार करने कहा गया, जो फिलहाल निर्माणाधीन है।

# वाहन पलटने से 16 घायल



**कोण्डागांव,** 29 सितम्बर (देशबन्धु)। वाहन पलटने से 16 लोगों के घायल होने का मामला सामने आया है। दुर्घटना के सम्बन्ध में मिली जानकारी के अनुसार छोटा हांथी वाहन में सभी 16 लोग सवार होकर एक शोक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मर्दापाल थाना क्षेत्र के ग्राम गोलावण्ड से ग्राम बोरगांव जा रहे थे कि तभी रास्ते में छोटा हांथी वाहन पलट जाने से उक्त हादसा हुआ। हादसे में हुए सभी घायलों को उपचार हेतु जिला अस्पताल कोंडागांव में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों के द्वारा सभी घायलों का ईलाज किया जा रहा है, जिसमें से एक गम्भीर घायल को मेकॉज जगदलपुर रिफर किया गया है।

# दोरला व भतरा समाज के सामुदायिक भवन का विधायक विक्रम ने किया लोकर्पण

**बीजापुर,** 29 सितंबर (देशबन्धु)। बीजापुर में शुक्रवार को दोरला समाज ईटपाल और भतरा समाज बीजापुर वार्ड नं. 7 के नवनिर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष व बीजापुर विधायक विक्रम मण्डावी ने किया। इस कार्यक्रम में समाज के सदस्यों ने भी बढ़चढ़कर हिस्सा लिया और प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रभारी मंत्री कवासी लखमा, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज और क्षेत्रीय विधायक विक्रम मण्डावी का आभार माना है।



इस अवसर पर बीजापुर विधायक ने कहा कि दोरला समाज और भतरा समाज के नवनिर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण कर मुझे अत्यंत खुशी हो रही है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में जब से कांग्रेस की सरकार बनी है सभी वर्गों को लेकर चल रही है साथ ही समाज प्रमुखों की मांग के अनुरूप हर वर्गों के लिए भवन के लिए राशि आवंटित कर रही है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बीजापुर के सभी समाजों कों भवन के लिए राशि आवंटित किया है सामाजिक भवनों के निर्माण से समाज का उत्थान होगा, विधायक विक्रम ने कहा कि समाज को भवनों का मालिकाना हक, पट्टा मिलने से सामाजिक कार्यों सहित अपने समाज की उन्नति और विकास में भवनों का उपयोग करेंगे। इस मौके पर जिला कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष लालू राठौर, जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुडियम, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमलेश कारम, जिला पंचायत सदस्या श्रीमती नीना रावतिया उद्दे, जिला पंचायत सदस्य सोमारू राम कश्यप, युवा आयोग सदस्य प्रवीण डोंगरे, नगर पालिका अध्यक्ष बेनहुर रावतिया, नगर पालिका उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम सल्लुर, सांसद प्रतिनिधि वेणुगोपाल राव, बाबू लाल राठी, और समाज प्रमुख रहे मौजूद।

# घर-घर जाकर बता रहे केजरीवाल की योजनाएं

## आम आदमी पार्टी का जनसंपर्क अभियान



**दंतेवाड़ा,** 29 सितंबर (देशबन्धु)। टीम के सदस्यों ने आम आदमी पार्टी के लिए आगामी विधानसभा निर्वाचन में वोट की मांग की। कार्यकर्ताओं ने आम आदमी पार्टी के कार्य सिद्धांत भ्रष्टाचार के विरोध, शासकीय कार्य नीति, रीति तथा योजनाओं से अवगत कराया। आम आदमी पार्टी के दूसरे राज्य पंजाब और दिल्ली में चल रहे सर्वोत्तम शासन प्रणाली के बारे में भी विस्तार से बताया गया। आगामी निर्वाचन को लेकर आम आदमी पार्टी की केजरीवाल की नौ गारंटीयों के बारे में जन सामान्य को अवगत कराया। जनता का टैक्स जनता का पैसा जनता को लाभ, के बारे में अवगत कराया। बताया कि आम आदमी पार्टी की जितनी भी योजनाएं हैं, वह जनता की लाभ की जनता के टैक्स के पैसे सही संचालित की जाती है और सरकार कहीं भी घाटे में नहीं रहती। इस दौराल आम आदमी पार्टी की जिला सचिव जय नारायण बस्तरिया तथा महिला प्रकोष्ठ की उपाध्यक्ष श्रीमती प्रेमा नाग विकासखंड महिला प्रकोष्ठ की सुश्री कमलापति, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ से पोटम बाबू, साजन पोडियम तथा अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

# इंटक की राष्ट्रीय कार्यकारणी की बैठक दिल्ली में आयोजित



**बचेली,** 29 सितंबर (देशबन्धु)। इंटक की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की 312वीं बैठक 30 सितंबर को नई दिल्ली में उत्तर रेलवे मज़दूर संघ के कार्यालय में आयोजित की गई है। बैठक में राष्ट्रीय स्तर पर वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य, संगठनात्मक मुद्दों, कोल इंडिया में हुए वेतन समझौता पर जबलपुर उच्च न्यायालय के आदेश उपरांत पांच राष्ट्रीय ट्रेड यूनियनों द्वारा दिये गए तीन दिवसीय हड़ताल के नोटिस, विभिन्न राज्यों और उद्योगों में श्रमिकों से संबंधित मुद्दों सहित केंद्र सरकार की मज़दूर एवं ट्रेड यूनियन विरोधी नीतियों पर चर्चा कर आगामी रणनीति तैयार की जाएगी। बैठक में शामिल होने इंटक के राष्ट्रीय सचिव व मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन (इंटक) के महामंत्री आशीष यादव पहुंचे दिल्ली।

# रासेयो शा. उमावि मसोरा में मेरी माटी मेरा देश व स्थापना दिवस आयोजित

**कोण्डागांव,** 29 सितम्बर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय सेवा योजना शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मसोरा में मेरी माटी, मेरा देश एवं स्थापना दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया।

शा.उ.मा.विद्यालय मसोरा जिला व तहसील कोण्डागांव में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 27 सितम्बर 2023 को मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत इकाई के समस्त स्वयं सेवकों द्वारा अपने-अपने घरों से मिटटी लाकर एवं भारत माता का मानचित्र बनाकर अनेकता में एकता का संदेश दिया गया।



राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के समस्त छात्रों ने मिटटी से भारत माता को सजाया और मध्य में राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रतीक चिन्ह को बनाकर समस्त शाला में भारत की एकता और अखंडता को बनाये रखने में रा.से.यो. के महत्त्व को समझाने का प्रयास किया। इस दौरान स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को स्मरण करते हुए सेनानियों को नमन किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम के पश्चात् राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस कार्यक्रम के आयोजन को स्वामी विवेकानंद जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर प्रारंभ किया गया तथा स्वयं सेवकों द्वारा विभिन्न प्रस्तुतियां दी गयी एवं नवप्रवेशित स्वयं सेवकों ने स्वछता और देश सेवा की शपथ ली। राश्ट्रीय स्तर के 16 वर्षीय तीरंदाज एवं खेलो इण्डिया अभियान के विजेता अर्चित सिंह के विशेष आतिथ्य तथा संस्था प्रमुख शिवलाल शर्मा एवं प्राचार्य राजेंद्र प्रसाद पाण्डेय के मार्गदर्शन तथा कार्यक्रम अधिकारी गोविंद राज नायडू के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में संस्था के वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती सुजया मल्लिक, हेमलता देवांगन, ललिता राजपूत, शीला शार्दुल, हेमलता अहमद, तनूजा देवांगन, दंतेश्वरी राव, मोनिका भुआर्य, रश्मि शर्मा, सुश्री प्रियंका भगत एवं शिक्षक राजेश सिंह, लोकेश कुंवर, त्रिलोकी ठाकुर, अमोल श्रीवास्तव ने विशेष योगदान दिया। स्वयं सेवकों महादल नायिका यमुना देवांगन, महादल नायक भगवत पाण्डेय एवं दलनायक ममता चक्रधारी, भूपेंद्र, जितेश, किरण यादव, दालेंद्र, सावन, रोहित, उत्तम आदि सभी ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। उपरोक्त समस्त शिक्षकों एवं स्वयं सेवकों के इस महत्वपूर्ण योगदान के परिणामस्वरूप कार्यक्रम सफल रहा। उपरोक्त जानकारी कार्यक्रम अधिकारी व प्राचार्य शा.उ.मा.विद्यालय मसोरा द्वारा प्रेस को दी गई।

# संबलपुर में भक्तों ने धूमधाम से किया गणेश प्रतिमा का विसर्जन



**भानुप्रतापपुर,** 29 सितंबर (देशबन्धु)। धर्मनगरी संबलपुर क्षेत्र में चल रहे गणेश महोत्सव का शोभायात्रा व विसर्जन के साथ समापन हो गया। नगर व क्षेत्र के चौक-चौराहों गांव के पारा मोहल्ला और घरो घर विराजित भगवान श्री गणेश को बड़े धूमधाम से भक्तों के द्वारा शोभायात्रा निकालकर विसर्जित किया गया। बीते 11 दिनों से विराजित भगवान श्री गणेश की विधि विधान से पूजा अर्चना आरती कर उनके लिए सजाए गए पालकी वाहनों में उनकी शोभायात्रा निकालकर ले जाया गया। जहां उनसे मनोकामना मांग कर अगले बरस जल्दी आने की प्रार्थना करते हुए उन्हें विसर्जित किया गया।

विघ्नहर्ता के साथ उनकी भक्ति के कब 11 दिन गुजर गए पता ही नहीं चला। गणपति बप्पा को उल्लास के साथ विदाई दी, गणपति बप्पामोरया अगले वर्ष तू जल्दी आ .. जयघोष से नगर गूंज उठा। इससे पूर्व हवन यज्ञ का आयोजन किया गया, तत्पश्चात सभी अपने अपने गणेश पंडालों से भव्य शोभायात्रा निकालकर सिद्ध श्री गणेश स्वामी मंदिर प्रांगण पहुंचे , जहां से श्रद्धालु धूमाल, ढ़ोल नगाड़ों व डीजे की धुनों पर हाथों में गुलाल उड़ाते हुए नाचते गाते चल रहे थे। इस दौरान श्रद्धालुओं में खासा उत्साह नजर आ रहा था, नगर में भ्रमण के उपरांत गणेश की प्रतिमा का विधिवत रूप से विसर्जन किया गया। विसर्जन हेतु क्रेन गाड़ी का व्यवस्था किया गया था, जिससे बड़ी-बड़ी मूर्तियां आसानी के साथ विराजित किया गया ,इस अंतिम बिदाई को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे हुए थे।

# नरेश यादव ने विसर्जन के दौरान बच्चे को बचाया



**चारामा,** 29 सितंबर। नरेश यादव ने अपने जान की परवाह नहीं करते हुए गणेश विसर्जन के दौरान 9-10 वर्ष के बच्चे को अपने जान को जोखिम में डाल कर उसे पानी से बाहर निकाला नगर में बार बार नगर पंचायत द्वारा मुनादिकर लोगो को अपील किया गया था की छोटे बच्चो को समाल के रखे। वही नरेश यादव नाका पारा निवासी चारामा ने बताया कि वह अपने किसी परिवार के मरनी का कार्यक्रम मे गया था तभी किसी बच्चे की डूबने की बात पता चली तो वह नदी में कूद कर अपने जान जोखिम डालते हुए वह नदी से बच्चे को बाहर निकाला। उनकी समझ दारी और साहस से से बड़ा हादसा होने से टल गया।

# शासकीय जवाहर नवोदय विद्यालय में विधिक साक्षरता शिविर



**कोण्डागांव,** 29 सितम्बर (देशबन्धु)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव जिला कोण्डागांव के न्यायाधीश द्वारा शासकीय जवाहर नवोदय विद्यालय कोण्डागांव में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। 27 सितम्बर 2023 को जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के मार्गदर्शन में कमलेश कुमार जुर्री अपर सत्र न्यायाधीश एफ.टी.एस.सी. पॉक्सो कोण्डागांव एवं सुरेन्द्र भट्ट प्रतिधारक अधिवक्ता कोण्डगांव के द्वारा शासकीय जवाहर नवोदय विद्यालय कोण्डागांव में विधिक सक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें न्यायाधीश के द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं को नालसा (बच्चों को मौत्रिपूर्ण विधिक सेवाएं और उनके संरक्षण के लिए विधिक सेवाएं योजना) 2015 एवं नि:शुल्क विधिक सलाह सहायता, बाल श्रम, बाल विवाह, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012, शिक्षा का अधिकार, मोटर यान अधिनियम, मोटर दावा प्रकरण, गुडटच-बैडटच, सायबर क्राइम के संबंध में जानकारी दी गई। तथा प्रतिधारक अधिवक्ता के द्वारा नशा पीड़ितों के संबंध में जानकारी दी गई। इस अवसर पर सुरेन्द्र भट्ट प्रतिधारक अधिवक्ता कोण्डागांव, सुनील कुमार मरकाम पी.एल.व्ही. प्रबंध कार्यालय कोण्डागांव एवं संस्था के प्राचार्य एस.के.सिंह सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# महिला आरक्षण बिल से घबरा गई है कांग्रेस : बघेल

**कोण्डागांव,** 29 सितम्बर (देशबन्धु)। महिला आरक्षण बिल को लेकर कांग्रेस नेताओं द्वारा की जा रही टिप्पणी पर कड़ा ऐतराज जताते हुए भाजपा के जिला पंचायत सदस्य बालसिंह बघेल ने कहा है कि कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के नेताओं का बयान उनकी पार्टी की मानसिकता को दर्शाता है। इस बिल के संसद के दोनों सदनों में पारित होने से कांग्रेस घबरा गई है। उन्हें पता चल गया है कि उनकी जमीन अब खिसक गई है। नारी हूं, लड़ सकती हूं जैसे जुमलों से देश की आधी आबादी को भरमाया नहीं जा सकता। नारी शक्ति का सम्मान सनातनी परंपरा में है और देश के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने नारी शक्ति वंदन विधेयक संसद में पारित कराकर न केवल सनातनी परंपरा का सम्मान किया है, बल्कि विश्व में भारत की बढ़ती गरिमा को एक कदम और आगे बढ़ाया है।



कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे और आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह ने भी संसद में पारित महिला आरक्षण विधेयक को मोदी सरकार का चुनावी जुमला कहा था। झूठ और आडंबर के गागर में डुबकी लगाने वाले छत्तीसगढ़ के भी कुछ नेताओं की इस बिल को लेकर ऐसी ही प्रतिक्रियाएं आई हैं, जो एक कहावत खिसियानी बिल्ली खंभा नोचे, से ज्यादा कुछ भी नहीं है।

बालसिंह बघेल ने कहा कि जनता जानती है कि झूठे वादे करके सत्ता पाने का हथकंडा कांग्रेस पार्टी अपनाती है। 2018 के विधान सभा चुनाव के पहले बड़े-बड़े वादे कर सत्ता पाने वाली भूपेश सरकार अपने वादे पांच साल बाद भी पूरा नहीं कर पाई। ये वही कांग्रेस पार्टी है जो 10 साल के अपने शासनकाल में महिला आरक्षण का झुनझुना देश की बहनों को दिखाती रही और षड्यंत्रपूर्वक बिल को संसद में रोके रखी। अब जो लोग महिला आरक्षण बिल को जुमला कह रहे हैं, उनको जान लेना चाहिए कि मातृ वंदन के नाम से महिला आरक्षण बिल संसद के दोनों सदनों में पारित हो चुका है और मोदी सरकार के कार्यकाल में ही लागू होकर रहेगा। झूठ और फरेब की राजनीति करने वाले इन कांग्रेसी और आप नेताओं को बिना सिर पैर के कुछ भी बयान देने के पहले ये याद कर लेना चाहिए कि जिन कार्यों को वे दशकों से अपने तुष्टिकरण की नीति के तहत असंभव कहकर टालते रहे, श्री मोदी ने उन्हें एक झटके में न केवल लागू कराया, बल्कि सफल भी कर दिखाया है। बात चाहे कश्मीर में धारा 370 हटाने का हो या तीन तलाक का। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के दृढ़निश्चयी व संकल्पवान नेतृत्व वाली केंद्र सरकार द्वारा महिला आरक्षण से संबंधित नारी शक्ति वंदन विधेयक के संसद में पारित होना एक क्रांतिकारी परिवर्तन का प्रतीक है। भारत की मातृ शक्ति के इस अप्रतिम सम्मान से लोकतंत्र गौरवान्वित हुआ है। संसद का नया भवन इस विधेयक के रूप में नई ऊर्जा, नए विश्वास और संकल्पों के सृजन का साक्षी बना है। कांग्रेस पार्टी ने अपने पूरे शासनकाल में लोगों के साथ, माताओं-बहनों के साथ खिलवाड़ करने का काम किया। आज प्रधान मंत्री श्री मोदी के सक्षम नेतृत्व व निर्णायक नेतृत्व के कारण नारी शक्ति वंदन विधेयक संसद में पारित हो गया है। नारी के सम्मान की दृष्टि इससे बड़ा काम नहीं हो सकता है। इस विधेयक के पारित होने के बाद निश्चित रूप से न केवल दिल्ली में, बल्कि पूरे देश की महिलाओं में उत्साह का माहौल है और वे खुशियां मना रही हैं। देश की माताओं-बहनों ने प्रधान मंत्री को आशीर्वाद देते हुए इस बात पर गर्व किया कि प्रधान मंत्री श्री मोदी ने नारी शक्ति का सचमुच में वंदन किया है।

# निर्वाचन के लिए रहेगी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था



**कोण्डागांव,** 29 सितम्बर (देशबन्धु)। आगामी विधान सभा निवार्चन को स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से पूर्ण करने के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। मंगलवार को कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी की अध्यक्षता में रिटर्निंग अधिकारी, सहायक रिटर्निंग अधिकारी और पुलिस अधिकारियों की बैठक में बेहतर सुरक्षा व्यवस्था के लिए जिला कार्यालय के भूतल पर स्थित सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेमप्रकाश शर्मा, अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर ने अंतरजिला और अंतरराज्यीय सीमाओं के साथ ही विधान सभा क्षेत्र की सीमाओं में भी स्थैतिक निगरानी दलों की निगरानी बढ़ाने के साथ ही उड़नदस्ता दलों को भी सक्रिय करने के निर्देश दिए। उन्होंने अवैध मदिरा परिवहन पर कार्यवाही करने और जिलाबदर और निगरानीशुदा बदमाशों पर कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने आर्दश आचरण संहिता का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने तथा किसी भी प्रकार की शिकायत पर त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। निर्वाचन में शांति व्यवस्था तथा सुरक्षा के लिए तैनात जवानों के ठहरने के लिए चिन्हित स्थानों में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने को भी कहा।

उल्टा पुल्टा

दोस्त- तू इतना मोटा कैसे हो गया?
पप्पू - वो हमारे घर फ्रिज नहीं है न!
दोस्त- उसका मोटे होने से क्या संबंध?
पप्पू- जो भी बचे खाना पड़ता है, कल के लिए नहीं रख सकते न!



# आज निकलेंगी विसर्जन झांकियां

## कई मार्गों को किया प्रतिबंधित, भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक





**रायपुर**, 29 सितंबर (देशबन्धु)। रायपुर में गणेश विसर्जन की झांकी के लिए रायपुर पुलिस ने ट्रैफिक रूट चार्ज जारी किया है। रायपुर में झांकी 30 सितंबर को निकलनी है। इस दौरान 30 सितंबर से 1 अक्टूबर सुबह तक भारी वाहनों की आवाजाही बंद रहेगी। इसे लेकर सुरक्षा व्यवस्था भी पुख्ता की जा रही है। टाटीबंध चौक, भनपुरी तिराहा, रायपुरा चौक, संतोषी नगर चौक, पचपेड़ी नाका, महासमुंद बैरियर, विधानसभा रोड, तिराहा काशीराम नगर चौक, भाठागांव चौक, रिंग रोड नंबर 1और 2 से शहर की ओर आने वाले सभी रास्तों में ट्रक और हैवी गाड़ियों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।

**इन मार्गों से चालू रहेगा यातायात**

बलौदाबाजार मार्ग से बिलासपुर और महासमुंद की ओर आना है तो आपको रिंग रोड.03 का इस्तेमाल करना होगा। भिलाई की ओर से आने वाली सभी छोटे वाहन कार जीप आश्रम तिराहा तक ही आ सकेंगे। लेकिन जिन वाहन चालकों को शास्त्री चौक की ओर आना है वे रिंग रोड 01 से होकर रायपुरा चौक पचपेड़ी नाका होकर आना.जाना कर सकते हैं। धमतरी मार्ग की ओर से आने वाली कार.जीप जैसे छोटे वाहन कालीबाड़ी चौक महिला थाना चौक, शास्त्री चौक से होकर रेलवे स्टेशन या बिलासपुर मार्ग पर आवाजाही कर सकेंगे। शास्त्री चौक से जयस्तंभ चौक की ओरए तात्यापारा चौक से शारदा चौक की तरफसभी वाहनों की आवाजाही रात 8 बजे से बैन रहेगी। इसी तरह मौदहापारा से जयस्तंभ चौक होते हुए मालवीय रोड, साथ ही कालीबाड़ी चौक से कोतवाली चौक फायर बिग्रेड चौक से कोतवाली चौक तरफभी सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही रात 8 बजे से प्रतिबंधित की गई है। सदर बाजार, सत्ती बाजार चौक से अमीन पारा चौक, पुरानी बस्ती मार्ग, आश्रम तिराहा से लाखेनगर चौक, आमापारा तिराहा से लाखेनगर चौक की ओर रात 10 बजे से सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा।

**पार्किंग की व्यवस्था**

गणेश विसर्जन झांकियां देखने आने वाली गाड़ियों के लिए अलग.अलग जगहों में पार्किंग की व्यवस्था की गई है। सिविल लाइन, बैरन बाजार, कटोरा तालाब, शांति नगर, शंकर नगर और तेलीबांधा की ओर से आने वाली गाड़ियां मल्टीलेवल पार्किंग कलेक्ट्रेट परिसर, शास्त्री बाजार पार्किंग में रख सकेंगे। साथ ही सुभाष स्टेडियम के सामने पार्किंग स्थल और ग्रास मेमोरियल ग्राउंड में अपने वाहन पार्क कर सकते हैं। साइंस कॉलेज, चौबे कॉलोनी, आमापारा, लाखेनगर की ओर से आने वाले वाहनों लाखेनगर चौक के पास हिन्द स्पोर्टिंग मैदान पर पार्किंग कर सकेंगे। टिकरापारा की ओर आने वाले वाहनों के लिए बुढेश्वर चौक के पास आउटडोर स्टेडियम बूढ़ापारा में वाहन पार्किंग करने की व्यवस्था की गई है। रेलवे स्टेशन, फाफाडीह चौक, देवेंद्र नगर की ओर से आने वाले वाहनों के लिए एम जी रोड की गली नंबर 01, 02, 03, 04, सिन्धी बाजार के पास पार्किंग की व्यवस्था है। पण्डरी राजातालाब, मोवा की ओर से आने वाले वाहनों के लिए मल्टी लेवल पार्किंग कलेक्ट्रेट परिसर और शहीद स्मारक भवन के पास वाहन पार्किंग की व्यवस्था की गई है।

### इस मार्ग से निकलेगी झांकी

30 सितंबर की रात झांकियां राठौर चौक में एकजुट होंगी। राठौर चौक से एमजी रोड होते झांकिया शारदा चौक, जयस्तंभ चौक, मालवीय रोड, चिकनी मन्दिर, कोतवाली चौक, सदरबाजार, सत्ती बाजार, कंकली तालाब, पुरानी बस्ती, लाखे नगर चौक, सुंदर नगर, रायपुर चौक होकर महादेव घाट विसर्जन कुंड पहुंचेंगी।

**गणेश विसर्जन के बाद वापसी मार्ग**

महादेव घाट विसर्जन स्थल से गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के बाद वाहनों की वापसी महादेव घाट तिराहा से एनीकट मार्ग, भाठागांव चौक, रिंग रोड.01 से होगी।

**झांकी में 600 जवानों की तैनाती** –झांकी में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर 600 पुलिसकर्मियों की टीम तैनात रहेगी। जिन रास्तों से झांकियां गुजरेंगी उनके आस.पास की सड़कों में बैरिकेडिंग की जाएगी। बदमाशों पर नकेल कसने के लिए पुलिस सिविल ड्रेस में तैनात रहेगी। चौक.चौराहों पर पुलिस की टीम मौजूद रहेगी जो गाड़ियों की चेकिंग की करेगी।



# दक्षिण में स्थिति अच्छी, 3 सीटों पर और मेहनत की जरूरत : सारंगी



**रायपुर**, 29 सितंबर (देशबन्धु)। भाजपा ने पूर्व आईएएस, और ओडिशा की सांसद अपराजिता सारंगी को रायपुर शहर की चारों विधानसभा सीटों की कमान सौंपी है। सारंगी गुरुवार को यहां पहुंची। उन्होंने चुपचाप पार्टी की स्थिति का सर्वे भी किया। फिर उन्होंने बैठक लेकर अपना निष्कर्ष पदाधिकारियों के साथ साझा किया। सारंगी ने साफ तौर पर कहा हैं कि रायपुर दक्षिण में तो पार्टी की स्थिति अच्छी है, लेकिन बाकी तीनों सीटों पर अभी तक के माहौल में स्थिति ठीक नहीं है। यहां और अधिक मेहनत करने की जरूरत है। कार्यकर्ताओं को इसके लिए भिड़ना पड़ेगा।

सुश्री सारंगी की चारों सीटों पर सीधी दखल रहेगी। पार्टी में असंतोष और अन्य खामियों की मॉनिटरिंग करेंगी। साथ ही इसे दूर करने को लेकर जरूरी कदम भी उठाएंगी। पार्टी हाईकमान ने उन्हें जिम्मेदारी दी है। वो गुरुवार को ट्रेन से रायपुर पहुंची। इसके बाद स्टेशन में कुलियों से चर्चा की। इसके बाद आम लोगों से रूबरू हुईं। पार्टी की स्थिति को भांपने की कोशिश की।

सारंगी बस स्टैण्ड भी गई। यही नहीं, चौक-चौराहों पर आम लोगों से चर्चा की। मुद्दे भी तलाशे। चारों विधानसभा का दौरा करने के बाद उन्होंने पार्टी आफिस में शहर जिला के पदाधिकारियों की बैठक ली। सूत्रों के मुताबिक उन्होंने कहा कि रायपुर दक्षिण में पार्टी की स्थिति अच्छी नजर आई है। लेकिन बाकी तीन सीटों पर प्रश्न चिन्ह है। उन्होंने बूथ प्रबंधन पर भी चर्चा की।

सुश्री सारंगी इस बात से नाखुश नजर आई कि 73 बूथों पर ठीक से काम नहीं हुआ है। रायपुर की चारों सीटों में कुल मिलकर 1015 बूथ हैं। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि समय कम रह गया है। इसलिए बाकी 73 बूथों पर तुरंत काम शुरू करें। सुश्री सारंगी ने कहा कि वो अगले हफ्ते फिर आएंगी, और यहां रहकर चुनाव प्रबंधन की मॉनिटरिंग करेंगी। उन्होंने कहा कि चारों विधानसभा सीटों को जीतना जरूरी है। इसके लिए पूरी ताकत झोंकनी होगी। बैठक में शहर जिला अध्यक्ष जयंती पटेल, पूर्व अध्यक्ष श्रीचंद सुंदरानी सहित पार्टी के तमाम पदाधिकारी मौजूद थे।

आईएएस की 1994 बैच की ओडिशा कैडर की अफसर सुश्री अपराजिता सारंगी के तेवर देखकर शहर जिला भाजपा के नेता हतप्रभ रह गए। सारंगी लोकसभा चुनाव के पहले नौकरी छोड़कर भाजपा में शामिल हुई थी, और वो भुवनेश्वर की सांसद बनी। वर्तमान में पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता हैं। पार्टी ने उन्हें रायपुर शहर की चारों सीट रायपुर दक्षिण, रायपुर पश्चिम, रायपुर उत्तर, और ग्रामीण विधानसभा सीट की मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी सौंपी है।

## नेताम की पार्टी चुनाव आयोग में पंजीकृत कोर्राम बने अध्यक्ष

**रायपुर**, 29 सितंबर (देशबन्धु)। पूर्व केन्द्रीय मंत्री अरविंद नेताम की पार्टी हमर राज पार्टी का रजिस्ट्रेशन हो गया है। हमर राज पार्टी का अध्यक्ष पूर्व आईपीएस अकबर राम कोर्राम को बनाया गया है।

विनोद नागवंशी पार्टी के महासचिव होंगे। पूर्व केन्द्रीय मंत्री नेताम पार्टी के संरक्षक होंगे। नेताम कल प्रेस कॉन्फ्रेंस में गठबंधन का खुलासा करेंगे।

## सरयूपारिण ब्राम्हण सभा भवन संजय नगर में कल से राम कथा



**रायपुर**, 29 सितंबर (देशबन्धु)। पितृ पक्ष के अवसर पर 1 अक्टूबर से 7 अक्टूबर तक राम कथा का आयोजन सरयूपारिण ब्राम्हण सभा भवन संजय नगर रायपुर के समाज भवन मे किया जा रहा है। कथा वाचक साध्वी स्मिता दीदी वशिष्ट भवन अयोध्या धाम से आ रही हैं। कथा का समय दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक है। इसअवसर पर अपने अपने पितरों के शांति एवं खुशी के लिए रोज की कथा में यजमान बनने राजेश त्रिपाठी 7987145387 रामहृदय तिवारी 9754833292 नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

सरयूपारिण ब्राम्हण सभा के अध्यक्ष सुरेश शुक्ला व अन्य पदाधिकारी रामकथा आयोजन की तैयारियों में जुटे है।

# एम्बुलेंस कर्मियों ने किया हंगामा शर्ट उतारकर सड़क पर उतरे

**रायपुर**, 29 सितंबर (देशबन्धु)। नवा रायपुर में आंदोलन कर रहे 102 महतारी एक्सप्रेस सरकारी एम्बुलेंस सर्विस के कर्मचारियों ने शुक्रवार को अर्ध नग्न प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने कमीज उतारकर रैली निकली। 108 ,102 कर्मचारी कल्याण संघ की मांग है ठेका कम्पनी पर घूस लेने का आरोप लगाया पर साथ ही निकाले गए पुराने कर्मचारियों को नौकरी पर वापस रखने की मांग। संघ के अध्यक्ष राजेंद्र राठौड़ ने कहा हमें एम्बुलेंस सर्विस में काम करते 10 साल हो गए है। लेकिन आज एम्बुलेंस सर्विस का ठेका लेने वाली कम्पनी ने हमें नौकरी से बाहर निकला दिया है। 2018 विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस के नेताओं ने हमारे मंच से संजीवनी 108,102 महतारी एंबुलेंस सर्विस को ठेका प्रथा से मुक्त करने की घोषणा की थी। लेकिन आज भी ठेका प्रथा बंद नहीं हुई है।

**■ बोले-कंपनी कर रही छंटनी नौकरी के बदले मांग रही 5 हजार**

**जान जोखिम में डालकर कोविड काल में काम किया**–राजेन्द्र राठौर ने कहा कि कोरोना संक्रमण काल में महतारी और संजीवनी एंबुलेंस में काम करने वाले कर्मियों ने जान जोखिम में डालकर 24 घंटे काम किया। हमने शासन के जीवन रक्षक स्वास्थ्य सेवाओं में जुड़कर अपनी सेवाए दी है। लेकिन नई ठेका कंपनी पुराने कर्मचारियों को नौकरी से हटा रही हैं। नौकरी में रखने के एवज में ठेका कंपनी 50 हजार रुपए की डिमांड कर रही है। हमने जब इस बात का विरोध किया तो कम्पनी ने हमें नौकरी से निकाल दिया। आज 102 महतारी एक्सप्रेस में काम करने वाले 1200 कर्मचारी बेरोजगार हो गए है।

**नौ दिनों से चल रही अनिश्चितकालीन हड़ताल**

छत्तीसगढ़ संजीवनी 108.102 कर्मचारी कल्याण संघ 23 सितंबर से नवा रायपुर में आंदोलन कर रहा है कर रहा है। इससे पहले कर्मियों ने 20 से 22 सितंबर तक जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन किया था। संघ का कहना है की जब तक सरकार उनकी मांगो पर ध्यान नहीं देती तब तक प्रदर्शन जारी रहेगा। 102 महतारी एंबुलेंस सेवा के टेंडर को निरस्त कर, 10 साल से काम कर रहे कर्मचारियों की वापस नौकरी में रखा जाए। महतारी और संजीवनी एक्सप्रेस के कर्मचारियों को 2.3 महीने करने के बाद 1 माह का वेतन दिया जाता हैए पूर्व बकाया वेतन का भुगतान तुरंत किया जाए और कर्मचारियों को हर महीने के पहले के सप्ताह में सैलेरी का भुगतान किया जाए।

# 90 विधानसभा क्षेत्रों में 2 अक्टूबर को निकलेगी कांग्रेस भरोसा यात्रा

**रायपुर**, 29 सितंबर (देशबन्धु)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्म दिवस के मौके पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी कांग्रेस भरोसा यात्रा निकालने जा रही है। दो अक्टूबर 2023 को एक-दिवसीय विधानसभा-स्तरीय कांग्रेस भरोसा-यात्रा का आयोजन किए जाने का निर्णय लिया है। अभियान के माध्यम से प्रदेश के सभी 90 विधानसभा क्षेत्रों में 25 से 30 किलोमीटर की यात्रा तय की जाएगी।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने बताया कि अधिक से अधिक ग्राम पंचायत का भ्रमण कर राज्य सरकार की जन-कल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाना है। इसके साथ-साथ भाजपा सरकार द्वारा अपने विगत 15 वर्षों के कार्यकाल में छत्तीसगढ़ व छत्तीसगढ़ वासियों के साथ किए गए छल से आम जनता को अवगत कराने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम यात्रा के दौरान बाईक रैली, नुक्कड़ सभा करते हुए आमसभा के रूप में समापन किया जाना है।

**मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री संभालेंगे मोर्चा**–कांग्रेस भरोसा यात्रा का प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव सहित मंत्रीमंडल के सदस्य, सांसद, विधायक अपने-अपने लोकसभा विधानसभा क्षेत्रों में नेतृत्व करेंगे।

कांग्रेस भरोसा यात्रा के लिए संबंधित लोकसभा, जिला, विधानसभा प्रभारियों, स्थानीय वरिष्ठ नेताओं सहित पदाधिकारियों से आवश्यक संपर्क और समन्वय कर विधानसभावार रूट-चार्ट (यात्रा मार्ग, किलोमीटर सहित) तय करने के लिए कहा गया है।

यात्रा के लिए दो अक्टूबर को प्रस्तावित एक-दिवसीय कांग्रेस भरोसा यात्रा में स्थानीय प्रदेश पदाधिकारियों, सांसद, पूर्व सांसद प्रत्याशी, विधायक, पूर्व प्रत्याशी, पूर्व विधायकों, जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों, ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष, पदाधिकारियों, मोर्चा संगठन, प्रकोष्ठ, विभाग के जिला, ब्लाक पदाधिकारियों, इंटरनेट मीडिया के प्रशिक्षित सदस्यों, नगरीय निकाय या त्रि-स्तरीय पंचायत के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों, सहकारिता क्षेत्र के पदाधिकारियों, वरिष्ठ कांग्रेसजन कार्यकर्ताओं की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए यात्रा को सफल बनाने के निर्देश दिए गए हैं।

# प्रधानमंत्री विपक्ष को कोसने के बजाय अपनी उपलब्धि बताने का साहस दिखाएं : दीपक बैज



**■ प्रधानमंत्री मोदी से कांग्रेस ने पूछा सवाल**

**रायपुर**, 29 सितंबर (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक बार फिर छत्तीसगढ़ चुनावी दौरे पर आ रहे है। प्रधानमंत्री अपने दूसरे कार्यकाल के अंतिम वर्ष को भी पूरा करने वाले है। लेकिन प्रधानमंत्री अपने साढ़े 9 साल के कार्यों के बारे में अपने भाषणों में चर्चा भी नहीं करते है। प्रधानमंत्री सिर्फ विपक्ष को कोसते है। उनके पास अपनी उपलब्धियों के बारे में कुछ बोलने को है ही नहीं। महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की आय, कालाधन के बारे में प्रधानमंत्री चुप रहते है।

प्रधानमंत्री के द्वारा भाजपा के द्वारा किये गये वायदों से ही कुछ सवालों के जवाब जनता जानना चाहती है। प्रधानमंत्री जवाब दें- छत्तीसगढ़ की यात्री ट्रेनों को लगातार रद्द क्यों किया जा रहा है छत्तीसगढ़ के चावल का कोटा 86 लाख मीट्रिक टन से घटाकर 61 लाख क्यों किया? छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा मांगे गये बारदाने की पूरी स्वीकृति क्यों नहीं दे रहे? रमन सिंह के घोटाले 36000 करोड़ के नान, 6200 करोड़ के चिटफंड घोटाले की जांच केंद्र सरकार क्यों नहीं करवाती है? महंगाई कब कम होगी? पेट्रोल-डीजल के दाम कब कम होंगे।

स्वच्छ भारत के तहत अभियान में करोड़ों रुपए खर्च किए जा रहे है, कितने शहर स्वच्छ हुए? 9 साल में ईडी और आईटी की रैड कितने भाजपाई नेताओ के ऊपर पड़ी? नोटबंदी के बाद आतंकवाद खत्म हो जाएगा ऐसा आपने कहा था, क्या वो हुआ? क्या कश्मीर में भारत के जवान शहीद नहीं हो रहे? उज्जवला योजना के तहत कितने लाभार्थियों को मुफ्त सिलेंडर दिया गया? उनमें से कितनों ने अपने पैसे से रिफिल करवाया?

प्रधानमंत्री जी पूरा भरोसा है आप इन सवालों का जवाब नहीं देंगे लेकिन जनता के इन सवालों को हम उठाते रहे है आगे भी उठाते रहेंगे।

# 15 किलोग्राम गांजा के साथ 2 आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर**, 29 सितंबर (देशबन्धु)। नशे का काला कारोबार करने वाले कारोबारियों की पतासाजी कर कार्यवाही करने एवं इस पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है। जिस पर समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों एवं एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट की टीम द्वारा मुखबीर लगाकर, पेट्रोलिंग व सूचना संकलन कर नशे का कारोबार करने वाले कारोबारियों के संबंध में सूचना एकत्रित की जा रही है। जिस पर थाना खरोरा पुलिस की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना खरोरा क्षेत्रांतर्गत ग्राम सारागांव स्थित निलजा मोड़ के पास एक व्यक्ति अपने पास बैग में गांजा रखा है तथा बिक्री की फिराक में ग्राहक की तलाश कर रहा है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी खरोरा के नेतृत्व में थाना खरोरा पुलिस की टीम द्वारा उक्त स्थान जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के व्यक्ति की पतासाजी कर चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम अजय कुमार डहरिया निवासी पलारी बलौदाबाजार का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसके पास रखे बैग की तलाशी लेने पर बैग में गांजा रखा होना पाया गया। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा आरोपी अजय कुमार डहरिया को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 07 किलो 970 ग्राम गांजा कीमती लगभग 80,000 रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया। इसी प्रकार थाना खरोरा पुलिस की टीम द्वारा थाना खरोरा क्षेत्रांतर्गत ग्राम भैसा स्थित बगुलामुखी मंदिर के पास गांजा के साथ आरोपी आरोपी ईश्वर जांगड़े को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 07 किलो 125 ग्राम गांजा कीमती लगभग 70,000 रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध खरोरा में धारा 20बी नारकोटिक्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया गया।

# यूनिवर्सल हेल्थ केयर की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहा छत्तीसगढ़ : सिंहदेव



उप मुख्यमंत्री ने की स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा

**रायपुर**, 29 सितंबर (देशबन्धु)। उप मुख्यमंत्री तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री टी.एस. सिंहदेव ने आज स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने रायपुर के एक निजी होटल में आयोजित बैठक में स्वास्थ्य विभाग, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, स्टेट नोडल एजेंसी एवं सीजीएमएससी के वरिष्ठ अधिकारियों तथा सभी जिलों के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सिविल सर्जन, जिला कार्यक्रम प्रबंधक एवं संभागीय संयुक्त संचालकों के साथ स्वास्थ्य सेवाओं और विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा की। स्वास्थ्य विभाग की अपर मुख्य सचिव श्रीमती रेणु जी. पिल्लै, सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी, स्वास्थ्य सेवाओं के संचालक जयप्रकाश मौर्य और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संचालक भोसकर विलास संदिपान भी बैठक में शामिल हुए।

उप मुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव ने बैठक में कहा कि छत्तीसगढ़ यूनिवर्सल हेल्थ केयर की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहा है। यहां के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स, हमर लैब और हमर क्लिनिक अच्छा काम कर रहे हैं। इनसे लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं। उन्होंने डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना, मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना, मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक योजना जैसी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इन योजनाओं से लोगों को निःशुल्क चिकित्सा परामर्श, जांच, उपचार और दवाईयां मिल रही हैं। सिंहदेव ने कहा कि प्रदेशवासियों को अच्छी चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने के लिए स्वास्थ्य विभाग का बज़ट लगातार बढ़ाया जा रहा है। आयुष्मान योजना में राज्य शासन का हिस्सा 80 प्रतिशत के करीब पहुंच रहा है। चालू वित्तीय वर्ष के शुरूआती छह महीनों (अप्रैल से सितम्बर) में ही प्रदेशवासियों को 900 करोड़ रुपए का निःशुल्क इलाज उपलब्ध कराया जा चुका है। उप मुख्यमंत्री सिंहदेव ने बैठक में कहा कि शासकीय अस्पतालों पर लोगों का भरोसा और मरीजों की संख्या बढ़ रही है। पिछले पांच वर्षों में प्रदेश ने मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर में अच्छी उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अमले की सराहना करते हुए कहा कि वैश्विक महामारी कोरोना के कठिन हालातों के बीच भी विभाग ने लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की हैं। स्वास्थ्य अमले ने सुनियोजित और त्वरित कार्य कर कोरोना का प्रभावी नियंत्रण, प्रबंधन और रोकथाम किया।

श्री सिंहदेव ने बैठक में अस्पतालों के लिए अलग-अलग मदों से खरीदे जाने वाले मेडिकल उपकरणों की खरीदी को युक्तियुक्तपूर्ण बनाने को कहा, ताकि शासकीय अस्पतालों के बीच जरूरी उपकरणों और मशीनों का वितरण समुचित ढंग से हो सके। उन्होंने डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना के अंतर्गत अस्पतालों के क्लेम की राशि के भुगतान में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कोरोना के संदिग्ध मरीजों के शत-प्रतिशत सैंपल की जांच आरटीपीसीआर विधि से ही करने को कहा। सिंहदेव ने सभी जिलों को आगामी तीन महीने का लक्ष्य निर्धारित कर काम करने को कहा। उन्होंने सभी व्यवस्थाओं और प्रगतिरत कार्यों की हर तीन महीने में समीक्षा के भी निर्देश दिए।

श्री सिंहदेव ने बैठक में राष्ट्रीय वेक्टरजनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम, राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स द्वारा प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं, मातृ मृत्यु दर, शिशु मृत्यु दर, संस्थागत प्रसव, बाल स्वास्थ्य, नियमित टीकाकरण, मातृत्व स्वास्थ्य, सिकलसेल स्क्रीनिंग, प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम, राष्ट्रीय कुष्ठ नियंत्रण कार्यक्रम, कॉम्प्रिहेन्सिव प्रायमरी हेल्थ केयर, राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन, मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक योजना, हमर लैब, आयुष्मान भारत, छत्तीसगढ़ एड्स नियंत्रण समिति, छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कॉर्पोरेशन (ष्टत्रस्स्ष्ट) और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कार्यों की समीक्षा की।

**उप मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को अंगदान करने की दिलाई शपथ**– उप मुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव ने आज स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान विभागीय अधिकारियों को अंगदान एवं ऊतक दान करने की शपथ दिलाई। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने अपने परिजनों, मित्रों और रिश्तेदारों को भी इसके लिए प्रेरित करने की शपथ ली।

# राजधानी में झमाझम बारिश

**रायपुर,** 29 सितंबर (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर में शुक्रवार दोपहर को कई मोहल्ले में झमाझम बारिश हुई। कुछ देर की बारिश से सड़कों के साथ निचले इलाकों में जलभराव हो गया। वही कई इलाकों में बारिश नहीं हुई।अगले दो दिनों तक बारिश का नया सिस्टम एक्टिव रहेगा। इससे बस्तर संभाग के जिलों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।

इससे पहले गुरुवार को बिलासपुर, मुंगेली, जांजगीर, कांकेर, जशपुर, कोरिया, नारायणपुर, बीजापुर में बारिश हुई। बाकी शहरों में गर्मी का असर रहा। मौसम विभाग के मुताबिक शुक्रवार को प्रदेश के कुछ हिस्सों में मौसम बदल जाएगा।



## दो दिनों तक वर्षा के आसार

**प्रदेश में 41.10 इंच बारिश, कोटा पूरा**

छत्तीसगढ़ में अब तक औसत 41.10 इंच बारिश हो चुकी है। आज भी कई जिलों में बारिश का दौर जारी रहेगा। प्रदेश में 4 जिले में औसत से ज्यादा बारिश हुई है। इनमें बलौदाबाजार, बीजापुर, मुंगेली, रायपुर शामिल है। 17 जिलों में औसत बारिश हुई है। 6 जिलों में औसत से कम वर्षा है।

**सर्वाधिक वर्षा बीजापुर और कम वर्षा सरगुजा जिले में**

राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून 2023 से आज 29 सितंबर सवेरे तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 1679.3 मिमी और सरगुजा जिले में सबसे कम 479.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सूरजपुर जिले में 773.8 मिमी, बलरामपुर में 968.7 मिमी, जशपुर में 900.8 मिमी, कोरिया में 919.8 मिमी, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 902.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी।

**रायपुर जिले में 1189.3 मिमी वर्षा**

इसी प्रकार, रायपुर जिले में 1189.3 मिमी, बलौदाबाजार में 1203.7 मिमी, गरियाबंद में 930.8 मिमी, महासमुंद में 1035.7 मिमी, धमतरी में 966.6 मिमी, बिलासपुर में 1258.1 मिमी, मुंगेली में 1360.1 मिमी, रायगढ़ में 1231.6 मिमी, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 978.9 मिमी, जांजगीर-चांपा में 1198.9 मिमी, सक्ती में 1050.1 मिमी, कोरबा में 1045.2 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 1113.3 मिमी, दुर्ग में 896.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी। कबीरधाम जिले में 925.6 मिमी, राजनांदगांव में 1152.2 मिमी, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 1267.4 मिमी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 1085.4 मिमी, बालोद में 1012.5 मिमी, बेमेतरा में 934.7 मिमी, बस्तर में 1039.1 मिमी, कोण्डागांव में 1051.5 मिमी, कांकेर में 989.0 मिमी, नारायणपुर में 938.5 मिमी, दंतेवाड़ा में 1053.3 मिमी और सुकमा में 1401.9 मिमी औसत वर्षा एक जून से अब तक रिकार्ड की गई।

## कपड़े व्यापारी के साथ मारपीट, जुर्म दर्ज

**रायपुर,** 29 सितंबर। रायपुर के गुढ़ियारी इलाके में शुक्रवार के शाम कुछ युवकों ने एक व्यापारी के साथ दुकान में घुसकर मारपीट की है। वे युवक व्यापारी से पैसे की मांग कर रहे थे जब उन्होंने मना किया तो वे विवाद करने लगे। इसी बीच एक युवक ने जान से मारने की धमकी दे दी। फिलहाल इस मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर लिया है। दरअसल ये पूरा मामला गुढ़ियारी थाना क्षेत्र के गोगांव का है। यहां कुछ युवक एक व्यापारी के दुकान पर पहुंचे। वे चंदे के पैसे की मांग करने लगे। व्यापारी ने जब इसके लिए मना किया तो उन्होंने उसके साथ मारपीट चालू कर दी। उनमें से एक युवक ने व्यापारी के गाल पर थप्पड़ भी जड़ दिया। फिर उसने व्यापारी को जान से मारने की धमकी भी दे दी। बताया जा रहा है कि युवक ने दुकान में रखे सामानों के साथ भी तोड़फोड़ की है। उसने व्यापारी पर कई सामान भी फेंक कर मारे हैं।जिससे व्यापारी को हल्की.फुल्की चोटें भी आई है। इस बात से नाराज व्यापारी संघ के लोगों ने गुढ़ियारी थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफएफआईआर दर्ज करवाई है। फिलहाल पुलिस इस मामले में जांच कर फरार आरोपियों की तलाश कर रही है। इन आरोपियों के नाम साहिल टंडन और रैंचो है।

# फिर 40 ट्रेनें रद्द करना मोदी सरकार का छग के साथ अन्याय की इंतहा : कांग्रेस

## केन्द्र को यात्रियों की सुविधा से मतलब नहीं

**रायपुर,** 29 सितंबर। रेलवे ने पिछले एक सप्ताह के अंदर छत्तीसगढ़ से चलने वाली 40 से अधिक यात्री ट्रेनों को फिर से रद्द कर दिया। तथा 14 लोकल ट्रेनों को भी रेलवे बंद करने का फरमान जारी कर दिया है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि यह रेलवे का जन विरोधी फैसला है। मोदी सरकार लगातार छत्तीसगढ़ की रेल यात्री सुविधाओं को अनदेखा कर रही है। बिना किसी ठोस कारण के यात्री ट्रेनों को रद्द करने का सिलसिला मोदी सरकार द्वारा पिछले तीन साल से लिया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी के छत्तीसगढ़ के नेता रेलवे और मोदी सरकार की मनमानी पर चुप्पी साधे हुये है। पिछले एक पखवाड़े में डेढ़ दर्जन केंद्रीय मंत्री, प्रधानमंत्री, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा, गृहमंत्री अमित शाह सभी छत्तीसगढ़ आए लेकिन किसी भी भाजपा नेता ने छत्तीसगढ़ की बदहाल रेल सुविधा के बारे में एक शब्द भी नहीं बोला।श्री शुक्ला ने कहा कि मोदी सरकार यात्री रेल और रेल सुविधाओं को बंद करने का षड्यंत्र कर रही है।देश भर में यात्री गाड़ियां बंद की जा रही है, यात्री गाड़िया अचानक रद्द कर दी जाती है, यात्री गाड़ियां घंटों नहीं दो-दो दिन लेट चल रही है। रेलवे को लेकर मोदी सरकार की कार्य प्रणाली से ऐसा प्रतीत हो रहा मोदी सरकार देश की सबसे विश्वसनीय यात्री सुविधा परिवहन के निजीकरण का षड्यंत्र रच रही है। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारें रेलवे को नागरिकों की सुविधा के लिये चलाती थी मोदी सरकार कमाने के लिये जनता को लूटने के लिये इस्तेमाल कर रही। रेल्वे जनता को मिलने वाली सारी सुविधाएं बंद कर दिया। वृद्ध, विकलांग, छात्रों की सुविधायें हटा दिया। रेल्वे स्टेशन पर टिकिट बिक्री बंद कर टिकिटों के दाम बढ़ा दिया गया। मोदी सरकार इतनी अमानवीय और गैर जिम्मेदार हो चुकी है कि एक्सप्रेस ट्रेनों को गंतव्य स्थान पहुंचने के पहले बीच रास्ते में रद्द कर घोषणा कर दिया जाता है कि ट्रेन आगे नहीं जायेगी।



# अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले से मिले कैट के पदाधिकारी

## एएसपी ने दिलाया हर संभव मदद का भरोसा

**रायपुर,** 29 सितंबर (देशबन्धु)। देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फ़ेडरेशन ऑफ़ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) की युवा टीम ने रायपुर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले से सौजन्य मुलाकात कर विभिन्न व्यापारिक मुद्दो पर चर्चा की। कैट के प्रदेश युवा अध्यक्ष अवनीत सिंह ने बताया कि युवा कैट का एक प्रतिनिधी मंडल ने रायपुर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले से सौजन्य मुलाकात कर उन्हें पुन: रायपुर शहर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बनने पर बधाई दी एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। इस दौरान श्री पटले से विभिन्न व्यापारिक मुद्दो पर चर्चा की। गौरतलब है कि कैट लगातार रायपुर पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर व्यापारियो के लिए विभिन्न जनजागरण अभियान चलाता रहा है, जिसमे कि रायपुर पुलिस के द्वारा सायबर क्राइम बाजारों की सुरक्षा व्यवस्था हैलो जिन्दगी एवं अन्य जनजागरण अभियान व्यापारियों के लिए करते रहा है। विगत दो वर्ष पूर्व भी करोना काल के दौरान श्री पटले द्वारा व्यापारियों के लिए हर संभव मदद की गई जिसके लिए कैट ने पुन: आभार व्यक्त किया। श्री पटले ने रायपुर पुलिस द्वारा आगे भी व्यापारियों के हित के लिए हर संभव मदद करने का सकारात्मक आस्वासन दिया। लखन पटले से सौजन्य मुलाकात में युवा कैट के अध्यक्ष अवनीत सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष दीपक विधानी, कोशाध्यक्ष विजय पटेल, अन्य पदाधिकारी रमेश खोडियार, हरसुख पटेल, प्रकाश जोशी, रतन सिंह एवं रमेश पटेल आदि उपस्थित रहे।



# खारुन गंगा महाआरती में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**रायपुर,** 29 सितंबर (देशबन्धु)। महादेव घाट, रायपुर में भाद्रपद पूर्णिमा की संध्या को खारुन गंगा महाआरती एवं हटकेश्वर महादेव पूजन संपूर्ण विधि विधान से संपन्न हुआ। करणी सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह तोमर द्वारा गत दिसंबर माह से आरंभ की गई यह परंपरा जिसमें प्रत्येक माह की पूर्णिमा की संध्या को बनारस की तर्ज पर इस महाआरती का आयोजन किया जाता है निरंतर क्रम में 11वीं बार संपन्न हुई जिसमें शहर भर के श्रद्धालुओं की भारी संख्या में उपस्थिति रही। करणी सेना परिवार छत्तीसगढ़ एवं माँ खारुन गंगा महाआरती महादेव घाट जनसेवा समिति द्वारा आयोजित यह महाआरती हमेशा की भाँति भजनों की सुमधुर प्रस्तुति से सराबोर रही जिसने समस्त आगंतुकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। आरती से पूर्व सभी ने साथ मिलकर एक स्वर में खारुन एवं भारत की समस्त नदियों को मातृ स्वरूप मानकर स्वच्छ एवं सुरक्षित रखते हुए कृतज्ञता व्यक्त करने की शपथ ली। खारुन गंगा मैया एवं हटकेश्वर महादेव की आरती प्रशिक्षित ब्राह्मणों की अगुवाई में सम्पूर्ण विधि-विधान से अगरबत्ती, धूप, पुष्प एवं दीपक द्वारा संपन्न हुई। साथ ही घाट में एक ओर शहर के विभिन्न गणपति जी की विदाई का दृश्य भी क्रमशः दृष्टित होता रहा। इस बार की आरती में विशेष रूप से रायपुर शहरी क्षेत्र की मितानिन बहनों का उनके द्वारा निरंतर किये जा रहे सामाजिक कार्यों के लिए सम्मान किया गया, जिसमें श्रीमती सुमन साहू जी, श्रीमती हेमप्रभा साहू, आदि अनेकों माताओं-बहनों की उपस्थिति रही। आगंतुक श्रद्धालुओं को दीप उपलब्ध कराए गए, जिन्हें आरती के पश्चात् विघ्नहर्ता की विदाई स्वरूप नदी को समर्पित कर दिया गया। कार्यक्रम के अंत में आगंतुक श्रद्धालुओं को खीर प्रसादी का वितरण किया गया। श्री तोमर के अनुसार उन्होंने जिस संकल्प के साथ इस मुहिम की शुरुआत की थी वो आज एक विशाल महापर्व के रूप में सफ़ल होती दिखाई दे रही है। खारुन गंगा आरती की ख्याति से प्रभावित होकर प्रदेश भर में अन्य स्थानों से भी इस प्रकार के आयोजनों की सूचना मिलने लगी है जिससे यह कहा जा सकता है कि करणी सेना अध्यक्ष द्वारा शुरु की गई यह परंपरा एक मुहिम का रूप लेती जा रही है साथ ही इससे नदियों की स्वच्छता के प्रति जनमानस में प्रतिबद्धता भी नज़र आने लगी है।



## ओंकार को मिली सतनामी समाज का राजमहंत पद



**कुम्हारी,** 29 सितंबर। सतनामी समाज के सर्वोच्च गुरु आसमदास बाबा गुरुगोसाई गुरूगद्दी नशीन गुरूद्वारा तेलासीपुरी धाम के गुरु ने राजमहंत श्री ब्रिज खाण्डे जी कोनी बिलासपुर की अनुशंसा पर ओंकार प्रसाद मारकन्डे पार्षद कुगदा (कुम्हारी) व जिला महामंत्री अनुसूचित जाति मोर्चा जिला भिलाई भाजपा को राजमहंत पद का भार देते हुए नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया।

# गौवंशियों को लंपी वायरस से बचाने निगम ने शुरू किया अभियान

## गोकुल नगर गौठान के पशुओं की हुई स्वास्थ्य जांच, 192 गौवंशियों को लगे टीके

**रायपुर,** 29 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के निर्देश पर गौवंशीय पशुओं को लंपी वायरस से बचाने नगर निगम क्षेत्र के गौठानों में टीकाकरण अभियान शुरू किया गया है। नगर निगम कमिश्नर मयंक चतुर्वेदी ने निगम अधिकारियों से कहा है कि संचालित सभी गौठानों में लंपी वायरस से पशुओं के बचाव के लिए समुचित प्रबंध व टीकाकरण सुनिश्चित करें एवं किसी पशु में वायरस के लक्षण दिखाई देने पर उसे पृथक रखने की व्यवस्था तत्काल करें। अभियान के तहत प्रथम चरण में गोकुल नगर गौठान के 192 पशुओं का टीकाकरण कर पशुओं की स्वास्थ्य जांच भी की गई। ज्ञात है कि देश के विभिन्न राज्यों में गत वर्ष लंपी वायरस से गौवंशीय पशु प्रभावित हुए थे। इसे दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर डॉ. भुरे ने आवश्यक सतर्कता बरतने, गौवंशीय पशुओं की स्वास्थ्य जांच व टीकाकरण के निर्देश दिए है। इसके तहत नगर निगम क्षेत्र में गौवंशीय पशुओं को लंपी वायरस से बचाने, इसका संक्रमण रोकने अभियान की शुरूआत की गई है। लंपी एक वायरल त्वचा रोग है, जो मुख्य रूप से जानवरों को प्रभावित करता है। यह खून चूसने वाले कीड़ों, जैसे मक्खियों, मच्छरों की कुछ प्रजातियों और किलनी से फैलता है। पशुओं को बुखार हो जाना, जानवरों को भूख न लगना, लगातार नाक बहना, आंखों से पानी आना, त्वचा पर गांठ पड़ जाना लंपी के शुरुआती लक्षण है। इसे देखते हुए नगर निगम द्वारा अपने सभी गौठानों में टीकाकरण व अन्य उपायों का प्रबंध किया जा रहा है।

नगर निगम आयुक्त मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में अपर आयुक्त अभिषेक अग्रवाल व शैलेन्द्र पटले ने सभी जोन कमिश्नर व जोन स्वास्थ्य अधिकारियों को अपने जोन क्षेत्र के अधीन संचालित गौठानों में विशेष सावधानी बरतने हेतु निर्देशित किया है। इन गौठानों में गौवंशीय पशुओं के नियमित स्वास्थ्य जांच व लंपी के लक्षण पाए जाने की दशा में संक्रमित पशु को तत्काल अन्य पशुओं से पृथक रखने के लिए कहा गया है। अभियान के प्रथम चरण में जोन 06 अंतर्गत संचालित गोकुल नगर गौठान में 192 पशुओं का टीकाकरण किया गया। जोन आयुक्त रमेश जायसवाल, संयुक्त संचालक पशुधन रवि डहरिया, स्वास्थ्य अधिकारी संजीव शर्मा की उपस्थिति में पशुओं की स्वास्थ्य जांच भी की गई। स्वयंसेवी संस्था एक पहल सेवा समिति व नगर निगम की टीम इस कार्य में अपनी सेवाएं दे रही है।



# छत्तीसगढ़ी को बढ़ावा देने संदेश यात्रा को विकास उपाध्याय दिखाएंगे हरी झंडी

**रायपुर,** 29 सितंबर। एमए छत्तीसगढ़ी छात्र संगठन द्वारा छत्तीसगढ़ी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ी संदेश यात्रा पढ़बो-पढ़ाबो छत्तीसगढ़ी के संदेश को लेकर शनिवार सुबह 8.30 बजे वीर नारायण सिंह मूर्ति जय स्तंभ चौक रायपुर से बस द्वारा आयोजित की जाएगी।उक्त यात्रा रायपुर से निकलकर कुम्हारी, भिलाई, हल्दी स्कूल राजनांदगॉव, बलदेव प्रसाद स्कूल, ठाकुर प्यारे लाल स्कूल के साथ दिग्विजय कॉलेज राजनांदगांव और समापन माता बम्लेश्वरी के गढ़ डोंगरगढ़ में होगी।

यात्रा को संसदीय सचिव और विधायक विकास उपाध्याय और वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. सुधीर शर्मा के द्वारा झंडी दिखाकर यात्रा की रवानगी की जाएगी। एम. ए. छत्तीसगढ़ी छात्र संगठन के अध्यक्ष ऋतुराज साहू नें प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि, एम. ए. छत्तीसगढ़ी पं. रवि. वि. रायपुर डिग्रीधारियों के द्वारा छत्तीसगढ़ी भाषा को जनजागरुकता के तहत स्कूली शिक्षा में और सरकारी कामकाज में लाने के लिए छत्तीसगढ़ी भाषायी यात्रा का आयोजन लगातार किया जा रहा है।इसमें छत्तीसगढ़ी डिग्रीधारी छात्र संगठन स्कूलों और कॉलेज में जाकर छत्तीसगढ़ी पठन-पाठन के साथ ही छत्तीसगढ़ी भाषा के महत्व को साझा करते हैं।

## बच्चों व आम जनता को करेंगे जागरुक

साथ ही यहां की भाषा संस्कृति को संरक्षित करने का कार्य इस सन्देशा यात्रा के जरिए किया जाता है।उक्त आयोजन वर्ष 2013 से लगातार हर वर्ष किया जा रहा है।इसमें छत्तीसगढ़ी पढ़बो, लिखबो, बोलबो, और छत्तीसगढ़ी भाषा की महत्ता को विभिन्न स्कूल कॉलेज के बीच में जाकर छत्तीसगढ़ी भाषा जन जागरण का कार्य किया जाता है, ताकि यहां के पढ़ने वाले बच्चे और आम जनता छत्तीसगढ़ी भाषा के भाषायी महत्व के बारे में जान सके।

## निधन

### कामिनी बाई वर्मा



**पलारी** 29 सितंबर। पलारी नगर के वार्ड नं 5 निवासी कामिनी बाई वर्मा 90 का देहावसान हो गया है। उनका अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में नागरिक शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की है। वे धनेश वर्मा की मां और बंटी,मोनू व मोंटू वर्मा की दादी थी।

### सुखवंतिन बाई बरिहा

**बागबाहरा,** 29 सितम्बर। जपं बागबाहरा के अंतर्गत ग्राम पंचायत चुरकी (ओंकारबंद) निवासी श्रीमती सुखवंतिन बाई बरिहा का 28 सितंबर गुरुवार की सुबह निधन हो गया। वे 92 वर्ष की थीं। जिनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। वे बिशेषर बरिहा व विजय बरिहा की मां थी। तथा ग्राम पंचायत चुरकी (ओंकारबन्द) की सरपंच श्रीमती सुमित्रा बरिहा एवं सरपंच प्रतिनिधि लेखराम बरिहा की दादी थीं। उनके अंतिम संस्कार में गांव एवं समाज के लोग बड़ी संख्या में मौजूद थें।

### माया देवी गुप्ता



**दुर्ग,** 29 सितंबर। दुर्ग नगर निगम के राजस्व अधिकारी दुर्गेश गुप्ता की माता माया देवी गुप्ता धर्मपत्नी राजकुमार गुप्ता (77) का आज निधन हो गया। अंतिम यात्रा उनके नेहरू नगर निवास से शिवनाथ नदी मुक्तिधाम के लिए कल 30 सितंबर को दोपहर 12 बजे निकलेगी।

### जीएस चौधरी



**राजनांदगांव,** 29 सितंबर। शहर के प्रतिष्ठित डॉ. जीएस चौधरी हमारे बीच नहीं रहे। गुरुवार शाम को उनका आकस्मिक निधन भिलाई के एक निजी अस्पताल में हुआ। डॉ. चौधरी लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। वे इंजिनियर मनीष चौधरी के पिता थे। अंतिम यात्रा निज निवास महेश नगर बसंतपुर से निकलेगी।

# नियमों का उल्लंघन, तेज आवाज डीजे बजाने वाले संचालकों के खिलाफ कार्रवाई

## 25 से अधिक डीजे संचालकों पर कार्रवाई



**रायपुर,** 29 सितंबर। विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम के दौरान ध्वनि प्रदूषण करने की आम जनता द्वारा डीजे धुमाल संचालकों के विरूद्ध लगातार प्राप्त शिकायतों को गम्भीरता पूर्वक लेते हुए निर्देशों व नियमों का उल्लंघन करने वालों पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करने के भी निर्देश दिये गये है। इस दौरान डी.जे धुमाल संचालकों को निर्धारित ध्वनि सीमा से अत्यधिक आवाज में डी.जे.धुमाल बजाने के साथ ही माननीय सर्वोच्च न्यायालय एवं उच्च न्यायालय के आदेशों एवं निर्देशों का उल्लंघन करते पाये जाने पर पुरानी बस्ती, कोतवाली, अभनपुर, आजाद चौक, गुढ़ियारी, तेलीबांधा, आमानाका, सरस्वती नगर एवं देवेन्द्र नगर सहित अलग.अलग थानों में 25 से अधिक डी जे धुमाल संचालकों के विरूद्ध कोलाहल अधिनियम के तहत् कार्यवाही करते हुए उनके कब्जे से 10 नग चारपहिया वाहन, 120 बॉक्स पोंगा सहित अन्य वाद्ययंत्र उपकरण जप्त कर कार्यवाही किया गया। माननीय न्यायालय द्वारा जारी निर्देशों व नियमों का उल्लंघन करने वाले डी.ज एवं धुमाल संचालकों के विरूद्ध रायपुर पुलिस का यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

# आदर्श आचार संहिता लागू होते ही अधिकारी गंभीरता से करें पालन : कलेक्टर




**रायपुर,** 29 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कहा कि जैसे ही राष्ट्रीय निर्वाचन आयोग चुनाव के तारीखों की घोषणा करेगा, वैसे ही आदर्श आचार संहिता लागू होना मानी जाएगी। सभी अधिकारी इसका पालन कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि आचार संहिता लगते ही नए निर्माण कार्य या लोकार्पण, शिलान्यास और भूमिपूजन नही किए जाएंगे। जो कार्य पूर्व में शुरू हो चुके हैं वे कार्य प्रगति में रहेंगे। यह बात कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर भुरे ने कही, वे आदर्श आचार संहिता की प्रशिक्षण बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। डॉ भुरे ने कहा कि आचार संहिता लगते ही संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत 24 घण्टे के भीतर शासकीय कार्यालयों से और 48 घण्टों के भीतर सार्वजनिक स्थानों से प्रचार-प्रसार की सामग्री हटा दी जाएगी।गौरतलब है कि आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के दौरान प्रत्याशी राजनैतिक दल, शासकीय अधिकारी-कर्मचारी तथा अन्य हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित कराने हेतु मॉडल कोड ऑफ कन्डस्ट (एमसीसी) का गठन किया गया, जिसका प्रशिक्षण रेडक्रास सभाकक्ष रायपुर में दिया गया। राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स द्वारा नगर निगम आयुक्त श्री मयंक चतुर्वेदी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अबिनाश मिश्रा पीडब्ल्यूडी कार्यपालन अभियंता, अनुविभागीय अधिकारी (रा.), तहसीलदार, जोन कमिश्नर, विद्युत विभाग आदि विभागों के अधिकारियों को दिया गया।

## 4 को जॉब फेयर का आयोजन बीपीओ में 300 पदों पर भर्ती

**रायपुर** 29 सितंबर। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, रायपुर द्वारा छत्तीसगढ़ शासन की बेरोजगारी भत्ता योजना के हितग्राहियों को रोजगार प्रदान करवाने एवं स्थानीय शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 4 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ कॉलेज, बैरन बाजार में सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक जॉब फेयर आयोजित है। इस जॉब फेयर के माध्यम से निजी क्षेत्र के नियोजक टेक्नोटास्क बिजनेस सॉल्यूशन ( बीपीओ) रायपुर द्वारा 12वीं उत्तीर्ण आवेदकों की भर्ती सी.एस.ए. के 300 पदो पर न्यूनतम वेतनमान 13 हजार प्रतिमाह के वेतनमान पर भर्ती की जाएगी। छत्तीसगढ़ शासन की बेरोजगारी भत्ता योजना के हितग्राहियों को रोजगार प्रदान करवाने विशेष प्राथमिकता प्रदान की जावेगी। जॉब फेयर में सम्मिलित होने योग्य एवं इच्छुक आवेदक निर्धारित तिथि एवं स्थल पर अपने बॉयोडाटा / आधार कार्ड एवं शैक्षणिक, तकनीकी योग्यता के प्रमाण पत्रों की छायाप्रति के साथ उपस्थित हो सकते हैं। इसके लिए अधिक जानकारी के लिए आवेदक जिला रोजगार कार्यालय में भी संपर्क कर सकते है।

# राजधानी में गणेशोत्सव का नजारा



ब्लू डायमंड क्लब समिति, आदर्श नगर, दुर्गा चौक, मठपारा



महादेव परिवार गणेशोत्सव समिति, गोपियापारा



श्री शक्ति गणेशोत्सव समिति, पुरानी बस्ती



श्री शीतला गणेशोत्सव समिति, नेहरू चौक, मठपारा

# पोर्न देखकर 14 साल के लड़के ने किया रेप

## 5 साल की बच्ची से किया दुष्कर्म, भाजपाइयों ने जाम किया नेशनल हाईवे

**रायपुर,** 29 सितंबर (देशबन्धु)। धरसींवा में 14 साल के लड़के ने 5 साल की बच्ची से दुष्कर्म किया। वह बच्ची को घुमाने के बहाने अपने घर ले गया था। पुलिस ने आरोपी लड़के को पकड़ लिया है। वह पोर्न देखने का आदी है। दूसरी ओर शुक्रवार को एफआईआर में देरी का आरोप लगाकर भाजपाइयों ने रायपुर.बिलासपुर नेशनल हाईवे पर जाम लगा दिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी लड़के की बच्ची के परिवार में पहले से आना.जाना था। घटना के वक्त लड़के के घर में कोई नहीं था। बच्ची जोर.जोर से रोने लगी तो आरोपी उसे छोड़कर भाग निकला। इसके बाद बच्ची किसी तरह से अपने घर पहुंची। उसकी हालत देखकर माता.पिता बच्ची को अस्पताल लेकर गए।

**अश्लील वीडियो देखने की है लत:** शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी नाबालिग को पकड़ लिया है। आरोपी ने भी अपना जुर्म कबूल लिया है। पूछताछ में पता चला है कि आरोपी लड़के को मोबाइल पर अश्लील वीडियो देखने की लत है। वह वीडियो देखने के बाद ही बच्ची को अपने साथ बहलाकर ले गया था।

**मामले में अनदेखी का आरोप:** बच्ची के पिता का कहना है कि बेटी को पहले धरसींवा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। वह करीब 5 घंटे भर्ती रही लेकिन उचित इलाज नहीं मिल सका। हालत बिगड़ती देख उसे रात 9 बजे मेकाहारा रेफर किया गया लेकिन वहां तक लाने के लिए भी एंबुलेंस नहीं मिल सकी। जिसके बाद पुलिस ने निजी वाहन से उसे भिजवाया।

**भाजपाइयों ने जाम किया हाईवे :** दूसरी ओर वारदात के बाद भाजपाइयों ने धरसींवा थाने का घेराव कर दिया। वे पीड़ित परिवार को मुआवजा देने के साथ ही बच्ची को स्वास्थ्य सुविधा और थाना प्रभारी को बर्खास्त करने की मांग कर रहे थे। काफी हंगामे के बाद कुछ नहीं होता देख भाजपाइयों ने रायपुर.बिलासपुर हाईवे करीब डेढ़ घंटे जाम रखा। महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं ने कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा है। साथ ही पुलिस पर आरोप लगाया है कि वारदात के बाद पुलिसकर्मी वहां मौजूद थे लेकिन परिजनों को बाइक पर बच्ची को ले जाना पड़ा। परिवार को 5 घंटे थाने में बैठाकर रखा गया।

### भाजपाइयों ने किया थाने का घेराव



**पीड़ित परिवार को 50 लाख का मुआवजा देने की मांग**

धरसींवा में 5 साल की मासूम के साथ दुष्कर्म के मामले में पुलिस व अस्पताल प्रबंधन पर लापवाही का आरोप लगाते हुए भाजपाइयों ने पुलिस थाने का घेराव किया, पूर्व विधायक देवजीभाई पटेल, प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष शालिनी राजपूत, जिला पंचायत सदस्य राकेश यादव सहित बड़ी संख्या में महिलाओं एवं ग्रामीणों ने मुख्य मार्ग पर विरोध प्रदर्शन करते हुए जुलूस निकाला, इसके बाद थाने का घेराव किया, जिला पंचायत सदस्य राकेश यादव ने कहा कि घटना दो बजे की थीरु बाइक से पीड़िता के पिता 3 बजे पीड़िता को धरसींवा के शहीद योगेंद्र शर्मा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आएए लेकिन रात 9 बजे तक उसका समुचित उपचार नहीं किया गया, 6 घंटे तक पीड़िता धरसींवा अस्पताल में ही तड़पती रही, रात 9 बजे भी एंबुलेंस उपलब्ध नहीं हुई, तब पुलिस वाहन से पीड़िता को और जिला पंचायत सदस्य के वाहन से उनके परिजनों को मेकाहारा पहुंचाया गया, जहां पीड़िता की हालत गंभीर बनी हुई है, जिला पंचायत सदस्य राकेश ने कहा कि पीड़िता का समुचित उपचार किसी बड़े निजी अस्पताल में कराया जाए, 50 लाख का मुआवजा पीड़िता के परिजनों को दें और पुलिस व अस्पताल प्रबंधन के लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए।

# बाल गंगाधर तिलक व भामाशाह वार्ड में विकास उपाध्याय ने किया पट्टा वितरण



**रायपुर,** 29 सितंबर (देशबन्धु)। पश्चिम विधायक एवं संसदीय सचिव विकास उपाध्याय के द्वारा आज क्षेत्र के बाल गंगाधर तिलक वार्ड एवं दानवीर भामाशाह वार्ड में पट्टा वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ स्थानीयजनों के बीच किया गया। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशानुसार गरीब जनता जो बीते कई वर्षों से अपने रहवास को लेकर आशंकित रहते थे कि कहीं उनके रहवास को कोई सरकार कभी भी हटा तो नहीं देगी, लेकिन छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार जो कि लगातार गरीब, मजदूर, किसानों के हित में कार्य कर रही है, अपने अगले चरण में राजीव गांधी आश्रय योजना के अंतर्गत गरीब जनता को उनके घर के लिए ''स्थायी पट्टा विलेख'' प्रदान कर रही है।

विधायक विकास उपाध्याय ने बताया कि राजधानी रायपुर में बीते सरकारों द्वारा लगातार गरीबों के मकान को अतिक्रमण के नाम पर, विकास के नाम पर एवं चौड़ीकरण के नाम पर कभी भी बिना किसी सूचना के जब पूरा शहर सोता रहता था तब प्रशासन के द्वारा सुबह-सुबह उनके घरों पर बुलडोजर चलवा दिया जाता था। गरीब जनता के मन में सदैव भय रहता था कि कभी भी हमारे घर को तोड़ा जा सकता है, लेकिन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी की सोच एवं जनहितैषी योजनाओं के कारण आज राजीव गांधी आश्रय योजना के फलस्वरूप गरीब जनता को उनका स्थायी पट्टा का वितरण किया जा रहा है। आगामी चुनाव में पुन: अपना आशीर्वाद प्रदान कर छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनाने का वादा कर रही है। विधायक विकास उपाध्याय ने बताया छत्तीसगढ़ के भूपेश बघेल की सरकार के द्वारा हर क्षेत्र चाहे शिक्षा हो, रोजगार हो, स्वास्थ्य का क्षेत्र हो, कृषि क्षेत्र हो, नवनिर्माण के कार्य हो लगातार नये-नये कार्य किये जा रहे हैं। आम आदमी के जीवन में उनके रहने के लिए घर का महत्व काफी ज्यादा है, इस आवश्यकता को देखते हुए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा शहरी क्षेत्र में राजीव गांधी आश्रय योजना के तहत् पट्टा वितरण तथा ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीण आवास न्याय योजना के तहत् पक्के आवास के लिए जरूरतमंद परिवारों को अनुदान प्रदान किया जा रहा है। आगामी दिनों में रायपुर पश्चिम के अन्य वार्डों में भी जरूरतमंद परिवारों को पट्टा वितरण किया जाएगा।

# तेरापंथ युवक परिषद व सराफा एसोसिएशन ने किया रक्तदान शिविर



**रायपुर,** 29 सितंबर (देशबन्धु)। तेरापंथ व युवक परिसद एवं रायपुर सराफा एसोसिएशन के सयुक्त तत्वाधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर आई. जी. ट्रेफिक संजय शर्मा, एस एन पांडेय वीरेंद्र डागा तेरा पंथ सभा सचिव युवक परिसद कोषाध्यक्ष सुशील डागा सुमित जैन किशोर जैन विशाल गांधी पंकज बैद रायपुर सराफा एसोसिएशन के पदाधिकारी सचिव दीपचंद कोटड़िया कोषाध्यक्ष जितेन्द्र गोलछा उपाध्यक्ष सुनील सोनी बी एल सहसचिव प्रवीण मालू एवं अन्य उपस्थिति थे।

# चतुर्दशी के दूसरे दिन 55 सौ गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन

**रायपुर,** 29 सितंबर (देशबन्धु)। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल एनजीटी के आदेश के परिपालन में पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से नगर पालिक निगम रायपुर की प्रशासनिक व्यवस्था के तहत महादेवघाट के समीप विसर्जन कुंड में प्रथम पूज्य देव श्रीगणेश की विशेष पूजा - आराधना से सम्बंधित महान सांस्कृतिक पर्व दस दिवस गणेशोत्सव पर्व के अन्तिम दिन अनन्त चतुर्दशी पर श्रीगणेश भक्तों एवं श्रद्धालुओं का मेला श्रीगणेश की मूर्तियों का श्रद्धापूर्वक विसर्जन करने हेतु विगत दिवस सुबह से ही दिन भर एवं रात्रि भर विसर्जन कुंड में लगा रहा। यह सिलसिला आज लगातार दूसरे दिन भी जारी रहा। प्रदेश के नगरीय प्रशासन एवं विकास मन्त्री डॉक्टर शिव कुमार डहरिया ने अपने घर के गणपति का धर्मपत्नी श्रीमती शकुन डहरिया एवं परिवारजनों सहित महादेवघाट के समीप विसर्जन कुंड में पहुंचकर पूजा आराधना के साथ श्रद्धापूर्वक किया, वहीं नगर निगम सभापति प्रमोद दुबे ने अपने घर के गणपति का श्रद्धापूर्ण पूजा आराधना सहित महादेवघाट के समीप विसर्जन कुंड में धर्मपत्नी श्रीमती दीप्ती दुबे, सुपुत्र आर्य दुबे एवं परिवारजनों सहित किया। नगरीय प्रशासन एवं विकास मन्त्री डॉक्टर शिव कुमार डहरिया एवं नगर निगम सभापति प्रमोद दुबे ने महादेवघाट के समीप विसर्जन कुंड स्थल पर रायपुर नगर पालिक निगम प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु श्रीगणेश की मूर्तियों के सहज एवं सरल तरीके से श्रद्धापूर्वक विसर्जन करने कुंड क्षेत्र स्थल पर की गयी प्रशासनिक व्यवस्था की सराहना की एवं सभी श्रद्धालुओं से घरों की श्रीगणेश मूर्तियों का विसर्जन महादेवघाट के समीप नगर निगम रायपुर द्वारा तैयार किये गये मूर्ति विसर्जन कुंड में करके समाजहित में पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से सहभागिता दर्ज करवाने का आव्हान किया। आज दोपहर 2 बजे तक श्रीगणेश की लगभग 5100 छोटी एवं लगभग 400 छोटी मूर्तियों का श्रद्धालुओं द्वारा विसर्जन कुंड में विसर्जन अब तक किया जा चुका है।बड़ी संख्या में पहुंचे श्रीगणेश के भक्तों एवं श्रद्धालुओं ने प्रथम पूज्य देव को दस दिनी उत्सव के उपरांत विदाई देने दर्शन एवं पूजन हेतु विसर्जन कुंड स्थल पर लगातार दो दिनों से आस्था का मेला लगा दिया है। बड़ी मूर्तियों के क्रेन की सहायता से विसर्जन की व्यवस्था सहित गोताखोरों की विशेष टीम लगाई गयी है। सभी जोनों के अधिकारियों और कर्मचारियों की 8-8 घण्टे की अवधि हेतु चक्रीय आधार पर प्रशासनिक ड्यूटी विसर्जन कुंड स्थल पर 28 सितम्बर को सुबह 6 बजे से 5 अक्टूबर को सुबह 6 बजे तक की अवधि के मध्य लगाई गयी है। सम्पूर्ण गतिविधियों एवं विसर्जन व्यवस्था की सीसीटीवी कैमरों की सहायता से सतत मॉनिटरिंग निरन्तरता से एनजीटी के आदेश का व्यवहारिक परिपालन करने की जा रही है।



**जनप्रतिनिधियों ने भी विसर्जन कुंड में किया प्रतिमाओं का विसर्जन**

# पिस्टल एवं जिन्दा कारतूस के साथ 2 आरोपी गिरफ्तार



**आरोपियों के कब्जे से 3 पिस्टल, 1 जिंदा कारतूस, 2 मोबाइल तथा तीस हजार नगदी जप्त**

**रायपुर,** 29 सितंबर (देशबन्धु)। अपराधों की रोकथाम, अपराधियों पर नकेल कसने तथा सुरक्षा व शांति व्यवस्था के मद्देनजर समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को अपने अपने थाना क्षेत्रों के अपराधिक तत्वों सहित संदिग्धों की चेकिंग कर उन पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। इसके साथ ही इसी तारतम्य में आज एण्टी क्राईम एवं साईबर यूनिट तथा गंज पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा थाना गंज क्षेत्रांतर्गत रेलवे स्टेशन व उसके आसपास के क्षेत्रों सहित दोपहिया चारपहिया वाहन व संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की जा रहीं है। इसी दौरान एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम द्वारा गुरूद्वारा के पास दो व्यक्तियों को चेक करने पर उनके पास पिस्टल व जिंदा कारतूस रखा होना पाया गया। टीम के सदस्यों द्वारा पूछताछ करने पर व्यक्तियों ने अपना नाम अफ्जल खत्री एवं सोनू मिश्रा निवासी रायपुर का होना बताया। पिस्टल व जिंदा कारतूस रखने के संबंध में वैध दस्तावेज की मांग करने पर दोनों के द्वारा किसी प्रकार का कोई दस्तावेज प्रस्तुत न कर टीम के सदस्यों को लगातार गुमराह किया जा रहा है। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा कड़ाई से पूछताछ करने पर दोनों आरोपियों के द्वारा पिस्टल व जिंदा कारतूस को अवैध तरीके से क्रय.विक्रय करना बताया गया। जिस पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 3 नग पिस्टल 1 नग जिंदा कारतूस 2 नग मोबाईल फोन तथा नगदी रकम 30,000६. रूपये जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध धारा 25 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया। गिरफ्तार आरोपियों से पिस्टल व जिंदा कारतूस को कहां से लाया गया है इस संबंध में दोनों आरोपियों से विस्तृत पूछताछ की जा रहीं है। आरोपी अफ्जल खत्री पूर्व में मध्य प्रदेश में आर्म्स एक्ट के प्रकरण में जेल निरूद्ध रह चुका है।

# दो कारों में भिड़ंत, क्षतिग्रस्त

**बीच सड़क पर बैठी गाय की वजह से हुआ हादसा**

**रायपुर,** 29 सितंबर (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर के वीआईपी रोड में दो कारों के बीच आपस में आमने.सामने टक्कर हो गई। इस सड़क हादसे में घायलों को अस्पताल में भर्ती किया गया है। बताया जा रहा है कि स्ट्रीट लाइट बंद होने से बीच सड़क पर गाय की मौजूदगी का कार चालकों को पता नहीं चला जिसकी वजह से यह हादसा हुआ। हादसे में दोनों कार बुरी क्षतिग्रस्त हो गई और घटनास्थल पर लोगों की भीड़ लग गई। इस सड़क हादसे में एक कार युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव सागर बाघमारे की है। दरअसल यह सड़क हादसा तेलीबांधा थाना के अंतर्गत फुंडरहार चौक में हुआ है।

**सड़कों पर आवारा मवेशियों का कब्जा:** शहर की सड़कों पर ही नहीं हाईवे, रिंग रोड पर मवेशियों का कब्जा होने की वजह से लगातार दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। रायपुर समेत प्रदेश भर की हाइवे, रिंग रोड हर रोज मवेशियों के खून से लाल हो रही हैं। आकंड़े काफी चौंकाने वाले हैं। पिछले छह महीने में सड़क दुर्घटना में पांच सौ से ज्यादा मवेशियों की मौत हुई है। वहीं वाहन सवार भी घायल होकर काल के गाल में समा रहे है।

**आवारा पशुओं से सड़क दुर्घटना में मौतों पर सीएस ने दिए निर्देश :** आवारा पशुओं से होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर राज्य सरकार ने गंभीरता दिखाई है। परिवहन और पुलिस विभागों से इससे होने वाली दुर्घटना और मौतों की रिपोर्ट मंगाई गई है। मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने आवारा पशुओं की वजह से होने वाले नुकसानों पर स्थायी हल निकालने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने स्पष्ट कहा कि हर हाल में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना हैए इसके लिए जो भी जरूरी उपाय हैं वह किया जाए। सड़कों पर घूम रहे इन पशुओं को पकड़ने के लिए 10 अलग.अलग विभागों को जिम्मेदारी दी गई है।

# श्रद्धा पर्व पर 2 को प्रभातफेरी और बुजुर्गों का होगा सम्मान



**पूर्वजों के श्राद्ध से अधिक महत्व है अपने जीवित बड़ों के प्रति श्रद्धा : सुधांशु महाराज**

**रायपुर,** 29 सितंबर (देशबन्धु)। 1 अक्टूबर को विश्व जाग्रति मिशन के संस्थापक गुरुदेव सुधांशु महाराज के मार्गदर्शन में श्रद्धा पर्व मनाया जायेगा। विश्व जाग्रति मिशन मंडल के अध्यक्ष सुनील सचदेव व मिडिया प्रभारी अश्विनी विग ने बताया इस अवसर पर मंडल रायपुर के सदस्य भारतीय संस्कृति में बड़े बुजुर्गो एवं माता पिता का साथ, उनका मार्गदर्शन और आशीर्वाद सौभाग्य माना जाता है। इसी भाव के साथ मंडल के साधक छत्तीसगढ़ नेत्र चिकित्सालय, तेलीबंधा रायपुर में 1 अक्टूबर रविवार को संध्या 5 से 7 बजे तक उपस्थित बुजुर्गो को शाल श्रीफल भेट कर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। एवं उनसे जीवन के अनुभव साँझा करेंगे।2 अक्टूबर सोमवार को राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी और भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जन्म दिवस पर गाँधी पुतला, आजाद चौक रायपुर से सुबह 6-30 बजे प्रभात फेरी का आयोजन किया गया है।

श्रद्धा पर्व का प्रारंभ सदगुरूदेव ने समाज में वृद्ध नागरिकों के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त करने के लिए किया था। जो आज विश्व जागृति मिशन के हर शाखा में अति उत्साह के साथ मनाया जाता है ! सुधांशु महाराज ने इस अवसर पर कहा प्रत्येक वर्ष 2 अक्टूबर को श्रद्धा पर्व मनाया जाता है। इस उज्वल रीती के अनुसार आज का पर्व समर्पित है उन माता पिता को जिन्होंने हमे जन्म दिया , हमारा पालन पोषण किया। हमे पढ़ा लिखाकर इस योग्य बनाया कि हम समाज मे प्रतिष्ठित पद को पा सके।उन माता पिता के ऋणों से हम ऋण तो नही उतार सकते परंतु कुछ तो कर सकते है । हम अपने माता पिता का सम्मान करें।इस दिन उनके साथ अधिक से अधिक समय व्यतीत करें।उनको कही बाहर घूमाने ले जाएं ,उन्हें अच्छा भोजन कराएं, उपहार दें या उनकी पसंद की कोई वस्तु उन्हें भेंट करें जिसके माध्यम से हम अपना प्रेम अभिव्यक्त कर सकते है । प्रत्येक दिवस ही श्रद्धा पर्व होना चाहिए- पूज्य महाराजश्री का निवेदन है गुरु शिष्यों का प्रत्येक दिवस ही श्रद्धा पर्व होना चाहिए।

पूज्यश्री यही कहते हैं कि अपनी संतान को धन का वारिस बनाने से पहले धर्म का वारिस बनाओ मतलब धन तो मिल ही जायेगा ! परंतु धर्म भी जीवन मे जुड़ा रह सके यह ज्यादा महत्वपूर्ण है।

उल्टा पुल्टा

**दोस्त**- तू इतना मोटा कैसे हो गया?
**पप्पू** - वो हमारे घर फ्रिज नहीं है न!
**दोस्त**- उसका मोटे होने से क्या संबंध?
**पप्पू**- जो भी बचे खाना पड़ता है, कल के लिए नहीं रख सकते न!

# स्कूलों में शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने की प्रशासनिक पहल

## विद्यार्थियों की शैक्षणिक गुणवत्ता परखने होगें मासिक टेस्ट

**दुर्ग,** 29 सितंबर (देशबन्धु)। जिले की शासकीय स्कूलों में शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने की प्रशासनिक पहल की गई है। ऑनलाईन फोटो के माध्यम से स्कूलों में शिक्षकों और विद्यार्थियों की उपस्थिति की नियमित मॉनिटरिंग होगी। कलेक्टर पुष्पेन्द्र मीणा ने आज शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक में विद्यार्थियों की शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने में विभागीय पहल की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने शिक्षकों के कार्यालयों में संलग्नीकरण की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि शिक्षकों का कार्य स्कूलों में अध्यापन कराने का है। उनकी सेवाएं स्कूलों में ली जाए ना कि कार्यालयों में। अधिकारियों ने अवगत कराया कि किसी भी कार्यालय में शिक्षक संलग्न नहीं है। विभागीय पेंशन प्रकरण की समीक्षा के दौरान अधिकारियों ने बताया कि 27 लंबित प्रकरण में से 5 पुराने प्रकरण संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा कार्यालय में लंबित है। कलेक्टर श्री मीणा ने पेंशन के लंबित प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा को जिले के समस्त लंबित पेंशन प्रकरण की विभागवार जानकारी उपलब्ध कराने निर्देशित किया है। उन्होंने कहा कि कोष एवं लेखा कार्यालय में लंबित पेंशन प्रकरणों की साप्ताहिक समीक्षा समय-सीमा की बैठक में होगी। आवश्यक जानकारी के साथ कोष एवं लेखा कार्यालय के अधिकारी/कर्मचारी को समय-सीमा की बैठक में उपस्थिति सुनिश्चित करना होगा। कलेक्टर ने स्कूलों में शिक्षकों की उपस्थिति की जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि स्कूलों में शिक्षकों की उपस्थिति की नियमित मानिटरिंग ऑनलाईन फोटो के माध्यम से की जा रही है। जिले के 583 शासकीय प्राथमिक, 337 अपर प्राथमिक, 50 हाई स्कूल, 85 हायर सेकेण्डरी स्कूल व 52 सजेस के प्रधानपाठक/प्राचार्य शिक्षकों एवं स्कूली बच्चों की नियमित उपस्थिति की फोटो अपलोड कर रहे हैं। कलेक्टर ➤➤ *शेष पृष्ठ 9 पर* ➤



# मोर आवास मोर मकान के 24 हितग्राहियों को किये गये मकानों के आबंटन

**दुर्ग,** 29 सितंबर (देशबन्धु)। दुर्ग नगर निगम क्षेत्र में निर्माणधीन प्रधानमंत्री आवास योजना मोर आवास मोर आस के तहत आज लाटरी पद्धति से 25 हितग्राहियों के मकानों का आबंटन किया गया। इस अवसर पर विधायक दुर्ग अरूण वोरा, महापौर धीरज बाकलीवाल, सभापति राजेश यादव, आयुक्त लोकेश चंद्राकर, एवं एमआईसी प्रभारीगण उपस्थित थे। कुल मिलाकर इस योजना के अंतर्गत अब तक 199 परिवारों को आवास आबंटित किये गये।

इस अवसर पर उपरोक्त सभी अतिथि वक्ताओं ने हितग्राहियों को विश्वास दिलाया कि उन्हें 2 माह के भीतर ही पोटियाकला व गणपति विहार के घरों की चाबियां सौंप दी जायेगी। साथ ही यह भी शर्त स्पष्ट कर दी गई कि अंशदान की राशि जमा कर देने वाले हितग्राहियों को ही मकान की चाबी दी जायेगी। कार्यक्रम में एमआईसी प्रभारी संजय कोहले, अनूप चंदानिया, उपस्थित रहे। नोडल अधिकारी दिनेश नेताम ने ➤➤ *शेष पृष्ठ 9 पर* ➤



शीघ्र राशि पटाकर लें कब्जा : महापौर

# फिल्म अभिनेत्री अमीषा पटेल ने बांधा समा

## दिव्यांग बच्चों के सहायतार्थ हुआ आयोजन



**दुर्ग,** 29 सितंबर (देशबन्धु)। स्थानीय रविशंकर स्टेडियम में गत रात्रि दिव्यांग बच्चों के सहायतार्थ फिल्म गदर फेम अभिनेत्री अमीषा पटेल का रंगारंग कार्यक्रम काफी सफल रहा है।

इस कार्यक्रम में अमीषा पटेल द्वारा दिव्यांग बच्चों को उपहार भेंट किये गये। उन्होंने शहर के समाज सेवियों का भी सम्मान किया। इस कार्यक्रम में गीत संगीत के सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किये गये।

उल्लेखनीय है कि इस कार्यक्रम के आयोजक वरूण जोशी के प्रयत्नों से विगत कुछ वर्षो से शहर प्रतिवर्ष किसी न किसी सेलीब्रेटी को आमंत्रित कर दिव्यांगों के सहायतार्थ कार्यक्रम किया जाता है। अमीषा पटेल ने भी इस तरह के आयोजन व दर्शकों से मिले प्रेम की भरपूर सराहना की। कार्यक्रम के संचालन और व्यवस्था में नगर निगम, जिला पंचायत, जिला एवं पुलिस प्रशासन का भरपूर सहयोग रहा।

# मोहन नगर-कर्मचारी नगर में 35 लाख के कार्यों का विधायक वोरा ने किया भूमिपूजन

**दुर्ग,** 29 सितंबर (देशबन्धु)। विधायक अरूण वोरा एवं महापौर धीरज बाकलीवाल ने आज शहर के दो वार्डो में अलग अलक कार्यक्रमों में लगभग 35 लाख रूपये के विकास कार्यो के लिये भूमिपूजन किया। उन्होंने वार्ड 13 मोहन नगर पूर्व में हाईमास्क ट्यूबलर पोल के लिये भूमिपूजन किया। इसी तरह एक अन्य कार्यक्रम में वार्ड 16 सिकोलाभाठा (उत्तर) के कर्मचारी नगर में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य के लिये भूमिपूजन किया। वार्ड की महिलाएं विगत काफी समय से वार्ड में सामुदायिक भवन निर्माण का मांग कर रही थी। इसके अलावा विधायक वोरा ने सड़क सीमेंटीकरण व उद्यान के बाउण्ड्रीवाल के लिये भी भूमिपूजन किया। वार्ड 13 मोहन नगर (पूर्व) में ➤➤ *शेष पृष्ठ 9 पर* ➤



# सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष बेलचंदन को मिली जमानत

**दुर्ग,** 29 सितंबर (देशबन्धु)। दुर्ग जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक दुर्ग (मर्या.) के पूर्व अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन को आज उच्च न्यायालय से जमानत मिल गई है। वे 24 जुलाई 23 से जेल में थे। उन्हें एक लाख रूपयों की निजी बांड भरने पर जमानत दी गई। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के न्यायधीश एन.के. चंद्रवंशी की कोर्ट से जमानत याचिका स्वीकृत की गई।



भाजपा नेता एवं जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अध्यक्ष रहे प्रीतपाल बेलचंदन पर करोड़ों रूपयों की गड़बड़ी का आरोप है। आरोप के अनुसार भाजपा शासनकाल में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अध्यक्ष के रूप में श्री बेलचंदन और निर्वाचित ➤➤ *शेष पृष्ठ 9 पर* ➤

# नगपुरा में प्रदेश स्तरीय किसान महापंचायत कल

**दुर्ग,** 29 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रगतिशील किसान संगठन ने रविवार 1 अक्टूबर को दुर्ग के नगपुरा में प्रदेश स्तरीय किसान महापंचायत आयोजित करने का निर्णय लिया गया है किसान संगठन द्वारा पिछले 10 साल से किसान महापंचायत और किसान संसद का आयोजन किया जा रहा है।

किसान संगठन का मानना है कि कांग्रेस और भाजपा दोनों ही पार्टियों की सरकारों ने किसानों से छल किया है जहां भाजपा सरकार ने धान खरीदी को प्रति एकड़ 20 क्विंटल से ➤➤ *शेष पृष्ठ 9 पर* ➤

# हेमचंद विवि भिलाई-दुर्ग में प्रस्तावित तक्षशिला ग्रंथालय परिसर के निर्माण के लिए 7.75 करोड़ का अनुदान

**दुर्ग,** 29 सितंबर (देशबन्धु)। हेमचंद यादव वि.वि., दुर्ग द्वारा आयोजित कार्यपरिषद् की बैठक में छात्रहित में अनेक निर्णय अनुमोदित किये गये। यह जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के अकादमिक विभाग के सहायक कुलसचिव, डॉ. सुमीत अग्रवाल ने बताया कि आज आयोजित कार्यपरिषद् की बैठक वि.वि. के टैगोर हॉल में ऑफलाईन तथा ऑनलाईन पद्धति से आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कुलपति, डॉ. अरूणा पल्टा ने की।

आयोजित बैठक में यूजीसी नईदिल्ली द्वारा नवंबर 2022 में भारत के राजपत्र में प्रकाषित पीएचडी संबंधी अधिनियम में परिवर्तन संबंधी

### ■ विवि के कार्यपरिषद की बैठक में निर्णय

बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा की गई तथा कार्यपरिषद् में यह निर्णय लिया कि वि.वि. की परिस्थिति के अनुसार बिन्दुओं के अंगीकरण हेतु वि.वि. की कुलपति एक समिति गठित करे तथा उस समिति के प्रस्ताव पर विचार कर उसे अनुमोदन हेतु उच्च शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन तथा राजभवन में पीएचडी अधिनियम 45 में संशोधन हेतु भेजा जाये। डॉ. अग्रवाल के अनुसार क्रीडा के क्षेत्र में सर्वोत्तम प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार राशि के रूप में वि.वि. द्वारा राशि प्रदान किये जाने का प्रस्ताव अनुमोदन किया गया। प्रस्ताव के अनुसार ➤➤ *शेष पृष्ठ 9 पर* ➤



# 25 करोड़ की ज्वेलरी के साथ 3 गिरफ्तार

## दुर्ग, बिलासपुर व दिल्ली पुलिस की संयुक्त कार्रवाई



**भिलाईनगर,** 29 सितम्बर (देशबन्धु)। पुलिस ने अंतर्राज्यीय गिरोह को गिरफ्तार कर उनके पास से लगभग 25 करोड़ रुपये का सोना सहित अन्य सामान जप्त किया है। पुलिस के अनुसार दिल्ली, बिलासपुर, राजनांदगांव में पुलिस की नाक में दम करने वाला गिरोह के पास से करोड़ों रूपये के जेवरात समेत भिलाई में पकड़ाया। पुलिस के अनुसार भिलाई में पारख ज्वेलर्स में हुई चोरी के साथ पूर्व में भी पकड़ा जा चुका है। पुलिस ने आरोप लोकेश श्रीवास को 18 किलो सोना के साथ गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को पूछताछ और अग्रिम कार्रवाई के लिए स्मृति नगर चौकी ले जाया गया है। इस संबंध में क्राईम ब्रांच के उप पुलिस अधीक्षक राजीव शर्मा ने देशबन्धु को बताया कि आरोपी को दो अन्य साथी लोकेश राव खुर्सीपार निवासी व शिव चंद्रावंशी को भी गिरफ्तार किया है। श्री शर्मा ने बताया कि लोकेश श्रीवास व शिव चन्द्रवांशी को बिलासपुर व दिल्ली पुलिस अपने साथ बिलासपुर ले गई है। वही लोकेश राव के संबंध में बताया कि लोकेश राव के खिलाफ सिकंदराबाद पुलिस ने चांदी के चोरी का अपराध दर्ज किया है। सिकंदराबाद पुलिस लोकेश राव को अपने साथ ले गई है। इस मामले की जानकारी पुलिस ने सभी राज्यों को पुलिस के साथ सम्पर्क कर इस गिरफ्तारी की जानकारी दी है। जिससे दिल्ली, बिलासपुर व सिंकदराबाद की पुलिस सूचना मिलते ही भिलाई पहुंच गई। क्राईम ब्रांच के उप पुलिस अघिक्षक राजीव शर्मा के अनुसार अब तक लोकेश श्रीवास द्वारा लगभग 20 चोरी की घटना को अंजाम देने का मामला सामने आया है। इसके पूर्व भी लोकेश श्रीवास को सुपेला आकाशगंगा मे पारख ज्वेलर्स में हुई चोरी के मामले में शत प्रतिशत माल के साथ गिरफ्तार किया था। आज उसे जेवरात के साथ गिरफ्तार कर दुर्ग पुलिस लोकेश श्रीवास से अन्य मामले की पूछताछ कर रही है। आपको बता दें बताया जाता है की चोरी का यह संपूर्ण माल दिल्ली में हुई चोरी का बताया जा रहा है। लोकेश की बिलासपुर एवं राजनांदगांव पुलिस को भी तलाश थी। आरोपी दिल्ली में चोरी की घटना को अंजाम देने के बाद भिलाई के कोहका में आकर छिपा था। दिल्ली पुलिस, दुर्ग पुलिस और बिलासपुर पुलिस की संयुक्त कार्यवाही और निशानदेही पर आरोपी आज लोकेश श्रीवास को पुलिस ने पकड़ा है। पुलिस से मिली जानकारी दिल्ली के जंगपुरा में स्थित ज्वेलरी दुकान से 25 करोड़ का सोना चोरी के मामले में स्मृति नगर से पकड़ा गया। दुर्ग, दिल्ली, रायपुर, बिलासपुर, पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई कर सफलता पाई है। आरोपी दिल्ली में चोरी करके स्मृति नगर में करोड़ों की ज्वेलरी को छुपाकर रखा था। पुलिस ने चोरी की ज्वेलरी को बरामद कर लिया है। फिलहाल अभी कार्रवाई जारी है। पुलिस के मुताबिक आरोपी लोकेश श्रीवास पिछले दिनों बिलासपुर क्षेत्र में करीब दर्जनों चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। बिलासपुर पुलिस उसे खोज रही थी। इसी बीच पता चला कि लोकेश दुर्ग में आया है। बिलासपुर पुलिस ने दुर्ग पुलिस से संपर्क किया। तीनों जिले की पुलिस आरोपी लोकेश श्रीवास की खोजबीन शुरू की। आरोपी स्मृति नगर में पीजी का मकान किराए पर लेकर रह रहा था। दुर्ग पुलिस ने किराए के मकान में दबिश दी। जहां आरोपी लोकेश पकड़ा गया। उसके निशान देही पर करोड़ रुपए का सोना बरामद हुआ। फिलहाल इस मामले में दिल्ली, दुर्ग, रायपुर और बिलासपुर पुलिस कार्रवाई कर रही है। वहीं इसकी सूचना दिल्ली पुलिस को दी गई है। दिल्ली पुलिस भी फ्लाइट से रायपुर आई। रायपुर से बाई रोड टीम भिलाई घटनास्थल पर पहुंची। एक अन्य आरोपी शिव चंद्रावंशी को बिलासपुर पुलिस ने कवर्धा से पकड़ा है। बता दें लोकेश एक अन्य साथी के साथ मिलकर लगातार चोरी की वारदात को अंजाम दे रहा था। दिल्ली, उड़ीसा, तेलांगना और बिलासपुर समेत अन्य स्थान पर चोरी की वारदात को अंजाम दिया है।

## सड़क दुर्घटना में कांग्रेसी नेता घायल



**भिलाईनगर,** 29 सितम्बर (देशबन्धु)। वरिष्ठ कॉंग्रेसीनेता व छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस सेवा दल के पूर्व महामंत्री एवं वर्तमान में भिलाई जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री सज्जन प्रसाद दीक्षित का 24 सितंबर रात 10 बजे सेक्टर-7 भिलाई मे दुर्घटना में गंभीर रुप से घायल हो गये। बताया जा रहा है कि वे अपने परिवार के साथ दोपहिए वाहन से जा रहे थे, तभी पिछले से किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें ठोकर मार दी। जिससे उनके सिर पर गंभीर चोट पहुंची। उनका ईलाज हेतु सूर्या मॉल के पास हाइटेक हॉस्पिटल में आईसीयू में भर्ती किया गया है। मे अचेतन अवस्था में हैं। वे कांग्रेस के लिए लगभग विगत 50 वर्षों से अपना योगदान देते रहे हैं। सेवादल के नेता संजय लाखे ने बताया उनके स्वास्थ्य लाभ की ईश्वर से कामना की जा रही है।

## झुमुक साहू दुर्ग ग्रामीण विधान सभा के कांग्रेस प्रभारी नियुक्त

**भिलाईनगर,** 29 सितम्बर (देशबन्धु)। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी राजीव भवन रायपुर कांग्रेस चुनाव अभियान समिति की महत्वपूर्ण बैठका हुई। बैठक मे प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रभारी सुश्री शैलजा ब्यास, छत्तीसगढ़ विधान सभा अध्यक्ष डा. चारण दास मंहत, प्रदेश के उप मुख्यमंत्री टी. एस सिहदेव, गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू प्रभारी सचिव चंदन यादव, प्रदेश के वरिष्ठ नेतागण के उपस्थित में संयुक्त महासचिव एवं प्रदेश सचिव के पदाधिकारियों का कार्य विभाजन कर लोकसभा प्रभारी एवं विधानसभा प्रभारी नियुक्त किया गया। सूची में प्रदेश कांग्रेस के संयुक्त महासचिव झूमक लाल साहू को दुर्ग ग्रामीण विधानसभा कांग्रेस प्रभारी नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति से उन्होनें प्रदेश कांग्रेस कमेटी सहित प्रदेश के मुख्य मंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा ब्यास के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि दुर्ग ग्रामीण विधानसभा में जिस प्रकार का विकास कार्य कांग्रेस द्वारा कराया गया है उससे क्षेत्र की जनता पहले की कांग्रेस को भारी मतों से विजयी बनाने का मन बना चुकी है। उन्होनें कहा कि रिसाली में निगम के गठन के बाद जिस प्रकार क्षेत्र का विकास हुआ है, उससे जनता को काफी लाभ मिल रहा है। झुमुक साहू ने कहा कि इस बार विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को पहले से ज्यादा बहुमत लोगों द्वारा किया जायेगा। उन्होनें कहा कि हम क्षेत्र के लोगों से ज्यादा से ज्यादा मिलकर उन्हें प्रदेश शासन की योजनाओं की जानकारी देगे। ताकि लोगों को इसका लाभ मिल सके।



## 1 अक्टूबर को स्वच्छता ही सेवा अभियान




**भिलाईनगर,** 29 सितम्बर (देशबन्धु)। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत 1 अक्टूबर को निगम भिलाई के संपूर्ण 70 वार्डो में महापौर, पार्षद, स्कूल कॉलेज के छात्र, समाजसेवी, व्यवसायिक संगठन, स्वयं सेवी संस्था महिला समूह तथा शहर के आम नागरिकों द्वारा वृहद स्वच्छता अभियान में 1 घण्टा अपना श्रमदान कर महात्मा गांधी को स्वच्छता श्रद्धांजलि अर्पित करेगें। भिलाई निगम के महापौर नीरज पाल, सभापति गिरवर बंटी साहू, महापौर परिषद के सदस्य सहित समस्त वार्ड के पार्षद 1 घंटा श्रमदान कार्यक्रम में शामिल होकर स्वच्छता से संबंधित कार्यक्रम को सफल बनायेगें। निगम आयुक्त रोहित व्यास ने बताया की भारत तथा राज्य सरकार द्वारा जारी परिपत्र के तहत 1 अक्टूबर को स्वच्छता से नागरिकों को जोड़ने विशेष अभियान आयोजित किया जाएगा। जिसमें सम्पूर्ण निगम क्षेत्र में प्रात: 10 से 11 बजे 1 घंटा स्वच्छता श्रमदान से शहर के जनप्रतिनिधि, नागरिक एवं संस्थाएँ साफ-सफाई कर भिलाई को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने में अपनी सहभागिता देंगे। अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने सभी कर्मचारियों को अलग अलग कार्य की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अभियान के तहत रहवासी क्षेत्र, खेल मैदान, बाजार क्षेत्र, सार्वजनिक क्षेत्र, मुक्तिधाम, कब्रिस्तान, मंदिर, गुरूद्वारा, गिरिजाघर, स्कूल, तालाब, उद्यान जैसे स्थलों को चयन किया गया है साथ ही गली मोहल्लों में भी सफाई अभियान चलाया जायेगा। वार्ड सुपरवाईजर लोगो के घर-घर जाकर स्वच्छता श्रमदान में भाग लेने आमंत्रित कर रहे है। ताकि अधिक से अधिक लोग सफाई श्रमदान में भाग लें। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत भिलाई को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने के लिए नागरिकों को जोड़ने के उददेश्य से विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। 15 सितंबर से शुरू हुए पखवाड़ा, सभी वार्डों में रैली, पाम्पलेट, नुक्कड़ नाटक जैसे आयोजनों से सफाई के प्रति जागरूक किया जा रहा है। साथ ही सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई, सोकपिट का निर्माण, कम्पोस्ट पिट का निर्माण, प्लास्टिक अपशिष्ट एकत्रीकरण, घर.घर कचरा एकत्रीकरण के लिए सामूहिक श्रमदान किया जाएगा। इस अभियान में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों की जनभागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

## वैशाली नगर सहित जिले की सभी सीट पर कांग्रेस की जीत का दावा



**भिलाईनगर,** 29 सितम्बर (देशबन्धु) प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त प्रदेश सचिव एवं वैशाली नगर विधानसभा के प्रभारी बनाए जाने पर सौरभ दत्ता ने कहा कि वैशाली नगर विधानसभा सहित जिले की सभी विधानसभा में कांग्रेस की जीत सुनिश्चित है। वैशाली नगर विधानसभा के जनमानस पूरी तरह से आने वाले चुनाव में छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल की जन कल्याणकारी नीतियों से वैशाली नगर सहित छत्तीसगढ़ प्रदेश में विकास कार्य से जनता प्रभावित है। प्रदेश के हर वर्ग के लिए भूपेश बघेल द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ आम जनता को मिलेगा एवं छत्तीसगढ़ में दोबारा कांग्रेस की सरकार बनना तय है। प्रदेश के किसान, श्रमिक शासकीय कर्मचारी व्यापारी, महिला एवं युवा सभी वर्ग में प्रदेश की भूपेश सरकार के लिए सकारात्मक सोच है एवं उसका परिणाम आने वाले चुनाव में मिलेगा। वैशाली नगर विधानसभा का प्रभार मिलने पर सौरभ दत्ता ने कहा कि वैशाली नगर के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में आने वाले चुनाव के लिए बहुत उत्साह है एवं इस बार वैशाली नगर विधानसभा सीट से कांग्रेस की जीत तय है। सौरभ दत्ता ने कहा कि वैशाली नगर के जनप्रतिनिधि एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं में चुनाव को लेकर उत्साह है। छत्तीसगढ़ सरकार एवं नगर निगम द्वारा कराए गए विकास कार्यों का भी जनता में अच्छा प्रभाव है। उसका फल आने वाले समय दिखेगा। सौरभ दत्ता ने कहा कि वैशाली नगर विधानसभा में प्रभारी बनाए जाने पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आभार व्यक्त किया है।

## विधायक ने विभिन्न समाजों को दी सौगात



**भिलाईनगर,** 29 सितम्बर (देशबन्धु)। भिलाई विधायक देवेंद्र यादव की प्रगति यात्रा में लोगों को रोज लाखों की सौगात दे रहे हैं। हर वार्ड में लाखों का विकास कार्य करवा रहे हैं। इसी कड़ी में विधायक देवेंद्र यादव कुछ समाज प्रमुखों से मिले। जिन्होंने अपने समाज के भवन के लिए मांग की थी। विधायक श्री यादव ने समाज प्रमुखों की मांगों को बड़ी गंभीरता से लिया और उस पर पहल की। इसी कड़ी में विधायक देवेंद्र यादव ने पवार समाज, सिन्हा समाज, गंधर्व समाज, नाई समाज को बड़ी सौगात दी। सभी समाज का सामाजिक भवन बनाया जाएगा। इसके लिए पहल करते हुए आज सभी समाज के सामाजिक भवन के निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन किया गया। समाज प्रमुखों के हाथों के भूमिपूजन कार्यक्रम को सम्पन्न करवाया गया। समाज के प्रमुखों ने कहा कि सामाजिक भवन की सौगात हो या शहर के विकास की बात। विधायक देवेंद्र यादव ने पूरी निष्टा से शहरवासियों के लिए काम किया है। इसके लिए हम सभी उनका साधूवाद करते है। विधायक श्री यादव ने समाज प्रमुख और बड़े बुजुर्गों से कहा कि आप सब का आशीर्वाद और प्रेम ही है जिससे मुझे शक्ति मिलती है। आप सब के आशीर्वाद से ही मैं यहां हूं। आप लोगों को जो प्यार हैं, यही मेरी पूंजी है। हमेंशा यही प्रेम बनाएं रखिएगा। 10 लाख से पवार समाज का भवन निर्माण, 25 लाख की लागत से सिन्हा समाज का भवन निर्माण, लाख की लागत से गंधर्व गाड़ा समाज के भवन का निर्माण, रनाई समाज का सामुदायिक भवन, गायत्री प्रज्ञा पीठ हुडको में 6 लाख की लागत से डोमशेड बनाया जाने का बात विधायक देवेन्द्र यादव ने कही।

## प्रायमरी कान्टेक्ट में लक्षण होने पर स्वाईन फ्लू जांच हेतु सैम्पल

**भिलाईनगर,** 29 सितम्बर (देशबन्धु)। प. जवाहर लाल नेहरू चिकित्सा एवं अनुसंधान केन्द्रए सेक्टर-9 हॉस्पिटल में 81 वर्ष वृद्ध महिला निवासी मैत्री नगर रिसाली भिलाई की स्वाईन फ्लू से मृत्यु की सूचना प्राप्त होने पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे.पी. मेश्राम के निर्देशानुसार नोडल अधिकारी डॉ.सी.बी.एस. बंजारे द्वारा पॉजिटिव आये मरीजों की कान्टेक्ट ट्रेसिंग किये जाने शहरी खंड चिकित्सा अधिकारी एवं उनके टीम को निर्देशित किया गया एवं संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें, छत्तीसगढ़ रायपुर की दिशा निर्देशानुसार प्रायमरी कान्टेक्ट में लक्षण होने पर स्वाईन फ्लू जॉच हेतु सैम्पल लिया जा रहा है। संकमण से बचाव हेतु स्वास्थ्य विभाग के द्वारा स्वाईन फ्लू से संबंधित प्रचार-प्रसार जैसे हाथों को साबुन से निरंतर धोयें एवं सार्वजनिक जगहों पर न थूके, पौष्टिक आहार खायें, पानी खूब पीयें एवं पूरी नींद ले एवं शरीर को क्रियाशील रखें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.जे.पी. मेश्राम के अनुसार मरीज की मृत्यु सिवियर निमोनिया, एक्यूट रेस्पायरेटरी डिस्ट्रेस सिन्ड्रोम के साथ हिनी पॉजीटिव स्वाईन फ्लू विथ सेप्सिस व सेप्टिक सॉक विथ डिपिकल रिस्पारेटरी एवं ओल्ड केस ऑफसी.व्ही.ए व अन्य कोमआर्बिड कंडिशन की शिकायत पहले से थी। संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें, छ.ग. रायपुर की दिशा निर्देशानुसार मृतक का अंतिम संस्कार किये जाने निर्देशित किया गया। उक्त मरीज को अन्य कोमआर्बिड कंडीशन जैसे उच्च रक्तचाप, सिवियर निमोनिया, डिसीज की शिकायत पहले से थी एवं उपचार दौरान 27 सितम्बर को सुबह 9 बजे अस्पताल में मृत्यु हो गयी। वर्तमान में स्थिति नियंत्रण में है।

## ललित कला अकादमी के चेयरमेन का भिलाई आगमन



**भिलाईनगर,** 29 ललित कला अकादमी नई दिल्ली के चेयरमेन प्रोफेसर वी नागदास के प्रथम भिलाई आगमन पर स्वागत किया गया। इस दौरान विशिष्ठ अतिथि के रूप मे संस्कार भारती के छत्तीसगढ़ प्रांत अध्यक्षए रिखी क्षत्रिय, आचार्य महेश चंद्र शर्मा, हेमंत सगदेव तथा बड़ी संख्या में खैरागढ, रायपुर और दुर्ग भिलाई के कलाकार उपस्थित थे। वही सांसद विजय बघेल ने दौरे पर रहने के कारण उन्हें फोन करके बधाई दी। भिलाई के कलाकार काफी समय से भिलाई मे रीजनल सेन्टर की मांग कर रहे हैं। आजादी के बाद से आज तक भारत में सिर्फ 7 सेन्टर बनाए गए हैं यदि भिलाई में यह बनता है तो आठवां सेंटर होगा। जो कि न सिर्फ छत्तीसगढ़ी कलाजगत के लिए वरन आसपास के राज्यों के लिए भी मील का पत्थर साबित होगी। इस बाबत भिलाई इस्पात संयंत्र ने एक स्कूल भवन लीज में दिए जाने संबंधित पत्र अकादमी को भेजा है। चेयरमेन वी नागदास ने कहा कि भिलाई मे रीजनल सेन्टर खोले जाने योग्य तमाम सुविधाएं उपलब्ध है। मिनी इंडिया कहलाने वाले इस शहर की तासीर ही ऐसी है कि वह इसे देश का सर्वश्रेष्ठ सेन्टर दे सकता है। उन्होंने भिलाई के सर्वधर्म सद्भाव संस्कृति की मुक्त कंठ प्रशंसा की। इससे पहले पावर हाउस पहुंचने पर सुप्रसिद्ध मूर्तिकार मोहन बराल, चित्रकार ब्रजेश तिवारी, रोहिणी पाटणकर, संयंत्र के युवा नेता संतोष पराशर, प्रशांत क्षीरसागर, पी.एल. जेना, विजय शर्मा तथा अनेक युवा कलाकारो ने उनका स्वागत किया। उन्होने शहर भ्रमण करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ उनकी कर्मभूमि रही है जहां वे खैरागढ संगीत विश्वविद्यालय में 37 सालों तक प्रोफेसर रहे हैं। भिलाई से भी उनका करीबी नाता रहा है और वे अतिशीघ्र ही यहां रीजनल सेन्टर खोलेंगे। दिल्ली में वे इसके लिए एक कमेटी गठित करेंगे जो कुछ ही दिनो में भिलाई का दौरा करेगी। ललित कला अकादमी के एक्जीक्यूटिव बोर्ड मेम्बर अंकुश देवांगन ने कहा कि संयंत्र ने अपने शुरुआती समय से ही छत्तीसगढ़ की कला संस्कृति के विकास में महत्वपूर्ण महत्वपूर्ण योगदान दिया है। जिससे स्थानीय प्रतिभाओं को व्यापक मंच मिला है। यही वजह है कि पद्मविभूषण तीजन बाई, देवदास बंजारे, बैतल राम साहू जैसे कलाकारो की कलाएं परवान चढ़ी। न सिर्फ कला बल्कि शिक्षा और स्पोर्ट्स के क्षेत्र मे भी संयंत्र के कर्मचारियों ने पूरी दुनिया में भिलाई का परचम लहराया है। सेक्टर 4 सरस्वती शिशु मंदिर में संस्कार भारती द्वारा आयोजित चेयरमेन नागदास के सम्मान समारोह मे चित्रकार हरीसेन, गिलबर्ट जोसफ प्राची, भूपत राव बोरकर, सतीश देवांगन, गुंजन, सारिका, प्रीति, स्तुति, धीरज साहू , विमान भट्टाचार्य, पी.वालसन, रायपुर से सत्तार तथा खैरागढ के अनेक छात्र.छात्राओ ने भाग लिया।

## सेंट थामस कालेज में गणित विभाग द्वारा कार्यक्रम



**भिलाईनगर,** 29 सितम्बर (देशबन्धु)। थॉमस महाविद्यालय के गणित एवं कम्प्युटर साइंस विभाग में प्रोगाम का शुरूआत किया गया। कार्यक्रम का आरंभ प्रार्थना के साथ किया गया। गणित एवं कम्प्युटर साईस विभाग प्रमुख डॉ. सुजा वर्गिस व्दारा स्वागत उत्घोषण प्रस्तुत किया गया। गणित एवं कम्प्युटर साइंस विभाग के नये अध्यक्ष-आयुषी गुप्ता, उपअध्यक्ष चंचल साहु, सचिव उपसचिव को पदभार ग्रहण किया। सेन्ट थॉमस महाविद्यालय के संस्था प्रमुख व प्राचार्य डॉ.एम.जी.रोयमन ने अपने वचनो से छात्रो को प्रोत्साहित एवं प्रेरित किया। प्रोगाम का आरंभ स्वागत गीत व नृत्य द्वारा किया गया फिर छात्र-छात्राओ द्वारा तत्कालिक भाषण प्रस्तुत किया गया, और विजयी छात्रो को प्रोत्साहन राशि एंव प्रमाण पत्र प्रदान किया गया तथा विधाथियों को प्रेरक लघु फिल्म दिखाया गया और उससे संबंधित प्रश्न पूछा गया एवं उत्तर देने वाले विधाथियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का समापन डॉ प्रीति जैन कम्प्युटर साइंस विभाग द्वारा धन्यवाद वाचन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय का स्टाफ उपस्थित था।

## धारदार हथियार सहित आरोपी गिरफ्तार



**भिलाईनगर,** 29 सितम्बर (देशबन्धु)। आज सुबह 11 बजे पुलिस को मिली सूचना पर एक व्यक्ति को कुसुम कानन गार्डन नेहरू नगर सुपेला के गिरफ्तार किया है, जो आम जगह में धारदार हथियार चाकू लेकर आने-जाने वाले लोगो को डरा धमका रहा है। पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश पर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर, संजय ध्रुव तथा नगर पुलिस अधीक्षक भिलाई नगर विश्वदीपक त्रिपाठी के मार्गदर्शन में आदतन बदमाशो पर सतत् निगाह रखते हुए अपराधियो के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश प्राप्त है। आज मुखबीर द्वारा सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची जहां आरोपी राहुल 20 साल निवासी रेश्ने आवास नेहरू नगर सुपेला को घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से एक लोहे का धारदार चाकू जप्त किया गया। आरोपी राहुल को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया। आरोपी के विरूद्ध थाना सुपेला में कई अपराध दर्ज है। इस महत्वपूर्ण कार्यवाही में निरीक्षक दुर्गेश कुमार शर्मा थाना प्रभारी थाना सुपेला, सउनि राजेश सिंह, प्र.आर. अमर सिंह, आर.कपिल चैधरी, विशाल सिंह, सुरेन्द्र गिरी, प्रकाश तिवारी, आर. रमेश यादव एवं यशवंत महिलांगे का विशेष योगदान रहा। धारा 25-27 आर्म्स एक्ट जप्ती. धारदार हथियार चाकू सहित गिरफ्तार किया है।

### सुपेला पुलिस ने डी.जे. किया जप्त

**भिलाईनगर।** वीति के रात्रि 11.30 बजे पुलिस ने सूचना पर गदा चौक के पास तेज आवाज़ मे डी.जे. बजा रहा है। मौके पर सुपेला पहुंची गदा चौक सुपेला मे अनावेदक राजकुमार 36 साल पता भेदरा थाना मोहगांव जिला. खैरागढ़ द्वारा तेज आवाज मे डी. जे. बजा रहा था। डी.जे. जप्त कर अनावेदक के विरुद्ध इस्तगासा क्रमांक 01/2023 धारा कोलाहल अधिनियम की धारा 15 के तहत कार्यवाही की गई है।

## नेहरू आर्ट गैलरी में ईश्वर की फोटोग्राफी प्रदर्शनी उद्घाटित

**भिलाईनगर,** 29 सितम्बर (देशबन्धु)। संयंत्र कर्मी एवं छायाकार ईश्वर कुमार पटेल द्वारा खींची गई छायाचित्रों के संग्रह की एकल प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक अजय कुमार चक्रवर्ती द्वारा किया गया। जिसका आयोजन 29 सितम्बर तक संयंत्र के जनसम्पर्क विभाग द्वारा संचालित नेहरू आर्ट गैलरी इंदिरा प्लेस में विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर किया जा रहा है। श्री चक्रवर्ती ने लिखा कि ईश्वर पटेल द्वारा की गई फोटोग्राफी का अद्भुत प्रदर्शन है। इनकी तस्वीरें, हमारे छत्तीसगढ़ की प्राकृतिक सुंदरता को दर्शाती है, इससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने लिखा ये तस्वीरें बहुत अच्छी हैं और इसे जारी रखें। श्री ईश्वर कुमार पटेल ने छत्तीसगढ़ के प्रमुख पर्यटन स्थलों के झरने तथा हमारे भारत देश के कुछ अन्य राज्यों के पर्यटन स्थल व आकर्षण केन्द्र की तस्वीरें सम्मिलित हैं। इन प्रदर्शित तस्वीरों के संग्रह में कुछ तस्वीरें हमारे खूबसूरत भिलाई की भी हैं। इस अवसर पर फोटोग्राफर ईश्वर कुमार पटेल सहित इस्पात नगरी के अन्य वरिष्ठ कलाकार एवं भारी संख्या में पर्यटन प्रेमी, फोटोग्राफी प्रेमी तथा आम नागरिक उपस्थित थे।



## सोयायटी ने सेवानिवृत्त कर्मियों को दी गई बिदाई



**भिलाईनगर,** 28 सितम्बर (देशबन्धु)। बीएसपी एम्पलाइज कोऑपरेटिव एंड वेलफेयर सोसाइटी सेक्टर-4 में माह अगस्त 2023 में सेवानिवृत्त हुए अपने सदस्य कर्मियों को विदाई दी। समारोह में अध्यक्ष अशोक परगनिहा व समस्त पदाधिकारियों ने सेवानिवृत्त बीएसपी कर्मियों-अफसरों को सम्मान पत्र व अंतिम भुगतान का चेक प्रदान किया। इस दौरान अध्यक्ष अशोक परगनिहा ने कहा कि अपने जीवन की नई पारी शुरू कर रहे इन सदस्यों का एक मार्गदर्शक के तौर पर हमेशा अलग स्थान रहेगा। परदेशी राम, रमेश कुमार शर्मा, महंगुलाल चौधरी, वडाली वेंकट सत्या, पर्वत प्रसाद बंशकार, रोहित कुमार नेमा, मोहम्मद मुश्ताक, रामाधार साहू, खुमान, किशोर जुनांकर, सुरेंद्र सिंह अधिकारी अनिरुद्ध कुमार शेंडे, बसंत राव उइके, केशव प्रसाद दिल्लीवार, मन्नू लाल भेड़िया, दयाराम, त्रेता नाथ पांडे शामिल हैं। इन सभी कर्मियों ने 1987 से 2001 के बीच बीएसपी से अपनी सेवा की शुरूआत की थी। इन कर्मियों.अफसरों ने सम्मान के लिए सोसाइटी परिवार का आभार जताया और अपने सेवाकाल के अनुभव सुनाए। इस दौरान अध्यक्ष अशोक परगनिहा ने बताया कि लाभांश वितरण 12 सितंबर से शुरू हुआ है जो 11 नवंबर तक चलेगा। सोसाइटी के कार्यालय दिवस पर अपराहन 3 से शाम 6.30 बजे के बीच सदस्य उक्त भुगतान ले सकते हैं। विभाग वार निर्दिष्ट तिथियों पर भुगतान किया जा रहा है। इसके लिए संस्था के सदस्य को पासबुक, डीएसपी गेट पास लाना होगा। इस अवसर अशोक राठौर, आसमां परवीन, संचालक विपिन बन्छोर, पुरुषोत्तम सिंह कंवर, पूरनलाल देवांगन, जानकी राव, सतानंद चंद्राकर, शशिभूषण सिंह, वेद प्रकाश सूर्यवंशी, नितिशा साहू मौजूद थे। आभार विपिन बन्छोर ने किया।

## जिले के तीनों विस अध्यक्षों की बैठक कांग्रेस भवन में आज

**बेमेतरा**, 29 सितंबर। जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र क्रमशः साजा, नवागढ़, बेमेतरा के सेक्टर अध्यक्षों का प्रशिक्षण कार्यक्रम कल दिनांक 30 सितंबर को दोपहर 3ः00 बजे कांग्रेस भवन बेमेतरा में आयोजित की गई है, प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए प्रदेश कांग्रेस आई टी सेल के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

# सड़क हादसे में घायल बच्चे को डिस्चार्ज नहीं करने को लेकर भारी हंगामा

**बेमेतरा,** 29 सितंबर (देशबन्धु)। शहर के मोहभट्ठा का मार्ग स्थित चेतना नर्सिंग होम में सड़क हादसे में घायल बच्चे के प्राथमिक उपचार के एवज में अनाप-शनाप पैसा मांगने को लेकर 100 से अधिक युवकों ने भारी हंगामा किया। अस्पताल प्रबंधन पर कार्रवाई को लेकर युवा नेता प्रांजल तिवारी के नेतृत्व में लोग करीब दो घंटे तक प्रदर्शन करते रहे। इस दौरान हंगामा बढ़ता देख सिटी कोतवाली से पुलिस को बुलाया गया। घटना की जानकारी बेमेतरा एसडीएम सुरुचि सिंह को दी गई। एसडीएम ने तहसीलदार परमानन्द बंजारे को अस्पताल भेजा, लेकिन प्रदर्शन कर रहे युवक कार्रवाई के बिना प्रदर्शन खत्म करने को तैयार नहीं हो रहे थे। इसके बाद बेमेतरा एसडीएम अस्पताल पहुंची और उन्होंने मामले की जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया। तब कहीं जाकर आक्रोशित युवक शांत हुए।

**सड़क हादसे में घायल बच्चे के इलाज के लिए परिजन पहुंचे थे अस्पताल**

जानकारी के अनुसार ग्राम पिपराभट्टा निवासी नकुल साहू का 13 वर्षीय बेटा परमेश्वर को गांव के युवक बे मोटरसाइकिल से ठोकर से घायल कर दिया। जिसे परिजन इलाज के लिए चेतना हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। बच्चे का स्वास्थ्य परीक्षण कर डॉक्टर ने इलाज में करीब 50 हजार खर्च आने की बात कही। परिजन इतनी बड़ी रकम देने को लेकर असमर्थता जाहिर कर दी और बच्चे को डिस्चार्ज करने की बात अस्पताल प्रबंधन से कहीं।

**प्रदर्शनकरियो व डॉक्टर के बीच तीखी बहस, पैसा लेने के बाद ही डिस्चार्ज करने पर अड़े**

अस्पताल प्रबंधन की ओर से बच्चे को डिस्चार्ज करने की एवज में 10 हजार रुपए की मांग की गई। यहां परिजनों की ओर से 10 हजार रुपए का बिल मांगने पर अस्पताल प्रबंधन ने देने से साफ इनकार कर दिया। इसके बाद गांव से आए लोगों ने



अस्पताल प्रबंधन के रवैया से युवा नेता प्रांजल तिवारी को अवगत कराया। प्रांजल तिवारी ने फोन पर अस्पताल के डॉक्टर से बच्चे को डिस्चार्ज करने का आग्रह किया लेकिन डॉक्टर ने 10 हजार रुपए लेने के बाद ही बच्चे को डिस्चार्ज करने की बात कही। इससे नाराज युवा नेता अपने समर्थकों के साथ चेतना नर्सिंग होम पहुंचा और अस्पताल प्रबंधन पर कार्रवाई की मांग को लेकर प्रदर्शन करने लगा। इस दौरान डॉक्टर व प्रदर्शनकारियो के बीच तीखी बहस देखने को मिली। मौके पर मौजूद लोगों के द्वारा बीच-बचाव करने पर दोनों पक्ष शांत हुए।

- अस्पताल पर कार्रवाई को लेकर सैकड़ों युवकों का प्रदर्शन
- डिस्चार्ज करने की एवज में अस्पताल प्रबंधन ने मांगे 10 हजार
- बेमेतरा एसडीएम की समझाइश के बाद प्रदर्शनकारी हुए शांत

प्रदर्शनकारी बच्चे को डिस्चार्ज करने की मांग कर रहे थे, जबकि डॉक्टर पैसा लिए बिना बच्चे को डिस्चार्ज नहीं करने की बात कही। इसी बात को हंगामा बढ़ने लगा। हंगामे की जानकारी मिलने पर कोतवाली थाना प्रभारी दल-बल के साथ अस्पताल पहुंचे। घटना की जानकारी बेमेतरा एसडीएम को मिलने पर तहसीलदार को अस्पताल भेजा। उनके मान मनौव्वल के बाद बावजूद प्रदर्शनकारी शांत नहीं हुए। बेमेतरा एसडीएम के अस्पताल पहुंचने के बाद उन्होंने मामले की जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया तब कहीं जाकर प्रदर्शनकारी शांत हुए।

**99 फीसदी प्रकरणों में किया जा रहा सिजेरियन प्रसव**

युवा नेता प्रांजल तिवारी के अनुसार चेतना नर्सिंग होम में मरीजों के साथ खुली लूट हो रही है। यहां आने वाले प्रसव के 99त्न प्रकरणों में सर्जरी की जा रही है। सर्जरी योग्य प्रकरण नहीं होने के बावजूद जानबूझकर मरीजों को डराया जाता है और सर्जरी कर प्रसव कराया जा रहे हैं। सर्जरी के एवज में महिलाओं के परिजन से 50 से 60 हजार रुपए लिए जा रहे हैं। ऐसी स्थिति में गरीब परिवार अपनी अचल संपत्ति बेचकर अस्पताल में भुगतान कर रहे हैं। इस संबंध में लगातार शिकायत मिल रही है। इसकी जानकारी स्वास्थ्य विभाग को होने के बावजूद अब तक कोई भी प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है।

**बाहर से बुलाए जाने वाले डॉक्टरों की जानकारी स्वास्थ्य विभाग को नहीं दी जा रही**

प्रतीक दुबे, अतुल साहू ने बताया कि बिना लाइसेंस अस्पताल प्रबंधन की ओर से सोनोग्राफी मशीन का संचालन किया जा रहा था। शिकायत के बाद स्वास्थ्य विभाग हरकत में आया और अस्पताल प्रबंधन को नोटिस थमाया था। अस्पताल में हड्डी रोग विशेषज्ञ नहीं होने के बावजूद सड़क हादसे में घायल बच्चे को इलाज के लिए भर्ती किया गया। इस संबंध में पूछने पर अस्पताल के डायरेक्टर ने बाहर से डॉक्टर बुलाने की बात कही, जबकि अस्पताल प्रबंधन की ओर से स्वास्थ्य विभाग को बाहर से बुलाए जाने वाले डॉक्टरों की विधिवत कोई सूचना नहीं दी गई है। इस तरह नियमों को तक पर रखकर मरीजो के स्वास्थ्य से खिलवाड़ किया जा रहा है।

***बाहर से बुलाए जाने वाले डॉक्टरों की सूचना अस्पताल प्रबंधन की ओर से नहीं दी गई है। जिला मुख्यालय समेत जिले में संचालित सभी प्राइवेट अस्पतालों को बाहर से बुलाए जाने वाले डॉक्टरों की सूची विभाग में जमा करने नोटिस जारी किया जाएगा। प्रकरण के संबंध में शिकायत मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।***

– **जीएल टण्डन**, सीएमएचओ, बेमेतरा

## राज्य स्तरीय एथलेटिक खेल में सोनालिका प्रथम



**गुरुर,** 29 सितंबर (देशबन्धु)। विद्या भारती द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर की एथलेटिक खेल प्रतियोगिता पहन्दा दुर्ग में संपन्न हुआ। आचार्य लिकेश हिंदू जी ने बताया कि प्रतियोगिता मे राज्य भर से खिलाड़ियों ने भाग लिया था, जिसमे सरस्वती शिशु मंदिर पलारी (गुरुर) की सोनालिका वैका ने बालोद जिला का नेतृत्व करते हुए तावा फेंक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त की। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ओमरेश्वर शिक्षण समिति के अधिकारी गण संयोजक लखन लाल गुरुपंच, अध्यक्ष नंदराम साहू, चंद्रहास वेका, घनश्याम साहू, गुरुप्रसाद साहू, गजेंद महम्मला, प्रधानाचार्य राजमणि साहू ने बताया कि पहली बार हमारे विद्यालय पलारी से क्षेत्रीय खेल में सोनालिका वैका चयनित खिलाड़ी हुई है।

## नपा द्वारा संवारा जा रहा शहर का कॉलेज ग्राउंड निर्माण व संधारण कार्य अंतिम चरणों में

**बालोद**, 29 सितंबर। शहर व शहर के आसपास के खिलाड़ियों को एक अच्छा मैदान देने की कवायद शुरु हो चुकी है। नगर पालिका द्वारा शहर के कॉलेज ग्राउंड को संवारा जा रहा है लगभग 75 लाख रुपए की लागत से इसका संधारण कार्य अंतिम चरणों में है नगर पालिका अध्यक्ष विकास चोपड़ा ने बताया कि आचार संहिता लागू होने के पूर्व इसे पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है उम्मीद है कि एक सप्ताह में यहां के खिलाड़ियों को एक व्यवस्थित मंच खेलने के लिए मिल जाएगा। यहां पर खेल हेतु घास बैठने के लिए व्यवस्था इत्यादि सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। आपको बता दें कि बालोद शहर का कॉलेज मैदान दशकों से उपेक्षित था इस जगह को संभालने नगर पालिका को काफी मेहनत करना पड़ा यह एक पथरीला जगह था जिसे अब समतल कर दिया गया है और वहां पर घास उगाए गए हैं साथ ही आसपास बैठने के लिए मैदान के चारों ओर सीढ़ीनुमा बैठक व्यवस्था बनाई जा रही है उसके आसपास भी गार्डनिंग किया जा रहा है नगर पालिका अध्यक्ष विकास चोपड़ा ने बताया कि हमारा लक्ष्य है कि सभी तरह की खेल प्रतिभाओं को एक मंच नगर पालिका द्वारा दिया जा सके इसी के परिणाम स्वरुप राज्य शासन को जो प्रस्ताव भेजा गया था उसे पास किया गया और निर्माण कार्य लगभग अंतिम चरणों में है। बालोद नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष विकास चोपड़ा ने बताया कि बालोद शहर सभी क्षेत्रों में आगे हो इसके लिए नगर पालिका लगातार प्रयास कर रही है खेल मैदान को संवारने के लिए हमें काफी मेहनत करना पड़ा क्योंकि यह कॉलेज की संपत्ति है इसे हमने अनापत्ति प्रमाण पत्र मांगा इसके बाद से हमने युद्ध स्तर पर निर्माण कार्य शुरू कराया है। युद्ध स्तर पर निर्माण कार्य करने के पीछे उद्देश्य है कि कुछ दिनों में आचार संहिता लागू हो जाएगा तो यह काम इसका लोकार्पण कहीं रुक ना जाए और खेल प्रतिभा के लोगों को ज्यादा इंतजार न करना पड़े।

**आचार संहिता से पहले खिलाड़ियों को मिलेगी व्यवस्थित खेल मैदान की सौगात**

## शोभायात्रा निकालकर गणेश प्रतिमाओं का किया विसर्जन



**गुरुर**, 29 सितंबर। गुरुर सहित ग्रामीण क्षेत्र मे विधि विधान से पूजा आरती कर ढोल-नगाड़ों, बैंड बाजा के साथ नाचते गाते शोभायात्रा निकाल कर गणेश जी की प्रतिमा का जल में विसर्जन किया गया। इस दौरान गणपति बप्पा मोरया, अबके बरस तू जल्दी आ' के जयकारों से क्षेत्र गूंज उठा। शहर में आज पूरे दिन गणेश महोत्सव की धूम मची रही। सार्वजनिक स्थानों के अलावा घर-घर में पधारे गए गणपति बप्पा की प्रतिमाओं को भी श्रद्धालुओं ने ढोल नगाड़े के साथ शोभायात्रा निकालकर जल में विसर्जित किया। श्री गणेश जी की शोभायात्रा देखने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

## ओंकार को मिली सतनामी समाज का राजमहंत पद



**कुम्हारी**, 29 सितंबर। सतनामी समाज के सर्वोच्च गुरु आसमदास बाबा गुरुगोसाई गुरूगद्दी नशीन गुरूद्वारा तेलासीपुरी धाम के गुरु ने राजमहंत श्री ब्रिज खाण्डे जी कोनी बिलासपुर की अनुशंसा पर ओंकार प्रसाद मारकन्डे पार्षद कुगदा (कुम्हारी) व जिला महामंत्री अनुसूचित जाति मोर्चा जिला भिलाई भाजपा को राजमहंत पद का भार देते हुए नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया।

## राम मंदिर ट्रस्ट की भूमि को लेकर आरोप लगाने वालों को विधायक छाबड़ा ने भेजा कानूनी नोटिस

**बेमेतरा,** 29 सितंबर (देशबन्धु)। विधायक आशीष छाबड़ा ने उनके ऊपर रायपुर में प्रवेश कॉन्फ्रेंस कर सनातन हिंदू सभा के प्रांत अध्यक्ष राजीव लोचन श्रीवास्तव पार्षद नीतू कोठारी एवं अन्य लोगों को अपने अधिवक्ता के माध्यम से झूठा आरोप लगाने एवं छवि धूमिल करने का आरोप लगाते हुए कानूनी कानूनी नोटिस भेजा है जिसमें मुख्य रूप से विधायक आशीष छाबड़ा ने नोटिस भेजने वालो को कहा है कि राम मंदिर ट्रस्ट की अचल संपदा का अंतरण एवं विनिमयन पंजीकृत दस्तावेजों के आधार पर किए गए हैं जिसमें विधायक आशीष छाबड़ा अथवा उनके परिजन का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कोई संबंध नहीं रहा है फिर भी अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षा के चलते नोटिस प्राप्तकर्ताओं ने तथ्यों को गढकर प्रत्यक्षता परिलक्षित कर विधायक की राजनीतिक छवि को खराब करने का प्रयास किया है जिससे विधायक आशीष छाबड़ा एवं उनके परिजनों को मानसिक संत्रास हुआ है नोटिस प्राप्तकर्ताओं के द्वारा झूठ एवं मनगढ़ंत आरोप लगाया गया है जिसके संबंध में उनके पास किसी प्रकार का कोई साक्ष्य नहीं है इसमें विधायक आशीष छाबड़ा और उनके परिवार के किसी सदस्य का किसी प्रकार का कोई हाथ है इस नोटिस में विधायक आशीष छाबड़ा ने नोटिस प्राप्त कर्ताओं को सात दिवस का समय भी दिया है जिसमें वह सार्वजनिक रूप से अपने वक्तव्य का खंडन कर माफी नामा देकर इस मामले को समाप्त कर सकते हैं अन्यथा विधायक आशीष छाबड़ा इस मामले में सिविल एवं दाडिक कार्यवाही करने के लिए सक्षम न्यायालय में अग्रसर होंगे ज्ञात होगे सनातन हिंदू समाज के प्रांत अध्यक्ष राजीव लोचन श्रीवास्तव तथा बेमेतरा की पार्षद नीतू कोठारी सहित कुछ लोगों ने रायपुर में एक प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर विधायक एवं उनके परिवार पर आरोप लगाया जिसका विधायक आशीष छाबड़ा ने कुछ दिनों पूर्व प्रेस वार्ता लेकर इन बातों का खंडन किया है साथ ही साथ विधायक आशीष छाबड़ा ने प्रेस वार्ता में स्पष्ट भी किया है कि राम मंदिर भूमि अंतरण से उनका वह उनके परिवार का किसी प्रकार का कोई संबंध नहीं है उपरोक्त अंतरण सुमित कौर सलूजा पति बलमीत सलूजा उर्फ बंटी सलूजा के नाम पर किया गया है जिससे उनका किसी प्रकार का कोई संबंध नहीं रहा है इस मामले में अगर कहीं कोई गलती हुई है या किसी प्रकार का कोई गलत कार्य किया है तो संबंधितों पर निश्चित रूप से कार्रवाई की जानी चाहिए मात्र झूठा आरोप लगाकर छवि खराब करना और अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षा पूर्ति के लिए किसी परिवार को मानसिक संत्रास देना उचित नहीं है जिसके चलते उन्होंने कानूनी नोटिस संबंधितों को दिया है।



## दूसरे दिन भी खारुन तट पर गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन



**कुम्हारी,** 29 सितंबर (देशबन्धु)। कुम्हारी क्षेत्र में विभिन्न समितियों द्वारा गणेश प्रतिमा का स्थापना किया गया था। सदस्यों द्वारा विगत 10 दिनों तक पूजा अनुष्ठान के पश्चात बुधवार को अंनत चतुर्दशी के बाद गणेश जी की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। विभिन्न समितियों ने विसर्जन के दूसरे दिन भी बड़ी संख्या में प्रतिमाओं का विसर्जन किया। बता दे कि कुम्हारी नगर के प्रमुख चौक-चौराहों एवं विभिन्न मोहल्लों में समितियों द्वारा गणेश प्रतिमाओं की स्थापना की गई थी साथ ही लोगों ने अपने-अपने घरों में भी प्रतिमा स्थापित किया था। बुधवार को हवन होने के साथ ही प्रतिमा विसर्जन का सिलसिला प्रारंभ हो गया। अधिकतर समितियों ने पितृ पक्ष में मद्देनजर उसी दिन विसर्जन कर दिया लेकिन कुछ समितियों ने गुरुवार को कुम्हारी स्थित खारुन नदी तट पर पूजा-पाठ व आरती के साथ मूर्ति विसर्जन किया।

**डीजे की धुन पर खूब थिरके भक्त, फोड़े पटाखें-**

गणेश प्रतिमा विसर्जन को लेकर समितियों के सदस्यों के द्वारा सुबह से ही तैयारियां पूरी कर ली गई कहीं धुमाल तो कहीं डीजे की धुन पर लोग थिरकते दिखे साथ ही रंग बिरंगे पटाखें फोड़े गए। विसर्जन के दौरान बड़ी संख्या में महिलाओं की भी सहभागिता देखी गई।

**कुम्हारी पालिका व पुलिस प्रशासन द्वारा विसर्जन के लिए तय किया गया स्थान**

गौरतलब है कि गणेश समितियों को पुलिस व पालिका प्रशासन द्वारा विसर्जन के लिए कुछ स्थानों को चिन्हित कर समितियों को इसकी जानकारी दे दी गई थी एवं कुछ दिन पहले से ही वहां साफ़ सफाई व बिजली की व्यवस्था भी कर दी गई थी। बता दें कि बड़ी संख्या में समितियों द्वारा खारुन नदी तट पर गणेश जी की प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला जारी है।

## निधन

### कामिनी बाई वर्मा



**पलारी** 29 सितंबर। पलारी नगर के वार्ड नं 5 निवासी कामिनी बाई वर्मा 90 का देहावसान हो गया है। उनका अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में नागरिक शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की है। वे धनेश वर्मा की मां और बंटी,मोनू व मोंटू वर्मा की दादी थी।

### सुखवंतिन बाई बरिहा

**बागबाहरा,** 29 सितम्बर। जपं बागबाहरा के अंतर्गत ग्राम पंचायत चुरकी (ओंकारबंद) निवासी श्रीमती सुखवंतिन बाई बरिहा का 28 सितंबर गुरुवार की सुबह निधन हो गया। वे 92 वर्ष की थीं। जिनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। वे बिशेषर बरिहा व विजय बरिहा की मां थी। तथा ग्राम पंचायत चुरकी (ओंकारबन्द) की सरपंच श्रीमती सुमित्रा बरिहा एवं सरपंच प्रतिनिधि लेखराम बरिहा की दादी थीं। उनके अंतिम संस्कार में गांव एवं समाज के लोग बड़ी संख्या में मौजूद थें।

### माया देवी गुप्ता



**दुर्ग**, 29 सितंबर। दुर्ग नगर निगम के राजस्व अधिकारी दुर्गेश गुप्ता की माता माया देवी गुप्ता धर्मपत्नी राजकुमार गुप्ता (77) का आज निधन हो गया। अंतिम यात्रा उनके नेहरू नगर निवास से शिवनाथ नदी मुक्तिधाम के लिए कल 30 सितंबर को दोपहर 12 बजे निकलेगी।

### जीएस चौधरी



**राजनांदगांव,** 29 सितंबर। शहर के प्रतिष्ठित डॉ. जीएस चौधरी हमारे बीच नहीं रहे। गुरुवार शाम को उनका आकस्मिक निधन भिलाई के एक निजी अस्पताल में हुआ। डॉ. चौधरी लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। वे इंजिनियर मनीष चौधरी के पिता थे। अंतिम यात्रा निज निवास महेश नगर बसंतपुर से निकलेगी।

## प्रादेशिकी का शेष...

### ईद मिलादुन्नवी पर निकला...

के साथ ही सलातों सलाम का कार्यक्रम हुआ। जुलूस में जामा मस्जिद कमेटी के साथ ही अंशुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन कमेटी व अन्य मुस्लिम संगठनों के पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं के अलावा शहर की सभी मस्जिदों के मुतवल्ली भी शामिल रहे।

इस बार शहर के अनेक स्थानों में लंगर भंडारा भी हुआ जिसमें मुस्लिम महिलाओं व बच्चों ने भी भाग लिया। जुलूस में समाज के लोग परचम लिये इस्लाम के नारे लगाते चल रहे थे। आज के इस कार्यक्रम में ईद मिलादुन्नवी कमेटी के अध्यक्ष जाकिर खोखर, सालाना उर्स पाक कमेटी के अध्यक्ष प्रकाश देशलहरा, पार्षद अब्दुल गनी, हामिद खोखर, मदरसा बोर्ड के अध्यक्ष अलताफ अहमद, सलीमुद्दीन कुरैशी, सिराज आजमी, रजा खोखर, जहीर चौहान, सहित सैकड़ों क संख्या में लोग शामिल थे। जुलूस में आटो रिक्शा, ई रिक्शा, कारों व अन्य वाहनों का काफिला भी चल रहा था जिसमें बच्चें बुजुर्ग बैठे हुए थे।

### मौलाना को नाबालिग छात्रा के साथ ...

बच्ची द्वारा 18 फरवरी 2023 की दोपहर मौलाना के वापस जाने पर उसके द्वारा की जा रही हरकतों की जानकारी अपनी अम्मी को दी गई। जिसके बाद मामला पुलिस तक पहुंचा।

पुलिस ने बच्ची के कथन, चिकित्सकीय परीक्षण और परिजनों की शिकायत के आधार पर आरोपी मौलाना मो. मेहराज(23 वर्ष) के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर लिया। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया और विवेचना पश्चात प्रकरण को विचारण के लिए अदालत के समक्ष पेश किया।

प्रकरण पर विचारण फास्ट ट्रैक कोर्ट में किया गया और महज 7 माह में फैसला सामने आ गया। विचारण के दौरान मौलाना ने अदालत बताया था कि बच्ची के वालिद द्वारा उसकी ट्यूशन फीस 3-4 माह से नहीं दी गई थी। जिसको लेकर उनमें विवाद हुआ था और उसके खिलाफ झूठी शिकायत की गई। वहीं यह भी बताया कि शब्दों के बेहतर उच्चारण के लिए बच्ची को हलक से आवाज निकालने की समझाइश देने वह उसके सीने पर हाथ रखता था, उसका इरादा गलत नहीं था, लेकिन साक्ष्य के आभाव में अदालत ने उसकी बचाव में दी गई दलील को अमान्य कर दिया गया। विशेषशे न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) ने इस मामले में अभियुक्युत मौलाना को दोषी करार दिया। अभियुक्त मो. मेहराज (23 वर्ष) को पॉक्सो एक्ट की धारा 10 के तहत पांच वर्ष तथा धारा 12 के तहत एक वर्ष के कारावास से दंडित किए जाने का फैसला सुनाया गया। सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी।

### गणपति बप्पा मोरिया के ...

लुचकी तालाब, माता तालाब, बैजनाथ पारा तालाब, शीतला तालाब के साथ ही अलग अलग मोहल्लों के जलाशयों में भी विसर्जन किया गया। शाम 7-8 बजे तक विसर्जन का क्रम जारी रहा। गणपति बप्पा मोरिया के उद्घोष के साथ ही शंख, घंटा बैंडबाजा व डीजे के साथ लोगों ने भगवान गणपति की शोभायात्रा निकाली मगर विगत वर्षो की तरह इस वर्ष गणेश विसर्जन का धूम धड़ाका कम रहा। कतिपय लोगों ने बताया कि आज गुरूवार के साथ ही अन्य कार्यो को ध्यान में रखते हुए गणेश जी का विधि विधान से सिहांसन हिला दिया गया है। अब कल परसों तक विसर्जन किया जा सकता है। विसर्जन जुलूस के अलावा विसर्जन स्थल पर भी पुलिस सुरक्षा के साथ प्रकाश इत्यादि की व्यवस्था काफी चुस्त दुरूस्त व मुस्तैद रही।

### जीवनदीप समिति के ...

के कार्यकारिणी सदस्य नगर निगम ब्रांड एंबेसडर और रेड क्रॉस मेंबर दिलीप ठाकुर को सम्मानित किया। ज्ञात हो कि श्री ठाकुर इसके पूर्व में भी कोरोना काल में मरीजों की चिकित्सालय में भर्ती संक्रमण से बचाव के लिए वेक्सिन लगवाने में सक्रिय भूमिका के लिए पूर्व में भी सम्मानित हो चुके है।

### पीएम आवास योजना ...

में चल रही आवास निर्माण का कार्य अगले दो माह में पूरा कर लिया जायेगा। सहायक नोडल अधिकारी जितेन्द्र समैय्या ने सभी आवेदकों से आग्रह किया है कि वे डाटा सेंटर जाकर पात्र-अपात्र की सूची का अवलोकन कर लें।

### फर्जी जमानत का मामला...

किताब में पूर्व के जमानत प्रकरण क्रमां क 3222/2011 कन्हैया वि मोहन धारा 138 एनआईएक्ट का कोई उल्लेख नहीं दिखा। साथ ही प्रस्तुत किसान किताब में तहसीलदार दुर्ग से कोई डुप्लीकेट अथवा नवीन किसान किताब जारी कराए जाने का भी इंद्राज नहीं था। इससे स्पष्ट हुआ कि जमानतदार द्वारा दस्तावेजों की कूटरचना कर फर्जी जमानत न्यायालय में पेश किया जा रहा है। इसके बाद कोर्ट ने जमानतदार पर कार्रवार के लिए दुर्ग कोतवाली को निर्देश दिया है। कोर्ट के आदेश पर फर्जी जमानतदार के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया गया।

### पीएचडी की फर्जी डिग्री दिलाने ...

इस तरह लगभग एक साल तक विजय गुप्ता परेशान रहा। बीच में एक बार कोलकाता में केन्द्रीय मंत्री स्मृति इरानी के महिला सम्मेलन होने और उसमें उन्हें पीएचडी दिलाने का झांसा दिया लेकिन यह भी झूठ निकला। इसके बाद विजय गुप्ता स्वयं ही डॉ तपन से मिलने दिल्ली पहुंचा लेकिन इसके द्वारा दिया पता भी फर्जी निकला। अंत में थक हारकर डॉ विजय गुप्ता ने इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई है।

पद्मनाभपुर पुलिस ने इस मामले में डॉ तपन के खिलाफ धारा 420 के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## प्रदेश सरकार महिला सुरक्षा के खोखले दावे करके पूरी तरह संवेदनहीनता व निर्लज्जता का परिचय दे रही : किर्तिका साहू

**बालोद,** 29 सितंबर (देशबन्धु)। भाजपा नेत्री एवं जिला पंचायत सदस्य किर्तिका साहू ने 5 साल में प्रदेश कांग्रेस के कुशासन में छत्तीसगढ़ में महिलाओं के साथ हो रहे अत्याचार, अनाचार व शोषण को लेकर भूपेश बघेल के कुशासन को जिम्मेदार ठहराते हुए क्षेत्रीय विधायक को निरंकुश करार दिया। साथ ही कमीशन खोरी के चक्कर में स्व सहायता समूह की 22 हजार बहनों को रोजगार छिनने को लेकर आढे हाथों लिया। उन्होंने कहा कि बेमेतरा जिले में एक युवती के साथ तीन लोगों द्वारा किए गए गैंगरेप के मामले को लेकर प्रदेश सरकार पर जमकर हमला बोला और कहा है कि प्रदेश सरकार महिला सुरक्षा के खोखले दावे करके पूरी तरह संवेदनहीनता और निर्लज्जता का परिचय दे रही है। छत्तीसगढ़ के कांग्रेस शासनकाल में मासूम बच्चियों से लेकर वृद्ध महिलाओं तक की अस्मिता कहीं सुरक्षित नहीं रह गई है। भाजपा नेत्री खिलेश्वरी साहू ने कहा कि प्रशासनिक संवेदनहीनता का शर्मनाक पहलू तो यह है कि मामले में पीड़िता और उसकी मां ने बेरला थाने में एफआईआर दर्ज कराई तो पुलिस ने महज छेड़छाड़ का मामला दर्ज किया। वहीं पुलिस द्वारा पीड़िता का मुलाहिजा नहीं कराया। बाद में पीड़ित युवती परिजन और ग्रामीणों के साथ एसपी ऑफिस बेमेतरा पहुंची और आरोपियों के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म का मामला दर्ज करने की गुहार लगाई। उन्होंने महिलाओं की सुरक्षा पर सवाल उठाते हुए कहा कि घर में भी अगर महिलाएँ सुरक्षित नहीं है तो सड़कों पर कैसे सुरक्षित रहेंगी। पिछले लगभग एक माह में प्रदेश की राजधानी में और इससे लगे स्थानों पर महिलाओं के साथ हो रहीं लगातार सामूहिक बलात्कार की घटनाओं ने प्रदेश को शर्मसार कर रखा है। लेकिन प्रदेश की भूपेश सरकार को जरा भी शर्म महसूस नहीं हो रही है। वह प्रदेश में कानून.व्यवस्था की बेहतरी और महिला सुरक्षा के खोखले दावे कर रहे हैं।

# महादेव व दुर्गा के लीलाओं का चित्रण, नयनाभिराम विसर्जन झांकी देखने रात भर डटे रहे लोग

**डोंगरगढ़**, 29 सितंबर (देशबन्धु)। नगर में हर वर्ष की भाति इस वर्ष भी गणेश उत्सव समिति द्वारा नैनाविराम व आकर्षक झांकीया निकाली गई जिसे देखते ही लोगों में एक अलग प्रकार का उत्साह नजर आया और विसर्जन झांकियां को देखने के लिए शहर सहित आसपास से आए ग्रामीण रात भर चौक चौराहो में डटे रहे। वही डीजे की धुन में युवा अपनी अपनी झांकियां में पूरे उत्साह के साथ थिरकते नजर आए। शहर में इस बार स्टार क्लब बुधवारी पारा, विनर क्लब गणेश उत्सव समिति डोंगरगढ, प्रगति मंडल सब्जी मंडी बुधवारीपारा, व्यापारी संघ जयस्तंभ चौक, तारण पिपलेश्वर समिति थाना चौक, संस्कार परिवार जेल रोड, के0पी0 व्यास कंडरापारा, आदर्श नव युवक गणेश उत्सव समिति ठेठवारपारा, गरीबी





रेखा समिति कक्कड गोदाम, वीर क्लब मजारपारा, जागो युवा एकता संगठन समिति बधियाटोला गणेश उत्सव समितियां द्वारा विसर्जन झांकियां निकाली गई जिसमें धार्मिक व सांस्कृतिक परंपरा पर आधारित झांकियां ने उपस्थित जनसमुदाय को आनंद विभोर कर दिया। यहां समिति द्वारा झांकी निकालने का सिलसिला रात करीब 11ः00 बजे से शुरू होकर सुबह 7ः00 बजे तक चलता रहा जो मुख्य मार्ग से होते हुए स्थानीय महावीर तालाब में पूरी आस्था के साथ विसर्जन किया गया। विसर्जन झांकियां के लिए यहां जगह-जगह प्रतियोगिता पंडाल लगाए गए थे और बाहर से आने वाले दर्शकों के लिए भी जगह-जगह सल्वर्पाहार की व्यवस्था की गई थी ज्यादातर झांकियों में पौराणिक कथा व धार्मिक कथा का विशेष रूप से चित्रण किया गया। समितियों ने तीन -तीन जीप में झाकियां बनाई ताकि दर्शकों को मूर्तियों को मूवमेंट और विषय स्पष्ट रूप से समझ आए। स्थानीय प्रशासन और पुलिस की ओर से भी सुरक्षा की दृष्टि से हर विसर्जन झांकी के साथ पुलिस जवानों की तैनाती की गई। शहर के चौक- चौराहों पर लगे सीसीटीवी कैमरे व ड्रोन केमरे के जरिये बदमाशों पर भी नजर रखी गई थी।

## सामयिक स्वाध्याय सम्मेलन कल महेश कालोनी में

**दुर्ग**, 29 सितंबर (देशबन्धु)। अखिल भारतीय सामयिक स्वाध्याय सम्मेलन 1 अक्टूबर को राधाकृष्ण पंडाल महेश कालोनी जलाराम वाटिका के सामने किया जायेगा। यह आयोजन स्वाध्याय के प्रेरक गुरूदेव शीतलराज महाराज के सानिध्य में होगा। सम्मेलन का उद्घाटन संतोष पुजारी रायपुर करेगें। अध्यता पूर्व विधायक टोंक राजस्थान अजीत सिंह मेहता करेगें। विशिष्ट अतिथि इंदौर के उद्योगपति राहुल मुथा एवं रायपुर के राजेश पुजारी होगें।

शीतल छाया वर्षावास समिति के प्रचार प्रमुख नवीन संचेती ने बताया कि उक्त सम्मेलन में देश से लगभग 2 हजार गुरू भक्त परिवार शामिल होगें। सम्मेलन में प्रमुख तौर पर पूर्व विधायक झालावाड़ अनिल जैन, संतोष अग्रवाल बागबाहरा, अशोक पटवा, गौतम सिंघवी, सुरेश कांकरिया, सोहन वैद्य, मदन चौरड़िया, गौतम कांकरिया, अतिथि होगें। आयोजन समिति के प्रमुख सदस्य एवंता छाजेड़ निर्मल बाफना नरेन्द्र चोपड़ा किशोर बाघमार राजेश कटारिया है।

## महाराष्ट्र मंडल में धूमधाम से मनाया गणेशोत्सव



**दुर्ग**, 29 सितंबर (देशबन्धु)। महाराष्ट्र मंडल दुर्ग में दस दिवसीय गणेशोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान मंडल के सदस्यों के लिये श्लोक और मंत्रोच्चार प्रतियोगिता, श्री गणेश मूर्ति रंग भरो प्रतियोगिता और रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में सर्वप्रथम मराठी भावगीतों का कार्यक्रम भावगंध आयोजित किया गया। स्थानीय कलाकरों ने नये और पुराने भावगीतों से समां बांधा।

वारी पंढरी ची कार्यक्रम में महाराष्ट्र के पढ़रपुर में भगवान विट्ठल के दर्शन के लिये पैदल जाने वाले वारकरी (तीर्थयात्री) और उनकी भक्ति का नाटकीय रूप में प्रस्तुति करण किया गया। साथ ही कीर्तकार रोहिणी कुलकर्णी ने महाराष्ट्र के प्रसिद्ध संतों की कथा सुनाई, जिसमें महाराष्ट्र मंडल के सदस्यों ने अभिनय किया।

गणेशोत्सव के अंतिम दिन महाराष्ट्र नाट्य मंडल रायपुर के कलाकारों द्वारा मराठी एकाकी विट्ठल तो आला आला और चोर आले पाहिजेत की प्रस्तुति दी गई।

सुंदरकांड का सामूहिक वाचन और गणपति अथर्वशीष के सहस्त्रावर्तन पाठ में भी सदस्यों ने बहुत श्रद्धा से भाग लिया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में सचिन साठे, डॉ. अजय गोवर्धन, अनिल जोशी, प्रशांत डोनगांवकर, गिरीश पालेकर, नितीन बख्शी, कर्ति तापस, सुधीर पाटणकर, श्रीकांत सहस्त्रबुद्धे, सुहास बोखड, हेमंत सगदेव, अंकुश वासेकर, पुष्कर पाटणकर, ममता गोवर्धन, डॉ. श्रिया पाटणकर, माधवी बक्शी, अनुप्रीता जोशी, स्वरीता होन पारखे, मनीषा रावणहत्ते, अनुराधा सहस्त्रबुद्धे, अनिल देशपांडे ने सहयोग किया।

## आज वीरनारायण सिंह सभागार में नाटक प्रदर्शन

**दुर्ग**, 29 सितंबर (देशबन्धु)। महाविद्यालय में हिंदी विभाग तथा साहित्य एवं नाट्य समिति के तत्वावधान में दुर्ग-भिलाई के संस्कृतिकर्मियों की संस्था छत्तीसगढ़ कला साहित्य अकादमी द्वारा शैक्षणिक संस्थाओं में नाट्य प्रदर्शन के क्रमिक आयोजनों की श्रृंखला में दुर्ग की नाट्य संस्था मस्त का नाटक 30 सितंबर को पूर्वान्ह 11 बजे शहीद वीरनारायण सिंह सभागार में होगा। नाटक के लेखक कश्मीरी साहित्यकार मोतीलाल क्यूम हैं। इसका निर्देशन महाविद्यालय के पूर्व छात्र तथा अंचल के प्रख्यात रंगकर्मी राकेश बम्बार्डे ने किया है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.आर.एन. सिंह ने नगर के नाट्यप्रेमियों तथा विद्यार्थियों से नाट्य प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की है।

## मुड़खुसरा में छग के विभिन्न कलाकारों ने दी रंगारंग प्रस्तुति



**डोंगरगढ़**, 29 सितम्बर (देशबन्धु)। विकासखंड के ग्राम मुडखुसरा डुन्डेरा में गणेश पर्व अनंत चतुर्दशी के शुभ अवसर पर समस्त ग्राम वासी एवं युवा क्लब के तत्वाधान में छत्तीसगढ़ी प्रदेश स्तरीय रंगारंग डांस प्रतियोगिता कार्यक्रम रखा गया जिसमें छत्तीसगढ़ अंचल के ख्याति प्राप्त विभिन्न कलाकारों ने अपने रंगारंग प्रस्तुति से समा बांधा।

कार्यक्रम के शुभारंभ क्षेत्रीय जिला पंचायत सदस्य प्रभा साहू एवम डोंगरगढ़ जनपद उपाध्यक्ष नरेंद्र वर्मा के द्वारा मां सरस्वती की तैल चित्र में पूजा अर्चना पश्चात किया गया कार्यक्रम में विशेष अतिथि महेंद्र यादव जिला पंचायत सदस्य राजनंदगांव जनपद सदस्य जयचंद वर्मा रमेश साहू ग्राम सरपंच प्रतिनिधि सुंदर लाल उपसरपंच चुम्मन चंद्रवंशी पटेल सेक्टर प्रभारी श्याम सुंदर हठीले लालतू चंद्रवंशी गीतू चन्द्रवंशी अनिल देवलाल चन्द्रवंशी शिवलाल भूनेश्वर भगत सालिक वर्मा कुभलाल वर्मा जगेसर वर्मा संपत चंद्रवंशी एवं बड़ी संख्या में समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

# राजनांदगांव से लखनऊ मछली दाना ले जा रही गाड़ी पलटी



**गंडई पंडरिया**, 29 सितम्बर (देशबन्धु)। गंडई नगर के राजनांदगांव रोड स्थित बिजली ऑफिस के पास राजनांदगांव से लखनऊ मछली दाना ले जा रही वाहन अनियंत्रित होकर पलट गई जिसके चलते चालक घायल हो गए। जिसे डायल 112 के माध्यम से गंडई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।

ज्ञात हो कि वाहन क्रमांक यू पी 78 एफ एन 2979 के चालक जश्वन यादव पिता नान्हे सिंह उम्र 30 वर्ष ने राजनांदगांव से मछली दाना लेकर गुरुवार शुक्रवार रात्रि लगभग 2 बजे लखनऊ के लिए हुआ। लगभग 4.30 बजे गंडई में प्रवेश होने के पहले ही अचानक झपकी आ गई। जिसके चलते वाहन अनियंत्रित होकर विद्युत पोल से टकराकर पलट गई।

चालक घायल हो गया, उसे मामूली चोट लगी है उपस्थित लोगों ने डायल 112 को सूचना दिए। मौके पर पहुंची पुलिस ने डायल 112 टीम की सहायता से चालक को गंडई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां प्राथमिक उपचार कर उसे छुट्टी दे दी गई, इधर पोल क्षतिग्रस्त होने के कारण विद्युत सप्लाई शुक्रवार सुबह 6 बजे तक बंद रही।

# जल्द बनेगी गंडई में हाईटेक सब्जी मंडी, निर्माण कार्य आदेश जारी





**गंडई पंडरिया**, 29 सितम्बर (देशबन्धु)। जिला खैरागढ़ - छुईखदान - गंडई के सभागार में 26 सितंबर को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गंडई में बनने वाले हाईटेक सब्जी फल मंडी का वर्चुअल माध्यम से भूमिपूजन किया। जिसके निर्माण कार्य की 29 सितंबर शुक्रवार को दोपहर 12ः00 बजे कृषि विपणन बोर्ड दुर्ग के एसडीओ एवं उसकी पूरी टीम लेआउट दिया गया है।

बताया गया कि हाईटेक कृषि फल मंडी की लागत 14 करोड़ 79 लाख 17 हजार रुपए प्रस्तावित है। प्रस्तावित प्रथम चरण में 11 करोड़ 40 लाख 82 हजार का कार्य होना है। निर्माण कार्य की जिम्मेदारी मेसर्स आलोक बिल्डटेक प्राइवेट लिमिटेड दुर्ग को दिया गया है। जिसका संचालक आलोक शिवहरे है।

ज्ञात हो की 3 जनवरी 2022 को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गंडई प्रवास के दौरान सर्वसुविधायुक्त हाईटेक सब्जी फल मंडी देने की घोषणा कर सौगात दिए थे। हाईटेक सब्जी फल मंडी में कृषक सूचना केंद्र, ऑफिशियल भवन, मोटर सायकल स्टैंड, पार्किंग, लैब, एटीएम की सुविधा सहित जन सुविधा के लिए बोरवेल, टॉयलेट, दो मुख्य गेट होगा, हमाल के लिए रेस्ट हाउस, किसान सदन, विद्युत एवं सब स्टेशन बाउंड्री वॉल, सी सी रोड, दो पहुंच मार्ग, आरसीसी नाली और वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम सहित अन्य सुविधा युक्त हाईटेक सब्जी फल मंडी का निर्माण किया जाएगा।

लेआउट के दौरान एसडीओ पुष्पेंद्र चौहान, आर्किटेक्ट सुशील दशोरे, इंजीनियर मूलचंद साहू, कृषि उपज मंडी गंडई अध्यक्ष संजू सिंह चंदेल, वरिष्ठ कांग्रेसी एवं सदस्य शत्रुहन मन्नू चंदेल, रणजीत सिंह चंदेल सहित अन्य उपस्थित रहे।




डोंगरगढ़। श्री दिगंबर जैन समाज डोंगरगढ़ द्वारा पर्यूषण पर्व समापन पश्चात हर्ष उल्लास के साथ जिनेंद्र भगवान का भक्तिमय जुलूस निकाला गया तत्पश्चात भगवान का अभिषेक, शांतिधारा, पूजन आदि हुई।

# कस्तूरबा की छात्राओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**बेमेतरा**, 29 सितम्बर (देशबन्धु)। कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बेमेतरा में निवासरत दो बच्चियों ने राष्ट्रीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता हेतु चयनित होकर विद्यालय का नाम रोशन किया।

अधीक्षिका श्रीमती सुषमा शुक्ला शर्मा ने बताया कि बिरनपुर ग्राम की पितृ विहीन बालिका कुमारी चांद चतुर्वेदी तथा सूरजपुरा जैसे अत्यंत छोटे से गांव की आदिवासी बालिका कुमारी जागेश्वरी ठाकुर तथा मातृहीन बालिका कुमारी अरुणा यादव ग्राम कांपा का चयन राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता हेतु हुआ। जहां गतका का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए चांद चतुर्वेदी तथा जागेश्वरी ठाकुर ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया तथा राष्ट्रीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता हेतु छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करने के लिए चयनित हुई। राष्ट्रीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता हेतु दोनों बालिकाओं के चयन से



संपूर्ण शाला परिवार तथा पालकों में हर्ष व्याप्त है। कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में शाला त्यागी, शाला अप्रवेशी, अनाथ, एकल अभिभावक, तथा ग्रामीण अंचल की बच्चियों का चयन होता है। विद्यालय में पढ़ाई के साथ-साथ बच्चियों के सर्वांगीण विकास पर जोर दिया जाता है तथा ग्रीष्म अवकाश में भी बच्चियों के लिए विशेष खेल शिविर का आयोजन कर उन्हें विभिन्न खेलों में पारंगत किया जाता है।

इसी के परिणाम स्वरुप विद्यालय की बालिकाएं खेल की विभिन्न विधाओं में राज्य स्तर तथा राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचकर विद्यालय का नाम रोशन कर रही है। राष्ट्रीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता हेतु चयन होने पर हमारी चेयरपर्सन उमा तिवारी जी ने बच्चों को मेडल और स्मृति चिन्ह देकर बच्चियों का प्रतिभा सम्मान अधीक्षिका सुषमा शर्मा, विद्यालयीन स्टाफ राज किरण मिश्रा, ममता गुरुपंच, गायत्री साहू, ज्योति चंद्राकर, शिखा चौबे हमारे क्लब के सदस्य अध्यक्ष विनोद राघव उमा तिवारी शारदा तिवारी कनकलता मिश्रा आरती साहू उपस्थित थे।

## सशिम में गणेशोत्सव मनाया गया



**डोंगरगढ़**, 29 सितम्बर (देशबन्धु)। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरगढ़ में श्री गणेश स्थापना किया गया था जिनका विधि विधान से पूजन अर्चना किया गया।

विद्यालय के शिशु भारती के पदाधिकारी द्वारा श्री गणेश जी का स्थापना किया गया था जिसमें विद्यालय के भैया बहन सुबह शाम पूजा अर्चना करते थे और विद्यालय तथा देश दुनिया के लिए सुख शांति की कामना के साथ गणेश जी की पूजा अर्चना किया गया हवन किया गया और विसर्जन किया गया भव्य झांकी के साथ विसर्जन रैली निकाली गई थी जो नगर में चर्चा का विषय बना रहा जिसमें विद्यालय के समस्त भैया बहनों ने पदाधिकारी ने एवं आचार्याओं दीदियों का विशेष सहयोग रहा, सुरेश वैष्णव, वीर सिंह यादव बोधन भारद्वाज विनोद ताम्रकार ओमप्रकाश जी देवी सिंह ठाकुर, विशेष साहू डीकेश साहू, प्रदीप सिन्हा, गणेश वर्मा, त्रिवेणी मंडल, झुंपा मंडल सुषमा शांडिलकर, पल्लवी दीदी, शरद भैया, निलेश भैया, कृष्णा भैया, ललिता, ममता, प्रीति यादव आदि उपस्थित थे।

# भूपेश के नेतृत्व में गांव-गांव बह रही विकास की गंगा : छाबड़ा

### ग्राम भेंडनी में उप स्वास्थ्य केंद्र भवन, सीसी रोड़ निर्माण, स्कूल में भवन निर्माण सहित 1 करोड़ 45 लाख के विभिन्न विकास कार्यों की रखी आधारशिला

**बेमेतरा**, 29 सितम्बर (देशबन्धु)। बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत भेडनी में आयोजित भूमि पूजन समारोह में मुख्यअतिथि आशीष छाबड़ा विधायक बेमेतरा हुए शामिल सर्वप्रथम भगवान श्री गणेश की पूजा अर्चना कर उप स्वास्थ्य केंद्र भवन 28.51 लाख, हाई स्कूल/पूर्व/प्राथमीक शाल में भवन निर्माण/जीर्णिधार कार्य 45 लाख, बस्ती पहुंच मार्ग 20 लाख, मंडी बोर्ड से मेंन रोड़ से राजा साहू के घर तक सीसी रोड़ 15 लाख, ग्राम पंचायत डडजरा में हाई मास्क लाईट, मंडी बोर्ड से सीसी रोड निर्माण 27.36 लाख, सामुदायिक भवन निर्माण 6.50 लाख, शीतला मंदिर जीर्णोधार 02 लाख रुपए का नारियल तोड़ भूमिपूजन किए

इस अवसर पर विधायक आशीष छाबड़ा ने संबोधित करते हुऐ कहा की आज मां नर्मदा धाम के पवन धरा में विभिन्न विकास कार्यों के भूमि पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया है लगभग 01 करोड़ 45 लख रुपए के विभिन्न विकास कार्य उप स्वास्थ्य केंद्र भवन, स्कूल भवन, सीसी रोड, सामुदायिक भवन सहित अन्य कार्यों का आज भूमि पूजन किया गया ग्राम पंचायत भेडनी एवं आश्रीत ग्राम डडजरा में लगातार विकास कार्य प्रगति पर है, लगातार ग्राम भेड़नी विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है, प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा गाँव से लेकर शहरो के विकास के लिए महत्वपूर्ण योजनाएं बनाई जा रही है, प्रदेश सरकार गांव, गरीब और किसानों की सरकार जो लगातार विकास के लिए कर रही है, प्रदेश सरकार ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाने के साथ छत्तीसगढ़ में पंचायतों को मजबूत और सशक्त बनाने की दिशा में कार्य की जा रही है, किसानों की बेहतरी छत्तीसगढ़ सरकार की प्राथमिकताओं में से एक है, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश में धान खरीदी का दायरा बढ़ाते हुए प्रति एकड़ 15 चिंटल से बढ़ाकर 20 चिंटल प्रति एकड़ किया गया है, साथ ही इस वर्ष समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की राशि प्रति चिंटल 2500 रूपए से बढ़ाकर 2800 रूपए की गई है, प्रदेश सरकार



की किसान हितैषी योजनाओं से किसानों की संख्या एवं रकबा बढ़ा है, किसान हितैषी योजनाओं से किसानों में नये उत्साह का संचार हुआ है, खेतों से दूर हो रहे किसान खेतों की ओर लौटे हैं और खेती का रकबा भी बढ़ा है, प्रदेश में भूपेश सरकार जब से छतीसगढ में आईं है तब से गांव, गरीब, किसान खुशहाल है, सरकार का प्रमुख उद्देश्य समाज के अंतिम छोर के लोगों का विकास करना है, आज प्रदेश सरकार, पूरे देश मे सबसे ज्यादा कीमत पर किसानों का धान खरीद रही है, किसान पुत्र मुख्यमंत्री ने प्रदेश के हर वर्ग का समुचित विकास किया है, किसानों के हित में राज्य सरकार ने कई महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं। किसानों को कृषि उपजों का सर्वाधिक मूल्य दिया, प्रदेश में तिलहन, दलहन और कोदो-कुटकी की भी ख़रीदी समर्थन मूल्य पर की जा रही है। किसानों को सभी न्याय योजनाओं की किश्त समय पर मिल रही है, राज्य सरकार की किसान हितैषी योजनाओं से हमारे अन्नदाता खुशहाल है, मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में राजीव गांधी किसान न्याय योजना से किसानों को लाभान्वित करने के साथ प्रदेश में किसानों का सिंचाई कर माफ कर कर्जमाफी की गई और बिजली बिल हाफ कर लोगों को राहत पहुचाया गया है, गरीब परिवारों को 1 रुपए किलो में चावल प्रदान करने के साथ पशुपालकों से 2 रुपए किलों में गोबर भी खरीदा जा रहा है, प्रदेश के भूमिहीन किसान परिवारों को प्रतिवर्ष 7 हजार रुपए दे रही है, छत्तीसगढ़ की सरकार किसान हितैषी गाँव, गरीब और मजदूरों की सरकार है, शिक्षा, स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के साथ बेरोजगारों को नौकरी देने की दिशा में भी सरकार द्वारा लगातार कदम उठाया जा रहा है, इस अवसर पर टी आर साहू सदस्य जिला पंचायत बेमेतरा, प्रवीण शर्मा पूर्व सरपंच, जिज्ञासा विनोद दुबे सरपंच, राजा साहू उपाध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी बेरला, कमल वर्मा अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति, सुदर्शन साहू अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति, सहदेव साहू सरपंच, दिलहरन साहू सरपंच, युवराज दुबे सरपंच, गौरीशंकर शर्मा, गगू साहू, शोभाराम साहू, रमेश टंडन, लल्लू महराज, यशंवत साहू, हितेंद्र साहू, रामधार देवांगन, देवा गर्ग, रोहित साहू, फत्ते पटेल, मानसिंह साहू, कुलेश्वर साहू, देवचरण साहू, माधव साहू, ऋषि साहू, रामगुलाल निशाद, रामकुमार पाटिल, गणेश निषाद, परदेशी निषाद, खूबी साहू, मिथलेश पटेल, दिनेश गर्ग, चंदराम साहू, प्रेम मिर्जा, विष्णु निर्मलकर, धनेस्वर साहू, जगमोहन साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी रहे उपस्थित थे।

# एसपी के निर्देश पर सायबर टीम द्वारा आगामी चुनाव के मद्देनजर ऑनलाइन मंगाए गए धारदार हथियारों को किया गया जप्त

**धमतरी,** 29 सितंबर (देशबन्धु)।पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर द्वारा आने वाले त्यौहार एवं आगामी विधान सभा चुनाव को देखते हुए सभी राजपत्रित अधिकारी एवं थाना प्रभारियों चाकू बाजी करने वाले एवं असमाजिक तत्वों के विरुद्ध कार्यवाही करने के सख्त निर्देश दिये गए हैं।,जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मधुलिका सिंह के मार्गदर्शन में एसडीओपी. धमतरी के.के. वाजपेयी एवं डीएसपी.सुश्री नेहा पवार के नेतृत्व में थाना प्रभारियों एवं सायबर प्रभारी द्वारा लगातार अवैध कार्यों में लिप्त लोगों पर कार्यवाही कर रही है।

इसी तारतम्य में अवैध रूप से धारदार हथियार बटन दार चाकू इत्यादि रखने वालों पर भी नजर रखी जा रही थी, चूंकि इस प्रकार के हथियारो से अपराध घटित करने एवं अनेक प्रकार की अप्रिय घटना घटित होने की संभावनाएं बनी रहती है।कई ऑनलाइन शॉपिंग साइट से भी इस प्रकार के हथियार मांगे जाने की सूचना पर, सायबर सेल के माध्यम से तकनीकी जानकारी प्राप्त कर , ऐसे व्यक्तियों की सूची प्राप्त की गई, जिन्होंने इस प्रकार के हथियार मंगाए हैं , ऐसे लोगों से संपर्क कर उनके हथियार बरामद किए गए, तथा उन सभी को इस प्रकार के हथियार मंगाने का कारण पूछा गया, जिसमें कुछ लोगों द्वारा घरेलू कार्य एवं कुछ युवकों द्वारा फैशन एवं शौक के कारण इस प्रकार के डिजाइनर चाकू इत्यादि मंगाये थे।



साइबर सेल द्वारा विभिन्न ऑनलाइन शॉपिंग साइट से तकनीकी जानकारी प्राप्त कर 21 नग बटंची, 12 नग धारदार चाकू, 4 नग पेन चाकू, 1 लाइटर पिस्टल तथा 2 नग एयर पिस्टल किया गया बरामद

सभी को बरामद कर किया गया एवं इनके धारकों को समझाइश दिया गया तथा जिन लोगों ने ऐसा आर्डर कराया था , किंतु आर्डर रिसीव नहीं हुआ था, उन सभी के आर्डर कैंसिल कराए गए तथा आगे से इस प्रकार के हथियार नहीं मंगवाने की समझाइश भी दी गई। साइबर सेल द्वारा की गई इस कार्यवाही में लगभग 40 एयर पिस्टल,बटंची चाकू जप्त किया गया। जिसमें 21 नग बटंची,12 नग धारदार चाकू,04 नग पेन चाकू,01लाइटर पिस्टल,तथा 2 नग एयर पिस्टल किया गया बरामद किया गया है, जिसमें कुछ छोटी कुछ बटन दार चाकू भी शामिल है।

उक्त बरामदगी अभियान के दौरान पाए गए कि मंगाया चाकू युवा वर्ग के लोग हैं जिसमें ज्यादातर 17 से 25 साल के युवाओं की संख्या अधिकतम पाई गई , इस हेतु पालक अभिभावकों से अपील की जा रही है कि अपने बच्चों को इस प्रकार के धारदार हथियार चाकू छुरी ना रखने समझाइश दे उपरोक्त बरामद किया गया चाकू एवं एयरपिस्टल फ्लिपकार्ट, स्नैपडील तथा अन्य शॉपिंग साइट से मंगाए गए थे। भविष्य में भी अन्य शॉपिंग साइटों से संपर्क कर जानकारी मंगाया जाएगा, साथ ही लोकल विक्रेताओं से भी इस प्रकार के धारदार हथियार फैंसी चाकू छुरी बेचने पर पाबंदी लगाई जावेगी। साथ हि धमतरी पुलिस द्वारा ऐसे सभी लोगों से अपील कि जाती है कि ऐसे ऑनलाईन बटंची चाकू, हथियार ना मंगवाये,ना हि अपने सोशल मिडिया में स्टेटस में ऐसे धारदार हथियार या पिस्टल के साथ फोटो डालें ऐसा करने पर उनके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही कि जायेगी। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी धमतरी निरी.बृजेश तिवारी, थाना प्रभारी अर्जुनी निरी.राजेश मरई,सायबर सेल प्रभारी रमेश साहू,प्रआर.देवेंद्र राजपूत, आर.कमल जोशी,विकास द्विवेदी,धीरज डडसेना, बिरेन्द्र सोनकर,युवराज ठाकुर,कृष्ण कन्हैया, मनोज साहू, मुकेश मिश्रा,झमेल राजपूत, योगेश ध्रुव एवं सायबर टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# रबि फसल क्षतिपूर्ति मुआवजा के लिए कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**महासमुंद,** 29 सितंबर (देशबन्धु)। पूर्व विधायक एवं भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ विमल चोपड़ा ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि महासमुन्द विकासखंड के किसानो को अभी तक कांग्रेस सरकार द्वारा रबी फसल में ओलावृष्टि से हुये नुकसान की मुआवजा राशि न मिलने पर कलेक्टर कार्यालय में कलेक्टर प्रभात मलिक से मिलकर चर्चा की एवं शीघ्र इसके भुगतान की मांग की। डॉ चोपड़ा के साथ पार्षद देवीचंद राठी, झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के संयोजक महेन्द्र सिका एवं प्रभावित किसान भी थे। कलेक्टर से चर्चा करते हुये डॉ चोपड़ा ने कहा कि आज लगभग 6 माह बीत चुके परंतु शासन ने किसानो को अब तक उनकी क्षतिपूर्ति नहीं दी। जिसका आंललन कर पटवारीयों ने काफी पहले रिपोर्ट दे दी है। खल्लारी क्षेत्र के किसानो को आदोलन की धमकी के बाद राशि वितरण की गयी। महामसुन्द विधानसभा के सैकड़ो किसानो की तीन करोड़ की राशि का भुगतान बाकी है। विगत दिनों भाजपा नेताओं के आंदोलन की चेतावनी के बाद महासमुन्द विधानसभा में 70 लाख की राशि के वितरण हेतु राशि उपलब्ध हुई लेकिन न तो अभी तक उसका वितरण हुआ और न ही दो करोड़ तीस लाख की ओर कोई व्यवस्था की गयी है। डॉ विमल चोपड़ा, मंडल प्रभारी मोती साहू, भाजपा जिला मंत्री धरम साहू, मंडल अध्यक्ष धरम दीवान, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती ललीता अग्रवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष धरम पटेल, सरपंच संघ अध्यक्ष रूपलाल पटेल, महामंत्री कमल कौशिक, चन्द्रहास चन्द्राकर, सरपंच देवा नायक, प्रकाश चन्द्राकर, मंडल उपाध्यक्ष राकेश साहू, अनुसुचित जाति मोर्चा के देवेन्द्र राय, जगदीश चौहान, तुकाराम कोसरे, मानसिंग महेश्वरी, जनजाती मोर्चा के सेवकराम ध्रुव, भोज आदि ने शीघ्र मुआवजा देने की मांग की है।



# संसदीय सचिव ने किया सीसी रोड निर्माण के लिए भूमिपूजन

**महासमुंद,** 29 सितंबर (देशबन्धु)। ग्राम पंचायत छिलपावन व सिंघनपुर में सीसी रोड की सौगात मिली है। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों की मौजूदगी में सीसी रोड निर्माण के लिए भूमिपूजन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सीसी रोड बनने से आवाजाही आसान हो सकेगी। बुधवार को छिलपावन व सिंघनपुर में सीसी रोड निर्माण के लिए भूमिपूजन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर थे। अध्यक्षता कृषि उपज मंडी अध्यक्ष हीरा बंजारे ने की।



विशेष अतिथि के रूप में दारा साहूए राजा गंभीर मौजूद रहे। पूजा अर्चना पश्चात संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने सीसी रोड निर्माण के लिए भूमिपूजन किया। सीसी रोड की सौगात मिलने पर मुख्य अतिथि श्री चंद्राकर ने ग्रामवासियों को बधाई देते हुए कहा कि सीसी रोड बनने से आवाजाही में आसानी होगी। खासकर बरसात के दिनों में कीचड़ से मुक्ति मिलेगी। संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल के नेतृत्व में प्रदेश में चहुंमुखी विकास हो रहा है। महासमुंद विधानसभा क्षेत्र में करोड़ों रूपए के विकास कराए गए हैं। संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने प्रदेश सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि प्रदेश की जनता से किए वादे पर प्रदेश सरकार ने पहले ही दिन से अमल शुरू किया। शपथ ग्रहण के तत्काल बाद ही किसानों की कर्जमाफी और 2500 रूपए में धान खरीदी के निर्णय लिए गए। इस साल किसानों का 20 क्विंटल धान खरीदी की जाएगी। राज्य सरकार ने गांव, गरीब, किसान, मजदूर, महिलाओंए बच्चों व युवाओं सहित सभी वर्गों के विकास के लिए कदम उठाए हैं। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से धनेश्वरी भास्कर, सहदेव सोरी, पुरूषोत्तम पटेल, विजय पटेल, तुलसी पटेल, नाथूराम पटेल, हीरासिंग यादव, रामकुमार पटेल, इमाम खान, तरूण, जाकिर खान, टीकम पटेल, राजू मोंगरे, भोजराम मोंगरे, सुरीत यादव, लोमस कश्यप, सेवक बंजारे, बुधराम मोंगरे, प्रेम धीवर, भागवत धीवर, नेपाल सिंह साहू, टेकू ध्रुव, सियाराम कुर्रे, जसवंत जांगडे, उत्तरा आवड़े, मोहन साहू, गजेंद्र जांगड़े, सुंदर कुर्रे, गंगाप्रसादए धानबाई, विजय भारती, संध्या कुर्रे, फूलचंद यादव, मनोज भास्कर, रंजीत जांगाड़े सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

## डांस स्पर्धा में डायमंड ग्रुप रहे अव्वल

**धमतरी,** 29 सितंबर (देशबन्धु)। शहर के मकेश्वर वार्ड में गणेशोत्सव के उपलक्ष्य में युवा बिग्रेड सेवा समिति की ओर से डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि डीपेन्द्र साहू थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में पार्षद संजय डागौर, विजय मोटवानी, शैलेन्द्र नाग, कोमल सार्वा थे। निर्णायक शिव कुमार थे। देर रात तक चले डांस स्पर्धा को देखने के लिए बड़ी संख्या में वार्डवासी जुटे रहे। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार डायमंड ग्रुप को मिला। द्वितीय पुरस्कार ब्लू स्टार ग्रुप को मिला। इस मौके पर अतिथियों ने कहा कि मकेश्वर वार्ड की तस्वीर तेजी से बदल रहा है। समाज में आई जागरूकता का परिणाम है कि कभी शिक्षा और जागरूकता के नाम पर पिछड़ा रहा, यह बस्ती आगे प्रगति की ओर है। वार्डवासी अपने बेटे-बेटियों को उच्च शिक्षा दिला रहे हैं। नशापान के खिलाफ भी युवाओं ने जो मुहिम छेड़ा हैं, उसका आशातीत परिणाम दिख रहा है।

## देशबन्धु प्रतिभा प्रोत्साहन कोष

### छात्रवृत्ति हेतु आवेदन आमंत्रित

देशबन्धु प्रतिभा प्रोत्साहन कोष द्वारा शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए छत्तीसगढ़ के सभी स्थानों से माध्यमिक/उच्च माध्यमिक एवं महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं से छात्रवृत्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। छात्र सादे कागज पर एक ओर साफ-सुथरे अक्षरों में अपना सम्पूर्ण विवरण, शैक्षणिक, पारिवारिक एवं आर्थिक स्थिति को लिखते हुए आवेदन करें। आवेदक आवेदन के साथ पिछली कक्षा की अंक सूची, आय, जाति प्रमाण पत्र तथा वर्तमान में अध्ययन का प्रमाण पत्र लगावें। पितृहीन, विकलांग तथा आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्ग के छात्रों को विशेष प्राथमिकता दी जाएगी।

न्यास द्वारा प्रतिवर्ष जरूरतमंद प्रतिभा सम्पन्न छात्रों को बड़ी संख्या में छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है जिसमें करीब 100 स्मृति छात्रवृत्तियां शामिल है। कोष तथा छात्रवृत्ति से संबंधित सभी मामलों में न्यास का फैसला अंतिम और मान्य होगा। अत: छात्रवृत्ति से संबंधित किसी प्रकार के पत्र व्यवहार अथवा सिफारिश करने पर आवेदन निरस्त कर दिया जाएगा। आवेदन पत्र भेजने की अंतिम तिथि 15 अक्टूबर 2023 है तथा आवेदन भेजने का पता है-

सचिव
देशबन्धु प्रतिभा प्रोत्साहन कोष
दैनिक देशबन्धु
रामसागरपारा, रायपुर (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार गुरुर जिला-बालोद (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

पृ.क्र./3169/प्र.तह./2023
गुरूर, दिनांक 22/09/2023

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम ग्रामवासी ग्राम भिरई को सूचित किया जाता है, कि आवेदक बुधराम पिता बिशाली जाति राउत साकिन भिरई तहसील गुरूर जिला बालोद छ.ग. द्वारा ग्राम भिरई प.ह.नं. 04 तहसील गुरूर स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि ख.नं.614 रकबा 0.52 हे. लगान 1.37 रू. की भूमि संयुक्त खाता में राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि से संबंधित ऋण पुस्तिका पलारी में रास्ते पर कहीं गुम हो गया है। ऋण पुस्तिका को तलाश किया गया लेकिन प्राप्त नहीं हुआ। मुझे अनेक कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। उक्त भूमि का डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदान किये जाने हेतु खाता बी-1 की नकल, थाना रिपोर्ट, नो-ड्यूस, चालान की प्रति सहित आवेदन पेश किया गया है।

उक्ताशय के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा-आपत्ति हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 11/10/2023 को न्यायालय में उपस्थित होकर स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22/09/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया।

सील — तहसीलदार, गुरुर, जिला बालोद (छ.ग.)

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग)**
**उद्घोषणा**

प्रकरण क्रमांक 07/विशेष विवाह/2022-2023

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कुमार बिश्वरंजन पिता श्री बेणुधर भोल उम्र 30 वर्ष निवासी सी.ई.ओ. बंगला डंकनी नदी के पास दन्तेवाड़ा तहसील दन्तेवाड़ा, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा और श्रेया महांती पिता श्री विवेकानन्द महांती उम्र 29 वर्ष निवासी लिंक रोड प्राइम हॉस्पिटल के पास अरूणोदय मार्केट कटक उड़ीसा के द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 के अन्तर्गत धारा-05 में आशयित विवाह की सूचना इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

आशियत विवाह के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 04.10.2023 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। इसके पश्चात प्राप्त दावा/आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20.09.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से यह ईश्तहार जारी किया गया।

मुहर — विशेष विवाह अधिकारी, जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा

**कार्यालय ग्राम पंचायत गुडेलिया जनपद पंचायत भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**
**निविदा द्वितीय आमंत्रण सूचना**

क्रमांक 05 — दिनांक 10.09.2023

ग्राम पंचायत गुडेलिया के द्वारा DMF मद एवं पंचायत मद अंतर्गत

1. बच्चो के बैठने हेतु डेस्कबैंच02 शीटर टेबल कुर्सीप्रदाय कार्य हेतु (प्राथमिकशाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला में )7राशि 10 + 2 = 12 लाख

उक्त सामग्रियों को प्रदान करने हेतु मुहरबंद निविदाए आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से आवेदन प्रस्तुत कर रुपए 2000/- ( प्रति इकाई ) नगद भुगतान कर दिनांक 30.09.2023 के पूर्व कार्यालयीन दिवस में प्राप्त किये जा सकते हैं ।निवदा जमा करने की अंतिम तिथि 04.10.2023 समय दोपहर 12 बजे तक, निविदा खोलने के तिथि 04.10.2023 समय शाम 4 बजे तक स्थान ग्राम पंचायत गुड़ेलिया।

नोट:- अमानत राशि प्रत्येक निविदा के मूल्य का 2 प्रतिशत ( 2% ) बैंक ड्रॉफ्ट सरपंच ग्राम पंचायत गुडेलिया के नाम से रहेगा।

सचिव, ग्राम पंचायत, गुड़ेलिया — सरपंच, ग्राम पंचायत, गुड़ेलिया

**न्यायालय तहसीलदार तिल्दा-नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

रा.मा.क्र./अ-74/2022-2023

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रोहित कुमार सिंघानिया पिता ललित कुमार सिंघानिया निवासी रायपुर के द्वारा ग्राम प.ह.नं. 01 रा.नि.मं. तरपोंगी में स्थित भूमि खसरा नंबर 09 रकबा 4.8760 कुल खसरा 09 कुल रकबा 4.8760 हे. की पूर्व में किताब किसान प्रदाय की गई थी जो कि वर्तमान में गुम हो जाने के कारण द्वितीय प्रति किसान किताब प्रदाय किये जाने आवेदन पेश किया गया है।

आवेदक को द्वितीय प्रति किसान किताब प्रदाय किये जाने से जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति यदि हो तो वह स्वयं या अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 29.09.2023 तक अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। मियाद बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14.09/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, तिल्दा-नेवरा

**न्यायालय - श्रीमती श्रद्धा शर्मा शुक्ला तृतीय अति.प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय दुर्ग (छ.ग.)**

प्रोसेस क्रमांक -1044/2023
प्रकरण क्रमांक -668/2022
पक्षकार- ज्योति देवांगन विरुद्ध दुर्गेश देवांगन
पेशी तिथि- 01/11/2023

// समंस //

आवेदिका - ज्योति देवांगन पति दुर्गेश देवांगन, उम्र- लगभग 26 वर्ष निवासी- बैकुण्ठ धाम, युगनिर्माण स्कूल के पास, केम्प-02, भिलाई तह. व जिला- दुर्ग (छ.ग.)

बनाम

अनावेदक- दुर्गेश देवांगन आ. धनऊराम देवांगन,उम्र- 28 वर्ष, लगभग निवासी- लखनपुर, झलप महासमुंद,जिला- महासमुंद (छ.ग.)

उपरोक्त आवेदक ने धारा -13 (1) (द्वक ) हिन्दू विवाह अधिनियम के अंतर्गत ऊपर वर्णित अनावेदक के विरूद्ध आवेदक प्रस्तुत किया है। आपको इस समंस के द्वारा निर्देशित किया जाता है कि आपको उक्त आवेदन के संबंध में कोई आपत्ति हो,तो इस न्यायालय के समक्ष दिनांक 01/11/2023 को दिन के 11:00 बजे,स्वयं या वकील के माध्यम से, जिन्हें प्रकरण के तथ्यों से अच्छी तरह से समझा दिया गया हो,जो ऐसे प्रश्नों का जवाब दे सकें,या ऐसा व्यक्ति मौजूद हो, जो कि ऐसे प्रश्नों का जवाब दे सकें, के लिए हाजिर हो और आप को ऐसे सभी दस्तावेजों व गवाही को पेश करने के लिए तैयार रखना होगा, जिन पर आप अपने बचाव के समर्थन में भरोसा रखना चाहते हों।

यदि आवेदन की सुनवाई उक्त नियत दिनांक को सार्वजनिक अवकाश घोषित होने के कारण नही होती है अथवा नियत तिथि पर न्यायाधीश अवकाश पर जाता है, या अन्य किसी कारण से सुनवाई उक्त तिथि को नही होती है, तो उसके पश्चातवर्ती तिथि में आवेदन की सुनवाई की जायेगी और उक्त तिथि को भी आपके अनुपस्थित रहने पर आपके विरुद्ध एकपक्षीय रूप से आवेदक के आवेदन का निराकरण किया जायेगा।

आज दिनांक 25/09/2023 को इस न्यायालय के सील व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

मुहर — ( श्रीमती श्रद्धा शुक्ला शर्मा ), तृतीय अति. प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय दुर्ग (छ.ग.)

## कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बीजापुर (छ.ग.)

(जल जीवन मिशन)

### ''ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना'' ( निविदा आमंत्रण सूचना )

जिला बीजापुर के विभिन्न विकासखण्डों के ग्रामों में नलजल प्रदाय योजना अन्तर्गत कार्य - पाईप लाईन एवं घरेलू नल कनेक्शन के लिए एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु प्रपत्र ए में ऑनलाईन (Online) निविदा ( प्रमुख अभियंता, लो.स्वा. या विभाग रायपुर छ.ग. के यु.एस.ओ.आर. दिनांक 01.06 2020 में Amedment date 01.07.2022 से प्रभावशील एवं निविदा जारी होने की तिथि तक समस्त संशोधन सहित दरों पर) आमंत्रित की जाती है। निविदाएँ मिशन संचालक महोदय के निर्देशानुसार दिये नये ड्राफ्ट एन.आई.टी. में उल्लेखित नियम एवं शर्तों के आधार पर आमंत्रित की जा रही है। ठेकेदार निविदाएँ साईट में अपलोड नये ड्राफ्ट एन.आई.टी. के नियम एवं शर्तों के आधार पर ही निविदा में भाग लेवें पुराने नियम एवं शर्तों के आधार पर भाग लेने पर अपात्र कर दिया जावेगा। जिसके लिए स्वयं जिम्मेदार होगें। आमंत्रित निविदाएँ निम्नानुसार है -

| क्रं. | निविदा क्रमांक/दिनांक | सिस्टम क्रमांक | ग्राम | कॉल | कार्य की अनु लागत (रु.लाख में) | अमानत राशि (रू. में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 607/23.09.2023 | 148353 | JIDPALLI | 2nd call | 46.62 | 34965/- |
| 2 | 608/23.09.2023 | 148354 | DAMARAM(G.P. Dharmaram) | 2nd call | 37.32 | 27990/- |
| 3 | 609/23.09.2023 | 148356 | PEDACHANDA | 2nd call | 23.78 | 17835/- |
| 4 | 610/23.09.2023 | 148357 | BADETUNGALI | 3nd call | 18.47 | 13853/- |
| 5 | 611/23.09.2023 | 148358 | POLAMPALLI | 5nd call | 34.80 | 26100/- |
| 6 | 613/25.09.2023 | 148393 | IDENAR-01 | 5nd call | 17.43 | 13073/- |
| 7 | 614/25.09.2023 | 148338 | PADNAR(G.P.Mangnar) | 6nd call | 16.51 | 12383/- |
| 8 | 615/25.09.2023 | 148440 | ENDRINAR | 6nd call | 11.06 | 8295/- |
| 9 | 616/25.09.2023 | 148441 | DAMARAM (G.P.Sagmeta) | 6nd call | 8.80 | 6600/- |
| 10 | 617/25.09.2023 | 148443 | ELIGENDRA | 6nd call | 9.49 | 7118/- |
| 11 | 618/25.09.2023 | 148446 | TODKA | 6nd call | 20.38 | 15285/- |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की अंतिम तिथि दिनांक (Bid due date) क्रमांक 01 से 05 तक दिनांक 30.10.2023 क्रमांक 06 से 11 दिनांक 25.10.2023 तक आमंत्रित की जाती है। निविदाएँ डाउनलोड करने की तिथि ( Bid start date ) क्रमांक 01 से 05 तक 26.09.2023 एवं क्रमांक 06 से 11 तक 27.09.2023 से है। निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, खण्ड बीजापुर

जी-05770/2

## कार्यालय प्रमुख अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर, अटल नगर

### (केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ) ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

**Main Portal: https: // eproc.cgstate.gov.in**

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| स.क्र. | सिस्टम निविदा क्रमांक/दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रुपये लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 147321 षष्टम आमंत्रण 13.09.2023 | मोतीमपुर (अमरटापू) मंदिर के दोनों तरफ के पहुंच मार्ग लं. 1.70 कि.मी. का निर्माण कार्य। | 383.25 |
| 2 | 148021 प्रथम आमंत्रण 22.09.2023 | नाबार्ड योजनांतर्गत जिला दुर्ग में ब्लॉक धमधा के पेण्ड्रावन में शासकीय नवीन महाविद्यालय भवन का वाटर सप्लाई सेनेटरी फिटिंग, रेन वाटर हार्वेस्टिंग एवं विद्युतीकरण सहित निर्माण कार्य। | 463.10 |
| 3 | 148286 द्वितीय आमंत्रण 25.09.2023 | नाबार्ड योजनांतर्गत जिला कोरबा के झांझ-गाड़ाघाट मार्ग में 7 पितनी नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 263.89 |
| 4 | 148285द्वितीय आमंत्रण 25.09.2023 | ग्राम डोंगरसिलाटी से कांवरा मार्ग कि.मी. 1/2 से 3/6 लंबाई 7 2.50 कि.मी. निर्माण कार्य पुल-पुलिया सहित। | 268.64 |
| 5 | 148287 द्वितीय आमंत्रण 25.09.2023 | जिला कांकेर के अंतर्गत वयनार- बीचपारा मार्ग के कि.मी. 2/6 पर वयनार नाला पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 328.84 |
| 6 | 148288 द्वितीय आमंत्रण 25.09.2023 | जिला कोण्डागांव के ग्राम छोटेबंजोडा से बोलबोला मार्ग लंबाई 2.70 कि.मी. निर्माण कार्य पुल-पुलिया सहित। | 274.67 |

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि सं.क्र. 01 दिनांक 06.10.2023 सं.क. 02 दिनांक 16.10.2023 निर्धारित है। एवं अन्य शेष निविदाओं के लिए दिनांक 13.10.2023 निर्धारित है। निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते है।

मुख्य अभियंता, केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ, कार्यालय प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर अटल नगर

जी-5806/4

**न्यायालय तहसीलदार आरंग जिला-रायपुर (छ.ग )**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./अ6अ वर्ष 2022-2023
आरंग, दिनांक 22.09.2023
ग्राम आरंग प.ह.नं. 29

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदक मंशाराम निषाद पिता त्रिलोचन निषाद जाति केंवट निवासी बेनीडीह कास्तकार ग्राम आरंग, तहसील आरंग, जिला रायपुर द्वारा छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 115-116 के तहत आवेदन प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है। अनुविभागीय अधिकारी (रा.) आरंग के माध्यम से जॉच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति हो तो वे स्वयं उपस्थित होकर या अपने अभिभाषक के माध्यम से न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 06.10.2023 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22.09.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, आरंग

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग )**
**ईश्तहार**

क्रमांक/तह./वा./2023
सिमगा, दिनांक 26.09.2023
रा.प्र.क्र./ब-121/2023
ग्राम-नवागांव, प.ह.नं. 18

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता आवेदक कमलनारायण साहू पिता शिवप्रसाद साहू जाति तेली निवासी ग्राम नवागांव थाना सिमगा तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) ने आवेदन मय शपथ पत्र पेश कर निवेदन किया है कि उनकी छोटे भाई प्रेमलाल पिता शिवप्रसाद साहू का मृत्यु दिनांक 09.05.2021 को ग्राम नवागांव में होने पर भूलवश मृत्यु का पंजीयन नहीं करा पाने के कारण मृत्यु पंजीयन दर्ज कर प्रमाण पत्र की मांग किया है जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अत: जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को आपति हो तो वे स्वत: या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 16/10/2023 को दावा आपति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक. 26/09/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर जारी किया गया।

मुहर — कार्यपालिक दण्डाधिकारी, सिमगा

**न्यायालय तहसीलदार आरंग जिला-रायपुर (छ.ग )**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./202309112500050
ब/121 वर्ष 2022-2023
आरंग दिनांक 22.09.2023
ग्राम रसनी प.ह.नं. 28

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक पवन कुमार पिता बखारी प्रसाद निवासी ग्राम रसनी तहसील आरंग जिला रायपुर के द्वारा आवेदन पेश कर निवेदन किया गया है कि ग्राम रसनी प.ह.नं. 28 रा.नि.मं. आरंग स्थित खसरा नंबर 261 रकबा 1.680 हे. भूमि खातेदार पवन कुमार पिता बखारी प्रसाद के नाम पर राजस्व अभिलेख में अभिलिखित है। आवेदक का मूल किसान किताब कहीं गुम होने पर आवेदक को खाद, बीज एवं अन्य कृषि विकास कार्यों में असुविधा होने पर आवेदक द्वारा डुप्लिकेट किसान किताब की मांग किया गया है। आवेदन पत्र के साथ बी-1खसरा एवं शपथ-प्रपत्र पेश किया गया है।

अतएव एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि ओवदक के आवेदन पत्र पर जिस किसी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति दावा हो तो दिनांक 09.10.2023 को अपना आपतितदावा पेश कर सकते है, नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई एवं विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22.09.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, आरंग

**न्यायालय तहसीलदार आरंग जिला-रायपुर (छ.ग )**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./अ6अ वर्ष 2022-2023
आरंग, दिनांक ..........
ग्राम आरंग प.ह.नं. 29

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदक हनुमंतलाल केंवट पिता धनउराम केंवट जाति केंवट निवासी महामाया पारा आरंग, तहसील आरंग, जिला रायपुर द्वारा छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 115 के तहत राजस्व अभिलेखों में सुधार करने की निवेदन किया गया है। अनुविभागीय अधिकारी (रा.) आरंग के माध्यम से जॉच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति हो तो वे स्वयं उपस्थित होकर या अपने अभिभाषक के माध्यम से न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 06.10.2023 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20.09.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, आरंग

**GOVERNMENT OF CHHATTISGARH, WATER RESOURCES DEPARTMENT OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER MAHANADI CIRCLE, RAIPUR (CHHATTISGARH)**
**e-PROCUREMENT TENDER NOTICE**
**eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**
**(First Call)**

**System Tender No. 148409/ NIT No.: 11/SAC/23-24 — Dated: 27.09.2023**

Online Tenders are invited for the following works up to 18.10.2023 at 17.30 Hours.

Name of work - Remodeling, C.C. Lining and Reconstruction of Canal structures of Kesla Minor, Sakri Minor of Dy. No. 07 and Gindola Minor of Dy. No. 10 of Lawan Branch Canal.

Probable Amount of Contract: - Rs. 186.98 Lakhs
(As per S.O.R dated 01.08.2010 and amended upto dated 22.08.2022).

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh Integrated e-Procurement Portal (https://eproc.cgstate.gov.in) from Date 04.10.2023, at 17.31 Hours.(IST) onwards.

NOTE:- All eligible/intrested contractors/bidders are mandated to get enrolled on the Integrated e-procurement portal (https://eproc.cgstate.gov.in) and get approval on specific vendor class from PWD under Centralized Contractor/Supplier Registration in order to download the tender documents and participate in the subsequent bidding process.

Executive Engineer
Water Management Division
No. 2, Balodabazar
For, Superintending Engineer
Mahanadi Circle, Raipur (C.G.)

G-05778/2

## कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग बालोद

Phone No. :- 07749-222370, Email Id:- ee-res.balod@gov.in

### (Zonal Tender) सूचना द्वितीय बार

क्रमांक/43/व.ले.लि./ग्रा.यां.से./2023-24 — बालोद, दिनांक 26.09.2023

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों से निम्न दर्शित क्षेत्रीय निविदा (Zonal Tender) हेतु जनपद पंचायत (ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र हेतु) बालोद ग्रुप (स) निविदा हेतु प्रमुख अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विकास आयुक्त कार्यालय रायपुर द्वारा दिनांक 01.11.2021 से एवं विद्युतीकरण कार्य हेतु प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग रायपुर द्वारा दिनांक 01.06.2020 से प्रचलित तथा सिविल कार्य हेतु लोक निर्माण विभाग के दिनांक 01. 01.2015 एवं नलकुप खनन हेतु प्रमुख अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग रायपुर द्वारा दिनांक 01.06.2020 से प्रभावशील दर अनुसूची की मुद्रित एवं अद्यतन संशोधित दरों पर निविदा प्रतिशत दर पर दिनांक 05.10.2023 को अपरान्ह 5.30 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है तथा प्राप्त निविदाओं को दिनांक 06.10.2023 को 11.30 बजे पूर्वान्ह में खोली जावेगी :-

(1) निविदा राशि रू. 20.00 लाख प्रत्येक ग्रुप
(2) अमानत राशि रू. 20000.00 प्रत्येक ग्रुप
(3) निविदा प्रपत्र का मूल्य :- रू. 750.00 प्रत्येक ग्रुप

निविदा दस्तावेज कार्यालय द्वारा विक्रय नहीं किया जावेगा, ऑनलाईन पोर्टल https://res.cg.gov.in/ अन्य पोर्टल जिसे निविदा विज्ञप्ति में दर्शाया गया है दिनांक 26.09.2023 से डाउनलोड किया जा सकता है एवं कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में उपस्थित होकर देखी जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग, बालोद जिला - बालोद (छ.ग.)

जी-5749/1

उल्टा पुल्टा

घोंचू ने अपने दोस्त पोंचू से कहा- मैं अपनी बीवी की वजह से एक दिन नरक में जाऊंगा, हर दिन झूठ जो बोलना पड़ता है।
पोंचू ने हैरान होकर पूछा- ऐसा क्यों है मेरे भाई?
**घोंचू**- रोज सुबह-शाम सजने-संवरने के मेरी बीवी पूछती है कि मैं कैसी लग रही हूं।

# नगर भटगांव के विकास कार्यों के लिए मिला करोड़ों की सौगात, विधायक चंद्रदेव राय ने किया भूमिपूजन

**भटगांव/बलौदाबाजार,** 29 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में जब भी कांग्रेस सरकार रही है। नगर भटगांव को विकास कार्यों के लिए कुछ ना कुछ सौगात के रूप में जरुर मिला। इसी संबंध में भूपेश बघेल कांग्रेस सरकार नगरीय प्रशासन मंत्री शिव डहरिया के अनुशंसा और क्षेत्रीय विधायक संसदीय सचिव चंद्रदेव राय की सक्रियता भटगांव की विकास में उनके प्रतिबद्धता और कार्यकुशलता व नगर पंचायत भटगांव के पार्षदगणों के सकारात्मक सोंच ने नगर पंचायत भटगांव में विभिन्न विकास कार्यों के लिए 5 करोड़ 25लाख रुपए लागत से बनने वाले विकास कार्यों का नगर के हृदय स्थल सांई मंदिर चौक में भूमिपूजन किया गया।



जिसमें नगरीय प्रशासन मंत्री शिवडहरिया की घोषणा अनुरूप वार्ड नं 1 से 15 तक जल कनेक्शन बिना सीसी रोड वाले 11.60 हजार वार्ड नं 1 से 15 तक निजी जल कनेक्शन सीसी रोड वाले हिस्से पर 33.61 हजार अधोसंरचना मद से अडबंधा तालाब सौंदर्यीकरण कार्य पार्ट 2 लागत 49.58हजार, वार्ड नं 2 उद्यान निर्माण कार्य 29.75 हजार वार्ड नं 12 में मुक्तिधाम निर्माण कार्य 38.1 हजार, पुराना बस स्टैंड से शनि मंदिर तक बीटी रोड निर्माण कार्य 47.87 हजार सांई मंदिर चौंक सौंदर्यीकरण कार्य 19.95 हजार 15 वें वित्त पाइप लाइन विस्तार पार्ट 1 19.17 हजार पाइपलाइन विस्तार पार्ट 29.18 हजार बिर्रा रोड से पेट्रोल पंप तक विद्युत पोल विस्तार कार्य 19.64 हजार अधोसंरचना मद बिर्रा चौक से पेट्रोल पंप तक गौरवपथ निर्माण कार्य 1 करोड़ 97 लाख संवरा समाज हेतु सामुदायिक भवन निर्माण कार्य 10 लाख कब्रिस्तान में अहाता निर्माण कार्य 10 लाख के साथ करोड़ों रुपए की लागत से बनने वाले विभिन्न विकास कार्यों का क्षेत्रीय विधायक संसदीय सचिव चंद्र देव राय द्वारा भूमिपूजन किया गया। कांग्रेस सरकार और क्षेत्रीय विधायक के चलते भटगांव में विकास की गंगा बहने लगी है विकास की धारा को देखने के लिए समस्त नगरवासी काफी सालों से ललाइत थे। दो चार दिनों बाद सभी कार्यों का शुभारंभ किया जाएगा। इस अवसर पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष प्रवेश दुबे, नगर पंचायत अधिकारी मधुलिका सिंह चंदेल, सब इंजीनियर तारकेश्वर नायक, भटगांव तहसीलदार के अलावा वरिष्ठ कांग्रेसी नेता पूनीराम साहू, दिलहरण साहू (एल्डरमैन) सहित कांग्रेस के कई युवा नेता एवं नगर पंचायत के बहुत से कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नशीली दवाई व इंजेक्शन के साथ दो गिरफ्तार



**महासमुंद,** 29 सितंबर (देशबन्धु)। तुमगांव पुलिस ने नशीली दवाईयां व इंजेक्शन समेत दो व्यक्तियों को गिरफ़्तार किया। मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली कि तुमगांव क्षेत्र के एनएच 53 पर कफ सिरप नशीली टेबलेट, इंजेक्शन बिक्री हेतु रखा गया है। मुखबिर की निशानदेही पर हीरो हॉंडा स्पेंलडर क्रमांक सीजी 06 0585 को घेराबंदी कर पकड़ा जिसमें दो व्यक्ति कांकेर निवासी 23 वर्षीय रूपित शर्मा पिता विजय कुमार शर्मा तथा दुगली थाना क्षेत्र के ग्राम भोमलाबाहरा निवासी 25 वर्षीय धनेशराम पिता सतउराम के कब्जे से नशीली टेबलेट, कफ सिरप व इंजेक्शन बरामद किया गया। जब्त नशीली दवाईयों की कीमत 10 हजार 700 रुपए है। पुलिस ने धारा 21 नारकोटिक एक्ट के तहत कार्रवाई की है। एसपी धर्मेन्द्र सिंह, एएसपी आकाशराव, एसडीओपी मंजूलता बाज के निर्देशन में तुमगांव निरीक्षक नितेश सिंह ठाकुर, सायबर सेल नसीमुद्दीनखान, नीलांबर सिंह, मिनेश ध्रुव, विकास चंद्राकर, अभिषेक राजपूत, चम्पलेस ठाकुर, संतोष सांवरा, युवराज ठाकुर, कीर्तन, दिनेश, पंचू बघेल द्वारा की गई।

# मुस्लिम जमात के जुलूस का नपाध्यक्ष राशि ने किया स्वागत



**महासमुंद,** 29 सितंबर (देशबन्धु)। ईद मिलादुन्नबी के मौके पर गुरुवार को मुस्लिम जमात द्वारा शहर में जुलूस निकाला गया। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग और पूर्व नपा उपाध्यक्ष त्रिभुवन महिलांग द्वारा यात्रा का शहर के नेहरू चौक पर स्वागत किया गया। इस दौरान उनके द्वारा जुलूस में शामिल मुस्लिम जमात के पदाधिकारियों और सदस्यों व लोगों में मिठाई वितरण कर शरतब पिलाया गया। श्रीमती महिलांग ने सभी को ईद मिलादुन्नबी पर्व की बधाई दी।

# राजीव गांधी किसान न्याय योजना की किश्त पाकर खुश हैं किसान : हितेंद्र ठाकुर

**बलौदाबाजार,** 29 सितंबर (देशबन्धु)। बलौदाबाजार भाटापारा जिला के सुमा में आयोजित कृषक सह श्रमिक सम्मेलन में राजीव गांधी किसान न्याय योजना व मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक पेंशन योजना के तहत पेंशन सहायता तथा गोबर विक्रेताओं व गन्ना उत्पादकों को करोड़ों रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदाय किये जाने पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आभार जताते हुए इस योजना को किसानों, मजदूरों को ताकत देने वाली योजना बताया।

श्री ठाकुर ने बताया कि जिले के भाटापारा सुमा में आयोजित कृषक एवं श्रमिक सम्मेलन में राजीव गांधी न्याय योजना के तहत 24.52 लाख किसानों को 1895 करोड़ की तीसरी किश्त सीधे उनके खाते में भेजा गया। साथ ही मुख्यमंत्री श्रमिक योजना के तहत श्रमिकों को प्रति माह 15 सौ रुपए पेंशन सहायता की राशि व गोबर विक्रेताओं को 5.16 करोड़ तथा गन्ना उत्पादकों को 57.18 करोड़ की प्रोत्साहन राशि का बटन दबाकर किसानों के खातों में भेजा गया। राजीव गांधी किसान न्याय योजना की किश्त मिलने पर संबल मिला है। श्री ठाकुर ने कहा कि भूपेश बघेल किसानों के दर्द को समझते हैं मजदूरों के दर्द को समझते है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा किसानों की बेहतरी के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। कांग्रेस सरकार ने समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की मात्रा 15 चिंटल से बढ़ाकर 20 चिंटल करने के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि अब अतिरिक्त धान को औने-पौने दाम पर बेचने की मजबूरी नहीं रहेगी। कांग्रेस सरकार ने हर किसान का धान खरीदा खेती किसानी को बनाया फायदे का सौदा। वर्ष 2023-24 में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा धान खरीदी के लिए 33,000 करोड़ रूपये की व्यवस्था की है तथा समर्थन मूल्य और इनपुट सब्सिडी के साथ किसानों को धान के मिल रहे देश में सर्वाधिक प्रति चिंटल 2640 रूपये और अब तो छत्तीसगढ़ सरकार ने तो आगामी समय में प्रति एकड़ 20 चिंटल धान खरीदने का फैसला लिया है। भूपेश बघेल की सरकार में 19 लाख किसानों का कृषि लोन माफहुआ, 5 लाख 63 हजार भूमिहीन कृषि मजदूरों को 7 हजार रुपए लगातार दूसरे साल सहायता राशि दी गई, 5 लाख 16 हजार आदिवासियों को 101 लाख एकड़ वन भूमि पर अधिकार दिलाया, स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल बनाए, 8 मेडिकल कॉलेज भी यहां बनाए गए जिसका फायदा मिलना शुरू हो गया है।



**खेती-किसानी में इस राशि से मिलेगी मदद**

# पेंशन प्रकरण में लापरवाही, डीईओ ने किया बाबू को निलंबित

**कसडोल/बलौदाबाजार,** 29 सितंबर (देशबन्धु)। विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय कसडोल के जितेन्द्र कुमार खुंटे सहायक ग्रेड 2(बाबु) को निलंबित कर दिया गया है। लगातार शिकायत के बाद जिला शिक्षा अधिकारी बलौदाबाजार ने लंबित पेंशन प्रकरण के संबंध में जितेंद्र कुमार खुंटे को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। जिसमें स्पष्टीकरण अनुसार जितेन्द्र कुमार सुंटे, सहायक ग्रेड 2 को लंबित पेंशन प्रकरणों के निराकरण के संबंध में बार-बार मौखिक निर्देश एवं नोटिस देने तथा लंबित पेंशन प्रकरणों से संबंधित समस्त दस्तावेज नवीन पेंशन शाखा प्रभारी को सौपने हेतु आदेश एवं निर्देश दिये जाने के बावजूद प्रभार नही सौंपने के कारण कार्यालयीन कार्य बाधित होने तथा लंबित पेंशन प्रकरण का निराकरण नहीं हो पाने का उल्लेख किया है।

उक्त प्रकरण में जिला शिक्षा अधिकारी राकेश शर्मा ने आदेश जारी कर कहा है कि जितेन्द्र कुमार खुंटे, सहायक ग्रेड 2 कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कसडोल द्वारा अपने कार्य के प्रति उदासीनता व आदेशो की अवहेलना के कारण विभाग की छवि धूमिल हो रही है। सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के विपरीत होने से छ.ग. सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम 9(1) के तहत् तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलंबन अवधि में संबंधित का मुख्यालय कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी सिमगा होगा तथा नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय कसडोल के जितेन्द्र कुमार खुंटे सहायक ग्रेड 2(बाबु) की शिकायत लगातार हो रही थी। साथ ही विगत दिवस मीडिया में भी पेंशन प्रकरण सहित तमाम मामलो में लापरवाही बरतने की खबर सुर्खियां बटोर रही थी इसके अलावा तत्कालीन बीईओ के संरक्षण में उक्त बाबू पर कार्रवाई नही हो रही थी। इधर 21 सितम्बर को जिला शिक्षा अधिकारी बलौदाबाजार-भाटापारा ने निलंबित की कार्रवाई की है।

# शहीद भगत सिंह की जयंती पर माल्यार्पण

**धमतरी,** 29 सितंबर (देशबन्धु)। शहीद भगत सिंह जयंती के अवसर पर आमापारा चौक स्थित शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर एमआईसी सदस्य, राजेश पांडे, राजेश ठाकुर, कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष आकाश गोलछा, पूर्व पार्षद मीणा बैगा नाग, उपाध्यक्ष पवन यादव, वार्ड वासियों के द्वारा माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया।

**भगत सिंह आजादी के दीवाने थे : राजेश पांडे**

इस अवसर पर एमआईसी सदस्य राजेश पांडे, राजेश ठाकुर ने शहीद भगत सिंह की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जलियांवाला बाग हत्याकांड ने भगत सिंह की बाल मन पर बड़ा गहरा प्रभाव डाला। इसका मानवीय कृत्य को देखकर उनका मन देश को स्वतंत्र करवाने की सोचने लगा। भगत सिंह अपने साथियों के साथ मिलकर क्रांतिकारी संगठन तैयार किया लाहौर षड्यंत्र मामले में भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को फांसी की सजा सुनाई गई। और 23 मार्च 1931 को उन्हें फांसी दे दी गई। तीनों ने हंसते-हंसते देश के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया उन्होंने कई पत्र पत्रिका के लिए अनेक लेख भी लिखे थे।



श्री पांडे ने आगे कहा कि शहीद भगत सिंह आजादी के दीवाने थे उनकी हर कार्य में उसके वीर, धीर और निर्भय होने का आभास मिलता था। भगत सिंह ने अपने आलेख में ईश्वर के बारे में अनेक तर्क किए हैं उन्होंने सामाजिक परिस्थितियों >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# छात्रों को पर्यावरण सरंक्षण समझाते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य ने टब में किया गणेश विसर्जित

**नयापारा राजिम,** 29 सितंबर (देशबन्धु)। पर्यावरण संरक्षण को समझने के लिए विद्यालय के प्राचार्य लालजीत यादव ने विद्यालय में स्थापित गणेश जी की प्रतिमा को पानी से भरे ट्रेक्टर मे विसर्जन किया गया है उन्होंने नव निहालों को बताया कि नदी, सरोवर, तालाब ,नहर इत्यादि में गणेश जी का विसर्जन करते हैं तो पानी प्रदूषित होता हैं इन्हीं जल के साधन में स्नान करने से जल से संबंधित अनेक प्रकार के जीवाणु विषाणु के द्वारा हमें रोग होने की संभावना रहती है हमारे द्वारा किया गया यहां एक छोटा सा प्रयास है कि हमने पर्यावरण को ध्यान में रखकर श्री गणेश जी का विसर्जन विद्यालय में ही किया ताकि विसर्जित किए गए गणेश जी का पानी पेड़ पौधों में काम आ जाएगा और हमारे विद्यालय के संरक्षक राजीव पुराणिक ने बताया कि इस मिट्टी को फिर हम उसे कुम्हार को वापस दे देंगे जिससे वे किसी मिट्टी से वह अन्य मूर्ति बनाएंगे इसका मतलब यही हुआ भगवान गणेश किसी न किसी रूप में हमारे पास सदा रहेंगे क्योंकि वे बुद्धि के देवता हैं।



# बठेना वार्ड स्थित मुक्तिधाम में शेड निर्माण, सौंदर्यीकरण कार्य का भूमिपूजन

**धमतरी,** 29 सितंबर (देशबन्धु)। बठेना वार्ड स्थित मुक्तिधाम में बनने जा रहे शेड निर्माण एवं सौंदर्यीकरण का भूमि पूजन महापौर विजय देवांगन की उपस्थिति में मनी कंचन की दिदीयो एवं एआईसी सदस्य राजेश ठाकुर, राजेश पांडे, पार्षद श्यामलाल नेताम, ब्लाक अध्यक्ष आकाश गोलछा, सहित वरिष्ठ जनों के हाथों किया गया।

इस अवसर पर महापौर विजय देवांगन ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, मंत्री शिव कुमार डहरिया द्वारा शहर के सभी मुक्तिधाम मे शेड निर्माण सहित सौंदर्यीकरण कराया जा रहा है. जिसके तहत सोरिद वार्ड, हटकेशर वार्ड, के मुक्तिधाम मे पूर्व मे भूमि पूजन किया जा चुका है. आज बठेना वार्ड के मुक्तिधाम के शेड निर्माण एवं सौंदर्यीकरण का भूमिपूजन किया गया।



श्री देवांगन ने आगे कहा कि मुक्तिधाम का अर्थ ही मुक्ति देने वाला स्थान है शेड निर्माण सौंदर्यीकरण की मांग वर्षों से लंबित मांग रही है करोना काल में हमने देखा है कि इतनी मृत्यु हो रही थी शव को शेड के नीचे रखकर दाह संस्कार किया जा रहा था एक बड़े शेड की आवश्यकता इस मुक्तिधाम को है जो आज आप सब के सहयोग से शेड निर्माण,सौंदर्यीकरण का भूमि पूजन किया गया. आप सभी वार्ड वासियों से अपील है समय-समय में मुक्तिधाम की देखरेख साफ सफाई करते रहने की आवश्यकता है। भूमि पूजन पश्चात वार्ड वासियों ने महापौर विजय देवांगन सहित पूरे नगर निगम टीम का धन्यवाद कर आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर इंजिनियर कमलेश ठाकुर, मनीष साहू, गंगा सिन्हा, पुरूषोतम कोसरीया, गिरधर यादव, नर्मदा साहू, अहिल्या ध्रुव, गणेश विश्वकर्मा, ललिता बाई, रमला बाई, अनिता बाई, रेणू बाई, प्रेमीन बाई, उत्तरा बाई, शारदा बाई, त्रिवेणी बाई, नदंनी बाई, नीरू सिन्हा, गोदू सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

# राजिम के विभिन्न वार्डों से निकले विघ्नहर्ता को विसर्जित करने भक्तगण

**राजिम,** 29 सितंबर (देशबन्धु)। पार्षद ओमप्रकाश आडिल ने बताया कि नगर के वार्ड 12 से लेकर विभिन्न वार्डों से विघ्नहर्ता को विसर्जित करने महानदी की ओर जुलूस के रूप मे ले जाया गया। राजिम वार्डवासियों के द्वारा प्रतिवर्ष भगवान श्री गणेश जी की मूर्ति स्थापित करते हैं और जिसका विसर्जन वार्डवासी एवं नगर वासियों के द्वारा धूमधाम बजे बजे पटाखे के साथ किया गया। इस दौरान वार्ड वासी बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। ओमप्रकाश आडिल पार्षद अग्रहित ध्रुव निलु निषाद प्रदीप साहू गंगाराम निषाद नारायण ध्रुव भागेलु निषाद हर्ष निषाद संतोष निषाद गोपी निषाद दानी निषाद राघवेंद्र ध्रुव खूबचंद सोनकर सागर यादव तिजबति पटेल भारती निषाद गोदावरी निषाद गणेशीय निषाद शकुन ध्रुव ललित ध्रुव लता निषाद निरा निषाद सीमा निषाद सूरजा निषाद सहित अनेकों लोग थे.



# चुनाव को लेकर जिलाध्यक्ष ने ली ब्लाक अध्यक्षों की बैठक

**महासमुंद,** 29 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ विधानसभा चुनाव के मद्देनजर जिलाध्यक्ष डा रश्मि चन्द्राकर ने ब्लॉक अध्यक्षो की बैठक आहुत की। बैठक मे ब्लॉक अध्यक्षो के अलावा जिला के प्रमुख पदाधिकारी भी शामिल हुए। बैठक मे अपने उद्बोधन के दौरान जिलाध्यक्ष डा रश्मि ने कहा कि चुनाव मे अब ज्यादा समय नही बचा है आगामी दिनों मे कभी भी चुनाव की घोषणा हो सकती है। कांग्रेस सरकार की सारी योजना, चाहे वो किसानो के लिए हो या मजदूर के लिए, छात्रो के लिए या बेरोजगार युवाओं के लिए, आंगनबाडी सहायिका के लिए हो या महिल समूह के लिए सभी सफल रही है और लोगो को इसका पूरा लाभ मिला है। इसलिए छत्तीसगढ की जनता प्रदेश की कांग्रेस सरकार से सन्तुष्ट नजर आ रहा है और हमे अपनी सरकार के द्वारा किये गए कार्यो के आधार पर ही आगामी चुनाव में वोट मांगना है। कांग्रेस में टिकट वितरण की प्रक्रिया जारी है टिकट जिस भी कार्यकर्ता को मिले संगठन को अपना काम करते रहना है। हमे जनता के बीच जाकर सरकार के कार्यो को बताना है और यदि कोई पात्र व्यक्ति किसी योजना के लाभ से वंचित रह गया हो तो उसे भी सरकारी योजनाओ का लाभ दिलाना है। अबकी बार चुनाव में कांग्रेस को ऐतिहासिक मतो से विजयी बनाना है। बैठक मे जिलाध्यक्ष डा रश्मि ने सभी नेताओ व कार्यकर्ताओ को अब डोर टू डोर कैम्पेनिंग शुरू करने पर जोर दिया तथा सभी ब्लॉक अध्यक्षो को हितग्राही कार्ड का भी वितरण किया तथा सभी को अपने अपने क्षेत्रो मे हितग्राही कार्ड भरवाने निर्देशित किया ताकी योजनाओ का लाभ लेने से कोई व्यक्ति वंचित ना रह जाए। बैठक का >> शेष पृष्ठ 9 पर >



# जगह-जगह विराजित गणपति को बच्चे, बूढ़े और जवान विभिन्न साधनों से जा रहे विसर्जित करने

**नयापारा** राजिम, 29 सितंबर (देशबन्धु)। विगत 11 दिनों से घरों में विराजित गणपति बप्पा को विसर्जित करने के लिए बच्चे जवान बूढ़े अपने-अपने गणपतियों को रिक्शा ठेला और अन्य साधनों के द्वारा अपने घरों से ले जाते हुए नजर आए। ले जाते समय गणेश भक्त यही जयकारा लगा रहे थे गांव गांव में टावर है गणेश जी में पावर है गणपति बप्पा मोरया महानदी में बोरिया 1 2 3 4 गणेश जी की जय जयकार इन्हीं जयकारों के साथ सभी लोग अपने गणेश को महानदी के किनारे ले जाते हुए नजर आ रहे थे महानदी के किनारो पर ले जाकर गणेश भगवान की पूजा अर्चना कर रहे थे सभी लोग यही कामना कर रहे थे की आपकी वापसी अति शीघ्र हो विसर्जन के समय कोई अज्ञात घटना ना हो इसलिए नगर पालिका के पांच कर्मचारी नदी किनारे गणेश विसर्जित करने आए लोगों को निर्देश देते हुए भी दिखाई दिए वहीं पर रमन श्रीवास के द्वारा गणेश भगवान के गुणगान करते हुए विभिन्न फिल्मी गाने की प्रस्तुति दे रहे थे जिससे सुनकर विसर्जित करने आए लोगों की आंख नम हो गई।



# पलारी में गणपति बप्पा को नम आंखों से दी विदाई

**पलारी/बलौदाबाजार,** 29 सितंबर (देशबन्धु)। नगर पलारी सहित समूचे अँचल मे गुरूवार और शुक्रवार को गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तु जल्दी का जयघोष करते हुए गणेश प्रतिमा का विसर्जन नम आँखो से किया गया। नगर पलारी मे गुरूवार शाम वार्ड 12 शाँती नगर और बस स्टैंड मे विराजे गणपति को डीजे के धुन मे भक्त थिरकते हुए विसर्जन किया। वही शुक्रवार को भी बाजार चौक, माहमाया चौक, ठाकुर देव चौक, गाँधी चौक, शितला पारा, रायपुर मार्ग, बलौदाबाजार मार्ग मे स्थापित गणपति को ट्रेक्टर को सजाकर रँग गुलाल उड़ाते हुए भक्त उत्साह के साथ चमरी तालाब में विसर्जन किया। साथ ही घरो में स्थापित गणेश प्रतिमा का भी विसर्जन किया गया।



# वनमार्ग जर्जर, कल से खुल रहा अभ्यारण्य

**पिथौरा,** 29 सितम्बर (देशबन्धु)। क्षेत्र के प्रमुख बारनवापारा अभ्यारण्य को अंतत: सामान्य वन मण्डल से हटा कर जंगल सफारी के अधीन कर दिया गया।इसके आदेश 15 सितंबर को शासन द्वारा जारी कर दिये गए है।माना जा रहा है कि अब अभ्यारण्य के लिए पृथक बजट मिलेगा जो कि सामान्य वन मण्डल की तरह किसी भी परिक्षेत्र में खर्च नही किया जा सकेगा।

वर्षों से अनदेखी झेल रहे बार अभ्यारण्य को अब अपना एक पृथक वन मण्डल मिल गया है।ज्ञात हो कि पूर्व में भी बार अभ्यारण्य एक पृथक वन मण्डल ही हुआ करता था। उस दौरान अभ्यारण क्षेत्र में प्रशासनिक कसावट भी उच्च स्तर की थी।परन्तु इसके बाद सन 2000 में छत्तीसगढ़ निर्माण के बाद बहुत से वन मंडल जैसे उत्पादन अभ्यारण सामाजिक वानिकी जैसे पृथक वन मण्डल समाप्त कर सामान्य वन मंडल के अंतर्गत अंतर्गत विलीन कर दिए गए।इसमें सबसे ज्यादा असर कार्य योजना वन मंडल (वर्किंग प्लान) को समाप्त करने का हुआ जो आज तक अपना प्रभाव दिखा रहा है। जिसके परिणाम स्वरूप आज तक कई वन मंडल के कार्य योजना लंबित पड़े हुए हैं ।

ज्ञात हो कि अभ्यारण वन मंडल की परिकल्पना सेवानिवृत्ति प्रधान मुख्य वन संरक्षक आर एन मिश्रा (भारतीय वन सेवा) ने बहुत पहले की थी. उनका कहना था कि अभ्यारण में पदस्थ अधीक्षक एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी सामान्य वन मंडल अधिकारी के आगे बजट एवं धनादेश के लिए क्यों हाथ फैलाए उनकी अपनी प्रशासनिक व्यवस्था है।यहां यह बताना लाजिमी होगा कि अभ्यारण एवं राष्ट्रीय उद्यान के प्रशासनिक व्यवस्था के तहत मुख्य वन संरक्षक अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक तथा प्रधान वन संरक्षक पूर्व से ही पदस्थ है मात्र वन मंडल की ही कमी थी जो अब शासन के आदेश के तहत पूरी हो रही है। इसको प्रशासनिक कसावट तो आएगी ही तथा बजट का पूर्ण लाभ मिल पाएगा पूर्व में समान वन मंडल को जो बजट मिलता था उसे वन मंडल अधिकारी सामान्य द्वारा अपने मुताबिक विभिन्न वन परीक्षेत्र में आवंटन कर देता था और इसके पीछे यह दलील दी जाती थी कि वन्य प्राणी तो सामान्य परीक्षेत्र में भी है अत: वहां भी यह किया जाना है विगत वर्षों में ऐसा कोई सामान्य वन मंडल अधिकारी पदस्थ नहीं रहा जो अभ्यारण के प्रति पूरी तरह समर्पित होकर बजट आवंटित करता। इससे सामान्य परीक्षेत्र की तुलना में अभ्यारण को कम बजट मिलता है। बार अभ्यारण एवं भोरमदेव अभ्यारण के जंगल सफारी वन मंडल के अधीन करने से दोनों का वन्य प्राणी हेतु प्रबंधन कार्य सम हो जाएगा परंतु यहां एक बात कहना उचित होगा कि अभ्यारण एवं जंगल सफारी में ऐसे वन अधिकारी एवं कर्मचारियों की ही नियुक्ति की जाए जिनकी रुचि वन्य प्राणी के प्रति हो वन्य प्राणी प्रबंधन में हो और वह इस कार्य को सजा के बतौर ना लेवे।अभ्यारण्य में उन्हें ही पदस्थ किया जाए जिन्हें कम से कम 10 वर्षों 10 से 15 वर्षों तक वन्य प्राणी या अभ्यारण वन मंडल का अनुभव हो।एवम इन्हें जल्दी से हटाया ना जावे तथा पदोन्नति स्थानांतरण पदस्थापना भी अभ्यारण शाखा द्वारा ही किया जावे इसमें सामान्य वन मंडल का हस्तक्षेप नहीं हो तभी यह सपना कारगर हो सकता है।नहीं तो पूर्व की तरह ही वन्य प्राणी परेशान होते रहेंगे और अभ्यारण में कुव्यवस्था बनी रहेगी।



उक्त सम्बन्ध में चर्चा के लिए वन मण्डलाधिकारी बलौदाबाजार से मोबाइल द्वारा सम्पर्क का प्रयास किया गया परन्तु उन्होंने काल रिसीव नही किया लिहाजा उनका पक्ष नही लिया जा सका।

बार अभ्यारण्य के इस वर्ष एक माह पूर्व ही 01अकटुबर से पर्यटकों के लिए खोलने की खबर है।परन्तु विभागीय सूत्र बताते है कि अभ्यारण्य खुलने में मात्र दो दिन शेष है परन्तु अब तक वन मार्गो की मरम्मत नही की गई है।अभ्यारण्य अफसरों को अभी यह भी नही पता कि अभयारण्य को वर्तमान में जंगल सफारी को सामान्य वन मण्डल से जंगल सफारी में स्थानांतरित करने के राजपत्र में प्रकाशित आदेश का भी अब तक पालन नही हुआ है।ऐसी स्थिति में आखिर वर्तमान में अभ्यारण्य किसके अधीन संचालित होगा। यह भी अब तक सस्पेंस बना हुआ है।

बहरहाल शासन द्वारा बार अभ्यारण्य के विकास के लिए उसे जंगल सफारी को सौंपने के आदेश के बाद राजपत्र में भी प्रकाशित होने के बाद भी अफसरों की मनमानी के चलते अभ्यारण को संचालित कौन करता है।

# छग श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रांतीय सम्मेलन में बागबाहरा के पत्रकारों का हुआ सम्मान



**बागबाहरा,** 29 सितम्बर (देशबंधु)। राजधानी रायपुर के वीआईपी माना रोड में स्थित रामस्वरूप निरंजन लाल धर्मशाला में आयोजित छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रांतीय सम्मेलन में बागबाहरा से पहुंचे पत्रकारों का सम्मान छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. चरण दास महंत, खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेंद्र तिवारी, छग श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द अवस्थी, शाकम्भरी बोर्ड के अध्यक्ष रामकुमार पटेल, रायपुर लोकसभा के सांसद सुनील सोनी, राजनांदगांव लोकसभा के सांसद संतोष पांडेय, पामगढ़ विधानसभा क्षेत्र की विधायक इंदू बंजारे, व्यापार कांग्रेस प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष कन्हैया लाल अग्रवाल, साज़ा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं संसदीय सचिव लाभचंद बाफना आदि ने बागबाहरा के वरिष्ठ पत्रकार ललित सोनी, सुरेंद्र श्रीवास्तव, ललित पटेल, भुवनेश्वर सिन्हा, प्रदीप द्विवेदी, टिकेश साहू, मनोज गिरी गोस्वामी आदि को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस सम्मेलन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. चरण दास महंत ने अपने उद्बोधन में कहा कि पत्रकारों को उमंग, उत्साह, जूनून एवं जज़्बा के साथ काम करना चाहिए। पत्रकारों को हमेशा काम के लिए गंभीर रहना चाहिए। समाचार संकलन एवं प्रकाशन करने में पत्रकारों को कई तरह के परेशानियों से गुजरना पड़ता है। पत्रकार साथी लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ एवं सजग प्रहरी होते हैं। उन्ही के माध्यम से दुनिया को कई प्रकार की जानकारी मिलते है। इस सम्मेलन में पूरे छत्तीसगढ़ के कोने-कोने से पत्रकार साथी हज़ारों की संख्या में पहुंचे थे। जहाँ सभी पत्रकार साथियों का सम्मान अतिथियों द्वारा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# छत्तीसगढ़िया ओलंपिक महिला वर्ग फुगड़ी में कु. तुलसी दूसरा स्थान प्राप्त करने पर क्षेत्रवासियों में हर्ष व्याप्त

**बागबाहरा,** 29 सितम्बर (देशबंधु)। राज्य स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेलों का आयोजन रायपुर मे 25 सिंतम्बर को आयोजित हुआ । जिसमें महासमुंद जिले के बागबाहरा विंखण्ड के ग्राम पंचायत झिटकी के आश्रित ग्राम मुड़पार निवासी कु. तुलसी पिता राकेश राजपूत कक्षा चौथी की छात्रा ने फुगड़ी 18 वर्ष से कम महिला वर्ग मे द्वितीय स्थान प्राप्त की । वे छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेलो पर पंचायत जोंन ब्लाक जिला एवं संभाग स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया था । इस मौके पर ग्राम पंचायत झिटकी के सरपंच पुनऊराम ध्रुव , पंचायत सचिव कृष्णचंद पटेल ,राजीव युवा मितान क्लब अध्यक्ष पोखन महानंद, गोपी निहाल सहित क्षेत्रवासीयों ने हर्ष व्यक्त किया है । छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़िया ओलिंपिक खेल को महत्व देने से खिलाडियों के प्रतिभा उभरने लगी है। इसी के चलते ग्रामीण स्तर के खिलाडियों को जिला एवं प्रदेश स्तर पर विभिन्न खेलों में खेलने का अवसर मिल रहा है। जिससे खिलाड़ियों में खुशी की लहर है।



# संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव ने डिजिटल एक्सरे मशीन का किया शुभारंभ

**बागबाहरा,** 29 सितम्बर (देशबंधु)। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बागबाहरा के डिजिटल एक्सरे का शुभारंभ संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव द्वारा जीवन दीप समिति की सदस्यो व गणमान्य नागरिको तथा खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ बी.एस. बढ़ई व अधिकारियो एवं कर्मचारियो की उपस्थिति मे किया गया। ज्ञात हो कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागबाहरा मे 300 एमए का एक्सरे मशीन उपलब्ध है। एक्सरे मशीन को डिजिटल किये जाने हेतू पूर्व मे जीवन दीप समिति मे प्रस्ताव बनाकर शासन को प्रेषित किया गया था। जिसे शासन द्वारा स्वीकृत कर एक्सरे मशीन का डिटिलाईजेशन करवाया गया। डिटिलाईजेशन होने से उच्च गुणवत्ता युक्त एक्सरे होगा। एवं समय की बचत होगी। तथा चिकित्सको को इलाज करने मे सुविधा होगी । समिति के सदस्यो द्वारा स्वच्छता पखवाडा के क्रियाकलाप मे सहभागिता दी गई । मरीज व उनके परिजनो को अस्पताल को स्वच्छ रखने मे सहयोग करने हेतु समझाईश दी गई। तथा स्वच्छता के महत्व के बारे में बताया गया। स्वच्छ रखने हेतु शपथ पत्र भरवाया गया। संसदीय सचिव श्री यादव द्वारा अधिकारियो एवं कर्मचारियो को स्वच्छता के महत्व के बारे में बताया गया कि सर्वप्रथम मरीज अस्पताल मे प्रवेश करता है, तो स्वच्छता को देखता है। तथा स्वच्छ होने पर अस्पताल के प्रति विश्वास बढ़ता है । समिति के सदस्यो द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बागबाहरा का भ्रमण किया गया। सर्वप्रथम वार्डो का भ्रमण कर इलाज उपचार की जानकारी ली गई। ओपीडी का निरीक्षण किया गया । लैब मे जांच के संबंध मे खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ बी.एस. बढई द्वारा बताया गया कि सीबीसी मशीन से 17 प्रकार के टेस्ट एव एनालाइजर से 34 प्रकार के टेस्ट की सुविधा उपलब्ध है। जिसमे मरीज को प्रिंटेट रिपोर्ट प्रदान किया जाता है। तथा बहुत जल्द ही लैब टेकिंग साफ्टवेयर क्रय किया जायेगा। जिससे मरीजो को उनके मोबाइल मे लैब का समस्त जांच रिपोर्ट प्राप्त होगा।



तत्पश्चात द्वारिकाधीश यादव संसदीय सचिव छ.ग. शासन स्कूल शिक्षा / आदिमजाति तथा अनुसूचित जाति विकास पिछडा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास, सहकारिता की अध्यक्षता मे जीवन दीप समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक मे खण्ड चिकित्सा अधिकारी द्वारा ओपीडी व आईपीडी सिजेरियन प्रसव नसबंदी आदि की संख्यात्मक जानकारी दी गई। आगे बताया गया कि संस्था को राज्य स्तर से कायाकल्प योजना अंतर्गत प्रमाणपत्र प्राप्त हुआ है। तथा मानकयुक्त सेवा हेतु राष्ट्र स्तर पर राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाणन प्राप्त हुआ है । विकासखण्ड बागबाहरा मे सामु स्वा केन्द्र बागबाहरा, प्राथमिक स्वा केन्द्र कोमाखान एवं उप स्वा केन्द्र कौंसरा को राष्ट्रीय गुणवत्ता आवश्वासन मानक प्रमाणन प्राप्त हो चुका है। सदस्यो द्वारा भविष्य मे भी इस तरह की गुणवत्ता बनाये रखने एवं इस तरह के कार्यक्रम मे भाग लेने हेतु अधिकारियो एवं कर्मचारियो को प्रोत्साहित किया गया। तथा कर्मचारियो की संख्या बढाये जाने हेतु निर्देशित किया गया एवं राष्ट्रीय कार्यक्रमों की चर्चा की गई। बैठक मे श्रीमती हीरा सेतराम बघेल अध्यक्ष नगर पालिका बागबाहरा, राजेश सोनी, एवं स्वास्थ विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# कोमाखान पहुंची राजीव युवा मितान क्लब की पदयात्रा

## संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव की अगुवाई में पदयात्रियों का हुआ जोशीला स्वागत

**बागबाहरा,** 29 सितम्बर (देशबंधु)। राजीव युवा मितान क्लब की पदयात्रा छत्तीसगढ़ शासन के लाडले संसदीय सचिव व खल्लारी क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक द्वारिकाधीश यादव के नेतृत्व में विधानसभा क्षेत्र का ऐतिहासिक ग्राम पुरातात्विक तहसील मुख्यालय कोमाखान पहुंची। जहां ग्रामीणजनों व कांग्रेस के पदाधिकारीयों के द्वारा पदयात्रियों का आतिशबाजी तथा गाजे बाजे के साथ भव्य स्वागत किया गया।

च्खल्लारी का विधायक कैसा हो ङ्कद्वारिकाधीश यादव जैसा होज्के नारों से कोमाखान का बस स्टैंड गूंजने लगा । इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थें। तत्पश्चात संसदीय सचिव श्री यादव के नेतृत्व में पदयात्रियों के द्वारा कोमाखान का भ्रमण किया गया। और ग्रामीणजनों को विगत 5 वर्षों में छत्तीसगढ़िया मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली कांग्रेस पार्टी की सरकार के द्वारा किए गए जनकल्याणकारी कार्यों , न्याय योजनाओं तथा आगामी योजनाओं की सारगर्भित जानकारी दी गई।



ज्ञात हो कि राज्य के यशस्वी छत्तीसगढ़िया मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, राजीव गांधी युवा मितान क्लब के प्रदेश समन्वयक गिरीश देवांगन, मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा के निर्देशानुसार तथा छत्तीसगढ़ शासन के संसदीय सचिव व विधायक द्वारिकाधीश यादव के मार्गदर्शन में तथा राजीव युवा मितान क्लब खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के समन्वयक लेख राम दीवान के नेतृत्व में समस्त राजीव युवा मितान क्लब के पदाधिकारी व सदस्यों के द्वारा पदयात्रा निकाली गई है। जो कि विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांवों में पहुंचेगी। तथा राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देगी। यह पदयात्रा ग्राम पंचायत सिमगांव से शुरू हुई, और मार्ग में पडने वाले गांव का भ्रमण करते हुए सीधे कोमाखान पहुंची। जहां संसदीय सचिव श्री यादव की अगुवाई में कोमाखान ग्राम का भ्रमण करते हुए जन-जन को राज्य सरकार की उपलब्धियों से अवगत कराया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव के साथ नगर पंचायत पिथौरा के अध्यक्ष आत्माराम यादव, संतोष पटेल अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कोमाखान, हरिशंकर यादव, केजू चक्रधारी, किशोर चतुर्वेदी, लालाराम मांझी, तुलाराम ठाकुर, प्रीतम साहू, ओंकार ठाकुर,सुरेंद्र यादव, शशांक श्रीवास्तव, पंकज ध्रुव, टलेश ठाकुर, मुरलीधर, गुलजार खान, गोलू जैन, लुकेश ध्रुवं,लीलेश्वर साहू, गणेश साहू, डमेश्वर ठाकुर, खेमराज पटेल, समीर खान, राजेश त्रिपाठी, शिवचरण कुर्रे, पोखन महानंद, बाल कुमार पटेल, जगमोहन चंद्राकर,हुलास चंद्राकार, सुश्री दुर्गा सागर, वीरेंद्र ठाकुर, प्रदीप यादव, लकी यादव, उमेश यादव सहित बड़ी संख्या में राजीव युवा मितान क्लब के पदाधिकारी व सदस्यगण तथा ग्रामीणजन उपस्थित थें।

# रोजगार पाने की बेहतर तैयारी के लिए वर्कशाम आयोजित कर युवाओं को दी गई रिज्यूम मेकिंग, लेखन शैली, इंटरव्यू एवं प्रस्तुतिकरण जैसे विभिन्न सॉफ्ट स्किल्स की ट्रेनिंग

- कलेक्टर छिकारा ने वर्कशाप में युवाओ को दिए सॉफ्ट स्किल्स बेहतर करने के टिप्स



**गरियाबंद,** 29 सितम्बर (देशबन्धु)। जिले के युवाओं को रोजगार पाने में मददगार कम्युनिकेशन और सॉफ्ट स्किल की ट्रेनिंग देने के लिए 4 सेशन में रोजगार कौशल और सॉफ्ट स्किल वर्कशॉप का आयोजन शासकीय वीर सुरेन्द्र साय महाविद्यालय में किया गया। वर्कशॉप में विद्यार्थियों को रोजगार की बेहतर तैयारी के लिए रिज्यूम बनाने के तरीके, बेहतर लेखन शैली एवं इंटरव्यू में बेहतर प्रस्तुतीकरण के विभिन्न तरीके बताए गए। विद्यार्थियों ने 5, 12, 15 और 27 सितंबर को आयोजित चारों सेशन में शामिल होकर तन्मयता और उत्सुकता के साथ वर्कशॉप में बताए गए बातों को सिखा। वर्कशॉप के आखिरी सेशन में कलेक्टर आकाश छिकारा भी शामिल हुए।

इस दौरान कलेक्टर ने विद्यार्थियों को सॉफ्ट स्किल्स बेहतर करने के टिप्स दिए। साथ ही वर्कशॉप पूर्ण करने पर विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किया। उन्होंने विद्यार्थियों से 4 सेशन में आयोजित वर्कशॉप में सीखें बातों का फीडबैक लिया। छात्र-छात्राओं ने उत्सुकता के साथ कलेक्टर के साथ वार्तालाप किया। विद्यार्थियों ने वर्कशॉप में सिखाए गए स्किल को बेहतर रोजगार प्राप्त करने में उपयोगी बताया। कलेक्टर ने विद्यार्थियों को कम्युनिकेशन और सॉफ्ट स्किल्स बेहतर करके अच्छे रोजगार के अवसर प्राप्त करने के गुण बता कर प्रोत्साहित किया। युवाओं को करियर विकास और लक्ष्य निर्धारण के बारे में भी बताया।

इस दौरान कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आरके तलवारे, एपीओ लाईवलीहुड कॉलेज श्रीमती सृष्टि शर्मा मौजूद रहे। 4 सेशन में आयोजित वर्कशॉप में पीएचई के कार्यपालन अभियंता पंकज जैन तथा ट्रेनर सुश्री मोनिका ने क्लास लेकर विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार के सॉफ्ट स्किल के गुर सिखाए। उन्होने रोजगार में मददगार स्किल तथा 21वीं सदी में प्रोफेशनल रोजगार पाने के लिए होने वाले जरूरी गुना की ट्रेनिंग दी गई। वर्बल, नॉन वर्बल संचार के तरीकों व टीमवर्क के रूप में अच्छे कार्य करने के भी गुण सिखाए। इस दौरान बड़ी संख्या में स्कूल कालेज के विद्यार्थी मौजुद रहे।

# 55 करोड़ 25 लाख की लागत से क्षेत्र में होंगे अनेक विकास कार्य : द्वारिकाधीश यादव

**बागबाहरा,** 29 सितम्बर (देशबंधु)। नगर के कृषि उपज मंडी में छत्तीसगढ़ शासन के संसदीय सचिव व विधायक द्वारिकाधीश यादव के कर कमलों से विधानसभा क्षेत्र में 55 करोड़ 25 लाख रुपए की लागत से होने वाले विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन हर्षोल्लास के साथ समाज प्रमुखों की उपस्थिति में किया गया । इस कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना से हुई। तत्पश्चात उपस्थित जनसमुदाय ने अपने विधायक का भव्य स्वागत किया गया । वहीं विभिन्न समाज के प्रतिनिधियों का मंडल भी इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पहुंचा था। जिनमें प्रमुख रूप से यादव ठेठवार समाज , अमात गोंड समाज ,कोसरिया मरार समाज, कुर्मी समाज, सांवरा समाज ,कलार समाज, बंजारा समाज , कुंभकार समाज, नगर देवांगन समाज, ध्रुव गोंड समाज, ब्राह्मण समाज, यादव ठेठवार समाज के प्रतिनिधिमंडल के सदस्यगण उपस्थित थें। जिन्होंने विधानसभा क्षेत्र में हुए विकास कार्यों के लिए राज्य के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल तथा छत्तीसगढ़ शासन के संसदीय सचिव तथा अपने लाडले विधायक द्वारकाधीश यादव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया है। इस दौरान संसदीय सचिव श्री यादव के करकमलों से विधानसभा क्षेत्र में होने वाले विभिन्न विकास कार्यों के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन धरती पर कुदाल चलाकर एवं श्रीफल फोड़कर पूजा-अर्चना के साथ किया गया ।

बागबाहरा के मंडी प्रांगण में संपन्न हुए इस भूमिपूजन व शुभारंभ कार्यक्रम में लोक निर्माण विभाग अंतर्गत ग्राम पंचायत डुमरपाली से घुंचापाली तक की सड़क जिसकी लंबाई - 1.50 कि.मी. है। उसके लिए राशि 02 करोड 69 लाख 50 हजार, ग्राम बेलर से मोहंदी तक की सड़क जिसकी लंबाई - 1.00 कि.मी. है। जिसके लिए 02 करोड 03 लाख 21 हजार की राशि, ग्राम तेलीबांधा से पडकीपाली तक की सड़क के लिए जिसकी लंबाई - 4.20 कि0मी0 है। उसके लिए 05 करोड 92 लाख 26 हजार, ग्राम दावनबोड से सुखरीडबरी तक की सड़क के लिए जिसकी लंबाई - 03-00 कि.मी. 04 करोड़ 47 लाख 75 हजार, ग्राम अमेरा से बोईरगांव तक की सड़क के लिए जिसकी लंबाई - 3.30 कि.मी. राशि 05 करोड़ 87 लाख 33 हजार, ग्राम कमरौद से चरौदा बांध तक की सड़क के लिए जिसकी लंबाई.- 3.40 कि. मी. राशि 04 करोड़ 62 लाख 35 हजार तथा ग्राम छुईहा से फिरगी तक की सड़क के लिए जिसकी लंबाई.- 2.50 कि. मी. राशि 06 करोड़ 60 लाख 84 हजार , बागबाहरा में नए विश्राम गृह का निर्माण कार्य राशि 68 लाख। इस तरह कुल 32 करोड़ 91 लाख 24 हजार के विभिन्न निर्माण कार्य संपन्न होंगे।



**नगर पालिका बागबाहरा क्षेत्र अंतर्गत 07 करोड़ 93 लाख 88 हजार की लागत से होगा विभिन्न विकास कार्य**

वही नगर पालिका बागबाहरा के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 1 भानपुर में खेल मैदान का उन्नयन 1 करोड़, वार्ड क्रमांक 9 पुष्पवाटिका निर्माण 70 लाख, वार्ड क्रमांक 12 में युवा खेल मैदान 2 करोड़, वार्ड क्रमांक 1 भानपुर में सीसी रोड 8 लाख 36 हजार, वार्ड क्रमांक 1 में नाली निर्माण 10 लाख 93 हजार, वार्ड क्रमांक 1 से 5 में नाली निर्माण कार्य 12 लाख 64 हजार, वार्ड क्रमांक 6 से 10 में नाली निर्माण कार्य 6 लाख 72 हजार, वार्ड क्रमांक 11 से 15 तक नाली निर्माण कार्य 17 लाख 32 हजार, वार्ड क्रमांक 10 में विद्युत विस्तारीकरण कार्य 13 लाख 51 हजार ,वार्ड क्रमांक 10 में सीसी रोड निर्माण 10 लाख 45 हजार, वार्ड क्रमांक 10 में टॉयलेट ब्लॉक 4 सीटर 8लाख 64 हजार, वार्ड क्रमांक 12 में पायलट ब्लॉक 5 सीटर 13 लाख 91 हजार, वार्ड क्रमांक 15 में टॉयलेट ब्लॉक 8 लाख 64 हजार, वार्ड क्रमांक 2 में महिला जिन भवन निर्माण 15 लाख 28 हजार, वार्ड क्रमांक 15 में सीसी रोड निर्माण 8लाख 25 हजार, वार्ड क्रमांक 9 में सीसी रोड निर्माण 18 लाख 80 हजार, वार्ड क्रमांक 9 में सीसी रोड निर्माण 10लाख 45 हजार , वार्ड क्रमांक 1,6 एवं 11 में ट्यूबलर पोल कार्य 59 लाख 30 हजार, वार्ड क्रमांक 1 में इंदिरा गांधी चौक निर्माण 22 लाख 30 हजार, वार्ड क्रमांक 2 में चौक सौंदर्यकरण 17 लाख 19 हजार, वार्ड क्रमांक 12 में बीटी रोड निर्माण कार्य 22 लाख 66000, वार्ड क्रमांक 10 में पश्चिमी निर्माण कार्य 2 लाख, वार्ड क्रमांक 10 में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य 5 लाख, मेहर समाज हेतु सामुदायिक भवन निर्माण कार्य 04 लाख, यादव समाज हेतु सामुदायिक भवन निर्माण कार्य 4 लाख। इस तरह कुल राशि 07 करोड़ 93 लाख 88 हजार की लागत से होने वाले निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया गया।

जनपद पंचायत बागबाहरा अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों में निर्माण कार्य हेतु राशि 02 करोड़ 50 लाख

**मुख्यमंत्री घोषणा मद -2 करोड़ 15 लाख की लागत से विभिन्न समाजों के सामुदायिक भवनों का होगा निर्माण**

वही खल्लारी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मुख्यमंत्री घोषणा मद के माध्यम से 2 करोड़ 15 लाख की लागत से विभिन्न समाजों के सामुदायिक भवनों का भी निर्माण संपन्न होगा। जिनमें प्रमुख रूप से यादव ठेठवार समाज खल्लारी परिक्षेत्र हेतु भवन निर्माण के लिए 20लाख रुपए, अमात्य गोंड समाज सूअरमाल के भवन निर्माण के लिए 15 लाख रुपए, कोसरिया मरार पटेल समाज के भवन निर्माण हेतु 10 लाख रुपए, कुर्मी समाज के भवन निर्माण हेतु 15 लाख रुपए तथा सांवरा समाज के सामुदायिक भवन निर्माण हेतु ?10 लाख रुपए ,कलार समाज सुवरमार परिक्षेत्र हेतु भवन निर्माण के लिए 15 लाख रुपए, बंजारा समाज कौड़िया चक बागबाहरा के भवन निर्माण के लिए 20 लाख रुपए, कुम्भकार समाज बागबाहरा के भवन निर्माण हेतु 20 लाख रुपए, नगर देवांगन समाज कोमाखान के भवन निर्माण हेतु 15 लाख रुपए, ध्रुव गोड़ समाज बागबाहरा हेतु 20 लाख , ब्राम्हण समाज कोमाखान भवन निर्माण हेतु 15 लाख तथा यादव ठेठवार समाज पिथोरा के सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 20 लाख रुपए, खल्लारी कवर समाज हेतु हॉस्टल निर्माण 20 लाख की स्वीकृति के आदेश जारी हुए हैं। इन सभी निर्माण कार्यों का भूमिपूजन समाज प्रमुखों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओ की उपस्थिति में किया गया।

**नलजल योजना -9 करोड़ 24 लाख की लागत से घर-घर पहुंचेगा पीने का साफ स्वच्छ पानी**

वही जल जीवन मिशन अंतर्गत पानी टंकी निर्माण पेंड्रा 54 लाख 61हजार, सिवनीकला 91 लाख 52 हजार, बरबसपुर 49 लाख 64 हजार, जीवनगढ़ 43 लाख 73 हजार, डोकरपाली 92 लाख 20 हजार, बोड़राबांधा 49 लाख 52 हजार, बोकरामुडाकला 51 लाख 25 हजार , बोकरामुड़ा खुर्द 92 लाख 58 हजार, दाईजबांधा 59 लाख 61 हजार, पटपरपाली 67 लाख 99 हजार, बिजराडीह 27 लाख 47 हजार, बेलर 56 लाख 41 हजार, बैगाखम्हरिया 54 लाख 86 हजार, सेनभांठा 49 लाख 87 हजार, बिछलादादर 44 लाख 30 हजार, कंडीझर 40 लाख 37 हजार। इस तरह कुल 09 करोड़ 24 लाख 93 हजार रुपए की लागत से विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में होने वाले पानी टंकी निर्माण कार्य तथा विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन व कार्य शुभारंभ संसदीय सचिव श्री यादव के करकमलों से संपन्न हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में विभिन्न समाजों के प्रतिनिधि मंडल व जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति देखने को मिली। जिनमें प्रमुख रूप से महेन्द्र चन्द्राकर , तेजन चन्द्राकर , भूपेन्द्र ठाकुर, हीरा सेतराम बघेल, संतोष पटेल, लखबीर छाबड़ा, पुष्पेन्द्र चन्द्राकर, देवेश साहू, हेमसिंग नायक, भक्त राम मांझी, गणेश शर्मा,सुश्री दुर्गा सागर, हरिराम यादव, नन्द कुमार निषाद, मनोज चन्द्राकर, डुमरौतीन ठाकुर, सेवती ध्रुव, ताम्रध्वज बघेल, नवनीत सलुजा, मंताराम यादव, फुलसिंह ध्रुव, राजकुमार ध्रुव, देवनाथ साहू, हरिशंकर यादव, प्रेमशंकर सिन्हा, वीणा आशीष वाकड़े, खोलबाहरा साहू, विनोद दीवान, खेमराज सिन्हा, गोपाल नायक, उत्तर कुमार ध्रुव, खोमेश साहू, मानसिंग दीवान, मदन बंजारा, मंगलू बरिहा, खेलूराम बरिहा, किशोर साहू, तामेश्वर निषाद, ईश्वर ठाकुर, जितेंद्र कुमार, तुकाराम ध्रुव, पुनऊराम ध्रुव, भगतराम टंडन विश्वनाथ बरिहा, नीलम सबर, रैनसिह बरिहा ,नूतन लाल सहित बड़ी संख्या में विभिन्न समाजों के मुखिया , जनप्रतिनिधि, सरपंच तथा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों से पहुंचे हुए ग्रामीण व नागरिक उपस्थित थें ।

# स्कूल प्रांगण व सड़क किनारे रोपे गए कई प्रजातियों के 47 पौधे



**बागबाहरा,** 29 सितम्बर (देशबंधु)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खल्लारी के प्रांगण एवं सड़क किनारे विभिन्न प्रजातियों के 47 पौधे रोपे गए। अच्छे वातावरण एवं शुद्ध हवा के लिए हमे स्वयं संकल्पित होकर पौधों का रोपण करना हर मनुष्य की जिम्मेदारी है। जिसकी रक्षा व सुरक्षा करना भी मनुष्य का कर्तव्य है। उक्त रोपित पौधों को खल्लारी के डिप्टी रेंजर नरेंद्र चंद्राकर ने आंवराडबरी वन डिपो से नि:शुल्क उपलब्ध कराया था। पौधरोपण व पौधों का संरक्षण करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान प्रतीक चिन्ह , प्रशस्ति पत्र , नगद राशि एवं श्रीफल- शाल से आने वाले दिनों में किया जाएगा। उक्त सम्मान करने का निर्णय विद्यालय विकास व प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों ने सर्व सम्मति से लिया है। वहीँ रोपित पौधों को बचने स्कूली बच्चो की एक टीम का भी गठन किया जाएगा। जिसमे स्कूली बच्चो को पौधों की देखभाल के लिए जवाबदारी दी जाएगी। इस पौधरोपण के दौरान शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खल्लारी के प्राचार्य सविता चंद्राकर, सांसद प्रतिनिधि डॉ. नंद कुमार निषाद , विधायक प्रतिनिधि महेंद्र बंजारे , व्याख्याता सुमन चंद्राकर , भूषणलाल सिरमौर, लक्ष्मीधर चंद्राकर ,स्कूल समिति के सदस्य मिल्लू राम साहू, वरुण यादव, अमीन प्रधान आदि उपस्थित थें।

## कुर्मी समाज की बैठक कल सैहा में

**बलौदाबाजार**, 29 सितम्बर। छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज बलौदाबाजार राज की क्षेत्रिय बैठक रविवार 1 अक्टूबर को ग्राम सैहा में राज प्रधान की अध्यक्षता में प्रात: 10 बजे आयोजित की गई है।



# राज्य स्तरीय ओलंपिक में जिले के प्रतिभागियों ने किया शानदार प्रदर्शन



## 7 वर्गों में प्रथम, 8 वर्गों में द्वितीय और 4 वर्गों में तृतीय स्थान किया हासिल

**गरियाबंद,** 29 सितंबर (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर में 25 से 27 सितंबर तक आयोजित राज्य स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक में गरियाबंद के खिलाड़ियों ने अपना परचम लहराया है। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में विजित प्रदेश के सभी जिलों से प्रतिभागियों ने इसमें भाग लिया। प्रतियोगिता में गरियाबंद जिले के प्रतिभागियों ने भी हिस्सा लेकर शानदार प्रदर्शन किया। जिले के खिलाड़ियों ने जोश और जुनून के साथ दमखम दिखाते हुए 7 वर्गों में प्रथम, 8 वर्गों में द्वितीय और 4 वर्गों में तृतीय स्थान हासिल किया। इसके अंतर्गत जिले के प्रतिभागियों ने गिल्ली डंडा पुरुष 18-40 वर्ग, गिल्ली डंडा महिला वर्ग 40 से अधिक वर्ष वर्ग, रस्साकसी पुरुष 0-18 वर्ष वर्ग, 100 मीटर दौड़ 0-18 वर्ष, बांटी महिला वर्ग 0-18 वर्ष, भंवरा पुरुष 40 से अधिक वर्ष एवं लंबी कूद महिला 40 से अधिक वर्ष वर्ग में प्रथम स्थान हासिल किए। इसी प्रकार फुगड़ी पुरुष 18-40 वर्ष, संखली महिला 0-18वर्ष, बांटी महिला 18-40 वर्ष, गेंडी पुरुष 40 से अधिक वर्ष, गेंडी महिला 40 से अधिक वर्ष वर्ग, 100 मीटर दौड़ पुरुष 40 से अधिक वर्ष, रस्साकसी पुरुष 40 से अधिक वर्ष वर्ग एवं कुश्ती महिला 0- 18 वर्ष वर्ग में द्वितीय स्थान हासिल किया। इसके अलावा खो-खो महिला 40 से अधिक वर्ष वर्ग, संखली पुरुष 40 से अधिक वर्ष वर्ग, बांटी पुरुष 18- 40 वर्ष वर्ग एवं रस्साकसी पुरुष 18-40 वर्ष वर्ग में तृतीय स्थान हासिल किया। इस दौरान खिलाड़ियों में जबरदस्त उत्साह और उमंग दिखा। प्रतियोगिता के दौरान हर वर्ग के खिलाड़ियों में गजब का उत्साह दिखा। खिलाड़ियों ने बांटी, बिल्लस, फुगड़ी, गेड़ी दौड़ जैसे 16 पारंपरिक खेलों में उत्साह के साथ भाग लिए।

रायपुर में आयोजित समापन समारोह में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में शामिल खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन कर विजेताओं को पुरस्कृत किया। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेल गतिविधियों को ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में प्रोत्साहित करने के लिए राज्य शासन द्वारा छत्तीसगढ़िया ओलंपिक 2023-24 का आयोजन हरेली त्यौहार 17 जुलाई 2023 से राजीव युवा मितान क्लब स्तर से शुभारंभ किया गया था। छत्तीसगढ़िया ओलंपिक 06 चरणों में आयोजित किया गया। इसमें 16 पारंपरिक खेल गिल्ली डंडा, पिट्ठूल, संखली, लंगड़ी दौड़, कबड्डी, खो- खो, रस्साकसी, बाटी (कंचा), बिल्लस, फुगड़ी, गेड़ी दौड़, भंवरा, 100 मीटर दौड़, लंबी कूद, रस्सी कूद एवं कुश्ती शामिल किए गए थे। तदनुसार अंतिम चरण 06वा चरण राज्य स्तर प्रतियोगिता 25 से 27 सितम्बर को रायपुर में आयोजित किए गए। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान के प्रत्येक विजेता प्रतिभागी को 5 हजार रुपए, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रत्येक प्रतिभागी को साढ़े चार हजार रुपए और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रत्येक प्रतिभागी को 4 हजार रुपए की पुरस्कार राशि और प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

# नबी पैगंबर मोहम्मद सल्लल्लाहु अनकही वसल्लम का मनाया जन्मदिन

**नवापारा राजिम,** 29 सितंबर (देशबन्धु)। नगर के मुस्लिम भाईयों के द्वारा इस्लाम के आखिरी नबी पैगम्बर मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के जन्मदिन के मौके पर नवापारा की जामा मस्जिद से जुलुस-ए-मोहम्मदी निकाला गया. जुलुस जामा मस्जिद सदर रोड से गंज रोड होकर पुरे नगर भ्रमण करते हुए वापस मस्जिद पहुँचा.। हर साल की तरह इस साल भी नबी के जन्मदिन के मौके जुलुस में लोग बेहतरीन अंदाज में नबी की शान में नात शरीफ पढ़ रहे थे. और आका की शान में नारा लगते चल रहे थे. जुलुस के नगर भ्रमण करने के दौरान नवापारा के मुस्लिम भाईयो का रास्ते में जगह-जगह स्वागत किया गया.



हर साल की तरह इस साल भी नवापारा के बीच में मोमिनपारा को दुल्हन से भी ज्यादा खुबसूरत सजाया गया था. सजावट ऐसी थी लोग दूर दूर से देखने आ रहे थे. सजावट इस खुबसूरत अंदाज में की गई थी कि नगर ही नहीं बल्कि पुरे छत्तीसगढ़ में इस सजावट की तारीफ की गई. सभी वर्ग के लोग बहद खुश हुए और वीडियो बनाते देखे गए. । इस मौके पर मुस्लिम जमात के सदर मोहम्मद अल्तमश सिद्दीकी और सीरत कमेटी के सदर हाजी अरशद चांगल ने बताया कि ईद मिलादुन्नबी के 4 दिन पहले खत्री कालोनी में नूर मोहम्मद, मोहम्मद हमीद खत्री परिवार की तरफसे बच्चों की नात का प्रतियोगिता का प्रोग्राम रखा गया था. जिसमे नगर के मुस्लिम समाज के सारे लोग मौजूद रहे. प्रोग्राम के बाद बच्चों को इनाम दिया गया. जिससे बच्चे बहुत खुश हुए. 3 दिन पहले खत्री कालोनी में ही आम लंगर का प्रोग्राम रखा गया था.

दो दिन पहले मकराना राजस्थान से आए मौलाना की तकरीर का प्रोग्राम रखा गया था. एक दिन पहले शाम को मोमिनपारा में शाम को ईद मिलादुन्नबी की खुशी में परचम कुशाई की गई. और रात में जामा मस्जिद में नातखानी का प्रोग्राम रखा गया जिसमे छत्तीसगढ़ के मशहूर शायर तशरीफ़ लाये थे.। नगर भ्रमण कर जुलुस जामा मस्जिद वापस जामा मस्जिद पहुचने पर हुजुर की शान मे मस्जिद के पेश ईमाम उम्दा आवाज मे सलाम पढ़ा गया. उसके बाद अल्लाह के बारगाह में मुल्क के अमन चौन व शांति की दुआ मांगी गयी. उसके बाद आम लंगर का प्रोग्राम रखा गया था. आम लंगर के बाद और सुबह फ़ज्र की नमाज के बाद हुजुर सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के मुए मुबारक की जियारत कराई गई. इस दौरान लोगों ने अपनी-अपनी, ख्वाहिशे, मुराद मांगी. इस मौके पर नगर के पुलिस प्रशासन के जवान सहित महिला पुलिस भी पुरे जुलुस में मुस्तैद थे. पुलिस विभाग का सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में सराहनीय योगदान रहा.।

# पैगंबर मोहम्मद के जन्मदिन पर शहर में निकला खुशियों का जुलूस



**भाटापारा,** 29 सितंबर। पैगंबर ए इस्लाम हजरत मुहम्मद के जन्मदिवस पर भाटापारा शहर में जुलूस निकला। जुलूस में मुस्लिम समाज के बच्चे, युवा व हर उम्र और तबके के लोगों ने भाग लिया। इस दौरान मुस्लिम समाज के लोग नारे तकबीर अल्लाहो अकबर, नारे रिसालत या रसूल अल्लाह, सरकार की आमद मरहबा, पत्ती-पत्ती, फूल-फूल या रसूल या रसूल नारा लगा रहे थे। हाथों में इस्लामी झंडा और तिरंगा लेकर मुस्लिम जमात खाना से निकलकर जुलूस नगर में पहुंचा तो इसका जोरदार स्वागत हुआ। शहर के विभिन्न जगहो पर स्टॉल लगाकर जूस व मिठाई के साथ स्वागत किया। इसके बाद शहर भ्रमण करने के बाद वापस मुस्लिम जमात खाना में पहुंचे। जहां परचम पोसाई की रस्म अदा की सलातो सलाम का नज़राना पेश किया गया। वतन की सलामती की और भाईचारा बना रहे की दुआएं भी मांगी! इसके बाद उपस्थित लोगों के बीच सिरनी तकसीम की गई।फिर कार्यक्रम का समापन किया गया।

# प्रधानमंत्री मोदी की सभा को सफल बनाने भाजपा की बैठक

**भाटापारा**, 29 सितंबर। 30 सितंबर को बिलासपुर में होने वाली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा को सफल बनाने के लिए भा ज पा बिहार दरभंगा के विधायक संजय सरावगी एवं भाटापारा के विधायक विधानसभा शिव रतन शर्मा के नेतृत्व में भाटापारा विधानसभा के चारों मंडलों की प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक हुई।



बड़ी तादाद में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए दरभंगा के विधायक संजय सरावगी ने कहा कि हम सबके लिए बड़े सौभाग्य की बात है कि नरेंद्र मोदी जैसा नेता हम सबको देश में वर्षों बाद मिला है जिन के नेतृत्व का लोहा पूरी दुनिया मान रही है। जिस छत्तीसगढ़ राज्य को देश के यशस्वी नेता अटल बिहारी वाजपेई ने बनाकर आप लोगों को दिया है वह छत्तीसगढ़ राज्य पिछले 4-30 वर्षों से गलत हाथों में चला गया है 36 गढ़ राज्य एक समृद्धिसाली राज्य है लेकिन इस सरकार ने इसे कांग्रेस पार्टी का ए टी एम बना दिया है भ्रष्टाचार में इस सरकार ने किसी को नहीं बक्शा यहा तक कि यहां की युवा पीढ़ी भी इसके भाष्टचार का शिकार बन चुकी है

प्रशासनिक सेवा की प रिच्छा में इन्हे के परिवार के सदस्य ही चयनित हो रहे है इस सरकार को उखाड़ फेंकने की जवाबदारी आप सब कार्य करताओ की है। विधायक शिवरतन शर्मा ने कहा कि कार्यकर्ताओं को परिवर्तन यात्रा की सफलता के लिए बधाई देते हुये कहा कि आप सब कर्ताओं की मेहनत की बदौलत ही परिवर्तन यात्रा सफल हुई है। उन्होंने आगे कहा कि हम सब के लिए सौभाग्य की बात है कि हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री। नरेंद्र। मोदी 30 सितंबर को बिलासपुर आ रहे हैं। हम सब कार्यकर्ताओं की महती जवाबदारी है कि उनकी सभा को सफल बनावे इसके। लिए उन्होंने सभी। कार्यकर्ताओं को जवाबदारी बाटीइस दौरान चारो मंडलों के प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद थे।

# कृषक सहश्रमिक सम्मेलन में राधेश्याम शर्मा शामिल हुए



**भाटापारा,** 29 सितंबर। विधानसभा क्षेत्र भाटापारा के सुमाभाटा में आज ऐतिहासिक आमसभा कृषक सह श्रमिक सम्मेलन में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जी व प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी ने अपने संबोधन में छत्तीसगढ़ के विकास व आमजनता के लिए किये जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं को बहुत प्रभावी ढ़ंग से बताया। आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को भारी बहुमत से जीताने व कांग्रेस सरकार की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का आह्वान किया गया है। कार्यक्रम में प्रदेश के दिग्गज मंत्रियों के साथ ही कई विधायक व कांग्रेस के पदाधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम में विधानसभा क्षेत्र के अनेक ग्रामों से अपने कार्यकर्ताओं के साथ भाटापारा विधानसभा के दावेदार श्री राधेश्याम शर्मा सैकड़ों समर्थकों के साथ शामिल हुए।

## ओपन यूनिवर्सिटी में पढ़ने के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि आज

**बिलाईगढ़,** 29 सितम्बर (देशबंधु)। पंडित सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय बिलासपुर द्वारा शैक्षणिक सत्र (जुलाई से जून 2023-24) के लिए इच्छुक आवेदक से 30 सितंबर 2023 तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया है। ये कोर्स एक वर्षीय एवं दो वर्षीय है। इन कोर्सों में बीकॉम, बीबीए, एमबीए (प्रवेश पूर्व परीक्षा द्वारा चयन), डिप्लोमा इन कंप्यूटर एजुकेशन (डीसीए), डीएलएड (मेरिट के आधार पर प्रवेश) जीएसटी, पीजी डिप्लोमा इन लेबर लॉ एंड लेबर वेलफेयर, रामचरितमानस में विज्ञान से सामाजिक उत्थान में डिप्लोमा, डिप्लोमा इन योग साइंस आदि शामिल है। अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट(पीएसएसओयू डॉट एसी डॉट इन) का अवलोकन किया जा सकता है।

# नपा अध्यक्ष मेमन व नगरवासियों ने किया विसर्जन यात्रा का स्वागत व सम्मान

**गरियाबंद,** 29 सितंबर (देशबन्धु)। गुरूवार को नगर में निकले भगवान श्रीगणेश की विसर्जन यात्रा का नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन के नेतृत्व में नगरवासियों द्वारा तिरंगा चौक में भव्य, ऐतिहासिक और शानदार स्वागत किया गया। स्वागत के लिए तिरंगा चौक में विशेष व्यवस्था की गई थी। मंच से नगर पालिका अध्यक्ष गफ्फू मेमन ने सभी गणेश प्रतिमाओं का जमकर पुष्प वर्षा की। वही समिति प्रमुखों को शील्ड देकर सम्मानित किया। इस दौरान नगरवासियों में खासा उत्साह देखने को मिला। स्वागत के लिए तिरंगा चौक में बड़े पैमाने में भिड़ एकजुट हुई थी। उत्साह के साथ लोगो ने विसर्जन यात्रा का स्वागत भी किया और गणेश विसर्जन के लिए निकले समितियों सदस्यों के साथ जम कर थिरके भी। नगर पालिका अध्यक्ष गफ्फू मेमन भी खुद हरेक समिति वालो के साथ नाचते, गाते, झूमते नजर आए।



इस दौरान रंग गुलाल के फव्वारे भी जमकर उड़े। मालूम हो कि नगर में पहली बार विसर्जन यात्रा का स्वागत का कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इसका आयोजन नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन के तत्वधान में ही किया गया था। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन ने धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन से नगर में खुशी और उत्साह का माहौल देखने को मिलता है। आज सभी समाज और वर्ग के लोग जब एक साथ इसमें शामिल होते है तो इसकी खुशियां भी दुगुनी हो जाती है। उन्होंने कहा की इस साल नगर में सभी स्थानों में भगवान गणेश की आकर्षक और मनमोहक प्रतिमा विराजित की गई थी। गणेश उत्सव के दौरान और विरार्जन के दौरान लोगों की भीड़ ने इसी आकर्षण का केंद्र रही। बड़ी संख्या में लोग विसर्जन यात्रा में स्वागत के लिए शामिल हुए। उन्होंने कहा की आगे भी ऐसे कार्यक्रम के आयोजन करते रहेंगे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से हरीश भाई ठक्कर, मनोज खरे, अजय रोहरा, विजय सिन्हा, अजय दासवानी, रितिक सिन्हा, टायसन सिन्हा, हमरेश चावड़ा, गेंदलाल सिन्हा, अश्वनी वर्मा, पुरषोत्तम चंद्राकर, केशनाथ साहू सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे।

इस अवसर पर नगर के बजरंग चौक, यादव पारा, सुभाष चौक, सिविल लाइन, डांक बगला, सिध्दीविनायग गणेश उत्सव समिति तिरंगा चौक, स्टार गणेश समिति मेन रोड गरियाबंद, पुराना फारेस्ट नाका, बस स्टैण्ड, पुराना मंगल बाजार, पुलिस लाइन सहित विभिन्न चौक चौराहे से तिरंगा पहुंचे विसर्जन यात्रा का स्वागत हुआ।

# डोंगरिया में डीजे डांस प्रतियोगिता

**भाटापारा,** 29 सितंबर (देशबन्धु)। भाटपारा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत डोंगरिया में ग्राम के नवयुवक गणेत्सव समिति के द्वारा डीजे डांस प्रतियोगिता का कार्यक्रम रखा गया था जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश प्रतिनिधि सतीश अग्रवाल (निगम मंडल सदस्य छ.ग.शासन) अध्यक्षता सुशील शर्मा (मंडी अध्यक्ष भाटापारा) व विशेष अतिथि के रूप में अरुण ताम्रकार(कांग्रेस सेवा दल प्रदेश अध्यक्ष छ.ग.) के.के.नायक (ब्लाक अध्यक्ष सिमगा) मंच में उपस्थित रहे7 मंचस्थ सभी अतिथियों ने पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया7 मुख्य अतिथि अग्रवाल ने अपने संबोधन में आयोजन समिति को बधाई दिया, इस तरह के कार्यक्रम गाँव शहर को व अपने को एक साथ जोड़ने का काम करता है निकट भविष्य में लगातार इस तरह के कार्यक्रम करने के लिये प्रयास रत्न रहेंगे7 छत्तीसगढ़ की लोककला, सस्कृति, इतिहास,परंपरा तथा भाषा पर आधारित यह कार्यक्रम बेहद रोचक था 7 सु-मधुर पारम्परिक लोकगीत,आकषर्क,वेशभूषा,उत्कृष्ट निर्देशन,कुशल मंच संचालन व भावपूर्ण प्रस्तुति ने दर्शको का मन मोह लिया अनकही कहानियों पर आधारित शिक्षाप्रद व भावपूर्व प्रहसन ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया कार्यक्रम ने दर्शको को देर रात तक समा बांधे रखा प्रतियोगिता में 27 टीमों ने भाग लिया जिसमें ग्रुप डांस में मलौदा सिलयारी प्रथम,दूसरा एस के ग्रुप भाटापारा,एकल में नाचबो आऊ नाचाबो ग्रुप नेवधा प्रथम,स्वरागनी मैनपुर गरियाबंधा दूसरा स्थान पर रहे 7 कार्यक्रम में योगेश मराई (जनपद सदस्य), श्रीमती स्नेहा सम्मी टंडन(सरपंच),महेश साहू (उपसरपंच),कुंजराम साहू,भिखारी गहरे,तिलक लहरे,मालिक राम साहू,रतिराम निषाद,टाकेश साहू,तोपेश साहू,वशिष्ट ध्रुव,मुकेश देवदास,टेकम ध्रुव,थानु साहू,बिसनाथ वर्मा,हीरालाल पाल,राजकुमार लहरे, शंकर साहू, दिनेश साहू, मंतराम गुरूजी, रोहित बघेल, धनसिंह साहू, दिलीप साहू,चैतकुमार, केशव साहू, टोपेश साहू, सेवक जायसवाल, बमबम, मनीष पंजवानी,कुलेश्वर साहू,आकाश मांडले,जिनेन्द्र भारती,केदार मिश्रा, विकास शर्मा,सचिन,सुरेश टंडन,जनक राम पाल,चन्द्र दास बांधे, दीपेश कुमार,भागबली साहू,चंदू जायसवाल, योगेश गुरू व अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे।



## निधन

### कामिनी बाई वर्मा

**पलारी** 29 सितंबर। पलारी नगर के वार्ड नं 5 निवासी कामिनी बाई वर्मा 90 का देहावसान हो गया है। उनका अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में नागरिक शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की है। वे धनेश वर्मा की मां और बंटी,मोनू व मोंटू वर्मा की दादी थी।




### सुखवंतिन बाई बरिहा

**बागबाहरा,** 29 सितम्बर। जपं बागबाहरा के अंतर्गत ग्राम पंचायत चुरकी (ओंकारबंद) निवासी श्रीमती सुखवंतिन बाई बरिहा का 28 सितंबर गुरुवार की सुबह निधन हो गया। वे 92 वर्ष की थीं। जिनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। वे बिशेषर बरिहा व विजय बरिहा की मां थी। तथा ग्राम पंचायत चुरकी (ओंकारबन्द) की सरपंच श्रीमती सुमित्रा बरिहा एवं सरपंच प्रतिनिधि लेखराम बरिहा की दादी थीं। उनके अंतिम संस्कार में गांव एवं समाज के लोग बड़ी संख्या में मौजूद थें।

### माया देवी गुप्ता

**दुर्ग**, 29 सितंबर। दुर्ग नगर निगम के राजस्व अधिकारी दुर्गेश गुप्ता की माता माया देवी गुप्ता धर्मपत्नी राजकुमार गुप्ता (77) का आज निधन हो गया। अंतिम यात्रा उनके नेहरू नगर निवास से शिवनाथ नदी मुक्तिधाम के लिए कल 30 सितंबर को दोपहर 12 बजे निकलेगी।



### जीएस चौधरी

**राजनांदगांव,** 29 सितंबर। शहर के प्रतिष्ठित डॉ. जीएस चौधरी हमारे बीच नहीं रहे। गुरुवार शाम को उनका आकस्मिक निधन भिलाई के एक निजी अस्पताल में हुआ। डॉ. चौधरी लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। वे इंजिनियर मनीष चौधरी के पिता थे। अंतिम यात्रा निज निवास महेश नगर बसंतपुर से निकलेगी।



## प्रादेशिकी का शेष...

### शहीद भगत सिंह की...

का भी विश्लेषण किया है।

इस मौके पर ब्लाक अध्यक्ष आकाश गोलछा ने अपने विचार रखे एवं वीर शहीद को याद करते हुए कहा कि शहीद ए आजम भगत सिंह ने अपने साथियों के साथ मिलकर देश की आजादी के लिए अभूतपूर्व साहस के साथ शक्तिशाली ब्रिटिश सरकार का मुकाबला किया।एसेम्बली मे बम फेंक कर उन्होंने भागने से मना कर दिया भगतसिंह ऐसे वीर योद्धा थे।

इस अवसर पर सीमा नाग, लोमेश्वरी यादव, कुलदीप प्रधान, अनुसुईया नाग, भगवती ओझा, हेमलता, पुष्पा, लता, रामकुवर ढीमर, अनिता, भगवती, सत्यम नाडेम, नरेश साहू, मोहनलाल साहू, गजेंद्र राम, गोपाल यादव, शिवराम साहू, राजू, राकेश कुमार, भूपेंद्र साहू वार्डवासी उपस्थित थे।

### चुनाव को लेकर जिलाध्यक्ष...

संचालन जिला महामंत्री संजय शर्मा ने व आभार प्रदर्शन ब्लॉक अध्यक्ष ढेलु निषाद ने किया। बैठक मे प्रमुख रूप से पिथौरा नगर पंचायत अध्यक्ष आत्माराम यादव, जिला प्रवक्ता अनंत सिंह वर्मा, ब्लॉक अध्यक्षगण करण दिवान, रविशंकर कश्यप, ढेलु निषाद, खिलावन बघेल, खिलावन साहू, पुष्पेंद्र पटेल, जितेंद्र सिदार, रवि निषाद, विजय साहू, आदित्य नारायण, भूपेंद्र ठाकुर, अजय नंद, अरविंदर छाबड़ा, कुलवंत खनुजा, निर्मल जैन, ममता चन्द्राकर, देवेश साहू, नवनीत सलुजा, रमाकांत ध्रुव समेत अनेक कांग्रेसजन शामिल हुए। उक्त जानकारी कांग्रेस प्रवक्ता निर्मल जैन ने दी।

# केबिनेट मंत्री की अनुशंसा से विकास कार्यों की स्वीकृति

**आरंग,** 29 सितंबर (देशबन्धु)। विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क के दौरान जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य एवं सरपंचों के सामुदायिक भवन,रंगमंच, सीसी रोड तथा शेड निर्माण हेतु क्षेत्रीय विधायक व मंत्री डॉ शिवकुमार डहरिया से मांग की गई थी। जिस पर नगरीय प्रशासन विकास एवं श्रम मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया के अनुशंसा से विधायक निधि अंतर्गत एक करोड़ चौहत्तर लाख रूपये के विकास कार्यों की स्वीकृति मिली है। जिसमें ग्राम कयाबांधा के बाजार चौक में रंगमंच निर्माण हेतु 03 लाख, गनौद धोबी पारा में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 05 लाख, एवं सतनामी पारा में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 05 लाख, परसकोल ध्रुव पारा में सामुदायिक भवन निर्माण 05 लाख, मजिठा सतनामी पारा में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 05 लाख, भंडारपुरी साहू पारा में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 05 लाख, कोसरंगी सतनामी पारा में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 05 लाख, बाना में साहू समाज परिसर के शेड निर्माण (कामगारों के लिए) 03 लाख, धौराभाठा आदिवासी पारा में रंगमंच निर्माण हेतु 03 लाख, सेजा कुर्मी पारा में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 05 लाख, संकरी (को) सतनामी पारा में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 05 लाख, डुम्हा में गुरू घासीदास चौक से सौहद्रा माता सामुदायिक भवन तक सीसी. रोड़ निर्माण हेतु 05 लाख, गुजरा ब्राम्हण पारा में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 05 लाख, पिरदा स्कूल के रंगमंच निर्माण हेतु 03 लाख, बिरबिरा साहूपारा में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 05 लाख, तोड़गांव में अमृत सरोवर तालाब से मुक्तिधाम तक सीसी. रोड़ निर्माण हेतु 05 लाख, केशला में मंगल भवन परिसर के पास शेड निर्माण (कामगारों के लिए) 03 लाख, भटिया में शीतला पारा में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 05 लाख, रीको बाजार चौक में सीसी. रोड़ निर्माण हेतु 05 लाख, अमेरी में धीवर समाज के पास सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 05 लाख, फरफौद में अंबेडकर समाज के पास सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 05 लाख, सिवनी में यादव समाज के पास सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 05 लाख, नगपुरा में महिला स्व. सहायता समूह के सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 05 लाख, घोंट में सीसी. रोड़ एवं नाली निर्माण हेतु 05 लाख, भानसोज में कृष्णा साहू घर से पचरी तालाब तक सीसी. रोड़ निर्माण हेतु 05 लाख, संडी में थानसिंग साहू घर से 200 मीटर सीसी. रोड़ निर्माण हेतु 05 लाख, परसदा (उ) में धोबी समाज के पास सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 05 लाख, छतौना (फ) में धीवर समाज के पास सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 05 लाख, कोरासी मं धीवर पारा सामुदायिक भवन में किचन एवं शौचालय निर्माण हेतु 04 लाख एवं पतईया तालाब पारा पुलिया निर्माण हेतु 02 लाख, नारा गुड़ी चौक में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 05 लाख, सेंध साहू समाज के पास सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 05 लाख, बोरिद गौठान पारा में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 05 लाख, जुगेसर में मालिक राम घर से तिजऊ निषाद घर तक सीसी. रोड़ हेतु 05 लाख, कठिया तालाब पहुंच मार्ग में सीसी रोड़ निर्माण हेतु 05 लाख, रींवा सतनामी पारा में रंगमंच निर्माण हेतु 05 लाख, करमंदी में मेन रोड़ से चैनु यदाव घर तक सीसी. रोड़ निर्माण हेतु 05 लाख, बेनीडीह साहूपारा में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 04 लाख तथा ग्राम कुकरा साहू पारा में नाली निर्माण हेतु 02 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति मिली है। उपरोक्त निर्माण कार्यों की स्वीकृति मिलने पर जिला, जनपद एवं ग्राम के जनप्रतिनिधियो तथा ग्रामवासियों ने हर्ष के साथ मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया के प्रति आभार व्यक्त कियें हैं।



# गणेश विसर्जन यात्रा व झांकी का स्वागत

**आरंग**, 29 सितंबर। धर्म नगरी आरंग में गणेश चतुर्थी के अवसर पर पूरे नगर भर में विराजमान भगवान श्री गणेश जी का हर्षोउल्लास के नौ दिनों तक पूजा पाठ किया गया तथा हवन पूजा करने उपरांत प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री गणेश जी की रात्रि में शोभा यात्रा एवं भगवान के विविध क्रिया कलापों की झांकी पूरे नगर निकाली में गई। नगरवासी एवं आस पास के ग्रामीणजन रात्रि जागरण कर भगवान गणेश जी के शोभा यात्रा एवं झांकी के दर्शन के लिये आरंग नगर में उमड़ पड़े। इसी कड़ी में क्षेत्रीय विधायक व नगरीय प्रशासन विकास एवं श्रम मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया के मार्गदर्शन में ब्लाक एवं शहर कांग्रेस कमेटी आरंग के संयुक्त तत्वाधान में भगवान गणेश जी की शोभा यात्रा व झांकी की पूजा एवं स्वागत कार्यक्रम रखा गया था। जिसमें सभी झांकी को, धर्म नगरी आरंग की शोभा बढ़ाने के लिये मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया की ओर से उनके प्रतिनिधियों के द्वारा सिल्ड के साथ सम-?मानित किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से चन्द्रशेखर चन्द्राकर अध्यक्ष नपा. आरंग, भारती देवांगन अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी आरंग, जोन अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण लोधी, दिनेश्वर तम्बोली उपाध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी आरंग, नरसिंग साहू उपाध्यक्ष नपा. आरंग, खिलावन निषाद, राममोहन लोधी, सूरज सोनकर, गौरी बाई देवांगन, जितेन्द्र शर्मा, दीपक चन्द्राकर, शरद गुप्ता, मंगलमूर्ति अग्रवाल, गणेश बांधे, उपेन्द्र साहू, राजेश्वरी साहू, भरत लोधी, चन-?द्रकला साहू, बसंती साहू, बिंदू कोसले, टिकेश्वर गिलहरे, प्रदुम्न शर्मा, सदाराम जलक्षत्री, भीम जलक्षत्री, मनमोहन गुप्ता, तुलसी भाई पटेल, प्रदीप पटेल, हेमलता लोधी, टेकराम लोधी, रवि साहू, डोमन ध्रुव, सुदामा पाल, सागर जोशी सहित कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# कबाड़ से जुगाड़ प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चंपारण में संपन्न



**नवापारा-राजिम,** 29 सितंबर (देशबन्धु)। जोन स्तरीय कबाड़ से जुगाड़ प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चांपाझर में संपन्न हुआ। जोन चांपाझर जिसमे संकुल चांपाझर, पोंड, टीला के प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शालाओं के कुल 30 शिक्षकों ने गणित, विज्ञान एवं टेक्नोलॉजी पर आधारित टीऐल ऐम का प्रदर्शन किया एवं प्रस्तुतिकरण दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री पुरुषोत्तम साहू प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चांपाझर, मुख्य अतिथि श्रीमती दीपिका माहेश्वरी प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पोंड, विशेष अतिथि प्रवीणचंद्र साहू प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टीला ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान किया। कार्यक्रम का प्रारंभ माता सरस्वती की प्रतिमा की पूजा, अर्चना एवं दीप प्रज्वलन से हुआ।सभी अतिथियों को स्मृति चिह्न से सम्मानित किया गया।

इस प्रतियोगिता में उच्च प्राथमिक स्तर में प्रथम स्थान श्रीमती खुशबू मिश्रा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चांपाझर, द्वितीय स्थान नागेंद्र कुमार कंसारी शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पोंड, तृतीय स्थान श्रीमती मोंगरा साहू शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पोंड ने प्राप्त किया। प्राथमिक स्तर पर प्रथम स्थान श्रीमती मंजू यदु शासकीय नवीन प्राथमिक शाला चांपाझर, द्वितीय स्थान योगेन्द्र कुमार ध्रुव शासकीय प्राथमिक शाला टीला, तृतीय स्थान चेतन लाल धीवर शासकीय नवीन प्राथमिक शाला चांपाझर ने प्राप्त किया। विजेताओं को अतिथियों ने अपने करकमलों से मोमेंटो प्रदान किया। कार्यक्रम में निर्णायक के रूप में श्रीमती कादम्बिनी पाल व्याख्याता, बसंत कुमार ध्रुव व्याख्याता, श्रीमती मीता राठिया व्याख्याता एवं अतिथिगण ने भूमिका निभाई। सभी प्रतिभागी शिक्षको एवं निर्णायको को पेन डायरी से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संकुल समन्वयक पोंड , नागेंद्र कुमार कंसारी, संकुल समन्वयक चांपाझर धनेश ध्रुव, संकुल समन्वयक टीला अजय दास, प्रतिभागी शिक्षको, निर्णायको ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन नागेंद्र कुमार कंसारी संकुल समन्वयक पोंड द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन पुरुषोत्तमलाल साहू प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चांपाझर द्वारा किया गया।

# जैन समाज ने पर्वधिराज पर्यूषण पर्व धूमधाम से मनाया, निकली शोभायात्रा





**सिमगा,** 29 सितंबर (देशबन्धु)। जैन समाज के लोगों ने 10 दिनों तक चलने वाले पर्यूषण पर्व में श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में प्रतिदिन सुबह भगवान का विधि विधान के साथ अभिषेक पूजन किया वहीं शाम को भगवान की मंगल आरती किये इन दस दिनों में उत्तम क्षमा उत्तम मारदव उत्तम आरजव उत्तम सत्य उत्तम शौच उत्तम तप उत्तम त्याग उत्तम आकिंचन उत्तम ब्रह्मचर्य का आराधना किया जा है ।

प्रतिदिन रात्रि में भगवान की मंगल आरती एवं भक्तांबर स्त्रोत का पाठ किया गया जैन समाज के छोटे बड़े सभी ने मिलकर बड़े ही उत्साह से पर्यूषण पर्व मनाया अनंत चौदस के दिन भगवान अनंतनाथ को पालकी में विराजमान कर मंदिर से बाजे गाजे के साथ नगर के प्रमुख मार्गो में भव्य शोभायात्रा निकाला गया जंहा लोगों ने अपने-अपने घरों के सामने भगवान श्री अनंत नाथ की मंगल आरती किए शोभायात्रा वापस मंदिर की में पहुंचने पर विधि विधान के साथ भगवान अनंतनाथ की पूजा अर्चना किया गया जहां ज्ञानमाल की बोली धर्मचंद जैन व फुलमाल की बोली सचिन जैन ने लिया ।शोभायात्रा में प्रमुख रूप से धरमचंद जैन विरेन्द्र जैन प्रदीप जैन नरेन्द्र जैन विजय जैन रूपकुमार जैन संजय जैन जिनेन्द्र जैन राजेश जैन शांतिलाल जैन धीरज जैन मनीष जैन सचिन जैन अमित जैन सुलभ जैन अभिषेक जैन सोनू जैन वैभव जैन चिंटू जैन विक्की जैन निक्की जैन योगेश जैन आयूष जैन पीयूष जैन नैतिक जैन रितिक जैन मोक्ष जैन सम्यक जैन शौर्य जैन नय जैन वहीं महिलाओं में बिमला जैन माया जैन मालती जैन सुषमा जैन ज्योति जैन अलका जैन आभा जैन उषा जैन अरूणा जैन ऋतु जैन अर्चना जैन वर्षा जैन दीपा जैन मधु जैन रूचि जैन नेहा जैन पारूल जैन हनी जैन निकिता जैन सौम्या जैन रैनी जैन रिया जैन सहित जैन समाज लोग सैकड़ों की संख्या में उपस्थित थे ।

# 15 किलो गांजा बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार



**खरोरा,** 29 सितंबर (देशबन्धु)। मुखबीर की सूचना पर पुलिस ने दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार करते हुए 15 किलोग्राम गांजा बरामद किया है । आरोपी के खिलाफ नारकोटीक एक्ट के तहत अपराध दर्ज न्यायालय में पेश किया गया जहां से को जेल भेज दिया गया है। ,,खरोरा पुलिस के द्वारा गांजे बेचने वालो के खिलाफ ताबडतोड कार्यवाई लगातार जारी है पुलिस के इसीअभियान के तहत जहां एक गांजे बेचने वाले को पुलिस ने कार्यवाई कर जेल का रास्ता दिखाया थाना प्रभारी के के कुशवाह ने बताया कि अजय कुमार डहरिया पिता बक्शूराम डहरिया उम्र 30 साल साकिन कुसमी थाना पलारी जिला बलोदाबाजार निवासी को मुखबिर के सुचना के आधार पर खरोरा थाने के ग्राम सारागांव लिलजा मोड पर मे गांजे के साथ गिरफ्तार कर धारा 20[20] जप्तशुदा मशरूका - कुल 7.970 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमती 64000 रुपए, एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 एन एक्स 4574 कीमती 110000 रुपए वही आरोपी - ईश्वर जांगडे पिता जोहन जांगडे उम्र 28 साल साकिन पलोद थाना मंदिर हसौद जिला रायपुर धारा - 20(क्) नारकोटिक एक्ट घटना स्थल - ग्राम भैसा बगुलामुखी मंदिर के पास जप्तशुदा मशरूका - कुल 7.125 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमती 57000 रुपए कार्यवाई कर जेल भेजा।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया जश्ने ईद मिलादुन्नबी पर्व



**कुरूद,** 29 सितंबर (देशबन्धु)। मुस्लिम समाज कुरूद द्वारा पैगम्बर मोहम्मद साहब के जन्मदिन की खुशी मनाते हुए हुए भव्य जुलूस निकाला। सियासी दलों के नेता एवं गणमान्य नागरिकों ने मुसलमान भाईयों को पैगम्बर के जन्मदिन की बधाई दी।

गुरुवार सुबह दस बजे ईदगाह मैदान कुरूद से ईदमिलादुन्नबी का जुलुस हर्षोल्लास के साथ निकाला गया। जिसमें सरकार की आमद मरहबा, आका की आमद मरहबा की सदाए बुलंद करते हुए युवाओं की टोली ने नात-ए-रसूल की सदाएं बुलंद की। मुस्लिम यंग ग्रुप्स द्वारा इस बार जामा मस्जिद में बेहतरीन सजावट की गई। जहां सदर अय्यूब खान, हाजी सुलेमान, गफ्फार हलारी आदि के हाथों हुई परचम कुशाई के बाद सलातोसलाम का नजराना पेश किया गया। इस मौके पर मंडी अध्यक्ष नीलम चन्द्राकर, नगर पंचायत अध्यक्ष तपन चंद्राकर, भाजपा नेता शिवप्रताप ठाकुर, रविकांत चन्द्राकर, कांग्रेसी नेता आशीष शर्मा, थानेश्वर संतोषी तारक, संतोष प्रजापति आदि ने मस्जिद पहुंचकर एवं विधायक अजय चन्द्राकर ने शोषल मिडिया के माध्यम से मुस्लिम समाज को ईद मिलादुन्नबी की बधाई दी।

इस मौके पर हाजी सै.हसनअली, हकीम खॉ, शेख बब्बू मिंया, लतीफ उस्मानी, जमाल रिजवी, शफी ख़ान, मो.युसुफ, अहमद खान, शेख युनूस, अजीज भाई, सलिम गोरी, अख्तर खान, सहाबुद्दीन, ताजुद्दीन, शरीफ खान, मेहबूब खान, इमरान बेग, इसहाक खान, अमीन हलारी, मो.जमील, इस्लाम रजा, रहिम कुरैशी, फरजान खान, शेख सरफराज, रिजवान रिजवी, अरमान कुरैशी, फारूख, रिजवान हलारी, अरसद, मुस्तकिम, सलामत खान, फैज खान, अरमान कुरैशी, शमसू, मिनहाज, शफीक, मुजीब, नजीर शेख, अनीस खान, गयासुद्दीन, इमरान गोरी, आदील, आबिद, मुस्तिकीम, रहमान, जावेद, अफताब, सोहेल, राजा, ताहिर, अरमान रजा, तैय्यब, तनवीर खान, रमजान, वाहिद खान सरफराज अंसारी साहिल अंसारी जफर यासीन इनायत वकार, यासीन खान, अफ़्तब्बुदिन शेख जाहिद, अयान, आरिफ, अरसद खान आदि उपस्थित थे। यातायात एवं शांति व्यवस्था बनाए रखनें पुलिस प्रशासन की टीम मुस्तैदी से जुटी थी।

# खरतोरा के डांस प्रतियोगिता में शामिल हुए मंडल अध्यक्ष महेन्द्र साहू



**पलारी,** 29 सितंबर (देशबन्धु)। ग्राम खरतोरा में उगता सूरज गणेशोत्सव समिति द्वारा गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर रंगारंग डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पूर्व उपाध्यक्ष जनपद पंचायत पलारी एवं भाजपा मंडल संडी अध्यक्ष महेन्द्र साहू ने संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन से गांव का माहौल भक्तिमय बना रहता है । गणेश भगवान बुद्धि के देवता है हमें भी उन्हीं के समान कोई भी कार्य भलीभांति सोच समझकर करना चाहिये । हमें झुकने की आदत डालनी चाहिए जिस प्रकार ऊंचे एवं सूखे पेंड को तूफान उखाड़ फेंकती है और झूके हुये एवं नरम पेड़ को तूफान से कोई नुकसान नही होता । इसी प्रकार विनम्र ब्यक्ति को ही लोग पसंद करते है । कार्यक्रम को युवा मोर्चा अध्यक्ष उमेश यदु एवं जनपद सभापति अनिल सोनवानी ने भी संबोधित किया । संचालन ऋषि साहू, अनूपा वैष्णव ने एवं आभार प्रदर्शन सरपंच सविता बिसेशर वर्मा ने किया । इस अवसर पर मंडल कोषाध्यक्ष श्रीमती मिथलेश साहू, जनपद सदस्य टिकेश्वरी नरेश वर्मा, सरपंच प्रतिनिधि बिशेषर वर्मा, हिमांशु वर्मा, मुकेश साहू, समोदा मंडल युवा मोर्चा अध्यक्ष गोविंद वर्मा, पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष लीलाधर साहू तोरण साहू, कमलेश साहू, बीरसिंह साहू, ठाकुरराम विश्वकर्मा, देवदत्त वर्मा, शत्रुहन साहू, बहल साहू, सेवक साहू, चुनेश्वरी वर्मा, नर्मदा भारती, शेखर वर्मा, किशोर वर्मा, लोकेश सेन, मिलाराम वर्मा, युगल किशोर वर्मा, तनीष साहू, हेमंत साहू, ओमप्रकाश वर्मा सहित सैकड़ों दर्शकगण उपस्थित थे ।

# पीजीडीसीए के छात्रों ने त्रुटि को लेकर की शिकायत



**पलारी,** 29 सितंबर (देशबन्धु)। बृजलाल वर्मा महाविद्यालय पलारी एवं दाऊ कल्याण महाविद्यालय बलौदा बाजार के छात्र छात्राओं द्वारा पीजीडीसीए द्वितीय सेमेस्टर के परिणाम में त्रुटि होने के जांच को लेकर पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय जाकर कुलपति को आवेदन दिया गया । द्वितीय सेमेस्टर के छात्र छात्राओं द्वारा 1 ही विषय पर सभी को अनुत्तीर्ण किए जाने एवं सभी को 1-2 नंबर ही दिए जाने से सभी अनुत्तीर्ण छात्र छात्राएं निराश है और यह केवल 1 या 2 ही कॉलेज का परीक्षा परिणाम नहीं है विश्वविद्यालय के सभी कॉलेजों में पीजीडीसीए 2022-23 के अध्ययनरत छात्र छात्राओं को 1 ही विषय में अनुत्तीर्ण करने का मामला सामने आया है जिससे निराश एवं आक्रोशित होकर समस्त पलारी एवं बलौदा बाजार महाविद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा पुनः जांच कर मूल्यांकन हेतु पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय जाकर कुलपति से मुलाकात कर आवेदन दिया गया जिसमे शासकीय बृजलाल वर्मा महाविद्यालय से जसवंत साहू, सेजल वर्मा, युवराज यादव, उमेश साहू, रवि नारंग, चंदू, चंद्रशेखर मार्कण्डेय, टोपेश्वर टंडन, स्वाति चतुर्वेदी, नेहा चंद्राकर, लक्ष्मी, निशा, उर्वशी आदि छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# राजपूत क्षत्रिय चौहान समाज के भवन निर्माण हेतु भूमिपूजन



**सिमगा,** 29 सितंबर (देशबन्धु)। आज कोटवार भवन सिमगा के समीप राजपूत क्षत्रिय चौहान समाज के भवन निर्माण हेतु भूमि पूजन का कार्यक्रम रखा गया था विधायक शिवरतन शर्मा द्वारा प्रदत्त साढ़े छह लाख रुपए की राशि से बनने वाले राजपूत क्षत्रिय चौहान समाज रायपुर राज के चौहान समाज के अध्यक्ष गजेंद्र सिंह चौहान सचिव दिलीप सिंह चौहान कोषाध्यक्ष फलेन्द्र सिंह चौहान की उपस्थिति में पूजा अर्चना कर भूमिपूजन किया गया । गजेंद्र सिंह अध्यक्ष ने कहा कि हमारी मांग पर विधायक शर्मा द्वारा राजपूत क्षत्रिय समाज के भवन हेतु 6.30 लाख रुपया प्रदान करने के लिए उनका हम आभार मानते हैं ।

भूमि पूजन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संरक्षक रूपेंद्र सिंह चौहान उपाध्यक्ष परस सिंह चौहान सहसचिव राकेश सिंह चौहान सलाहकार मंत्री मोहन सिंह चौहान संगठन मंत्री मोहन सिंह चौहान प्रचार मंत्री बुद्धेश्वर सिंह चौहान भोला सिंह सोण्डरा लाखेश्वर सिंह चौहान भागवत सिंह रमा सिंह सहित समाज के लोग उपस्थित थे ।

# एक दिवसीय जन जागरण शिविर कटगी में आयोजित



**कटगी/बलौदाबाजार,** 29 सितंबर (देशबन्धु)। गायत्री महिला मंडल कटगी में एक दिवसीय युवा जागरण शिविर आयोजित किया गया। जिसमें बीचपारा एवं पचरी पारा के लगभग तीस युवाओं ने हिस्सा लिया। युवाओं को महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती प्रतिभा देवांगन द्वारा नशा मुक्ति आंदोलन के विषय में विशेष जानकारी दी गई। उन्हें किसी भी प्रकार की नशील पदार्थों से दूर रहने की सलाह दी गई। महिला मंडल द्वारा आसपास के दस ग्रामों के स्थानों में नैतिक शिक्षा देनें का कार्यक्रम भी चलाया जा रहा है। साथ ही साथ आस-पास के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में इस महिला मंडल द्वारा गर्भवती महिलाओ पुंसवन संस्कार कराया जाता है। वही गायत्री महिला मंडल की बहनो द्वारा ग्राम कटगी के प्रायमरी, मिडिल एवं हायर से स्कूल में बाल संस्कार शाला एवं किशोर संस्कार शाला का नियमित रूप से संचालन कर रही है।

# धूमधाम से किया गया बप्पा की मूर्तियों का विसर्जन



**अमेरा/बलौदाबाजार,** 29 सितंबर (देशबन्धु)। अमेरा व क्षेत्र में विभिन्न गणेश मंडलियों द्वारा डीजे बाजा और 'गणपति बप्पा मोरया' के जयकारों के साथ विघ्नहर्ता की प्रतिमाओं का विसर्जन किया। वहीं विसर्जन जुलूस निकालकर लोगों ने गणपति बप्पा को विदाई दी। भगवान गणेश की विभिन्न रूपों सुसज्जित प्रतिमाओं को प्रार्थना, अगले बरस फिर से आने के अनुरोध, संगीत और नृत्य के साथ विसर्जन के लिए पंडालों से बाहर निकाला गया। 10 दिनों तक विधि विधान से पूजा अर्चना कर नम आंखों से विदाई दी गई। अमेरा में विसर्जन जुलूस निकालकर गली भ्रमण के पश्चात नया तालाब में गणेश भगवान की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। इस दौरान समितियों के सदस्यों के साथ ग्रामवासी भी उपस्थित थे।

# ईद मिलादुन्नबी पर शहर में जुलूस निकालकर जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया

**सरायपाली,** 29 सितंबर (देशबन्धु)। हजरत पैगम्बर मोहम्मद साहब के जन्मदिन पर मुस्लिम समाज के द्वारा नगर में विशाल जुलूस निकाला गया, जिसमें हजारों की तादाद में खुशियां बांटते हुए सामाजिक जनों ने नगर भ्रमण किया एवं सभी को ईद मिलादुन्नबी की बधाई दी।

सुबह 4 बजे मुस्लिम समाज के लोग मस्जिद में एकत्रित हो गए थे। इसके पश्चात ठीक पैगम्बर साहब के जन्म के समय पर मुस्लिम भाईयों ने पैगम्बर साहब को सलाम पेश किए। सुबह 5.20 बजे मस्जिद में फजर के नमाज के बाद ईमाम मौलाना अब्दुस्सत्तार अशरफी साहब ने परचम कुशाई की रस्म अदा किए। वहीं इस वर्ष भी हर वर्ष की तरह इस्लाम मोहल्ला, संजय नगर, बाजारपारा नुरानी चौक, ग्राम बरिहापाली तथा झिलमिला ताजनगर में हाफिज साहब के द्वारा परचम कुशाई की रस्म अदा की गई। सुबह 10 बजे सैकड़ों की तादाद में मुस्लिम युवाओं ने मोटर सायकल रैली निकाली तथा एक दूसरे को पैगम्बर मोहम्मद साहब के जन्म दिन की बधाई देते हुए नगर भ्रमण किए। दोपहर 3 बजे नगर में भव्य जुलूस सुन्नी हन्फी मस्जिद से निकाली गई। जुलूस अग्रवाल धर्मशाला होते हुए, ईस्लाम मोहल्ला, बाजार पारा, उड़ियापारा, मेन रोड होते हुए ईदगाह पहुंची, जहां सलातो सलाम पढ़ा गया। मदरसा निजामिया में शाम 7 बजे पुनः परचम कुशाई के साथ जुलूस का समापन हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के बच्चे, बुजुर्ग, युवा सहित अन्य क्षेत्रों से भी आए सामाजिक जन शामिल हुए। मुस्लिम समुदाय के ईदगाह लाईन के दुकानदारों के द्वारा सुबह कब्रस्तान के सामने आम राहगीरों के लिए तथा शाम को समाज के लोगों द्वारा मदरसा निजामिया में लंगर-ए-आम का आयोजन किया गया था।



**पैगम्बर साहब के जन्मदिवस पर शहर में निकली विशाल रैली**

### पूरे नगर को सैकड़ों गेट व झालरों से सजाया गया

पैगम्बर मोहम्मद साहब के जन्मदिवस के अवसर पर मस्जिद, मदरसा सहित पूरे नगर को तोरण, झालर व बड़े-बड़े सैकड़ों सजावटी गेट लगाकर सप्ताह भर पहले से समाज के युवाओं के द्वारा सजाया गया था। सभी सामाजिकजनों के घरों में सुबह से ही स्पीकर, माईक धुन पर पैगम्बर साहब की शान में नात बज रहे थे। वहीं मदरसा निजामिया में रहनुमा कमेटी के महिलाओं द्वारा पैगम्बर साहब के जन्म दिवस पर सुबह फातिहा करवाया गया और एक दूसरे को मुबारकबाद देते हुए बधाई दी गई। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी रहनुमा कमेटी के अध्यक्ष आबिदा खानम एवं उनके सहयोगियों द्वारा 12 रोज तक मदरसा में दरूद ख्वानी, कुरआन ख्वानी रखी गई एवं लंगर का इंतजाम किया गया था। मुस्लिम समुदाय द्वारा निकाले गए जुलूस का नगर में अनेक स्थानों पर विभिन्न समुदाय के द्वारा भव्य स्वागत करते हुए जगह-जगह स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई थी। वहीं सिक्ख समाज के अध्यक्ष रंजीत सिंह बिट्टु भाई एवं समाज के सदस्यों द्वारा जुलूस में मुस्लिम भाईयों का स्वागत करते हुए उन्हें बधाई दी।

**देश के लिए मांगी अमन चैन की दुआ:** मदरसा निजामिया में समाज के अध्यक्ष (मुतवल्ली) शाहीद हुसैन के द्वारा अंतिम परचम कुशाई की गई। इस अवसर पर ईमाम मौलाना अब्दुस्सत्तार अशरफी साहब ने सामाजिक जनों को संबोधित करते हुए पैगम्बर साहब के जीवनी पर प्रकाश डाला और बताया कि उनका सबसे बड़ा लक्ष्य शिक्षा था, इसलिए सभी सामाजिक जनों को उन्होंने शिक्षा पर ही विशेष रूप से ध्यान केन्द्रित करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान सरायपाली सहित प्रदेश एवं पूरे देश के लिए अमन चैन की दुआ मांगी गई। इस दौरान अध्यक्ष श्री हुसैन सहित जमील हुसैन, तबारक हुसैन, अब्दुल नईम लखानी, जनाब खान आदि सामाजिक जनों ने शहर में चाक चौबंद व्यवस्था के लिए एसडीओपी अभिषेक केसरी, थाना प्रभारी शिवानंद तिवारी एवं नगर पालिका अध्यक्ष अमृत पटेल सहित पूरे शासन प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

**गीतों से युवाओं ने बांधा समाँ:** चिश्तिया ग्रुप सरायपाली के युवाओं द्वारा रायपुर से नात गाने वाले गायकों की टीम बुलाई गई थी, जिन्होंने एक ट्रक में आकर्षक सजावट के साथ स्टेज बनाकर गीत गाते हुए पैगम्बर साहब की जीवनी को प्रस्तुत किया। युवाओं की टीम अपने गीतों के माध्यम से देर तक समाँ बांधी रही।

सुबह की परचम कुशाई के बाद पदमपुर रोड पर मस्जिद के सामने एस के फुटवियर के द्वारा जनाब खान व पूरे परिवार की उपस्थिति में सामाजिकजनों के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई थी।

ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर मुस्लिम समाज के द्वारा जुलूस निकाला गया, जिसमें इसरो द्वारा भेजे गए चंद्रयान की झांकी आकर्षण का केन्द्र रही।